# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# पुलिस ने दर्ज किया जालसाजी का मुकदमा

पीपीगंज : थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर नपं के वार्ड सात के राजू उपाध्याय व उसकी पत्नी साधना देवी पर जालसाजी का केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि वार्ड नंबर एक के रहने वाले तुफानी प्रसाद ने कोर्ट में वाद दाखिल किया था कि नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपितों ने 2017 से 2019 के बीच 30 लाख रुपये लिए। इसके बाद नौकरी भी नहीं दिलाई और पैसा भी हड़प लिया। (जासं)

# पुलिस ने स्मैक के साथ दो धंधेबाज को किया गिरफ्तार

गोरखपुर : राजघाट थाना पुलिस ने 37 ग्राम स्मैक के साथ सोमवार की सुबह दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान रामगढ़ताल के मंझरिया-बिस्टौल में रहने वाले जीवन भारती उर्फ गोलू व कर्मवीर निषाद उर्फ वीरू के रूप में हुई। एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिए गए। (जासं)

# मनबढ़ों ने सभासद को पीटा दो पर मुकदमा दर्ज

सहजनवां : नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 लुचुई के सभासद अजय केसरा को रविवार को मनबढ़ों ने घेरकर पीट दिया। वह पैदल ही थाना चौराहा की तरफ जा रहे थे। सभासद की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को उन्हीं के वार्ड के संदीप और गौरव पटवा के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# कैंट पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपित को भेजा जेल

गोरखपुर : कैंट थाना पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपित पीयूष पांडेय को रविवार की रात गिरफ्तार किया। चिलुआताल मानीराम सिक्टौर के रहने वाले आरोपित पियूष की तलाश काफी दिनों से की जा रही थी। लूट के मामले में कैंट थाना पुलिस ने आरोपित को जेल भेजने के बाद गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी की थी। गिरफ्तार करने के बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

# कई वार्ड ब्वाय भी जुड़े हैं खून की दलाली करने वाले गिरोह से

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : खून की दलाली करने वाले गिरोह से बीआरडी मेडिकल कालेज के कई वार्ड ब्वाय भी जुड़े हैं। गिरोह के सरगना वसील के नेटवर्क को गुलरिहा थाना पुलिस खंगाल रही है। पड़ताल में कई लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनसे पूछताछ होगी। छह माह से सक्रिय गिरोह ने कितने लोगों से खून लेकर बेचा और इसमें कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच चल रही है। ब्लड बैंक से एक माह के भीतर खून लेने वालों से भी पुलिस बात करेगी। जांच में सहयोग के लिए उन्हें फोन करके बुलाया गया है। रविवार को गिरफ्तार सरगना तिवारीपुर, बिंद टोला के वसील खान व सहयोगी महराजगंज, फरेंदा के केशरदेव को दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी व एएसपी मानुष पारीक ने सोमवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार की शाम वसील खजांची चौराहे से मजदूर महराजगंज, पनियरा के गोरख चौहान को एक यूनिट खून देने पर छह हजार रुपये मिलने की जानकारी देकर साथ ले गया। बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में केशरदेव मिला, जिसने उसका खून निकलवाया। खून पिपराइच के रुदलापुर के रोगी को सात हजार में बेच दिया। गोरख को केवल 1100 रुपये देने के बाद पीटकर भगा दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सरगना समेत दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी नार्थ ने बताया कि गिरोह का सरगना वसील पहले नगर निगम में संविदा सफाईकर्मी था। छह माह से बीआरडी मेडिकल कालेज के पास साथियों संग खून की दलाली करता था।

खजांची चौराहे से मजदूरों को झांसा देकर बीआरडी मेडिकल कालेज ले जाता था कि एक यूनिट खून देने पर छह से सात हजार रुपये मिलेंगे। खून देने के बाद मजदूर को 1000 से 1500 रुपये देकर भगा दिया जाता था।



पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते एसपी नार्थ मनोज अवस्थी • जागरण

## पुलिस विभाग में हैं डोनर

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने कहा कि आमजन से अपील है कि खून की जरूरत होने पर दलालों के चक्कर में न पड़ें। पुलिस विभाग में भी डोनरों का ग्रुप है। अगर किसी को खून की जरूरत है तो मोबाइल नंबर 8924091231 पर काल करें, ग्रुप के सदस्य निश्शुल्क रक्तदान करेंगे।

**1,100** रुपये देने के बाद गोरख को भगा दिया

**6,000** रुपये देने को बोल ले गया था दलाल

## सप्ताह में पांच लोगों को शिकार बनाते थे

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बीआरडी मेडिकल कालेज में खून की दलाली करने वाले गिरोह के सदस्य सप्ताह में चार से पांच लोगों को शिकार बनाते थे। पूछताछ में पता चला कि डोनर न मिलने पर केशरदेव भी दो बार खून दे चुका है। पुलिस का मानना है कि आरोपितों की काल डिटेल आने के बाद कई और राज खुलेंगे।

गिरोह के सरगना वसील व केशरदेव से गुलरिहा थाना पुलिस के साथ ही एसपी नार्थ व एएसपी मानुष पारीक ने रविवार की देर रात तक पूछताछ की। दोनों से पूछताछ में पता चला कि छह माह से वह खून की दलाली करते थे। आर्थो, लेबर रूम व ट्रामा सेंटर में तैनात संविदा कर्मचारियों के जरिये उन्हें जरूरतमंद के बारे में जानकारी मिलती थी। खून दिलाने का भरोसा देकर वह डोनर को ढूंढते। रुपये मिलने पर खून देने वाले के साथ ही ब्लड बैंक में काम करने वाले सहयोगी व वार्ड ब्वाय को उनका हिस्सा दे देते थे। मंगलवार की सुबह तक पुलिस को सरगना वसील व केशरदेव की काल डिटेल मिल जाएगी। इसके बाद पता चलेगा कि दोनों से कितने लोग और जुड़े थे। सूत्रों की मानें तो वसील व उसके साथी कई नशेड़ियों को भी रुपये का लालच देकर खून निकलवाने के लिए ब्लड बैंक ले गए थे। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि सभी पहलुओं की जांच चल रही है। कार्रवाई होगी।

# मजदूरों का करा रहे थे मतांतरण, तीन पर केस

- गीडा के सेक्टर 13 में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे आरोपित
- मकान मालिक की तहरीर पर गीडा पुलिस कर रही मामले की जांच

जागरण संवाददाता, सहजनवां : गीडा के सेक्टर 13 में स्थित संतराज सिंह के मकान में मतांतरण का खेल चल रहा था। आरोप है कि मकान में रह रहे तीन लोग मजदूरों को प्रलोभन देकर बुलाते थे और प्रार्थना कराकर उनका मतांतरण कराते थे। जानकारी होने पर संतराज ने गीडा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने सोमवार को रामाधीन शर्मा, राजेश और रामचन्द्र के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

खजनी क्षेत्र के भलुआन के रहने वाले संतराज सिंह का गीडा के सेक्टर 13 में मकान है। उसमें छह कमरे हैं, जिसे उन्होंने किराए पर दे रखा है। संतराज ने पुलिस को बताया कि वह महीने के अंत में भाड़ा लेने के लिए मकान पर आते थे। इसी क्रम में वह रविवार को मकान पर पहुंचे। जहां ऊपरी मंजिल पर कुछ लोग इकट्ठा थे, इसमें कुछ मजदूर और किराएदार भी शामिल थे। इन्हीं किराएदारों में से तीन लोग पैसा, कापी व सामान देकर लोगों का मतांतरण करा रहे थे। आरोपितों द्वारा बोले जा रहे शब्दों को अन्य लोग दोहरा रहे थे। विरोध करने पर आरोपितों ने कहा कि धन लेकर खुद भी मतांतरण कर लो। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपितों ने अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों का मतांतरण कराया है। चौकी प्रभारी पिपरौली आलोक राय ने बताया कि कुछ लोग दूसरे धर्म का ग्रंथ पढ़ रहे थे। मकान मालिक की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सभासद की पिटाई में 10 नामजद, 50 अज्ञात पर केस

जासं, पीपीगंज : नगर पंचायत कार्यालय पर बैठक संपन्न होने के बाद सभाषद को पीटने के मामले में पुलिस ने 10 नामजद और 50 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। वहीं सफाई कर्मचारी रमाकांत की तहरीर पर पुलिस ने सभाषद रामानंद मद्धेशिया व घनश्याम मौर्य के विरुद्ध मारपीट व एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है।

25 अगस्त को पीपीगंज नगर पंचायत के सभासद रामानंद मद्धेशिया मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। बीआरडी मेडिकल कालेज में सभाषद का उपचार चल रहा है। सोमवार को सभाषद की तहरीर पर पीपीगंज पुलिस ने अखिलेश यादव व उसके भाई, कमलेश यादव, शिवपाल रावत, धर्मपाल रावत, अमर पाल रावत, रवि कुमार, अनिरुद्ध सिंह, जितेंद्र सहानी, अमित कुमार, रुपेश, सोनू समेत 50 पर केस दर्ज किया।

# ब्लड बैंक के कर्मचारियों के मेल से चल रहा खून की दलाली का खेल

## दलालों को पता चल जाता है, किन रोगियों को है रक्त की जरूरत, ब्लड बैंकों में खून की कमी से फल-फूल रहा दलालों का धंधा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** ब्लड बैंकों के कर्मचारियों की मेल से खून की दलाली का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। वार्ड में भर्ती किस रोगी को खून की जरूरत है और कौन अच्छा पैसा दे सकता है। इसकी जानकारी दलालों को हो जाती है, क्योंकि कर्मचारी उनके सूत्र होते हैं। वे रोगी के तीमारदार को पकड़ लेते हैं। छह-सात हजार रुपये में एक यूनिट खून का सौदा तय होता है। यह रक्तदाता से लेकर ब्लड के कर्मचारियों में बंट जाता है। ब्लड बैंकों में खून की कमी के चलते यह धंधा फलफूल रहा है।

रविवार को खून की दलाली करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ हुआ तो सोमवार को ब्लड बैंकों में सन्नाटा पसरा रहा। स्वेच्छा से एक-दो लोग पहुंचे और रक्तदान किए। जिला अस्पताल व बीआरडी मेडिकल कालेज के रक्तकोषों में सभी अधिकारी ड्यूटी पर मौजूद मिले। कर्मचारी काम रहे थे। कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर नहीं आया, लेकिन पुरानी इमरजेंसी के बाहर खड़े कर्मचारियों ने बताया कि इस धंधे में शामिल रक्तदाता का नाम रजिस्टर में चढ़ाया ही नहीं जाता। उनका रक्त निकाल दिया जाता है, उसे सुरक्षित कर तीमारदार को जरूरी रक्त दे दिया जाता है। स्टोर में रक्त यूनिट बराबर रहती है, इसलिए किसी को संदेह नहीं होता।

**प्रति माह पकड़े जाते हैं समय पूर्व खून देने वाले रक्तदाता :** प्रतिमाह जिला अस्पताल व बीआरडी मेडिकल कालेज के रक्तकोष में दो चार ऐसे रक्तदाता पहुंचते हैं, जिनका रक्तदान के बाद तीन माह का समय नहीं हुआ होता है। उन्हें वापस कर दिया जाता है। प्रबंधन का कहना है कि ये वे रक्तदाता होते हैं, जिनका रोगी गंभीर होता है और उनके पास रक्तदाता नहीं होते।

इसलिए वह समय पूर्व रक्तदान कर अपने रोगी की जान बचाना चाहते हैं।

**रक्तदाता को करने होते हैं ये काम :** रक्तदाता को पहले फार्म भरवाया जाता है। उसमें नाम, मोबाइल फोन नंबर, पता, क्यों खून देना चाहते हैं, किसके लिए देना चाहते हैं का विवरण होता है। उनके रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन की जांच की जाती है। सब सही पाया जाता है तो रक्तदान कराया जाता है, लेकिन धंधे में शामिल लोगों को न तो फार्म भरवाया जाता है और न ही उनकी यह जांचें कराई जाती हैं।



जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान करता युवक • जागरण



बाबा राघवदास मेडिकल कालेज स्थित ब्लड बैंक • जागरण



जिला अस्पताल में जो लोग स्वेच्छा से रक्तदान करने आते हैं उनसे रक्तदान का उद्देश्य व नाम-पता पूछने के साथ ही आधार कार्ड जमा कराया जाता है। इससे समय पूर्व रक्तदान करने आने पर वे पकड़ लिए जाते हैं।

**डा. ओपी सिंह**, रक्तकोष प्रभारी



जरूरत के मुताबिक पर्याप्त रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए कैंप लगाकर लोगों से रक्तदान कराया जाता है। रक्तकोष में किसी संदिग्ध का रक्तदान नहीं कराया जाता है। सभी का नाम व मोबाइल फोन नंबर दर्ज होता है।

**डा. राजेश कुमार राय**, प्रमुख अधीक्षक

### बीआरडी के ब्लड बैंक रजिस्टर में गोरख का नाम नहीं

गोरखपुर : पुलिस को तहरीर देकर गोरख चौहान ने मेडिकल कालेज में एक दलाल के चंगुल में फंसकर रक्तदान करने व वादे के अनुसार रुपये न मिलने का आरोप लगाया है, लेकिन मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक रजिस्टर में उसका नाम दर्ज नहीं है। ब्लड बैंक प्रभारी डा.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस नाम के किसी व्यक्ति ने रक्तकोष में रक्तदान नहीं किया है। ब्लड बैंक में यदि कोई रक्तदाता आता है तो पहले रजिस्ट्रेशन कक्ष में उसकी काउंसिलिंग की जाती है। उसका नाम, पता, स्वास्थ्य व रोगी से संबंध आदि की जानकारी फार्म में भरी जाती है, लेकिन शनिवार को इस नाम के रक्तदाता की कोई काउंसिलिंग नहीं हुई। आशंका है कि बिना काउंसिलिंग के रक्त निकाल लिया गया।

### मिलता है निश्शुल्क खून

सरकारी ब्लड बैंकों में निश्शुल्क खून उपलब्ध कराया जाता है। बस खून के बदले खून लिया जाता है। उससे कोई प्रक्रिया शुल्क नहीं लिया जाता। एड्स पीड़ित, थैलीसीमिया, कैंसर, हीमोफीलिया पीड़ित, लावारिस, कैदी, डायलिसिस के लिए व गर्भवती को बिना रक्तदाता लाए भी खून दिया जाता है।

### खराब नहीं होने पाता रक्त

रक्त खराब नहीं होने पाता। खराब होने का समय तीन माह है। इसके पहले रक्त जरूरतमंदों को दे दिया जाता है। यदि तीन माह में 10 दिन शेष रह गया और रक्त बचा हुआ है तो लोगों से अपील की जाती है कि वे रक्तकोष में आकर रक्त ले लें। इसके लिए रक्तदाता को लाने की जरूरत नहीं है।




### इनका रक्त लेने का नियम नहीं

- एक साल के अंदर रैबीज का इंजेक्शन लगा हो
- एक से दो साल के अंदर टीबी हुई हो
- एक साल पहले टाइफायड हुआ हो
- एंटीबायोटिक दवा चल रही हो
- कैंसर की दवा चल रही हो
- 48 घंटे के अंदर शराब पिया हो
- वजन 48 किलो से कम हो
- हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से कम हो
- उम्र 18 वर्ष से कम या 65 वर्ष से ज्यादा हो
- किसी बड़ी बीमारी से ग्रसित हो

# डीजे म्यूजिक सिस्टम चोरी में पांच गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर :** गोला पुलिस ने रेकी कर डीजे म्यूजिक सिस्टम की चोरी करने वाले पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनके पास से सामान भी बरामद किया गया।

आरोपितों की पहचान गोला बिसरा के अभिषेक, धनन्जय, दीपक साहनी, बांसगांव गोड़सरी के नीरज कुमार, बड़ाबन के आशुतोष कुमार के रूप में की गई। न्यायालय ने सभी को जेल भेज दिया। पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गोला के रहने वाले कमल की दुकान से 22 जुलाई 2023 और बिल्लू की दुकान से 13 अगस्त को डीजे म्यूजिक सिस्टम की चोरी हुई थी।

दुकानदरों की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपितों की पुलिस तलाश कर रही थी। इसी बीच महदेवा बाजार में म्यूजिक सिस्टम बेचे जाने की सूचना मिली। पुलिस ने खरीदने वाले व्यक्ति से पूछताछ की तो आरोपितों की जानकारी मिली। इसके बाद गोला पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों ने बताया कि वह रेकी कर डीजे म्यूजिक सिस्टम चुराते थे। इसे बेचने पर उन्हें अच्छा पैसा मिलता था।

## गुलरिहा में बंधक बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भटहट :** गुलरिहा क्षेत्र के बड़हरियां टोला के रहने वाले अजमुल्ला को बंधक बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले आरोपित बाबू राम यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह खोराबार के जंगल कैवटलिया का रहने वाला है। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। भटहट चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि अजमुल्ला खोराबार के रहने वाले राकेश पाल के घर रहता था। 21 अगस्त 2020 को अजमुल्ला को बंधक बनाकर जंगल केवटलिया के कोदई यादव और ओम प्रकाश यादव ने 18 लाख रुपये में उनकी जमीन रजिस्ट्री करा ली। इस दौरान पीड़ित को दिए गए 10 लाख और आठ लाख रुपये के दो चेक नंबर का बैंक से भुगतान नहीं हो सका। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 23 सितंबर, 2021 को राकेश, कोदई, ओमप्रकाश और गवाही करने वाले जितेंद्र, बाबूराम के विरुद्ध केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की।

# ई-रिक्शा के दो चार्जर संग चोरी का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : ई-रिक्शा के चोरी हुए दो चार्जर के साथ तिवारीपुर थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह एक आरोपित सुनील निषाद को गिरफ्तार किया। वह रामगढ़ताल थानाक्षेत्र के फरसहिया गांव का रहने वाला है। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। लूट के मुकदमे में वह पहले भी जेल जा चुका है। (जासं)

# चोरी हुए पायल के साथ आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : चोरी हुए दो पायल के साथ तिवारीपुर थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह डोमखाना के रहने वाले देव डोम उर्फ बड़े को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। उस पर चोरी, बलवा व लूट के तीन मुकदमे दर्ज हैं। (जासं)

# लूट के आरोपित पर 15 हजार रुपये इनाम घोषित

गोरखपुर : लूट के आरोपित पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। महराजगंज जिले का रहने वाला आरोपित लूट का मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि दो वर्ष पहले पिपराइच में हुई लूट की घटना में शामिल पनियरा (महराजगंज) बभनौली बुजुर्ग के अजय राजभर की तलाश चल रही है। (जासं)

# कोचिंग से घर जा रही छात्रा से छेड़खानी

## विरोध करने पर छात्रा के बाल पकड़कर मार दिया थप्पड़, शोहदे पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गुलरिहा क्षेत्र में शनिवार की शाम कोचिंग से घर जा रही छात्रा से शोहदे ने छेड़खानी की। विरोध करने पर छात्रा के बाल पकड़कर थप्पड़ भी जड़े। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस सोनू अली के विरुद्ध छेड़खानी, पाक्सो एक्ट, मारपीट व एससी एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

गुलरिहा के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी शनिवार को साइकिल से कोचिंग गई थी। कोचिंग बंद होने से वह वापस घर जा रही थी। जंगल अयोध्या प्रसाद के पास साइकिल की चेन उतर गई। वह ठीक कर रही थी, इसी दौरान आरोपित पहुंचकर छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसने किशोरी का बाल पकड़कर चार थप्पड़ जड़ दिए। शोर सुनकर आसपास के जुटे तो वह भाग गया। किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी के साथ ग्राहक सेवा केंद्र पर पैसा निकालने गए थे।

लौटते समय भीड़ देखकर वह रुके। भीड़ के अंदर उनकी बेटी रो रही थी। बेटी ने घटना के बारे में बताया।

पिता का कहना है कि आरोपित उनकी बेटी को तीन महीने से परेशान कर रहा था। थाना प्रभारी गुलरिहा जेएन शुक्ला ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

### किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : गुलरिहा थाना पुलिस ने किशोरी का अपहरण करने के आरोपित अजय को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की महिला ने तहरीर देकर बताया था कि 28 मई को आरोपित ने उनकी 15 वर्षीय बेटी का अपहरण कर लिया था। तीन दिन बाद उसने पुत्री को घर छोड़ दिया। इसके बाद 10 अगस्त को एक फिर आरोपित ने उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। रविवार की शाम झुंगिया बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित के पास से किशोरी को बरामद कर चिकित्सकीय जांच के लिए भेजा गया है।

# नौकरी के नाम पर ठगने वाले को जेल भेजा

- दो दिन पहले नगर निगम परिसर में पुलिस ने पकड़ा था
- सफाईकर्मी का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लिए थे 50 हजार रुपये

जासं, गोरखपुर : सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर साली से 50 हजार रुपये ठगने के आरोपित को कोतवाली थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अदद हाजिरी रजिस्टर, स्टैंप पैड, मुहर व मोबाइल फोन मिला। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में जालसाजी का आरोपित • जागरण

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अंजुल चतुर्वेदी ने बताया कि बेलीपार, मलांव की रहने वाली रेखा देवी 26 अगस्त को सफाईकर्मी का नियुक्ति पत्र लेकर नगर निगम कार्यालय पहुंचीं। पूछने पर बताया कि गगहा के तिघराखुर्द में रहने वाले उसके जीजा अजय कुमार ने 50 हजार रुपये लेकर नियुक्ति पत्र दिया था। अपर नगर आयुक्त की तहरीर पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कर सोमवार की सुबह अजय को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में पता चला कि अजय ने नगर निगम में सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर उसने नौ लोगों से रुपये लिए हैं, जिसमें कई उसके रिश्तेदार हैं।

# विद्युत पोल और तार चोरी के मामले में ट्रैक्टर मालिक, चालक पर मुकदमा

**सिकरीगंज क्षेत्र के हरपुर में ग्रामीणों ने चालक को रंगे हाथ पकड़ा था अधिकारियों के निर्देश के बाद की गई कार्रवाई**

जागरण संवाददाता, उरुवा बाजार : सिकरीगंज क्षेत्र के हरपुर में विद्युत पोल व तार चोरी के मामले में सोमवार को आरोपियों के विरुद्ध जेई और एसडीओ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। यह कार्रवाई अधिकारियों के निर्देश के बाद की गई। हरपुर में रविवार को ग्रामीणों ने विद्युत पोल व तार चोरी करते एक व्यक्ति को पकड़ लिया था। पकड़ाया व्यक्ति हाईड्रा ट्रैक्टर लिया था।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग को दी। विभाग के लोग उस व्यक्ति को हरपुर केंद्र पर ले गए। जहां पर अधिशासी अभियंता ने हाईड्रा ट्रैक्टर व चालक को छोड़ दिया। जिसका वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया। इसके बाद मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया। अधिशासी अभियंता को मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके बाद जेई दिलीप कुमार, एसडीओ राजेश कुमार ने आरोपियों के विरुद्ध एंटी थेफ्ट बिजली थाना में धारा 136 के तहत मुकदमा दर्ज कराया। सिकरीगंज के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि पोल व तार चोरी मामले में हाईड्रा ट्रैक्टर मालिक मदन, लालपुर बघराई थाना बांसगांव व चालक गुलुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है।

**नकौझा में बेकार पड़े हैं खंभे व तार:** नकौझा में नौ पोल व करीब 250 मीटर तार बेकार पड़ा हुआ है। जिस पर चोरों की नजर पड़ सकती है।

# सड़क पर तड़प रहे दारोगा को चौकी प्रभारी ने एम्स में कराया भर्ती

**जगदीशपुर (एसएनबी)।** एम्स थाना क्षेत्र के जगदीशपुर चौकी के समीप सोमवार को महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाने पर तैनात दरोगा को अचानक सीने में दर्द देख चौकी प्रभारी जगदीशपुर ने आनन फानन में अपनी गाड़ी से दर्द से कराहते हुए दारोगा को लेकर एम्स में भर्ती कराये।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से देवरिया के रहने वाले उपनिरीक्षक हरिगोबिन्द सिंह महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थाने में तैनात है।सोमवार की सुबह 10 बजे के करीब वह सोनबरसा बाजार की तरफ से गोरखपुर जा रहे थे। ज्योंही जगदीशपुर चौकी के समीप पहुचे कि अचानक कि अचानक उनके सीने में दर्द उभर गया और वो बाइक रोक तुरंत सड़क पर ही बैठ गए यह बात देख चौकी प्रभारी तुरंत उनके पास जाकर पूछा तो उन्होंने बताया कि उनके सीने में बहुत तेज दर्द हो रहा है। आनन फानन में चौकी प्रभारी जगदीशपुर रामानुज सिंह यादव ने उन्हें अपनी गाड़ी से एम्स में ले जाकर भर्ती कराया तथा उनके परिजनों को फोन किया।जांच के बाद डक्टरों ने बताया कि उनको हार्ट अटैक आया है और नसों में ब्लकेज हो गया है।इसके उनको कुछ इलाज देकर हायर सेंटर लखनऊ के लिये रेफर कर दिया । फिर उनके परिजन उन्हें लेकर लखनऊचले गए।

**जगदीशपुर चौकी के पास अवकाश पर घर लौट रहे थे दारोगा**

**चौकी के सामने तडपते देख तत्काल सरकारी गाड़ी से पहुंचाया एम्स**

क्षेत्र में चर्चा है कि चौकी प्रभारी ने समय से हास्पिटल पहुँचाकर उपनिरीक्षक के साथ बड़ी घटना होने से बचा लिया।

# चोरी के चार लाख का सामान के साथ पांच गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दुकान में घुसकर चोरी करने के मामले में आरोपित पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर गोला पुलिस ने चार लाख रुपए मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित चोरों ने अपना नाम अभिषेक पुत्र राजदेव निवासी ग्राम बिसरा थाना गोला



जनपद गोरखपुर, धनन्जय निषाद पुत्र विशुनधारी निषाद निवासी ग्राम बिसरा थाना गोला जनपद गोरखपुर, नीरज कुमार पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम गोड़सरी थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर, आशुतोष कुमार पुत्र शम्भू प्रसाद निवासी ग्राम बड़ाबन लमोहिया थाना बांसगाव जनपद गोरखपुर व दीपक साहनी पुत्र महेन्द्र साहनी निवासी ग्राम बिसरा थाना गोला जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 457, 380, 411 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। **चोरी गए इन सामानों की हुई बरामदगी :** पांच अदद एम्प्लीफायर मशीन, पांच अदद एलईडी लाईट 50 वाट की, पांच अदद एलईडी लाईट 120 वाट की, एक बन्डल साउण्ड वायर, एक अदद डीवीआर, चार मोबाईल व घटना में प्रयुक्त दो अदद दो पहिया वाहन मोटरसाइकिल की बरामदगी हुई। **गुडवर्क टीम में रहे शामिल :** गुडवर्क टीम में एसआई भूपेन्द्र तिवारी, एसआई चन्दन कुमार राय, एसआई देवप्रकाश यादव, आरक्षी भूपेन्द्र यादव, आरक्षी गुरु प्रसाद, आरक्षी अरुण कुमार व आरक्षी मृत्युंजय थाना गोला जनपद गोरखपुरशामिल रहे।

# हेलमेट लगा चला रहे थे बाइक, कटा चालान

जासं, गोरखपुर : यातायात पुलिस ने हेलमेट लगाकर बाइक चला रहे राप्तीनगर के अरविंद का चालान काट दिया। मोबाइल फोन पर एक हजार रुपये के चालान का मैसेज पहुंचने पर उन्हें जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित यातायात कार्यालय पहुंचा। जहां तैनात कर्मियों ने यह कहकर लौटा दिया कि पैसा जमा करना होगा, नहीं तो तीन सवारी पर चालान काट दिया जाएगा।

अरविंद ने बताया कि 26 अगस्त को वह बाइक से बेटे का उपचार कराने के लिए पत्नी के साथ डा. मुखीजा को दिखाने के लिए जा रहे थे। शास्त्री चौक पर हेलमेट नहीं लगाने को लेकर चालान काट दिया गया। जब की फोटो में वह हेलमेट लगाए हुए हैं।

अरविंद ने बताया कि उनके मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद जब वह यातायात कार्यालय शिकायत लेकर पहुंचे तो उन्हें वापस कर दिया गया।

पीड़ित का आरोप है कि कार्यालय पर तैनात कर्मियों को चालान के साथ आए फोटो को दिखाकर बताया गया कि वह हेलमेट लगाए हैं। इस पर कर्मियों ने कहा कि चालान जमा करना पड़ेगा। नहीं जमा करने पर तीन सवारी का चालान काट दिया जाएगा।

अरविंद ने बताया कि बाइक पर वह पत्नी और 10 वर्षीय बेटे को बैठाकर डाक्टर के यहां जा रहे थे। एसपी यातायात श्यामदेव ने बताया कि पीड़ित कार्यालय आकर प्रार्थनापत्र दे दें। गलत चालान निरस्त कर दिया जाएगा।

## फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए ईनाम घोषित

**गोरखपुर।** हत्या कर डकैती डालने के मामले में फरार चल रहे बदमाश की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने 15 हजार रुपए घोषित किया है। वांछित बदमाश अजय राजभर पुत्र राजकुमार निवासी लाइन टोला बभनौली बुजुर्ग थाना पनियरा जनपद महराजगंज के विरूद्ध पिपराईच थाना पर धारा 396 आईपीसी के तहत केस दर्ज है।

## बिसाते की दुकान में लगी आग दो लाख का सामान जला

**कककरही।** नगर पंचायत गोला के गोपालपुर में सोमवार की सुबह शार्ट सर्किट से बिसाते की एक दुकान में आग लग गई। जिससे दुकान में रखा दो लाख कीमत का सामान जलकर राख हो गया। गोपालपुर बाजार में जमालुद्दीन बिसाते की दुकान चलाते हैं। सोमवार की सुबह करीब छह बजे दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गयी। सुबह आ जा रहे लोगों ने दुकान से धुआं और आग की लपटें देख शोर मचाया। इससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और दुकान मालिक को जानकारी दी। उधर कस्बे के लोग फायर बिग्रेड की गाड़ी की सहायता से आग बुझाने में जुट गए। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा लगभग दो लाख का सामान जल कर राख हो गया।

# कोचिंग से घर जा रही छात्रा से छेड़खानी,केस

**चरगांवा (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय छात्रा शनिवार को साइकिल से कोचिंग गई थी। वापस घर लौटते समय गांव का ही युवक छात्रा से छेड़खानी करने लगा। परिजनों की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस आरोपित युवक के खिलाफ केस दर दर्ज कर ली है। क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी शनिवार की शाम साइकिल से कोचिंग गई थी। उस दिन कोचिंग बंद था तो वापस घर लौट रही थी। हतउवा बाजार के समीप साइकिल चौन उतर गया तो किशोरी साइकिल के चैन को ठीक कर रही थी। तभी गांव का एक युवक किशोरी के पास पहुंचकर छेड़खानी करने लगा। किशोरी ने विरोध किया तो बाल पकड़कर तीन चार थप्पड मार दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। उसी समय किशोरी के माता पिता हतउवा गांव के पास ग्राहक सेवा केन्द्र पर पैसा निकालकर वापस आ रहे थे तो भीड़ देख रूक गये। तो देखा कि मेरी लड़की रो रही है। किशोरी ने आप बीती परिजनों को बताई। परिजनों का कहना है कि युवक तीन माह से किशोरी को परेशान कर रहा था। किशोरी के पिता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ धारा 323,504,506,341, 354,7/8 पाक्सो एक्ट तथा एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# बंधक बनाकर जमीन रजिस्ट्री कराने का आरोपित गिरफ्तार

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा पुलिस ने सोमवार की सुबह लगभग चार बजे बरगदहीं पिपराइच मार्ग से धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत करने के पश्चात जेल भेज दिया। भटहट कस्बे के बड़हरियां टोला निवासी अजमुल्ला खोराबार थाना क्षेत्र निवासी राकेश पाल के घर रहकर नौकरी करता था। अजमुल्ला को बांक बनाकर खोराबार के जंगल केवटलिया निवासी कोदई यादव एवं ओम प्रकाश यादव ने ₹18 लाख में उसकी जमीन की रजिस्ट्री करा लिया। रजिस्ट्री के दौरान 10 लाख और आठ लाख के दो चेक नंबर दर्शाए गए थे, जबकि दोनों चेक नंबर का बैंक से कोई भुगतान नहीं हुआ था। न्यायालय के निर्देश पर 23 सितंबर, 2021 को राकेश पाल, कोदई यादव, ओम प्रकाश यादव एवं रजिस्ट्री के दौरान गवाही करने वाले जितेंद्र व बाबूराम के विरुद्ध धोखाड़ी के साथ ही अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोदई यादव को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य आरोपित तभी से फरार चल रहे थे। आरोपित बाबूराम यादव को बरगदहीं से पिपराइच जाते समय पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया।

# ब्लड माफिया सहित दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नगर निगम सफाई कर्मी बन गया खून का दलाल

ब्लड माफिया का नेटवर्क खंगाल रही पुलिस, एक माह में खून लेने वालों को बुलाया

एक यूनिट का 6000 में तय कर 8 से 10 हजार में बेचकर कमाता था मुनाफा

गोरखपुर (एसएनबी)। गुलरिहा पुलिस ने ब्लड माफिया सहित दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में एक नगर निगम का सफाई कर्मचारी है जो पूरे नेटवर्क को संचालित करता है। गुलरिहा पुलिस ब्लड माफिया के नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। इसमे और कौन कौन से लोग शामिल है। कितने लोगों से खून निकलवाकर बेचा गया है और क्या इसमे मेडिकल कालेज के कर्मचारी शामिल है इन सब बातों की जांच पुलिस कर रही है। गिरफ्तार किए गए ब्लड माफिया सियारीपुर के खिंद तोला निवासी वसील खान व एजेंट महराजगंज के फरेंदा निवासी केशर देव को पुलिस ने कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी व एएसपी मानुष पारिख ने बताया की रविवार शाम को वसील खान खजांची चौराहे से मजदूर महराजगंज के पनियरा निवासी गोरख चौहान को 6000 में एक यूनेट खून देने की बात कहकर ले गया। मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में केशर देव मिला वह उसका खून निकलवाया। खून पिपराइच के रुद्रापुर के मरीज मोहन को 10 हजार में बेच दिया। बाद में खून देने वाले गोरख को सिर्फ 1100 रुपये देकर मारपीट कर भगा दिया। जिसके बाद पुलिस केस दर्ज कर दोनो को गिरफ्तार कर ली। एसपी ने बताया कि इनका एक गैंग है जो पिछले 6 महीने से मेडिकल कालेज के पास सक्रिय है। सरगना वसील पहले नगर निगम का सफाई कर्मी था। वर्तमान में वह खून की दलाली कर रहा है। खजांची चौराहे से मजदूरों को 5 से 6 हजार प्रति यूनिट खून डोनेट करने पर तय कर ब्लड बैंक ले जाते है। वहा खून निकलवाकर जरूरतमद को 10 हजार प्रति यूनिट बेचते है। और 1500 से 2500 प्रति यूनिट मुनाफा कमाते है। बताया किकेशर देव मजदूर है। वही इस काम मे मेडिकल कालेज के भी कुछ वार्ड ब्वाय आदि मिले है। उनके भूमिका की भी जांच हो रही है। साथ ही गिरोह में और कौन कौन है यह भी खंगाला जा रहा है। कितने लोगों को इन लोगो ने शिकार बनाया है उसकी भी पड़ताल हो रही है। बताया की पिछले एक महीने में इस माफिया से खून लेने वाले भर्ती मरीजों को भी बुलाकर बयान लिया जाएगा। इस नार्थ ने लोगो से अपील किया कि दलालों के चक्कर में न पड़े। पुलिस विभाग में भी डोनरो का ग्रुप है। अगर खून की जरूरत है तो सिपाही राजन को 8924091231 पर काल करे।



अवैध रूप से मानव खून का कारोबार करने के आरोप में गुलरिहा पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी वसील खान व केशर देव के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसपी दक्षिणी। फोटो : एसएनबी

# पुलिसकर्मियों ने ली टीबी उन्मूलन की शपथ, खाई फाइलेरिया से बचाव की दवा

गोरखपुर (एसएनबी)। पुलिस लाइंन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में पहुंची जिला क्षय रोग केंद्र और जिला मलेरिया विभाग की टीम ने टीबी और फाइलेरिया उन्मूलन के संबंध में पुलिसकर्मियों का संवेदीकरण किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. गणेश यादव की अध्यक्षता में सोमवार को हुए इस आयोजन के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। इस दौरान साठ से अधिक पुलिसकर्मियों ने मौके पर ही फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया।

**पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में पहुंची जिला क्षय रोग केंद्र और मलेरिया विभाग की टीम**

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. यादव ने कहा कि एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर और सीएमओ डा. आशुतोष कुमार दूबे के नेतृत्व में पुलिस विभाग का संवेदीकरण किया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि अगर किसी को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी आए, शाम को पसीने के साथ बुखार आए, बलगम में खून आता हो, भूख न लगे तथा लगातार वजन घट रहा हो तो उसे टीबी की भी आशंका है। ऐसे लक्षण वाले मरीजों की जांच तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर कराई जानी चाहिए। यही नहीं इलाज चलने तक मरीज को पोषण के लिए 500 रुपये प्रति माह उसके खाते में दिये जाते हैं।

सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश चौबे ने बताया कि संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से लाइलाज बीमारी फाइलेरिया हो जाती है जिसे हाथीपांव के नाम से भी जानते हैं। मच्छर काटने के पांच से पंद्रह वर्ष बाद हाथीपांव, हाइड्रोसील व महिलाओं के स्तन में सूजन जैसे लक्षणों के रूप में यह बीमारी सामने आती है। ऐसे में फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन साल में एक बार और पांच साल तक लगातार करना अनिवार्य है। प्रतिसार निरीक्षक हरिशंकर सिंह और रीडर राजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग किया। राजेंद्र सिंह ने कहा कि दोनों बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकी है। समय-समय पर हेल्थ कैम्प लगा कर टीबी की जांच भी कराई जानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया उन्मूलन संबंधी एसएसपी गोरखपुर का संदेश सभी पुलिसकर्मियों को सुनाया गया। उनके संदेश से प्रेरित होकर साठ से अधिक पुलिसकर्मियों ने मौके पर ही फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया।

# गीडा में तीन पर धर्म परिवर्तन का केस

सहजनवा। गीडा सेक्टर-13 स्थित एक मकान में कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में मकान मालिक ने गीडा थाने में तीन लोगों पर केस दर्ज कराया है। खजनी थाना क्षेत्र के भलुवान निवासी सन्तराज सिंह का गीडा सेक्टर 13 में भी एक मकान है। वहां कुछ लोग धर्म परिवर्तन के लिए प्रार्थना करा रहे हैं। P07

# आग से दो लाख का सामान जलकर राख

गोरखपुर। नगर पंचायत के गोपालपुर में सोमवार सुबह छह बजे जमालुद्दीन की बिसाता की दुकान में शार्ट शर्किट की से भीषण आग लग गई। दुकानदार के अनुसार दुकान में रखा करीब दो लाख का सामान जल कर राख हो गया। फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

# नाबालिग को भगाने के आरोप में केस

भटहट। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गुलरिहा पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाई कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को 10 अगस्त गांव का ही अजय दूसरी बार भगा ले गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपित पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।

गैंग में शामिल दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजवाया

# नगर निगम का सफाईकर्मी चला रहा था खूनचुसवा गैंग

**खुलासा**

- धंधे में शामिल अन्य लोगों का नेटवर्क खंगालने में जुटी है पुलिस
- छह हजार प्रति यूनिट तय कर 10 हजार में बेचता था यह गैंग

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। खूनचुसवा गैंग के दो सदस्यों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी पहचान तिवारीपुर के बिंद तोला निवासी वसील खान व महराजगंज के फरेंदा निवासी केशरदेव के रूप में हुई। वसील नगर निगम का सफाई कर्मी है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही गुलरिहा पुलिस खूनचुसवा गैंग के नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी व एएसपी मानुष पारिक ने बताया की रविवार शाम को वसील खान ने खजांची चौराहे से महराजगंज के पनियरा निवासी मजदूर गोरख चौहान को 6000 में एक यूनिट खून देने की बात कहकर अपने साथ ले गया था। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में केशर देव मिला। उसने गोरख का खून निकलवाया। वसील और केशर देव ने पिपराइच के रुदलापुर के मरीज मोहन को खून 10 हजार में बेच दिया। बाद में खून देने वाले गोरख को सिर्फ 1100 रुपये देकर मारपीट कर भगा दिया। गोरख को लगा कि उन्हें खून के बदले 18 हजार रुपये मिले हैं पर आरोपितों ने उसे उतना भी नहीं दिया जितने में सौदा तय किया था। लिहाजा वह पुलिस के पास चला गया। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी ने बताया कि इनका एक गैंग है जो पिछले छह महीने से मेडिकल कॉलेज के पास सक्रिय है। सरगना वसील पहले नगर निगम का सफाईकर्मी था। वर्तमान में वह खून की दलाली कर रहा है। ये लोग खजांची चौराहे से मजदूरों को 5 से 6 हजार में प्रति यूनिट खून देने का लालच देकर ब्लड बैंक ले जाते हैं। वहां खून निकलवाकर जरूरतमंद को कम से कम दस हजार और अधिकतम जो मिल जाए, उतने रुपये में प्रति यूनिट खून बेचते हैं। एसपी नार्थ ने बताया कि केशर देव मजदूर है। वहीं इस काम मे मेडिकल कॉलेज के भी कुछ वार्ड ब्वॉय के शामिल होने की आशंका हैं। उनकी भूमिका की जांच हो रही है।



खूनचुसवा गैंग में गिरफ्तार आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी नार्थ।

## गिरोह की कुंडली खंगाल रही है पुलिस

एसपी नार्थ ने बताया कि खूनचुसवा गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इन लोगों ने अब तक कितने लोगों को शिकार बनाया है, उसकी पड़ताल हो रही है। पिछले एक महीने में इस गैंग से खून लेने वाले मरीजों को बुलाकर उनका बयान लिया जाएगा। दलालों के चक्कर में न पड़ें। पुलिस विभाग में भी डोनर का ग्रुप है। अगर किसी को खून की जरूरत है तो इस ग्रुप से सम्पर्क करें।

## बीआरडी के ब्लड बैंक के कर्मचारियों से भी पूछताछ

गोरखपुर। खून चुसवा गैंग की जांच में सोमवार को एएसपी मानुष पारिक ने मेडिकल कालेज ब्लड बैंक के कर्मचारियों से पूछताछ की। उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि आखिर गिराह को यह कैसे पता चल जाता है कि किस मरीज को खून की जरूरत है और उसके पास डोनर नहीं हैं। कर्मचारियों से जानकारी जुटाने के साथ ही पुलिस टीम ने आरोपितों का मोबाइल कॉल डिटेल भी निकलवाना शुरू कर दिया है।

## कॉल डिटेल का सहारा ले रही है पुलिस

कॉल डिटेल से जांच कर गैंग के शामिल अन्य सदस्यों के साथ शिकार तक पहुंचने की कोशिश में पुलिस टीम जुट गई है। आरोपितों को जेल भेजने के बाद सोमवार को सीओ/एएसपी मानुष पारिक ने मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में पहुंच कर कर्मचारियों से पूछताछ की। ब्लड खरीदने और बेचने के मामले में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी पुलिस दोनों आरोपितों के मोबाइल की कॉल डिटेल को भी खंगाल रही है। मेडिकल कालेज के वार्डों में कार्यरत स्टाफ की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है।

31 तक हर चौराहे पर लगने थे कैमरे, अभी भी 465 स्थान खाली, एडीजी ने टीम भेज जानी हकीकत

# शहर से दूर भेजे जाएंगे त्रिनेत्र से दूरी बनाने वाले पुलिसकर्मी

सतीश पांडेय • गोरखपुर

शहर क्षेत्र में पुलिसकर्मियों ने आपरेशन त्रिनेत्र अभियान से दूरी बना ली है। हर चौराहे पर सीसी कैमरे लगवाने के सख्त निर्देश के बाद भी हलका दारोगा व बीट पुलिस अधिकारी (बीपीओ) ने लक्ष्य पूरा नहीं किया। अभी भी शहर के 465 चौराहे तीसरी नजर से दूर हैं। जांच में मामला सामने आने के बाद एडीजी जोन अखिल कुमार ने एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को पत्र लिख लापरवाही बरतने वालों की सूची मांगी है। चिह्नित लोगों को शहर से हटाकर दूसरी रेंज में भेजा जाएगा।

आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत 31 अगस्त तक शहर के सभी चौराहों पर सीसी कैमरे लगवाने का लक्ष्य था, लेकिन शाहपुर को छोड़ किसी थाना प्रभारी ने इसे पूरा नहीं किया।

एडीजी जोन अखिल कुमार ने अपने कार्यालय से सभी थाना क्षेत्र में इंस्पेक्टर की टीम भेजकर जांच कराई तो पता चला कि चौकी प्रभारी, हलका दारोगा व बीपीओ सीसी कैमरे लगवाने के लिए किसी को जागरूक नहीं कर रहे हैं। जिन स्थानों पर कैमरे नहीं लगे हैं, वहां जाकर टीम ने स्थानीय लोगों से बात की तो उन्होंने भी यही बात दोहराई कि किसी ने इस बारे में बताया ही नहीं। शहर क्षेत्र में सबसे खराब स्थिति खोराबार थाना क्षेत्र की है यहां सबसे अधिक 104 चौराहा/प्रमुख स्थानों पर कैमरे नहीं हैं।

**कितने जगह नहीं है कैमरें**

| थाना | खाली स्थान | थाना | खाली स्थान |
|---|---|---|---|
| राजघाट | 41 | रामगढ़ताल | 31 |
| कैंट | 66 | गीडा | 4 |
| कोतवाली | 18 | गुलरिहा | 8 |
| गोरखनाथ | 23 | तिवारीपुर | 79 |
| खोराबार | 104 | एम्स | 75 |
| | | चिलुआताल | 16 |



निर्धारित स्थान पर सीसी कैमरे लगवाने के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक न करने वाले पुलिसकर्मियों की सूची तैयार कराई जा रही है। एसएसपी को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। अभियान से दूरी बनाने वालों को तबादला दूसरी रेंज में किया जाएगा।

अखिल कुमार, एडीजी जोन

# नौकरी के नाम पर तीस लाख हड़पे

पीपीगंज। कोर्ट के आदेश पर पीपीगंज पुलिस ने नौकरी के नाम पर 30 लाख रुपये हड़पने के मामले में दंपति पर केस दर्ज किया है।

पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक निवासी तूफानी प्रसाद ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि उसके दोनों बेटों की नौकरी दिलाने के नाम पर वार्ड नंबर सात निवासी राजू उपाध्याय उर्फ राजू बाबा ने 2017-2019 के बीच में तीस लाख रुपए लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी उसने नौकरी नहीं दिलाई। जब वह अपना रुपया मांगने उसके पास लखनऊ गये तो उसने मार पीट कर उनका हाथ तोड़ दिया। साथ ही धमकी भी दी।

इस पर उन्होंने पुलिस में केस दर्ज कराने की कोशिश की पर उन्होंने भी मामला दर्ज नहीं किया। हार कर न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के निर्देश पर पीपीगंज पुलिस ने राजू उपाध्याय व उसकी पत्नी साधना देवी के विरुद्ध एससीएसटी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

# नौकरी के नाम जालसाजी में एक गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नगर निगम में सफाई कर्मी की नौकरी के नामपर जालसाजी के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान अजय कुमार पुत्र राम दुलारे निवासी तिघराखुर्द पो. कौड़ीराम थाना गगहा के रूप में हुई। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक अब तक उसने नौ लोगों से इस तरह की जालसाजी की है।

पूछताछ के उपरान्त अभियुक्त ने बताया कि अब तक उसने 9 लोगों को अवैध नियुक्ति पत्र देकर ठगी की है। इसी क्रम में उसने पीड़ित से 50,000 रुपये लेकर नगर निगम में सफाई कर्मी का अवैध नियुक्ति पत्र व पहचान पत्र दिया था।

# सेंध काट कर चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। तिवारीपुर पुलिस ने सेंध काट कर चोरी करने के मामले में देव डोम उर्फ बड़े पुत्र स्व0 कल्लू डोम निवासी डोमखाना सूर्यकुण्ड थाना तिवारीपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के दो जोड़ी पायल बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# एक वांछित गैंगस्टर को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने गैंगेस्टर के आरोपित पीयूष पाण्डेय निवासी सिक्टौर बाजार मानीराम थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

# 37 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर। जीवन भारती उर्फ गोलू पुत्र बालकिशुन निवासी मंझरिया बिस्टौल थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर, कर्मवीर निषाद उर्फ वीरू उर्फ वीर निषाद निवासी मंझरिया विस्टौल थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर को 37 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

# पीपीगंज में सभासद से मारपीट में 11 नामजद

**पीपीगंज, हिंदुस्तान संवाद।** पीपीगंज नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड बैठक के बाद हुई सभासद और सफाई कर्मी के बीच मार पीट के मामले में दोनों पक्षों से सोमवार की देर शाम पीपीगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीपीगंज नगर पंचायत के सभासद रामानंद मध्देशिया को कार्यालय पर बोर्ड बैठक के बाद सफाई कर्मचारी के पूर्व में हुए विवाद के मामले में शुक्रवार सभासद को मार पीट कर घायल कर दिया गया था,इस मामले में पीपीगंज पुलिस ने घायल सभासद रामानंद मध्देशिया की तहरीर पर आरोपी अखिलेश यादव व उसके भाई, कमलेश यादव, शिवपाल रावत, धर्मपाल रावतआदि के विरुद्ध 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी पक्ष से रमाकांत की तहरीर पर पीपीगंज पुलिस ने घायल सभासद रामानंद व सभाषद घनश्याम के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# पुलिसकर्मियों ने टीबी उन्मूलन की शपथ ली

गोरखपुर। पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में टीबी और फाइलेरिया उन्मूलन के संबंध में पुलिसकर्मियों जागरूक किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गणेश यादव की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश चौबे, डॉ विराट स्वरूप श्रीवास्तव, डॉ दीपक चतुर्वेदी, अभय नारायण मिश्र, मिर्जा आफताब बेग व अन्य मौजूद रहे।

# किशोर संदिग्ध हालात में गायब

भरोहिया,हिन्दुस्तान संवाद। पीपीगंज के हरपुर में एक मूर्तिकार के यहां कार्य कर रहा 13 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गया। किशोर की मां की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर किशोर की तलाश कर रही है।

वार्ड नंबर आठ शक्तिनगर हरपुर के बढ़या मार्ग पर 13 वर्षीय बृजेश मूर्तिकार के साथ कार्य कर रहा था। लेकिन तीन दिन से घर नहीं गया। 27 को उसकी मां तलाशते हुए मूर्तिकार के यहां पहुंची तो पता चला कि तीन दिन से बृजेश काम पर नहीं आ रहा है।

# सभासद से मारपीट में दो भाइयों पर केस

सहजनवा। सहजनवा नगर पंचायत लुचुई वार्ड नंबर-14 के सभासद अजय कसेरा से मारपीट करने वाले दो सगे भाइयों पर पुलिस ने रविवार को मारपीट का केस दर्ज किया है। सभासद ने तहरीर में बताया कि वह रविवार देर शाम उनके वार्ड के ही दो मनबढ़ किस्म के भाई उन्हें रास्ते में रोककर मारपीट की। इससे उनको काफी चोटें आई।

# पत्नी के उकसाने पर बेटे ने मां को पीटा

सहजनवा। सहजनवा के दरियां में पत्नी के उकसाने पर बेटे ने मां को पीटने के मामले में पुलिस ने दंपति पर केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने रविवार को आरोपी दम्पत्ति शैलेन्द्र और अर्चना पर केस दर्ज कर आरोपियों का चालान किया।

# एकला में दबंगों ने युवक को पीटा

सहजनवा। गीडा थाना के एकला में अपनी बहन के घर रह रहे सहजनवा के बरईपार तेतरिया निवासी आशीष कुमार को शनिवार को कुछ मनबढ़ों ने पहले तो फोन करके हरैया बुलाया और फिर जब युवक वहां पहुंचा तो मनबढ़ों ने आशीष को जबरदस्ती बाइक पर बिठाकर रास्ते भर बिना कारण के गाली देते हुए मलउर लेकर आये और डंडे और हाथ में पहने कड़े से आशीष को पीटकर घायल कर दिया और उसका मोबाइल भी तोड़ दिया।

# डीजे चुराने वाले पांच गिरफ्तार

गोरखपुर। गोला पुलिस ने डीजे चोरी करने के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से डीजे का सामान बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बिसरा निवासी अभिषेक, धनंजय, बांसगांव के गोड़सरी निवासी नीरज कुमार, बड़ावन निवासी आशुतोष व दीपक साहनी के रूप में हुई है।

### मकान मालिक को भी लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश

# गीडा में हो रहा था धर्म परिवर्तन, तीन पर केस

सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद। गीडा सेक्टर-13 स्थित एक मकान में कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में मकान मालिक ने गीडा थाने में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

खजनी थाना क्षेत्र के भलुवान निवासी सन्तराज सिंह का गीडा सेक्टर 13 में भी एक मकान है। गीडा थाने में रविवार को प्रार्थना पत्र देकर उन्होंने बताया कि सेक्टर 13 स्थित मकान में 6 कमरे हैं, जिसमें किराएदार रहते हैं। वह महीने के अंत में किराया लेने ही गीडा आते हैं। रविवार को सूचना मिली कि उनके मकान में कुछ लोग धर्म परिवर्तन कराने के लिए प्रार्थना करा रहे हैं। जब वह मकान पर पहुंचे तो वहां तीन लोग दर्जनभर लोगों को ईसा मसीह की तस्वीर रखकर धर्म परिवर्तन कराते मिले। उन्होंने जब मना किया तो तीन लोगों ने उन्हें भी धन का लालच देकर धर्म परिवर्तन करने को कहा। मकान मालिक ने पुलिस को बताया कि आसपास पता चला कि गीडा क्षेत्र में कई लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। चौकी प्रभारी पिपरौली आलोक राय ने बताया कि मकान मालिक की तहरीर पर रामाधीन शर्मा, राजेश और रामचन्द्र पर उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध सम्परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम -2021 की धारा 3 और 5 (1) के तहत केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।



- पुलिस को शिकायती पत्र देकर संतराज ने लगाया था आरोप
- पहले भी जिले में धर्म परिवर्तन की हो चुकी है घटनाएं

## धर्मांतरण की इस साल सामने आई घटनाएं

आठ मई 2023,पैसे का लालच और बीमारी का डर दिखाकर गगहा इलाके का एक युवक दलित समाज के लोगों को क्रिश्चियन बनाने में लगा था। बिना काम किए ही ऐसो आराम की जिंदगी का सापना दिखाकर अपने जाल में फंसाता जो लोग नहीं फसते उन्हें गंभीर बीमारी का डर दिखाकर खुद को पास्टर बताकर पानी पिलाकर इलाज करता और ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित करता था। गगहा क्षेत्र के कैदहा खुर्द निवासी रतनसेन सिंह की तहरीर पर गगहा पुलिस ने इसी क्षेत्र के गिरधरपुर निवासी सुभाष चंद्र राना के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### रुपये का लालच देकर कराते थे धर्म परिवर्तन

19 मार्च हिंदू महिलाओं को रुपयों आदि का लालच देकर खोराबार इलाके में धर्मानंतरण के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी वाराणसी फूलपुर निवासी संजय कनौजिया को हिरासत में ले लिया। वही, इसी इलाके के रहने वाले करूणानिधि पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धर्मातरण का केस दर्ज कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने वहां मौजूद महिलाओं के पास से इसाई धर्म ग्रंथ बाइबल भी बरामद किया है।

### खोराबार, पिपराइच व शाहपुर में भी प्रयास

हिन्दू धर्म से क्रिश्चियन धर्म में परिवर्तित करने का प्रयास इससे पहले खोराबार, शाहपुर और पिपराइच इलाके में प्रार्थनासभा के जरिए किया जा चुका है। पुलिस ने इन मामलों में आरोपितों पर कार्रवाई की है। प्रत्येक मामले में इन लोगों ने दलित वर्ग के लोगों को ही अपने निशाने पर सेवा भाव और बीमारी को आधार बनाकर लिया था। इस तरह महिलाओं को झांसे में लेते हैं कि इनके खिलाफ कार्रवाई होने पर महिलाएं धरना-प्रदर्शन तक करने लगती है। पिपराइच इलाके में हुई घटना के बाद महिलाओं ने थाने का घेराव किया था।

# पुलिस ने जालसाजी के एक और आरोपित को दबोचा

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा पुलिस ने सोमवार सुबह क्षेत्र के बरगदही केवटान टोला के समीप से जालसाजी के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से वह जेल भेज दिया गया।

भटहट चौकी प्रभारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि भटहट के बड़हरियां टोला निवासी अजीमुल्लाह खोराबार क्षेत्र निवासी राकेश पाल के घर रहता था। आरोप है कि 21 अगस्त 2020 को अजीमुल्लाह को बंधक बनाकर खोराबार के जंगल केवटलिया निवासी कोदई यादव एवं ओम प्रकाश यादव ने 18 लाख रुपए में उसकी जमीन की रजिस्ट्री करा ली। रजिस्ट्री के दौरान 10 एवं आठ लाख रुपए के दो चेक दिए गए थे, लेकिन दोनों चेकों का बैंक से कोई भुगतान नहीं हुआ।

# कोचिंग से लौट रही छात्रा से छेड़खानी, केस दर्ज

गुलरिहा। गुलरिहा इलाके के एक गांव की 14 वर्षीय किशोरी शनिवार की शाम साइकिल से कोचिंग गई थी। उस दिन कोचिंग बंद था तो वापस घर लौट रही थी। हतउवा बाजार के समीप उसकी साइकिल का चेन उतर गया तो किशोरी साइकिल के चेन को ठीक कर रही थी तभी गांव का एक युवक उसके पास आया और छेड़खानी करने लगा, किशोरी ने विरोध किया तो बाल पकड़कर थप्पड़ जड़ दिया। किशोरी की शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। उसी समय किशोरी के माता-पिता हतउवा गांव के पास ग्राहक सेवा केन्द्र पर पैसा निकाल कर वापस आ रहे थे तो भीड़ देख रुक गए। देखा कि मेरी लड़की रो रही है। किशोरी ने आप बीती परिजनों को बताई। युवक तीन माह से किशोरी को परेशान कर रहा था।

# गीडा : प्रलोभन देकर बना रहे थे ईसाई, तीन पर केस दर्ज

गीडा (गोरखपुर)। गीडा इलाके के सेक्टर-13 में रविवार को प्रलोभन देकर लोगों को ईसाई बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रविवार को धर्म सभा आयोजित कर तीन लोग धर्म परिवर्तन करा रहे थे। किराये के मकान में चल रहा यह मामला खुद मकान मालिक ने पकड़ा। मकान मालिक संतराज सिंह की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने रामअधीन शर्मा, राजेश और रामचंद्र के खिलाफ धर्म परिवर्तन कराने की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। >> विस्तृत पेज 5 पर

# चार यार...खेत में झंडे लगाकर करते हैं धोखे का कारोबार

## शहर के विस्तारीकरण को अवसर के रूप में भुना रहे जालसाज, लगातार मिल रहीं शिकायतें

अमर उजाला पड़ताल

**सड़क से सटी जमीन को खरीदकर लगा देते हैं बगल वाले खेत में झंडा, उसे भी अपना बताकर ठगते हैं लोगों को**

**जीडीए उपाध्यक्ष ने कसा शिकंजा तो खुलने लगे मामले, कार्रवाई शुरू हुई तो धंधा समेटने लगे जालसाज**

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। शारदा सिटी के नाम पर 235 से ज्यादा लोगों के साथ ठगी के बाद जीडीए ने अवैध प्लाटिंग करने वालों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। इसी अभियान में जीडीए अफसरों को अवैध प्लाटिंग के कई चौंकाने वाले मामले पता लगे हैं। कुछ पर बुलडोजर चलाया जा चुका है और कई बाकी भी निशाने पर हैं। छानबीन में सामने आया है कि अवैध प्लाटिंग के धंधे में दबंग, अपराधी और माफिया के साथ सरकारी सिस्टम के लोग भी हैं। मोटी कमाई के लालच में इसी गठजोड़ से बने चार यार मिलकर एक-दो प्लॉट के एग्रीमेंट करवाते हैं। साथ के खेतों में भी झंडे लगाकर बड़े प्रोजेक्ट का झांसा देते हैं। किसान विरोध न करें, इसके लिए मेड़ पर झंडा लगाने के एवज में मोटी रकम भी थमा देते हैं। ठगों के खिसकने के बाद में शिकार लोगों के आगे किसान भी अनजान बन जाते हैं।

प्लाटिंग के नाम पर चल रहा ठगी का यह खेल शहर से लगे उन इलाके में चल रहा है, जहां जीडीए तेजी से विकास करवा रहा है। विकास में लग रहे सरकार के करोड़ों रुपयों का फायदा ऐसे धंधेबाज भी उठा रहे हैं। खेतों में झंडे लगाकर बड़ा गेट, दो-चार सड़कें और एक ऑफिस तैयार करने के बाद बड़ा प्रोजेक्ट शुरू करने का झांसा दिया जाता है। उसके लिए शहर के कुछ प्रॉपर्टी डीलर और दलालों को मोटे कमीशन का लालच देकर पार्टी लाने को कहा जाता है। उन्हीं डीलरों के भरोसे में किराए पर रहे लोग अपना आशियाना बनाने का सपना देख लेते हैं।

तमाम लोग ऐसे भी होते हैं शहर में जमीनों के बढ़ते दामों से मुनाफे के लालच में आ जाते हैं। इन धंधेबाजों का अंदाज ऐसा होता है कि आम लोग भांप नहीं पाते और जीवन भर की पूंजी उनके हवाले करके फर्जी रजिस्ट्री करवाकर ठगी के शिकार हो जाते हैं। जीडीए ने ऐसे इलाकों में बुलडोजर चलाकर कब्जे ध्वस्त किए तो तमाम लोग अफसरों के पास पहुंचे। अफसर लोगों को जागरूक कर रहे हैं, फिर भी एक के बाद ठगी के मामले सामने आ रहे हैं।

**और भी हैं शारदा सिटी**



गोरखपुर-वाराणसी मार्ग की एक साइड पर झंडा लगाकर घेरी गई जमीन। संवाद

### इधर शहर में विकास ने तेजी पकड़ी, उधर धंधेबाजों ने

आज से पांच से छह वर्ष पहले शहर में अचानक जमीनों की खरीद-बिक्री का अवैध धंधा फलने-फूलने लगा। एक सूत्र ने बताया कि वर्तमान में लगभग 90 प्रतिशत यह धंधा, धोखे पर ही हो रहा है। जैसे, शुरुआत में कुछ साझेदार मिलकर 30 से 40 लाख रुपये का इंतजाम करते हैं। गोरखपुर से वाराणसी वाले हाईवे की तरफ प्लाटिंग का काम करना है तो पास के गांव के बिचौलिए से संपर्क करते हैं। प्लाटिंग की योजना और प्रति प्लाट पर कमीशन की बात सुनकर वह गांव के किसी चक( खेत का हिस्सा ) को दिखाता है। सड़क वाले हिस्से पर 15 से 20 डिसमिल जमीन का बैनामा और खारिज दाखिल फर्म के नाम से रजिस्ट्री दफ्तर में हो जाता है। इस जमीन में कंपनी के दूसरे या परिवार के रिश्तेदारों के नाम से थोड़ी-थोड़ी जमीन बैनामा कर खारिज दाखिल करा ली जाती है। वहीं, बिचौलिया गांव के किसानों से संपर्क करवाता है। किसान एक एकड़ खेत में प्रतिवर्ष खेती कर 60 से 70 हजार रुपये का मुनाफा कमाते हैं। ऐसे में धंधेबाज, किसान से खेत से अरिया ( कोने का हिस्सा) में झंडा लगाने की बात तय करते हैं। इसके बदले उसे 20 से 30 हजार रुपये भी देते हैं। किसान भी अरिया पर झंडा लगाने के बदले मुनाफा लेने के लिए तैयार हो जाता है। इसी के बाद खेल शुरू होता है।

**ग्राहकों को किस्तों में जमीन लेने का देते हैं लालच**

एक एकड़ जमीन में तीन डिसमिल या 1308 वर्ग फुट के 25 प्लॉट बनते हैं। मान लीजिए, एक प्लॉट 10 लाख रुपये का बताया गया। इसमें खरीदार को किस्तों की बात बताते हुए उनसे तीन लाख एडवांस लेते हैं। ऐसे में एक एकड़ प्लाट की बुकिंग हो गई तो 75 लाख सीधे एडवांस की बुकिंग के तौर पर आ गया। इसके बाद प्रतिमाह 10 हजार रुपये की किस्त बांध दी जाती है।

सभी डेवलपर्स और रियल एस्टेट एजेंटों को रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। परियोजना, लेआउट, सरकारी अनुमोदन, जमीन के विलेख की स्थिति, उप-ठेकेदार जैसी जानकारी प्राधिकरण में स्वीकृति के बाद ही किसी प्रोजेक्ट को बाजार में उतारना होता है। इसमें लापरवाही होती है तो रेरा अपने स्तर से कार्रवाई करने को स्वतंत्र रहता है।
– संजय भूसरेड्डी, अध्यक्ष रेरा, यूपी



27 अगस्त को प्रकाशित खबर।

***ऐसे ही शुरू हुआ था शारदा सिटी का खेल भी***

*जांच में पता चला है कि शारदा सिटी का खेल भी ऐसा ही है। सातों ठग मोटी रकम कमाने का सपना देखने वाले युवाओं की भरमार है। शारदा सिटी वाला अक्षय मिश्र भी इसी तरह जमीनों के धंधे में घुस और करोड़ों का खेल कर गया। शुरुआत में जेब में उतनी रकम तो थी नहीं, तो ठगी का जाल फैलाने की तरकीब लगाई। नई बनी सड़क के किनारे छोटी से जमीन खरीदी और जुट गए। गांव में दस शख्स को साथ लिया, जो कब्जा की खेत वाली जमीन का एग्रीमेंट करा सके। दोनों को ऊंचे दाम पर जमीन बिकवाने का लालच देकर फांस लिया।*

जीडीए ने अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की है। बाजार के भाव को समझते हुए इन अवैध प्लाटिंग वालों ने धोखे में रखकर जरूरतमंदों के गाढ़ी कमाई को फंसाया है। जरूरतमंद किसी भी प्लाटिंग में जाकर अपनी कमाई लगाने से पहले कुछ जरूरी बातों का जरूर रखना चाहिए। जैसे, योजना प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं। रियल इस्टेट वाली फर्म के नाम पर बैनामा और खारिज दाखिल में कितनी जमीन दर्ज है। संबंधित प्राधिकरण में जाकर सही जानकारी लें। अवैध प्लाटिंग और लोगों के पैसे फंसाने वाले पर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।
– महेंद्र सिंह तंवर, उपाध्यक्ष, जीडीए



## सपने दिखाकर उड़े शारदा सिटी वाले ठग, देवरिया-कुशीनगर से पुलिस बैरंग

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नौसड़-खजनी मार्ग पर शारदा सिटी के नाम से नई कॉलोनी बसाने का सपना दिखाकर 50 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की जालसाजी करने वालों की तलाश में पुलिस दस दिन बाद भी खाली हाथ है। पुलिस ने सात केस दर्ज किए हैं, लेकिन मुख्य आरोपी अक्षय अपने मैनेजर अजय कुमार श्रीवास्तव के साथ कहां छिपा बैठा है, यह पुलिस भी नहीं जान पा रही है। पुलिस की अलग-अलग टीमें जालसाजों की तलाश में देवरिया और कुशीनगर तक गई हैं, लेकिन खबर है कि वे खाली हाथ लौट आई हैं।

जानकारी के मुताबिक, दमयंती श्रीवास्तव, अर्चना और अनुराधा समेत सात पीड़ितों ने केस दर्ज कराया है। पीड़ितों की मानें तो शारदा सिटी के नाम पर उनसे जालसाजी हुई है। वहां के मैनेजर ने बताया था कि शहर से सात किमी दूर खजनी रोड पर शारदा सिटी नाम से कॉलोनी बन रही है।

वहां सस्ता प्लॉट मिल जाएगा, फ्लैट भी बनेंगे। लोगों को कैटलॉग दिखाकर बताया गया था कि कॉलोनी में स्विमिंग पूल होगा, भव्य गेट से इंट्री होगी और पार्क भी होगा।

पीड़ितों ने बताया था कि एक खाली जमीन दिखाकर उन लोगों को प्रॉपर्टी डीलर ने रजिस्ट्री भी कराई। रजिस्ट्री के नाम पर 5 से 10 लाख रुपये तक बिल्डर ने लोगों से ले लिए। बाद में किसी को … सपने दिखाकर शारदा सिटी के नाम पर लोगों को ठग लिया … पर … कैंट पुलिस ने केस भी दर्ज कर लिया है, लेकिन इसके आगे एक कदम भी पुलिस नहीं चल पाई है।

**शारदा सिटी के नाम पर जालसाजों ने कैटलॉग दिखाकर की जालसाजी**

***छह साल तक शहर में चला धोखे का धंधा***

*पीड़ितों के मुताबिक, शारदा सिटी नाम की फर्जी फर्म से उन लोगों ने 2017 में रजिस्ट्री कराई थी। एक खाली जमीन दिखाकर इन लोगों को प्रॉपर्टी डीलर ने रजिस्ट्री भी करा दी। रजिस्ट्री के नाम पर पांच से दस लाख रुपये तक बिल्डर ने लोगों से ले लिए। अर्चना ने बताया कि उन्होंने साल 2019 में शारदा सिटी में एक प्लॉट रजिस्ट्री कराई थी। चार साल बीत गए, लेकिन जमीन का पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि उनके साथ ही कुछ और लोगों ने भी वहां प्लॉट लिया था। उनके भी प्लॉट का पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि जब भी मैनेजर से मिलने जाते थे, वह अगले दिन आने के लिए कहकर टाल देता था। अचानक वहां लोगों की भीड़ बढ़ने लगी तो मैनेजर और प्रॉपर्टी डीलर दोनों ने बात करना बंद कर दिया। अब रुस्तमपुर स्थित ऑफिस भी बंद कर दिया गया है।*

पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। जालसाजों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं। पुलिस आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर लेगी। आरोपियों पर पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।
– डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

**ये पीड़ित आए सामने बाकी का अब भी इंतजार**

- तुर्कमानपुर यादव टोला निवासी मनोज श्रीवास्तव की पत्नी ऊषा श्रीवास्तव के मुताबिक, 31 अक्तूबर 2017 को जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। लेकिन कब्जा आज तक नहीं मिला।
- राधानगर बुलंदशहर निवासी विरेंद्र लाल श्रीवास्तव की पत्नी विजय लक्ष्मी के मुताबिक, 14 दिसंबर 2018 को जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। कब्जा आज तक नहीं मिला।
- कैंट इलाके जटेपुर उत्तरी निवासी मदन मोहन गौड़ के मुताबिक, 17 अगस्त 2018 को रजिस्ट्री कराए थे, दौड़ते रह गए, कब्जा नहीं मिला।
- रसूलपुर निवासी विमला यादव के मुताबिक, 24 जुलाई 2018 को जमीन की रजिस्ट्री करा थे, कब्जा नहीं मिला।
- रसूलपुर निवासी रामआश्रय यादव के मुताबिक, दो मई 2018 को जमीन की रजिस्ट्री कराए थे, उसके बाद दौड़ते रह गए।
- जटेपुर निवासी अरुण कुमार श्रीवास्तव की पत्नी अर्चना श्रीवास्तव के मुताबिक, 17 जनवरी 2019 को जमीन की रजिस्ट्री कराई थी, लेकिन कब्जा नहीं मिला।
- जटेपुर निवासी दीपक चंद्र श्रीवास्तव की पत्नी दमयंती देवी श्रीवास्तव के मुताबिक, 18 फरवरी 2019 को जमीन की रजिस्ट्री कराई थी, लेकिन कब्जा नहीं मिला।

# बीआरडी स्टाफ की मिलीभगत से गैंग चला रहा निगम कर्मी गिरफ्तार

## साथी भी पकड़ा गया, मेडिकल कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मदद से बेचते थे खून

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नगर निगम के सफाई कर्मचारी से खून माफिया बने वसील खान को पुलिस ने साथी समेत जेल भिजवा दिया है। पुलिस की अभी तक की जांच में पता चला है कि वसील खान मजदूरों को निशाना बनाता था। जरूरतमंद तक उसे पहुंचाने में मेडिकल कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मदद करते थे। आरोपियों से पूछताछ के बाद ब्लड बैंक की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए पुलिस ने एक महीने में मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक से खून लेने वाले सभी लोगों को बयान देने के लिए बुलाया है।

पुलिस लाइंस में सोमवार को एसपी नार्थ मनोज अवस्थी व एएसपी मानुष पारिक ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गए खून माफिया के बारे में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तिवारीपुर के बिंद टोला निवासी वसील खान और उसके साथी महराजगंज के फरेंदा निवासी केशर देव को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया गया है। जल्द ही पूरे रैकेट का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

एसपी ने बताया कि रविवार शाम को वसील खान खजांची चौराहे से मजदूर, महराजगंज के पनियरा निवासी गोरख चौहान को 6000 में एक यूनिट खून देने की बात कहकर ले गया। मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में केशर देव मिला। उसने गोरख का खून निकलवाया। बाद में वह खून पिपराइच के रुदलापुर के मरीज मोहन को 10 हजार रुपये में बेच दिया। खून देने वाले गोरख को सिर्फ 1100 रुपये देकर मारपीट कर भगा दिया। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ने बताया कि इनका एक गैंग है, जो पिछले छह महीने से मेडिकल कॉलेज के पास सक्रिय है। सरगना वसील खान पहले नगर निगम का सफाई कर्मी था। वर्तमान में वह खून की दलाली कर रहा है। जबकि केशर देव खुद मजदूरी करता है और साथी मजदूरों को फंसाता है।

**2016 में पकड़ा गया था खून बेचने का मामला :** चार अगस्त, 2016 को भी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में खून बेचने की कोशिश में एक युवक को पकड़ा गया था। पूछताछ में उसने दो हजार रुपये देकर एक यूनिट खून देने पर खुद की रजामंदी स्वीकार की थी। बाद में युवक फरार भी हो गया था और पुलिस ने ध्यान नहीं दिया था।

**ब्लड बैंक की भूमिका भी जांच के घेरे में, एक महीने में खून लेने वालों को पुलिस ने बुलाया**

### नेटवर्क में कौन-कौन शामिल, जांच में जुटी पुलिस

*खून माफिया के इस नेटवर्क में कौन- कौन शामिल है, पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज के कुछ वार्ड ब्वॉय की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। पुलिस यह जानकारी भी जुटा रही है कि कितने लोगों को इस गिरोह ने शिकार बनाया है। पिछले एक महीने में इस माफिया से खून लेने वाले मरीजों के तीमारदारों को भी बुलाकर बयान लिया जाएगा।*



अब खुला ब्लड माफिया का खेल, मजदूर के खून की कीमत लगा दी 8 हजार

अमर उजाला में 28 अगस्त के अंक में प्रकाशित खबर।

## तब खूनचुसवा गिरोह था...अब खून माफिया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मजदूरों के खून को बेचकर रुपये कमाने का अवैध धंधा 15 वर्ष पहले भी होता था। लेकिन, तब सिर्फ एक खूनचुसवा गिरोह ही सक्रिय था लेकिन अब खून माफिया सक्रिय हैं। इस धंधे में एजेंट से लेकर मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी भी शामिल हैं।

मजदूरों का खून निकलवाने का धंधा वर्ष 2008 में भी पकड़ा गया था। तब 17 मजदूरों को बंधक बनाकर हफ्ते में तीन बार उनका खून निकाल लिया जाता था और सेटिंग से जरूरतमंदों को बेच दिया जाता था। उस समय खून के धंधे का मास्टरमाइंड बताया गया पश्चिम बंगाल का जयंत सरकार पर आज भी 25000 रुपये का इनाम घोषित है, जिसे पुलिस अब तक नहीं पकड़ सकी है। अब इस खेल में माफिया सक्रिय हैं।

**तब बंधक बनाकर सेटिंग से बेचते थे खून, आज तैयार कर लिए हैं पूरा नेटवर्क**

पुलिस की जांच में पता चला है कि नेटवर्क में मेडिकल कॉलेज के संविदा कर्मचारियों से लेकर ब्लड बैंक तक के कर्मचारी शामिल हैं। वहीं, मजदूर को रक्तदाता बताकर खून बेचा जा रहा है। दोनों ही मामलों में एक बात समान है कि मजदूरों को ही टारगेट बनाया गया है।

मजदूरों को गिरोह का सदस्य बनाकर आसानी से रक्तदाता बता दिया जाता है। इसके बाद जिस जरूरतमंद को खून दिया जाता है, उससे मोटी रकम ऐंठ ली जाती है। हिस्सा सभी में बंट जाता है। मजदूरों के खून को बेचकर मेडिकल कॉलेज के संविदा कर्मचारियों से लगायत ब्लड बैंक के कर्मचारियों की अच्छी-खासी कमाई हो रही है।



खून बेचने के आरोप में पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी देते हुए एसपी नार्थ मनोज अवस्थी। संवाद

### ऐसे काम करता है गिरोह

**गिरोह** का सरगना वसील खान अपने साथी एजेंट केशर देव की मदद से खजांची व अन्य जगहों पर काम की तलाश में आने वाले मजदूरों को निशाना बनाते थे। जिन मजदूरों को कई दिनों से काम नहीं मिलता था, उसे ही टारगेट करते थे और फिर रुपयों का लालच देकर खून देने के लिए राजी करा लेते थे। खून को बेचने में इनकी मदद बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कुछ सफाई कर्मचारी करते थे। सफाई के दौरान ये कर्मचारी उन मरीजों के तीमारदारों की जानकारी जुटाते थे, जो खून के लिए परेशान हों। फिर उन्हें वसील खान का नंबर दे देते थे। कहते थे कि वसील आसानी से खून दिलवा देगा। परेशान तीमारदार, वसील के नंबर पर संपर्क करते थे, इसके बाद मजदूर को लाया जाता था। उससे खून लेकर उसके बदले जिस ग्रुप के खून की जरूरत होती थी, उसे दिला देते थे। मजदूर को तय करने के लिए छह हजार प्रति यूनिट खून डोनेट करने का प्रलोभन दिया जाता था। जरूरतमंद से जितने पर सौदा तय हो जाए, उसी हिसाब से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को भी कमीशन दिया जाता था। कई जरूरतमंदों से इन लोगों ने 25 हजार रुपये तक वसूले थे।

# निगम में नौकरी के नाम पर वसूली करने वाला गिरफ्तार

## नौ को बनाया शिकार, सफाई कर्मी का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर वसूले थे रुपये



ठगी करने का आरोपी। संवाद


नौकरी का झांसा देकर दिया फर्जी नियुक्ति पत्र

28 अगस्त को प्रकाशित खबर।

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नगर निगम में कूटरचित नियुक्ति पत्र देकर सफाई कर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला है कि आरोपी ने नौ लोगों से 50-50 हजार रुपये नौकरी के नाम पर रुपये वसूले थे। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान गगहा के कौड़ीराम तिघराखुर्द निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बेलीपार के मलाव निवासी रेखा पत्नी दिलीप ने बताया कि उससे 50 हजार रुपये लिया गया है और बताया कि सफाई कर्मी के पद पर नियुक्ति हो गई है। उसे एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया गया था। इसी आधार पर 26 अगस्त को रेखा नगर निगम में नौकरी ज्वाइन करने पहुंच गई।

अपर नगर आयुक्त दुर्गेश ने पूरा मामला पकड़ लिया और फिर उन्होंने रेखा के प्रार्थना पत्र को आधार बनाते हुए कोतवाली पुलिस को पत्र भेजा। बताया गया कि जारी किया गया नियुक्ति पत्र पूरी तरह से फर्जी है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी एक शातिर किस्म का जालसाज अपराधी है, जो कूटरचित तरीके से सफाई कर्मी का अवैध नियुक्ति-पत्र तैयार कर नगर निगम गोरखपुर में सफाई कर्मी की अवैध नौकरी दिलाने का वादा करता था।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अब तक कुल नौ लोगों को अवैध नियुक्ति पत्र दिया है।

# प्रलोभन देकर बना रहे थे ईसाई, तीन पर केस

## किराए के मकान में प्रार्थना के बहाने बुलाया जाता था, मालिक ने पकड़ा

**अमर उजाला ब्यूरो**

गीडा (गोरखपुर)। गीडा इलाके के सेक्टर-13 में रविवार को प्रलोभन देकर लोगों को ईसाई बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रविवार को धर्म सभा आयोजित कर तीन लोग धर्म परिवर्तन करा रहे थे। किराये के मकान में चल रहा यह मामला खुद मकान मालिक ने पकड़ा। मकान मालिक संतराज सिंह की तहरीर पर सोमवार को पुलिस ने रामअधीन शर्मा, राजेश और रामचंद्र के खिलाफ धर्म परिवर्तन कराने की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, खजनी थाना क्षेत्र के भलुआन निवासी संतराज सिंह ने तहरीर में लिखा है कि गीडा सेक्टर-13 में बने मकान को उन्होंने किराये पर दिया है। किराया लेने के लिए रविवार को पहुंचे तो पता चला कि कुछ दिन से गांव से खासकर अनुसूचित जाति के लोगों को बुलाकर रुपये, आराम की जिंदगी, मिशनरी स्कूलों में बच्चों के दाखिले, रोजगार जैसे प्रलोभन देकर मनोवैज्ञानिक रूप से धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग अपने को पादरी बताकर गांव के लोगों को हिंदू से ईसाई धर्म में परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे हैं। जो लोग उनके बहकावे में नहीं आ रहे, उनको ये लोग कैंसर, पेट दर्द, कान बहना, गले में दर्द जैसी बीमारी बताकर सेवाभाव का नाटक रच रहे हैं, ताकि प्रभाव में आकर धर्म परिवर्तन कर लें। पुलिस ने संतराज के इन आरोपों के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

### पहले भी सामने आए हैं कई मामले

**11 अप्रैल 2022 :** पिपराइच पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के जानेपुर निवासी केशव सिंह जनवाल पुत्र गोवर्धन सिंह और पठानकोट निवासी ओंकार को जेल भिजवाया था।

**12 सितंबर 2022:** पिपराइच पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में महुअंवा खुर्द गांव निवासी अवधेश चौधरी, गोविंदपुर निवासी अमिता बच्चन और भरपुरवा निवासी भरत को जेल भिजवाया था।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मामले का पर्दाफाश हो जाएगा। पुलिस टीमें लगी हैं।

**-मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

# बिजली के पोल व तार चोरी में केस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। सिकरीगंज इलाके में बिजली के खंभे व तार चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुख्य अभियंता के निर्देश पर जांच टीम गठित कर दी गई है। टीम में मीटर परीक्षण खंड एक्सईएन एवं विभाग के लेखाकार को रखा गया है। यह टीम पांच दिन में मामले की जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को हरपुर उपकेंद्र क्षेत्र में देर रात एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक ग्रामीण किसी से बात करते हुए दिखा रहा है, जिसमें ग्रामीण स्वीकार कर रहा है कि खेत से गुजर रहे पोल को हटाने के लिए अभियंता व कर्मचारी से बात हुई है। पोल हटाने के एवज में पांच हजार रुपये देना तय हुआ है। बिजली पोल और तार को जब शिफ्ट किया जा रहा था उसी समय गांव के लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और बिजली उपकेंद्र पर ले जाकर सौंप दिया। एमडी ने रविवार की देर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। इस संबंध में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी ने कहा कि मामला गंभीर है। रात में ही कानूनी कार्रवाई करा दी गई।

# 37 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने 35 ग्राम स्मैक के साथ सोमवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रामगढ़ताल के मंझरिया बिस्टौल निवासी जीवन भारती और कर्मवीर निषाद के रूप में हुई है। आरोपियों पर केस दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लगी, सामान राख

गोला। थाना क्षेत्र के गोपालपुर में जमालुद्दीन के मकान में सोमवार सुबह शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे घर में रखा दुकान का सामान जल गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के मुताबिक, जमालुद्दीन मकान में ही कास्टमेटिक की दुकान चलाते हैं। परिवार के सभी लोग पीछे के कमरों व दूसरे तल पर बने मकान में रहते हैं। रविवार को लगभग एक लाख रुपये के सामान की खरीदारी करके ऊपर के कमरों में ही रखा था। परिजनों ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे के आसपास मकान के दूसरी मंजिल पर शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे सामान जलकर राख हो गया। ब्यूरो

# चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

गोरखपुर। रामगढ़ताल और तिवारीपुर पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ताल में पकड़े गए आरोपी की पहचान रामगढ़ के फरसहिया निवासी सचिन निषाद के रूप में हुई है। आरोपी के पास से ई-रिक्शा का बैट्री व चार्जर बरामद हुआ। वहीं, तिवारीपुर में पकड़े गए आरोपी की पहचान सूर्यकुंड निवासी देव के रूप में हुई है। आरोपी के पास से पुलिस ने दो जोड़ी पायल बरामद किया है। पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार

भटहट। गुलरिहा पुलिस ने सोमवार की सुबह क्षेत्र के बरगदही केवटान टोला के पास से जालसाजी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान देवीपुर निवासी बाबूराम के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, भटहट के बड़हरियां टोला निवासी अजीमुल्लाह खोराबार क्षेत्र निवासी राकेश पाल के घर रहता था। आरोप है कि 21 अगस्त 2020 को अजीमुल्लाह को बंधक बनाकर खोराबार के जंगल केवटलिया निवासी कोदई यादव, बाबूराम, ओम प्रकाश यादव ने 18 लाख रुपये में उसकी जमीन की रजिस्ट्री करा ली। रजिस्ट्री के दौरान 10 व आठ लाख रुपये के दो चेक दर्शाए गए थे, जबकि दोनों चेकों का बैंक से कोई भुगतान नहीं हुआ था। अन्य आरोपी गिरफ्तार हो चुके थे। ब्यूरो

# कोचिंग से लौट रही छात्रा से शोहदे ने की छेड़खानी, थप्पड़ भी मारे

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के एक गांव की 9वीं की छात्रा से छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि 14 वर्षीय किशोरी गांव के पास में ही कोचिंग से लौट रही थी, इस दौरान गांव के ही युवक ने छेड़खानी की। विरोध करने पर उसने थप्पड़ भी मारे। बाद में आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता के पिता ने थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस मारपीट, छेड़खानी, धमकी और पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

पिता का आरोप है कि युवक पिछले दो महीने से किशोरी को परेशान कर रहा है। लेकिन, आरोपी गांव का ही था, इस वजह से केस दर्ज कराने की जगह उसे कई बार समझाया गया।

**गांव के युवक पर आरोप, दो महीने से कर रहा है परेशान**

**केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस**

जानकारी के मुताबिक, किशोरी शनिवार को कोचिंग गई थी। कोचिंग सेंटर बंद था तो साइकिल से घर लौट रही थी। हतउवा बाजार के पास उसके साइकिल की चेन उतर गई। किशोरी चेन को ठीक कर रही थी, तभी गांव का एक युवक पास पहुंचकर छेड़खानी करने लगा। किशोरी ने विरोध किया तो बाल पकड़कर तीन-चार थप्पड जड़ दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। यह देख आरोपी फरार हो गया।

किशोरी के माता-पिता हतउवा गांव के पास स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से पैसा निकालकर वापस लौट रहे थे। भीड़ देखकर पास गए तो देखा कि उनकी बेटी रो रही थी। किशोरी ने आपबीती परिजनों को बताई। किशोरी के पिता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# सभासद से मारपीट में 50 पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

पीपीगंज (गोरखपुर)। नगर पंचायत पीपीगंज में सभासद रामानंद से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने 12 नामजद व 50 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सफाई कर्मचारी अखिलेश यादव, कमलेश यादव को भी आरोपी बनाया है। इनके अलावा अखिलेश के भाई, शिवपाल रावत, रामपाल रावत, अमरपाल रावत, रवि, अनिरुद्ध सिंह, जितेंद्र साहनी, अमित कुमार रूपेश, सोनू को नामजद आरोपी बनाया गया है।

जानकारी के मुताबिक, 25 अगस्त को पीपीगंज नगर पंचायत में बोर्ड की बैठक थी। बैठक के बाद सभासद रामानंद मद्देशिया पर जानलेवा हमला कर दिया गया था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि घटना के एक दिन पहले उन्होंने सफाई कर्मचारी अखिलेश यादव को अफसर से बातचीत के दौरान कमरे में आने से मना किया था, जिसके विरोध में घटना हुई थी। उसी दिन पुलिस को तहरीर दी गई थी।

> पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मेडिकल रिपोर्ट व जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

पुलिस को दी गई तहरीर में रामानंद ने लिखा है कि बैठक के बाद अखिलेश के ललकारने पर उसके साथी कमलेश व अन्य ने हमला किया। लात जूतों व डंडों से मारा गया। शोर मचाने पर कमलेश और अखिलेश ने मुंह में असलहा लगा दिया। सभासदों के जुटने पर आरोपी असलहा लहराते हुए फरार हो गए।

हमलावरों की संख्या करीब 50 थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गिरोहबंद होकर मारपीट, बलवा व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं, सभासद राजू मद्धेशिया, घनश्याम मौर्य, शैलेंद्र यादव व अन्य का कहना है कि मामले में गंभीर धाराओं में केस दर्ज नहीं किया गया। मुख्यमंत्री से मिलकर मामले से अवगत कराएंगे।

# ओह माई गॉड! गोरखपुर में 25 आइडियाज से फ्रॉड

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Aug):** ओह माई गॉड, गोरखपुर में 25 आइडियाज से हो रहे फ्रॉड. जी हां गोरखपुर में कट्टे और चाकू के दम पर होने वाली छीनाझपटी में कुछ कमी आई है. प्रेजेंट टाइम में तो यहां बड़े प्यार से पब्लिक को भरोसे में लेकर उनकी जेब काटी जा रही है. फिजिकल हो या डिजिटल प्लेटफॉर्म. दोनों ही जगहों पर जालसाज दो दर्जन से अधिक आइडियाज से लगातार गोरखपुर में ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और पब्लिक मुंह ताकती रह जा रही है. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट जालसाजों के आइडियाज को इस रिपोर्ट में शेयर कर रहा है, ताकि पब्लिक जालसाजों की मॉड्स ऑपरेंडी को समझ सके.

**i SHOCKING**




### जालसाज बदलते रहते हैं आइडिया

जालसाज हमेशा ही पब्लिक और पुलिस से एक कदम आगे चलता है. समय और सिचुएशन को देखते हुए जालसाज अपना आइडिया भी बदलते रहते हैं. इसलिए पब्लिक को खुद अवेयर होना बेहद जरूरी है.

### एक माह में आए केस

| साइबर अपराध | केस |
|---|---|
| सेक्सटार्शन | 02 |
| स्टाकिंग, बदनाम करना | 02 |
| कस्टमर केयर, हेल्पलाइन | 02 |
| यूपीआई कैश फ्रॉड | 06 |
| व्यापारी बनकर ठगी | 2-3 |

### इस तरह बरतें सावधानी

- फिजिकल रूप में हमें सड़क पर अंजान लोगों की बात में कतई नहीं आना चाहिए.
- किसी भी वेबसाइट के यूआरएल को चेक करें कि ये [illegible] से शुरू हो रहा है या नहीं, जिसमें ह यह दर्शाता है कि ये वेबसाइट सिक्योर कनेक्शन में कनेक्टेड है.
- पासवर्ड बनाने से पहले ये ध्यान रखें कि वे यूनिक और कठिन हो, हर ऑनलाइन अकाउंट के लिए अलग पासवर्ड रखें.
- पासवर्ड में अपर केस, लोअर केस, नंबर और स्पेशल करेक्टर का कॉम्बीनेशन रखें. 45 दिन में अपना पासवर्ड जरूर बदलें.
- अपने प्राइमरी ई-मेल अड्रेस को कभी सोशल मीडिया साइट्स के लिए यूज न करें.
- अगर कोई अकाउंट का इस्तेमाल नहीं करते, अकाउंट्स को हमेशा लॉगआउट करते हैं तो उसे डिलिट कर दें.
- सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अपने वीडियो, फोटो को शेयर करते समय वॉटरमार्क का यूज करें.
- अज्ञात विज्ञापन वाले लिंक या आए ईमेल पर क्लिक करने से बचें.
- अपना प्राइवेट और बैंकिंग डिटेल्स किसी के साथ फोन या ईमेल और एसएमएस के जरिए शेयर ना करें.
- बैंक कस्टमर केयर नंबर कभी भी 10 अंकों का मोबाइल नंबर नहीं हो सकता है.
- अपने मोबाइल फोन से अश्लील फोटो, वीडियो क्लिक करने और शेयर करने से बचें. जो लीक होने पर शर्मिंदगी का कारण बन सकता है.

### ठगी की घटनाएं

- 24 अगस्त 2023: मोबाइल पर युवक की गर्लफ्रेंड बनकर ठग लिए पैसे.
- 21 अगस्त 2023: खजनी में असली बोलकर 12 लाख रुपए में बेच दिए नकली सोने के सिक्के
- 18 अगस्त 2023: कैंट एरिया में कॉल सेंटर कर ब्रिटिश नागरिकों से ठगी करने वाली गैंग का खुलासा.
- 10 अगस्त 2023. कैंट के बेतियाहाता में आंटी बोलकर उतरवा लिए गहने.
- 10 अगस्त 2023: राजघाट एरिया में कार पर मोबिल गिरने का झांसा देकर बिजनेस मैन से ठगी.

"नगरवासियों से मैं अपील करता हूं कि कुछ अपराधी गैंग बनाकर ठगी या टप्पेबाजी की घटना करते हैं, जिनको भी ठगा जाता है, उसे पहले विश्वास में लिया जाता है. मैं बताना चाहूंगा कि पुलिस हमेशा वर्दी पहनकर ही चेक करती है. अगर कोई खुद को सादे कपड़े में पुलिस बोले तो उसकी बात पर कतई ध्यान देने की जरूरत नहीं है. नजदीकी थाने या फिर 112 पर इसकी सूचना दे सकते हैं.

**डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी गोरखपुर



### इन आइडियाज से रहें सावधान

- सड़क पर आंटी नमस्ते बोलकर ठगी.
- गाड़ी की बोनट पर मोबिल फेंक कर इसकी जानकारी देकर ठगी.
- बैंक में रुपए गिनने के नाम पर गड़बड़ी.
- कम दाम पर असली सोना देने के नाम पर ठगी.
- पुलिस बनकर ठगी.
- सेल्समैन बन घर पर कॉपर और सोना चमकाने के नाम पर ठगी.
- सड़क किनारे फर्जी जॉब से रिलेटेड पंप्लेट लगा ठगी.
- पैसे दोगुना करने की लालच देकर ठगी.
- व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर खाली कर दे रहे अकाउंट.
- फेसबुक, व्हाट्सएप पर क्लोज दोस्त या रिश्तेदार की फोटो लगाकर ठगी.
- सोशल मीडिया पर जॉब के नाम पर ठगी.
- खाली प्लॉट दिखाकर आलीशान बनाने के नाम पर ठगी.
- ओएलएक्स या सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर गाड़ी या घर बेचने के नाम पर ठगी.
- बिजली का बिल जमा कराने के नाम पर ठगी.
- क्लोज रिश्तेदार बन कॉल करके ठगी.
- विदेश भेजने के नाम पर ठगी.
- ऑनलाइन प्लेटफार्म पर फेक वेबसाइट बना ठगी.
- सेक्सटार्शन से ठगी.
- ऑनलाइन लोन के नाम पर ठगी.
- गर्ल्स को एयर हॉस्टेज बनाने के नाम पर ठगी.
- रिमोर्ट कंट्रोल एप डाउनलोड करा ठगी.
- फर्जी शादी डॉट कॉम बनाकर ठगी.
- ऑनलाइन खरीदारी के नाम पर ठगी.
- सोशल मीडिया पर विज्ञापन का लिंक भेजकर ठगी.
- लाटरी या कार जीतने का दावा कर ठगी.

# दिनचर्या में शामिल है साइकिलिंग, इसीलिए रहते हैं फिट

BIKE-A-THON

### अधिकारियों ने दिया साइकिल चलाने का संदेश

gorakhpur@inext.co.in
**GORAKHPUR (28 Aug):** साइकिलिंग न सिर्फ बच्चे या फिर युवाओं के लिए जरूरी है, बल्कि यह सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी है. आज के समय में हर कोई अपनी सेहत को लेकर बेहद संजीदा है. यही वजह है कि गोरखपुर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी खुद को फिट रखने के लिए साइकिलिंग पर जोर देते हैं. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के बाइकॉथन को लेकर एक तरफ जहां लोग एक्साइटेड हैं. वहीं डीएम और एसएसपी ने भी साइकिलिंग को सेहत के लिए जरूरी बताया. दरअसल, आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अधिकतर लोगों की लाइफस्टाइल काफी बिगड़ चुकी है और इसकी वजह से बीमारियां भी बढ़ रही हैं. स्वस्थ रहने के लिए फिजिकल एक्टिविटी बेहद जरूरी है. इससे बीमारियों का खतरा कम होता है और फिटनेस बेहतर होती है. इन दिनों बेहद कम लोग साइकिल चलाते हुए नजर आते हैं. कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो साइकिलिंग को लेकर आज भी समय निकाल ही लेते हैं. यही वजह है कि उनके सेहत बेहतर हैं और बीमारियों से भी दूर रहते हैं.



### समय निकालकर करता हूं साइकिलिंगः डीएम

डीएम गोरखपुर कृष्णा करुणेश ने बताया, दैनिक जागरण आईनेक्स्ट के बाइकॉथान सीजन-15 में लोगों को निश्चित तौर पर शामिल होना चाहिए. इस तरह के आयोजन होने से लोगों में सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ेगी. मैं खुद भी समय निकालकर साइकिलिंग करना पसंद करता हूं. कोशिश रहती है कि प्रतिदिन साइकिलिंग करूं, लेकिन कई बार समय नहीं मिल पाता है. फिर भी समय निकालकर अपने ही कैंपस में साइकिलिंग कर लेता हूं. मुझे आज भी याद है. जब बचपन में हम छोटे थे, तब साइकिल से ही स्कूल जाते थे. घर में भी शाम के वक्त फिजिकल एक्सरसाइज के लिए साइकिलिंग ही करते थे. पर्यावरण को पॉल्यूशन फ्री रखने के लिए हमें कम से कम सप्ताह में दो दिन साइकिल से ही जरूरी काम निपटाने चाहिए, खुद की सेहत भी फिट रहेगी और एन्वॉयरमेंट भी पॉल्यूशन फ्री होगा.



### साइकिलिंग बेस्ट एक्सरसाइजः एसएसपी

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि भाग-दौड़ भरी जिंदगी में थोड़ा समय खुद के लिए भी निकालना चाहिए, रेगुलर एक्सरसाइज कर हर कोई खुद को फिट रख सकता है. मेरे हिसाब से साइकिलिंग सबसे अच्छा एक्सरसाइज है. साइकिल चलाने पर पेट से फैट गायब और तनाव भी दूर हो जाते हैं. मैं खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चलाता हूं. यह मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है. साइकिलिंग से मसल्स और हड्डियों को भी मजबूती मिलती है. साथ ही डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी कम हो जाता है. एक फिट इंसान ही किसी भी काम को अच्छे से अंजाम दे सकता है. इसलिए खुद को फिट रखने के लिए थोड़ा समय हर किसी को निकालना चाहिए.



### बहुत प्रिय है साइकिलिंग : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा, मुझे साइकिलिंग बहुत प्रिय है. कॉलेज के दिनों से ही साइकिलिंग करता रहा हूं. मैं तो अपने रूटीन मूवमेंट भी सुबह के समय साइकिल से करता हूं. गोरखपुराइट्स ने देखा होगा कि मैंने कई बार सुबह के समय इंस्पेक्शन भी साइकिल से करता हूं. साइकिलिंग से मेटाबॉलिक रेट बढ़ता है, मसल्स को मजबूती मिलती है और बॉडी फैट बर्न होता है. अगर आप वेट लॉस करने की कोशिश कर रहे हैं, तो साइकिलिंग करना बेहद फायदेमंद हो सकता है. इसके लिए आपको हेल्दी डाइट भी लेनी पड़ेगी. खास बात यह है कि आप अपने छोटे-मोटे काम भी साइकिल के जरिए कर सकते हैं.

## Did you now

अमेरिका के फ्रेड बिर्चमोर ने वर्ष 1935 में साइकिल से पूरी दुनिया का चक्कर लगाया था. इस यात्रा की 40,233 किलोमीटर की दूरी उन्होंने साइकिल चला कर पूरी की थी. इस बीच उन्होंने साइकिल के कुल 14 टायर बदले थे.

### कार्डियोवैस्कुलर फिटनेस होती है बेहतर

- मसल्स स्ट्रेंथ और फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है.
- स्ट्रेस लेवल कम करने में फायदेमंद.
- हड्डियों को मिलती है मजबूती.
- डिजीज से बचाव करने में मिलती है मदद.
- जॉइंट मोबिलिटी इंप्रूव करने में कारगर.
- पोस्टर और कोआर्डिनेशन में होता है सुधार.
- फैट लेवल घटाने में कारगर.
- एंजाइटी और डिप्रेशन होता है कम.

# 'मोबाइल तो चलाएंगे पर ओटीपी नहीं बताएंगे'

gorakhpur@inext.co.in
**GORAKHPUR (28 Aug):** मोबाइल चलाइए, लेकिन अपना ओटीपी यानी वन टाइम पासवर्ड किसी को भी मत बताइए. बच्चों आपकी एक गलती पेरेंट्स की गाढ़ी कमाई में सेंध लगा सकती है. कोई भी बैंक, पुलिस, सरकार या फिर एजेंसी आपसे ओटीपी नहीं मांग सकती है. अगर कोई मांगता है तो यह समझ लीजिए. वह आपका फ्रेंड नहीं बल्कि फ्रॉडस्टर है. जो आपको ऑनलाइन लूटना चाह रहा है. यह बातें दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की ओर से फेक फ्रेंड्स कैंपेन के तहत तारामंडल स्थित सर माउंट स्कूल में आर्गनाइज वर्कशॉप में साइबर एक्सपर्ट ने बताई. स्कूल में डिजिटल हाइजीन मेंटेन रखने के लिए आईपीएस अदित्य सिंह और साइबर थाने के सब इंस्पेक्टर उपेन्द्र कुमार सिंह ने कई इंपॉर्टेंट बातें बच्चों से शेयर की.




### इंटरनेट यूजर में सेकेंड पर इंडिया

साइबर एक्सपर्ट ने बताया, वर्ल्ड में सबसे अधिक इंटरनेट यूजर चीन में हैं. इसके बाद दूसरे नंबर पर भारत हैं, जहां की 90 करोड़ जनता मोबाइल और कंप्यूटर द्वारा इंटरनेट का यूज कर रही है. वहीं, वर्ल्ड में सबसे अधिक मोबाइल से इंटरनेट यूज करने वालों की संख्या के मामले में भारत देश नंबर वन है. यहां 1.4 अरब आबादी है. जिसमें से 70 पर्सेंट लोग मोबाइल से इंटरनेट यूज कर रहे हैं.

### खतरनाक है इंटरनेट का अधिक यूज

एक्सपर्ट ने बच्चों को बताया कि मोबाइल से खतरा कम हैं, जबकि इंटरनेट का यूज खतरों से भरा है. इंटरनेट के जरिए ही हैकर्स का हमला होता है. उन्होंने बताया कि हर बच्चा मोबाइल और इंटरनेट यूज कर रहा है. ऐसे में सोशल मीडिया पर हैकर्स जाल फैलाए बैठे हैं. बच्चों को खुद तो बचना ही है साथ ही अपने पैरेंट्स को भी इन खतरों के बारे में बताना है.

### घूमने जाएं तो शेयर ना करें फोटो

साइबर एक्सपर्ट ने बच्चों को बताया कि मोबाइल आपकी सारी खबर रखता है. सबसे पहले जब हम मोबाइल को लॉगिन करते हैं, तो उसमें अपनी सारी डिटेल अपडेट कर देते हैं. साथ ही हर बच्चा इस समय किसी ना किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्टिव है. वह अगर कहीं घूमने जाता है तो पहली फोटो घर से निकलते, दूसरी रास्ते में, तीसरी हिल स्टेशन पर पहुंचकर पूरे परिवार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करता है. यह आदत आपके घर में सेंध लगा सकती है. ऐसे कई मामले आए हैं जब हिल स्टेशन पर परिवार गया और इसकी जानकारी चोर, लुटेरों को लगी तब उन्होंने घर खंगाल दिया.





PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

सरमाउंट इंटरनेशनल स्कूल में वर्कशाप में स्टूडेंट्स ने ध्यान से बातें सुनी.

### इंटरनेट यूजर टॉप टेन कंट्री



- चीन
- इंडिया
- यूनाइटेड स्टेट
- इंडोनेशिया
- ब्राजील
- नाइजीरिया
- रूस
- जापान
- बांग्लादेश
- पाकिस्तान

### मोबाइल से इंटरनेट यूज करने वाले देश

| कंट्री | आबादी (परसेंट में) |
|---|---|
| इंडिया | 70 |
| इंडोनेशिया | 67 |
| मैक्सिको | 37 |
| स्पेन | 32 |
| ब्राजील | 29 |
| चाइना | 22 |
| यूनाइटेड स्टेट | 12 |
| कनाडा | 8 |
| यूके | 8 |
| फ्रांस | 6 |
| जर्मनी | 4 |

(नोट: साइबर पुलिस की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़े वर्ल्ड स्टेटिक्स आर्गनाइजेशन के हैं.)




फेक फ्रेंड्स कैंपेन के तहत सरमाउंट इंटरनेशनल स्कूल में हुई वर्कशॉप, साइबर एक्सपर्ट की वर्कशॉप में डिजिटल हाइजीन पर हुई चर्चा



साइबर क्राइम को लेकर बहुत ही अच्छा सेशन रहा. मेरे पास मोबाइल है, लेकिन उसका सही यूज मुझे नहीं पता था. इस वर्कशॉप के जरिए मुझे अच्छी जानकारी मिली.
**सर्वेश त्रिपाठी,** स्टूडेंट



मेरे मन में कई दिन से साइबर क्राइम को लेकर सवाल थे. किसी से पूछने पर सटीक आंसर नहीं मिल पा रहा था. आज एक्सपर्ट से मुझे अपने सवालों का जवाब भी सटीक मिल गया.
**शिवांश,** स्टूडेंट



गर्ल्स को मोबाइल यूज करते समय सावधानी बरतनी चाहिए. एक्सपर्ट ने जो बातें बताई, मैं इसे अपने घर पर भी शेयर करूंगी. मुझे इस सेशन से यह पता चला है कि गर्ल्स हैकर की टारगेट बनती हैं.
**उन्नति सिंह,** स्टूडेंट



सोशल मीडिया पर ढेर सारे लुभावने ऑफर आते रहते हैं. मुझे लगता था कि यह सबकुछ सही है. अच्छा हुआ आज न किया पर मैंने टच नहीं किया. इसके अंजाम के बारे में एक्सपर्ट ने बताया.
**नित्या सिंह,** स्टूडेंट



दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ने बहुत ही अच्छी वर्कशॉप कराई. आज जब हर बच्चा मोबाइल और इंटरनेट का यूज कर रहा है, तब उसे रोकना मुश्किल होगा, लेकिन खतरों के बारे में बताकर उसे अवेयर करना ही सबसे अच्छा तरीका है.
**धर्मवीर यादव,** प्रिंसिपल, सरमाउंट इंटरनेशनल स्कूल



अब तो एनईपी 2020 के अनुसार भी साइबर की पढ़ाई स्कूलों में अनिवार्य हो गई है. स्कूल में ऐसे सेशन होते रहते हैं. डिजिटल दुनिया में नई-नई चीजें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आ रही हैं. इसमें सही गलत की जानकारी होना आवश्यक है.
**उदय राय,** एआई लैब एक्सपर्ट, सरमाउंट इंटरनेशनल स्कूल



बच्चों की संख्या तेजी से फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम समेत अन्य प्लेटफॉर्म पर बढ़ रही है. बच्चे हैकर के टूल ना बनें, इसके लिए उन्हें अवेयर करना बहुत जरूरी है. साइबर अवेयरनेस के लिए सबसे अच्छा माध्यम भी बच्चे ही हो सकते हैं.
**उपेन्द्र कुमार सिंह,** एसआई साइबर अपराध थाना



बच्चे ये जान लें कि सोशल मीडिया पर अगर वो गलती कर रहे हैं तो वह छुप नहीं सकते हैं. कुछ ही दिन में उनका नाम उजागर हो जाता है. कभी-कभी कार्य कम जानकारी होने से भी हैकर की बातों में आकर अपराध कर बैठते हैं. बच्चों को अवेयर होना होगा.
**आदित्य सिंह,** आईपीएस



आईपीएस अदित्य सिंह ने बच्चों के बीच जाकर दी जानकारी.

# पुलिसकर्मियों ने ली टीबी उन्मूलन की शपथ



**GORAKHPUR (28 Aug):** पुलिस लाइंस स्थित व्हाइट हाउस सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. गणेश यादव की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिसकर्मियों को टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया उन्मूलन संबंधी एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर का संदेश सभी पुलिसकर्मियों को सुनाया गया. उनके संदेश से प्रेरित होकर 60 से अधिक पुलिस कर्मियों ने मौके पर ही फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया. इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश चौबे, प्रतिसार निरीक्षक हरिशंकर सिंह, राजेंद्र सिंह, डॉ. विराट स्वरूप श्रीवास्तव, डॉ. दीपक चतुर्वेदी, अभय नारायण मिश्र, मिर्जा आफताब बेग, मयंक, गोबिंद, रामप्रकाश, राजकुमार आदि मौजूद रहे.

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# बरहज के खोरी गांव में दबिश देने गए सिपाहियों पर हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

## दो थानों की फोर्स पहुंची मौके पर, पांच हिरासत में

बरहज। थाना क्षेत्र के खोरी गांव में सोमवार को एक मामले में दबिश देने गए दो सिपाहियों पर आरोपी के परिजनों और गांव वालों ने हमला कर दिया। घटना की जानकारी होने पर दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। हमले के पांच आरोपियों को पुलिस ने उठा लिया है।

पड़री मिश्र निवासी एक व्यक्ति के पुत्र की शादी बरहज थाना क्षेत्र के खोरी गांव निवासी रामविचार विश्वकर्मा के घर हुई है। बीते कुछ वर्षों से पति-पत्नी में मनमुटाव हो जाने से रामविचार की पुत्री मुंबई में अलग रह रही है। मामले में परिवाद भी दाखिल है। सोमवार को पड़री मिश्र निवासी व्यक्ति ने सुरौली थाने में तहरीर देकर रामविचार पर बाइक उठा लाने का आरोप लगाया। इसी मामले की जांच करने सुरौली थाने के दो सिपाही बाइक से दबिश देने गए थे। आरोपी को पकड़ने के लिए

खोरी गांव में सुरौली थाने की पुलिस द्वारा दबिश दिए जाने की बात सामने आई है। जिसमें हाथापाई होना बताया जा रहा है। मामले की जांच कराई जा रही है। - **अंशुमन श्रीवास्तव**, सीओ, बरहज

दोनों सिपाही घर में घुसने का प्रयास करने लगे तो रामविचार और उनके घर के अन्य लोगों ने कॉलर पकड़कर सिपाहियों की पिटाई कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों के लामबंद होने के कारण विवाद बढ़ गया। इसी बीच सिपाही ने बरहज और सुरौली पुलिस को सूचना दी। इस पर दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस रामविचार, उसके पुत्र जीतू विश्वकर्मा और अन्य सदस्यों को साथ थाने लेकर चली आई।

# मुआवजे के लिए किसानों का प्रदर्शन

सलेमपुर। रामजानकी मार्ग 227 ए के निर्माण से प्रभावित किसानों ने चार गुना मुआवजे की मांग करते हुए सोमवार को कुंडौली गांव में प्रदर्शन किया। सरकार को चेताया कि किसानों को चार गुना मुआवजा न मिला तो वे अपनी जान दे देंगे पर जमीन नहीं। किसानों ने क्रमिक अनशन करने की चेतावनी दी।

किसानों ने कहा कि अधिकारियों के मनमाने रवैये के किसानों की जमीन का नियम के विरुद्ध औने-पौने दामों में अधिग्रहण किया जा रहा है। तीन माह पहले जिला अधिकारी के वहां आवेदन दाखिल होने के बाद भी आज तक मामले को लंबित रखा गया है। जिससे किसानों में प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। प्रदर्शन का नेतृत्व एसडी पीजी कॉलेज मठ लार के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान बेचन सिंह, निक्कू सिंह, विजय सिंह, कन्हैया सिंह, शत्रुघ्न सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद



मुआवजा के लिए कुंडौली में प्रदर्शन करते किसान। संवाद

## मुआवजे को लेकर जिले में उलझा पेच

देवरिया। देवरिया-गोरखपुर मार्ग पर सिरजम के पास से निकलने वाले 22 किलोमीटर बाईपास के मुआवजे का पेच अभी सुलझा नहीं है कि रामजानकी मार्ग के मुआवजे में भी पेच उलझ गया है। दोनों जगहों पर किसान बाजार रेट से चार गुना मुआवजे की मांग कर रहे हैं, जबकि प्रशासन सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा देने की बात कह रहा है। मुआवजा संघर्ष समिति के संरक्षक अजीत त्रिपाठी ने बताया कि किसान औने-पौने दाम पर अपनी जमीन नहीं देंगे। बाईपास मार्ग में किसानों की कीमती जमीन निकल रही है, लेकिन अफसर सुधि नहीं ले रहे हैं। इससे किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। प्रशासन को गंभीरता से लेकर किसानों की मांग को मान लेनी चाहिए। संवाद

# नौ लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा

जागरण रुद्रपुर: क्षेत्र के तारासारा में चहारदीवारी तोड़ने से मना करने पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है।

गांव के खुशीलाल गोंड का आरोप है कि आरोपितों ने घर की चहारदीवारी गिरा दिया।

मना करने गए तो आरोपितों ने उनकी पिटाई की। पुलिस ने गांव के जितेंद्र, रामू, श्यामू, पन्नेलाल, शिवकुमार, किशुन, संगम, वीर बहादुर, सूरज के विरुद्ध बलवा, मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक एजेंसी संचालक से 75 हजार रुपये की लूट, तोड़फोड़ का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी



एजेंसी संचालक

देवरिया। भटनी नगर के बाईपास रोड स्थित एक बाइक एजेंसी के संचालक के साथ सोमवार शाम बीस की संख्या में पहुंचे युवकों ने मारपीट की। आरोप है कि उनकी जेब में रखे करीब 75 हजार रुपये लूटने के बाद लेजर बुक और एजेंसी में तोड़फोड़ की। शिकायत पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस रुपये के लेन-देन का विवाद बता रही है।

भटनी के चकउर फकीर गांव निवासी इंदल कुमार गुप्त नगर स्थित बाईपास रोड पर बजाज मोटर की एजेंसी चलाते है। जानकारी के अनुसार सलेमपुर के ठाकुर कोड़रा गांव निवासी एक युवक ने कुछ दिन पूर्व लोन पर बाइक ली थी। सोमवार को लोन की किस्त के हिसाब को लेकर युवक का एजेंसी संचालक से विवाद हो गया। आरोप है कि इससे नाराज युवक सोमवार शाम अपने 20 साथियों के साथ एजेंसी पहुंचा और संचालक को पीटने लगा। बीच-बचाव करने गए कर्मचारियों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने संचालक के पॉकिट में रखे करीब 75 हजार रुपये लूट लिए।

वहीं, एजेंसी का लेजर बुक फाड़ने के साथ ही जमकर तोड़फोड़ भी की। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर फरार हो गए। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि बाइक के बकाये रुपये के लेनदेन में मारपीट की घटना हुई है।

# घर के सामने खुले में मीट काटने का आरोप, कार्रवाई की मांग

सलेमपुर। घर के सामने जबरदस्ती सीढ़ी के पास मुर्गा काटने का आरोप लगा शिक्षक ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मेहरौना गांव निवासी इरफान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि पड़ोस का एक व्यक्ति उनके घर के सामने टेबल लगाकर सीढ़ी के पास खुले में मुर्गा काटता है। उससे निकलने वाला अपशिष्ट पदार्थ वहीं पर फेंक दिया जा रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है। ऐसे में संक्रामक बीमारियां होने की आशंका बनी रहती है। मना करने पर धमकी देता है। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि खुले में मांस काटना गलत है। मामले की शिकायत मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# राजस्व वादों के निस्तारण को गांवों में लगेंगे लोक अदालत

जासं, देवरिया : राजस्व न्यायालय में बढ़ रहे मुकदमें को निस्तारण के लिए गांवों में अब लोक अदालत लगाने की तैयारी है। न्यायालय का कार्य स्थगित होने के दिन ही अधिकारी लोक अदालत लगाएंगे और वादी-प्रतिवादी की बातों को सुनने के बाद अधिकारी इस पर सुनवाई करेंगे।

डीएम से लेकर नायब तहसीलदार की अदालतों में राजस्व वादों की सुनवाई होती है। छोटे-छोटे मामलों में भी दो से पांच वर्ष तक मुकदमे विचाराधीन रहते हैं। आए दिन न्यायालयों के कार्य स्थगित होने के चलते सर्वाधिक दिक्कत होती है। डीएम ने राजस्व न्यायालयों में बढ़ रहे मुकदमों का बोझ कम करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लोक अदालत लगाने का निर्देश दिया है।

**ऐसे होगी सुनवाई** : पहले से ही तहसील के अधिकारी छोटे-छोटे वादों को चिन्हित किए रहेंगे। जिस दिन न्यायालय का कार्य स्थगित रहेगा, उस दिन अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायत में पहुंचेंगे और लोक अदालत लगाएंगे। राजस्व अधिकारी के साथ ही पुलिस के भी अधिकारी मौके पर रहेंगे। दोनों पक्षों में समन्वय स्थापित होने के बाद अधिकारी मौके पर ही इसका फैसला सुना देंगे।

- न्यायालय का कार्य स्थगित होने के दिन लगाएंगे लोक अदालत
- मौके पर ही वादी व प्रतिवादी की बातों को सुनेंगे अधिकारी

"सभी अधिकारियों को नियमित रूप से कोर्ट में बैठने के निर्देश दिए गए हैं, अगर किसी वजह से कोर्ट का कार्य स्थगित होता है, उस दिन अधिकारी लोक अदालत गांवों में आयोजित करेंगे और वादी तथा प्रतिवादी की उपस्थिति में मौके का मुआयना करेंगे। साथ ही प्रकरण में अपनी सुनवाई करेंगे।

**अखंड प्रताप सिंह**, डीएम

# मुसीबत का डटकर करें मुकाबला पुलिस से बेझिझक बताएं समस्या

## सेंट पॉल पब्लिक स्कूल में पुलिस की पाठशाला में विद्यार्थियों से रुबरू हुए सीओ श्रीयश त्रिपाठी



सलेमपुर के सेंट पॉल पब्लिक स्कूल में अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से आयोजित पुलिस की पाठशाला को संबोधित करते सीओ श्रीयश त्रिपाठी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी




सलेमपुर। अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से नगर के सेंट पॉल पब्लिक स्कूल में सोमवार को पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया। इसमें 250 छात्राएं मौजूद रहीं। पाठशाला के मुख्य अतिथि सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के साथ ही पुलिस सुरक्षा की जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी शेयर न करें। वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं। हर परिस्थिति का डटकर मुकाबला करें, शर्माएं नहीं, पुलिस से खुल कर अपनी समस्या बताएं।

उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्प लाइन नंबर 1090 के संबंध में जानकारी दी और बताया कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें परेशान करता है तो वे इस नंबर पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उनका नाम व पता पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा।

सीओ ने बालिकाओं को बताया कि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या है तो वे 112 डायल की मदद भी ले सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को सोशल मीडिया से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल और फेसबुक से गोपनीयता भंग हो रही है। अपनी व्यक्तिगत बातों को फेसबुक और व्हाट्सएप पर शेयर न करें।

इससे बड़ा नुकसान हो सकता है। पाठशाला के शुभारंभ अवसर पर प्रबंधक विनोद कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य बीएम तिवारी, भूपेंद्र मिश्रा मौजूद रहे। छात्राओं ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस दौरान रजनी, विनोद पांडेय, राकेश यादव, तारकेश्वर यादव आदि मौजूद रहे।



*महिला हेल्पलाइन हमारी सुरक्षा के लिए सार्थक साबित हो रहा है। समझ आ गया कि 1090 पर कॉल करके हम अपनी परेशानी को आसानी से दूर कर सकते हैं।*

\- दिशा दूबे



*पुलिस हमारे लिए बहुत कुछ कर रही है, हमें भी बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत पुलिस से करनी चाहिए। जब शिकायत करेंगे तभी तो हमें पुलिस से मदद मिलेगी।*

\- मरियम



*पुलिस के प्रति हमें अपना सोच बदलने की जरूरत है। पुलिस हरसंभव हमारी मदद के लिए तैयार है। महिला पुलिस से छात्राएं आसानी से अपनी समस्या बता सकती हैं।*

\- केसर त्रिपाठी



*समय रहते हम पुलिस को सूचना दें तो पुलिस हमारी मदद के लिए मौके पर पहुंचती है। हम जागरूक हों और परेशानी होने पर पुलिस को जानकारी दें तो, निश्चित ही समस्या का निदान होगा।*

\- समीक्षा तिवारी

# लार थाने में मजिस्ट्रेट ने नष्ट कराई शराब

देवरिया। सोमवार को दोपहर लार थाने में बरामद शराब नष्ट की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सलेमपुर के पर्यवेक्षण में न्यायालय सिविल जज प्रथम सीजेएम के आदेश के क्रम में शराब नष्ट की गई। उपजिलाधिकारी सलेमपुर की ओर से गठित कमेटी में नायब तहसीलदार सलेमपुर डॉ. भागीरथी सिंह, रामराज सिंह, रामाज्ञा यादव, हेड कांस्टेबिल यशवंत व प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी की मौजूदगी में वर्ष 2017 से 2022 तक के 613 मुकदमों में बरामद 11954 लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने व रखे जाने वाले उपकरणों का विनष्टीकरण कर निस्तारण किया गया। रविवार को नगर पंचायत लार की जेसीबी मंगवा कर थाने के पास जमीन में लगभग आठ फीट गहरा, 20 फीट लंबा और दस फीट चौड़ा गड्ढा तैयार किया गया था। मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में शराब गड्ढे में डाल कर ऊपर से जेसीबी चलवा दी गई। संवाद

# चार पर मारपीट और एससी-एसटी का केस

रुद्रपुर। मोबाइल के विवाद में एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट और दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। भगवानपुर गांव की सोनमती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के राहुल निषाद, वरुण निषाद, सत्यदेव और संतोष ने मोबाइल के विवाद में उसे और उसके बेटे को गोलबंद होकर मारापीटा, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। संवाद

# फरार पशु तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

मईल। पुलिस ने फरार चल रहे पशु तस्कर को उसके घर नरसिहडाढ़ गांव से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। लगभग 25 दिन पहले एक पिकअप पर छह मवेशियों को तस्कर बिहार लेकर जा रहे थे। वह राम जानकी मार्ग पर पिपरा बांध पुल के पास से पकड़ा था। इस मामले में तीन के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। इसमें दो आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। फरार चल रहे आरोपी पशु तस्कर नरसिहडाढ़ निवासी दीनदयाल उर्फ शेरू को पुलिस ने रविवार की रात उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया कि फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। संवाद

# महिला की पिटाई कर कान की बाली लूटी चार पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, देवरिया: क्षेत्र के इजरही गांव में भूमि विवाद में कुछ लोगों ने एक महिला व उसके बेटे की पिटाई कर दी। साथ ही कान की बाली लूट ली। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों पर लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

गांव के अमित तिवारी का पड़ोसी बिर्जेंद्र तिवारी से भूमि विवाद चल रहा है। रविवार की रात साढ़े नौ बजे पड़ोसी उनके घर में घुस गए और उनकी बुजुर्ग मां की पिटाई करने लगे। यह देख अमित बचाने गए तो आरोपितों ने उनकी भी पिटाई की। साथ ही उनकी मां के कान से सोने की बाल लूट ली और फरार हो गए।

इस मामले में पुलिस ने गांव के बिर्जेंद्र तिवारी, पत्नी रुबी, रवि प्रकाश उर्फ जयप्रकाश, बीरू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मास्टर माइंड की याचिका उच्च न्यायालय ने की खारिज



जासं, बरहजः हनी ट्रैप मामले में पुलिस की कार्रवाई अब तेज होने लगी है। मास्टर माइंड सुभाष चौहान को उच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली है। गिरफ्तारी पर रोक के लिए दाखिल याचिका उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। साथ ही 10 दिनों के अंदर संबंधित न्यायालय में सरेंडर करने का आदेश दिया है। उधर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

बरहज से संचालित हो रहे हनी ट्रैप के मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गिरोह में शामिल महिला सुनीता यादव, बैजनाथ उर्फ बड़कू यादव व रवि चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जबकि इस गिरोह का मास्टर माइंड सुभाष चौहान पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही मास्टर माइंड अपना मोबाइल बंद कर फरार है। कई बार इसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा चुकी है, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है। सुभाष चौहान की पत्नी और जेल में बंद उसके बेटे रवि चौहान की पत्नी से पुलिस ने पूछताछ की।

दोनों को बुलाकर पूछताछ करने का मकसद हनी ट्रैप के मास्टरमाइंड पर गिरफ्तारी के लिए दबाव बनाना है। नगर के एक बक्सा कारोबारी से भी पुलिस पूछताछ की है। पुलिस इस प्रकरण में अभी कुछ लोगों को संदिग्ध मान रही है। इसमें दो पुलिस कर्मियों की भी भूमिका भी शामिल हैं। सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्य आरोपित सुभाष चौहान की पत्नी व बहू से भी पूछताछ की गई है।

## छात्रा के साथ छेड़खानी मामले में मुकदमा

पथरदेवा : क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा के साथ छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध सोमवार की रात मुकदमा दर्ज कर लिया। स्वजन का कहना है कि जब भी छात्रा पढ़ने को जाती थी, तो आरोपित उसके साथ अश्लील हरकत करता था। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

## समय से पहले तिरंगा फहराने पर प्रधानाध्यापक निलंबित

रुद्रपुर : क्षेत्र के विशुनपुर बगही में प्राथमिक विद्यालय पर समय से पहले तिरंगा फहराने के मामले में प्रधानाध्यापक को बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने निलंबित कर दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी गौरीबाजार प्रभात चंद्र राय को जांच सौंपी गई है। ग्राम प्रधान देवंती देवी ने डीएम अखंड प्रताप सिंह से शिकायत की थीं कि तिरंगा समय से पहले फहरा दिया गया। साथ ही तिरंगा फहराने वाले प्रधानाध्यापक जूता पहने थे। शिकायत की खंड शिक्षा अधिकारी से जांच कराई गई। जांच में समय से पहले तिरंगा फहराने की पुष्टि होने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक विंध्यवासिनी सिंह को निलंबित कर दिया गया है। बीएसए ने बताया कि प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। (जासं)

## ट्रेन से कटकर युवक की मृत्यु

सलेमपुर : भटनी-वाराणसी रेल खंड पर भीमपुर गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मृत्यु हो गई। युवक एक दिन पहले ससुराल आया था। भटनी के भरहेचौरा गांव का रहने वाला बृजकिशोर प्रसाद एक दिन पहले बरसीपार छावनी टोला अपने ससुराल आया था। पत्नी इन दिनों मायके में है। सोमवार की दोपहर वह ससुराल से घर जाने के लिए निकला। भीमपुर गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेय ने बताया कि जांच की जा रही है। (जासं)

## मोबाइल को लेकर मारपीट चार लोगों पर मुकदमा

रुद्रपुर : क्षेत्र के भगवानपुर में मोबाइल लेने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस मामले में पुलिस ने चार के विरुद्ध मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के भगवानपुर की रहने वाली सोनमती देवी पत्नी रामदरश प्रसाद ने आरोप लगाया है कि मेरे घर के स्वजन से मोबाइल लेने को लेकर एक युवक से विवाद हो गया।

# पंचायत में विवाद के बाद राड से पांच लोगों पर हमला

जासं, देवरिया: शहर के न्यू कालोनी मोहल्ले में विवाहिता को लेकर आयोजित पंचायत में रविवार की रात कुछ लोगों ने लड़की पक्ष से संबंधित लोगों पर राड से हमला कर घायल कर दिया। घायलों का उपचार महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में कराया गया। इस मामले में पुलिस ने छह नामजद समेत सात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

शहर के न्यू कालोनी के रहने वाले अमित कुमार राव के बुआ की लड़की पूजा सिंह की शादी एक वर्ष पहले रामनाथ देवरिया में नवीन राव से हुई थी। आरोप है कि इधर ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पांच लाख रुपये मांग करते हुए प्रताड़ित कर रहे थे। 27 अगस्त की रात अरुण राव की मकान पर इसको लेकर पंचायत रखी गई थी। पंचायत के दौरान ही विवाद हो गया। आरोप है कि पंचायत में ही लड़के पक्ष के लोगों ने अरुण राव, उनके चाचा संजय राव, भाई करुण कुमार, पिता धनंजय राव, मामा के लड़के सौरभ को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने नवीन, उसके पिता लव राव, मां कमलेश देवी, भाई अजात, सुरेंद्र सिंह, गिरिजेश राव व एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध हत्या के प्रयास, दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**मारपीट के मामले में ग्राम प्रधान समेत पांच गिरफ्तार:** रामपुर कारखाना: क्षेत्र के विशुनपुर चिरकिहवा में हुई मारपीट व लूट के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत पांच लोगों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ कर पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश किया।

गांव के रहने वाले देव नारायण मिश्र व ग्राम प्रधान अरुण राय के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों से बलवा, मारपीट एवं लूट का मुकदमा पंजीकृत किया। रविवार की रात पुलिस ने एक पक्ष से बृजेश मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, दूसरे पक्ष से ग्राम प्रधान अरुण राय, तौकीर व खालिद को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि ग्राम प्रधान समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फरार अन्य आरोपितों की भी जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

**धारदार हथियार से हमला करने का आरोप:** खुखुंदू: क्षेत्र के परसिया चंदौर के रहने वाले हरिवंश कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। वह मदन मोहन मालवीय पीजी कालेज भाटपाररानी में बीएड का छात्र है।

## चोरी की दो बाइक के साथ दो शातिर गिरफ्तार

देवरिया: शहर के सीसी रोड में वाहन चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

उप निरीक्षक गोपाल प्रसाद पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग सीसी रोड में कर रहे थे। इस बीच दो युवक रामनाथ देवरिया की तरफ से बाइक पर आते हुए नजर आए। पुलिस टीम को देखते ही वह भागने लगे। पुलिस टीम ने उन्हें रोक लिया और कागजात मांगा। दोनों कागजात नहीं दिखा सके। पकड़े गए चोरों ने अपना नाम ताज हुसैन निवासी मुंडेरा मल्ल थाना बरियारपुर व अरुण खरवार निवासी घटैला गाजी सदर कोतवाली बताया। दोनों ने बताया कि एक बाइक मेडिकल कालेज परिसर से व एक बाइक एक मैरेज हाल से चुराए थे। दोनों बाइक आज वह बेचने के लिए ले जा रहे थे।

**पुलिस ने स्कार्पियो किया बरामद:** खुखुंदू: क्षेत्र के भरथुआ चौराहे के समीप रविवार की रात सड़क के किनारे एक स्कार्पियो लावारिस स्थिति में खड़ी मिली। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और स्कार्पियो की तलाशी भी कराई। लेकिन उसमें से कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला। उसका टायर फट गया था। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि भरथुआ से लावारिस स्थिति में स्कार्पियो बरामद की गई है। वाहन को सीज कर दिया गया है। लग रहा है कि वाहन कहीं वारदात किया है।

# दबिश देने गईं पुलिस कर्मियों पर हमला

जासं, बरहज: क्षेत्र के ग्राम खोरी में सोमवार को दबिश देने गईं सुरौली थाने की पुलिस के ऊपर कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। सूचना पर पहुंची बरहज पुलिस ने हमला करने वाले लोगों को हिरासत में ले लिया। देर रात इस मामले में मुकदमे की कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

बरहज के खोरी के रहने वाले राम विचार विश्वकर्मा के बेटे जीतू विश्वकर्मा की शादी सुरौली थाना के ग्राम पड़री मिश्र में हुई है। जीतू विश्वकर्मा और उनकी पत्नी में मतभेद है।

# गलत सूचना देने का आरोप, कार्रवाई की मांग

जासं, लार: क्षेत्र के पिंडी निवासी अरविंद सिंह ने सोमवार को प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी है। जिसमें यहां तैनात रहे चार पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

अरविंद सिंह का कहना है कि 10 सितंबर 2018 में जनसूचना तत्कालीन उप निरीक्षक लार के बारे में मांगी गई थी। जनसूचना में गलत जानकारी दी गई है। उसमें फर्जी व कूटरचित सूचना दी गई है। इस लिए उस समय तैनात रहे तत्कालीन सीओ समेत चार कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि मामला पुराना है। उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। तहरीर देने वाले का बेटे पर शराब तस्करी, लूट समेत अन्य धाराओं में पहले केस दर्ज है।

**सड़क के किनारे मिला अज्ञात शव :** मईल: क्षेत्र के जमुआ गांव के समीप एक युवक का शव सड़क के किनारे से बरामद किया गया। देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

**किशोरी बरामद, जांच में जुटी पुलिस:** देवरिया: सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पहले अपहृत किशोरी को पुलिस ने सोमवार को बरामद कर लिया।

# नपाध्यक्ष समेत 12 नामजद व पांच अज्ञात पर मुकदमा

- पाइप लाइन फीटर के पद पर तैनात कर्मचारी ने दर्ज कराया मुकदमा
- कर्मचारी ने दरवाजे पर चढ़कर मारपीट करने का लगाया है आरोप

**जासं, बरहज, देवरिया:** नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की अध्यक्ष, पति समेत 12 नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने बलवा, मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने नगर पालिका के कर्मचारी की तहरीर पर की गई है। उधर दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी पुलिस ने कर्मचारी समेत दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

नगर के नंदना वार्ड के रहने वाले विंध्याचल जायसवाल नपा में पाइप लाइन फीटर के पद पर तैनात हैं। उनका कहना है कि उनके मोबाइल पर 25 अगस्त की रात पौने नौ बजे फोन आया और फोन पर उन्हें धमकी देने के साथ ही गाली भी दी गई।

इस बीच बाइक पर सवार होकर कुछ लोग आए गए और दरवाजे पर चढ़कर गाली देने लगे। साथ ही जान से मारने की धमकी देने के साथ ही मारपीट की और ईंट पत्थर भी चलाया। पड़ोसी के सीसी कैमरे में पूरी गतिविधि कैद हो गई है। इस मामले में पुलिस ने नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल, पति श्यामसुंदर जायसवाल, विशाल जायसवाल, सुनील जायसवाल, राहुल जायसवाल, संजय जायसवाल, शब्बीर अहमद, आकाश जायसवाल, सिद्धार्थ तिवारी, विमलेश मिश्र, गोविंद जायसवाल, रौनक जायसवाल व पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जबकि दूसरे पक्ष से नंदना वार्ड के रहने वाले विशाल जायसवाल की तहरीर पर विंध्याचल जायसवाल, हिमांशु जायसवाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल ने कहा कि आरोप निराधार है।

# मारपीट कर रहे तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**देवरिया :** शहर के सिविल लाइन रोड पर सोमवार की रात साढ़े नौ बजे आपस में युवाओं के दो गुटों में मारपीट हो गई। मारपीट के चलते मौके पर अफरा तफरी मच गई। इस बीच पहुंची कोतवाली पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। जबकि अन्य फरार हो गए।

# बरहज पालिकाध्यक्ष, पति संग 17 पर बलवा का केस

- पालिका कर्मचारी की तहरीर पर हुई कार्रवाई
- मकान पर पथराव और धमकी देने के आरोप

बरहज (देवरिया), हिसं। नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की चेयरपर्सन श्वेता जायसवाल व उनके पति श्याम सुंदर जायसवाल समेत 12 नामजद और पांच अज्ञात पर पुलिस ने बलवा और मारपीट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई नगर पालिका के पाइप लाइन फिटर की तहरीर पर की है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी केस किया है।

बरहज के नंदना वार्ड पश्चिमी निवासी विंध्याचल जायसवाल नगर पालिका में पाइप लाइन फिटर है। 24 अगस्त को नगर पालिका कार्यालय में विंध्याचल जायसवाल व अध्यक्ष में गर्मागर्म बहस हुई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में उसने आरोप लगाया है कि 25 अगस्त की रात 8:30 बजे उसके मोबाइल नंबर पर फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें गालियां और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है

> सभी आरोप निराधार हैं। वादी को नगर पालिका द्वारा सस्पेंड किया गया है। बहाली को दबाव बनाने की नियत से उसने केस कराया है।
>
> **श्वेता जायसवाल**, चेयरपर्सन, नगरपालिका बरहज

कि इसके बाद रात करीब पौने नौ बजे पालिका अध्यक्ष के पति श्यामसुंदर जायसवाल के नेतृत्व में गोल बंद होकर करीब डेढ़ दर्जन लोग उसके घर पर आए और ईट-पत्थर चलाने लगे। सारी घटना बगल में लगे सीसीटीवी में कैद है।

➤ कर्मचारी पर भी केस P03

40 महिलाओं-पुरुषों से महिला जालसाज ने सात करोड़ ठगे

# सस्ते प्लॉट के फेर में फंसीं संपन्न घरों की महिलाएं

**फॉलोअप**

देवरिया, निज संवाददाता। बड़े शहरों में सस्ते में प्लाट मिलने के चक्कर में ज्योति मौर्य के जाल में संपन्न घरों की महिलायें फंसती गयी। किटी पार्टी के जरिये जालसाज ज्योति नौकरी व व्यापार करने वाले बड़े घरों की महिलाओं के संपर्क में आई। इसके बाद वह छह महीने में दोगुना रुपये का प्लाट देने का लालच देकर रुपये जमा कराने लगी। सवा साल के अंदर ही उसने चालीस महिलाओं, पुरुषों से करीब सात करोड़ की ठगी कर ली है।

शहर के कुछ संपन्न परिवारों की महिलाएं ग्रुप बनाकर किटी पार्टी करती हैं। इनका 10 से 15 महिलाओं का ग्रुप होता है और वह महीने या पखवाड़े भर में एक बार किसी होटल, रेस्टोरेंट में किटी पार्टी करती हैं। इसके लिए प्रत्येक महिला को कुछ हजार रुपये जमा करना होता है। इसमें अधिकांश अच्छी नौकरी करने तथा कारोबार करने वाले परिवार की संपन्न महिलायें शामिल होती थी। इसकी जानकारी होने पर मूलरूप से सलेमपुर के अनुआपार निवासी ज्योति मौर्य पत्नी उदयभान भी किटी पार्टी में शामिल हो गयी। उसने कुछ ही दिनों में इस ग्रुप की महिलाओं से अच्छी दोस्ती कर ली। विश्वास जमाने के बाद उसने महिलाओं को बताया कि वह एक समूह के माध्यम से सस्ते में प्लाटिंग का कार्य करती हैं। इसमें 5 लाख रुपये जमा करने पर 6 महीने बाद 10 लाख रुपये के प्लाट की रजिस्ट्री कर दी जायेगी। अगर कोई 10 लाख रुपये जमा करता है तो उसे तीन महीने में ही 20 लाख रुपये का प्लाट मिल जायेगा। पीड़ित महिलाओं के अनुसार देखने व बातचीत में सीधी, लेकिन काफी शातिर किस्म की ज्योति मौर्य शहर के ट्यूबवेल कालोनी निवासी काजल सिंह के साथ मिलकर महिलाओं को झांसे में लेकर सस्ते में प्लाट दिलाने का लालच देकर उनका लाखों रुपये जमा कराने लगी। सस्ते में प्लाट पाने को कई महिलाओं ने अपने मित्रों, परिचितों व रिश्तेदारों से कर्ज लिया तथा गहने बंधक रखकर पैसा जमा किया। कुछ महिलाओं के पति विदेश रहते हैं और उन्होंने भी लाखों रुपये जमा किए। ज्योति और काजल ने मिलकर किटी पार्टी की सर्किल की अधिकांश आर्थिक रूप से मजबूत महिलाओं को अपने जाल में फंसा लिया। समय पूरा होने के बाद जब अधिकांश पैसा जमा करने वाली महिलाओं को प्लाट नहीं मिला और ज्योति हीला हवाली करने लगी तब उन्हे ठगे जाने का एहसास हुआ। चार दिनों से महिलाओं की हालत पस्त हैं और उन्होंने पुलिस प्रशासन से ज्योति, काजल समेत अन्य लोगों को गिरफ्तार उनके खाते सीज कर पैसा निकलवाने की गुहार लगायी है।

- किटी पार्टी के जरिये बड़े घरों की महिलाओं के संपर्क में आई जालसाज ज्योति
- छह महीने में दोगुना रुपये के प्लॉट का लालच देकर जमा कराती थी रुपये
- ठगी की शिकार महिलाओं की तहरीर पर सभी आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

"प्लाट के नाम पर करोड़ों की ठगी करने में दो महिलाओं समेत आठ के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गयी, लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्हे गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

**दिनेश कुमार मिश्र**, इंसपेक्टर, सदर कोतवाली।

## आठ पर दर्ज है केस, चार दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं

प्लाट दिलाने के नाम पर ठगी के इस गिरोह में ज्योति मौर्य तथा उसके पति उदयभान, ज्योति के भाई, चाचा, पिता तथा काजल सिंह के पति व भाई भी शामिल हैं। शुक्रवार को ठगी की शिकार महिलाओं की तहरीर पर उक्त सभी आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अधिकांश महिलाओं ने ज्योति के खाते में पैसा जमा किया तथा नगद भी दिया है। हालांकि पुलिस ने करोड़ो रूपये की ठगी करने में मामले में अभी तक सरगना या उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है, इससे पुलिस पर सवाल उठने लगा है।

# पुलिस अफसरों पर दी तहरीर

लार। आरटीआई कार्यकर्ता पिंडी निवासी अरविंद सिंह ने सोमवार को प्रभारी निरीक्षक कपिल देव चौधरी को एक तहरीर देकर चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करने का अनुरोध किया है। मामला पुलिस अधिकारियों से जुड़ा होने के नाते पुलिस ने केस नहीं दर्ज किया।

अरविंद सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 व उत्तर-प्रदेश नियमावली 2015 के तहत फर्जी व कूट- रचित सूचना देना राजाज्ञा का उल्लंघन है।

असद्भावना से की गई कार्यवाही में दंड विधान धारा 166 ( अ) 167/420/471/193/468/ कढउ में मुकदमा पंजीकृत करने के संबंध में चार पुलिस अधिकारियों पर केस दर्ज करना आवश्यक है।

# अधिवक्ता के घर में घुसकर मारपीट, सात पर मुकदमा

देवरिया, निज संवाददाता। दहेज उत्पीड़न मामले की पंचायत करने पहुंचे लोगों ने अधिवक्ता व उनके परिजनों पर हमला बोल दिया। इसमें अधिवक्ता समेत पांच लोग घायल हो गये। अधिवक्ता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सात के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

शहर के न्यू कालोनी निवासी अधिवक्ता अरुण कुमार राव की तहरीर के अनुसार उनकी बुआ की बेटी पूजा सिंह की शादी शहर के रामनाथ देवरिया निवासी नवीन राव पुत्र लव राव के साथ एक साल पूर्व हुई। शादी में उनकी बुआ ने सामर्थ्य के अनुसार पैसा व सामान दिया। लेकिन ससुराल के लोग इससे संतुष्ट नहीं थे और वह पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। तत्काल पैसा देने में असमर्थता जताने तथा काफी अनुनय विनय के बाद पूजा की विदाई कराये। एक सप्ताह बाद ही दहेज को लेकर सास, ससुर, पति देवर उसे प्रताड़ित करने लगे। पूजा ने इसकी सूचना मायके वालों को दी। अरुण राव के अनुसार वह पूजा के पिता हरेन्द्र सिंह के साथ उसके घर जाकर समझाया, लेकिन वह पांच लाख रुपये की मांग पर अड़े रहे तथा पूजा को अपने घर रखने से इंकार कर दिया। लड़की के पिता उसे लेकर अपने घर आये। अरुण ने कहा है कि लड़की द्वारा 27 अगस्त की शाम को ससुराल वालों से बात करने पर पंचायत करने को पूजा और उसके पिता उनके घर आए।

# 11 हजार लीटर कच्ची व देशी शराब नष्ट

लार। लार थाने में बरामद शराब को सोमवार की दोपहर में नष्ट किया गया। नायब तहसीलदार डा भागीरथी सिंह की मौजूदगी में वर्ष 2017 में वर्ष 2022 तक बरामद की गई 11,954 लीटर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट किया गया। नगर पंचायत लार की जेसीबी मंगवा कर थाने के सामने जमीन में एक बड़े गड्ढे में लहन को नष्ट किया गया। लार थाने प्रांगण अभी भी अंग्रेजी शराब से पटा हुआ है।

# दो बाइक के साथ पकड़े गए लिफ्टर

देवरिया। सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार की रात गस्त के दौरान शहर के सीसी रोड स्थित निर्भया बूथ के पास से दो बाइक लिफ्टरों को पकड़ा। उनके पास से चोरी की दो बाइक भी बरामद हुई।

पुलिस के अनुसार रविवार की रात सीसी रोड पर बाइक से जाते दो संदिग्ध मिले। रोककर उनके बाइक कागजात मांगे गये तो वह दे नहीं सके। संदिग्ध मिलने पर बाइक समेत दोनों को पुलिस कोतवाली लाई। पूछताछ में एक ने अनपा पता ताज हुसैन पुत्र मुमताज अंसारी, मुण्डेरा, थाना बरियारपुर तथा दूसरे ने अरूण खरवार पुत्र हरिशंकर, घटैला गाजी थान सदर कोतवाली बताया।

# पालिका कर्मी और बेटे पर भी दर्ज हुआ मुकदमा

बरहज (देवरिया), हिसं। नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की चेयरपर्सन श्वेता जायसवाल व उनके पति श्याम सुंदर जायसवाल समेत 17 लोगों पर केस दर्ज किया है।

इस मामले में दूसरे पक्ष ने भी मुकदमा दर्ज कराया है। नंदना वार्ड पश्चिमी निवासी विशाल जायसवाल उर्फ विक्की पुत्र मुक्ति नाथ जायसवाल की तहरीर पर नंदना वार्ड पश्चिमी निवासी विंध्याचल जायसवाल व उनके पुत्र हिमांशु के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

**कर्मी की तहरीर पर इनपर केसः** पुलिस ने विंध्याचल जायसवाल की तहरीर पर विशाल जायसवाल उर्फ विकी पुत्र मुक्तिनाथ निवासी नंदना वार्ड पूर्वी, 'संजय जयसवाल पुत्र कमलेश पटेल नगर, सुनील जायसवाल पुत्र राजकुमार नंदना वार्ड पश्चिमी, राहुल पुत्र दयानंद जायसवाल निवासी नंदना वार्ड पूर्वी, शब्बीर अहमद, विमलेश मिश्रा, रौनक जायसवाल, आकाश पुत्र स्व. सुनील जायसवाल नंदना वार्ड पूर्वी, सिद्धार्थ तिवारी पुत्र स्व. कृष्णकांत तिवारी निवासी नंदन वार्ड पश्चिमी, गोविंद पुत्र उमा जायवाल निवासी आजाद नगर और पांच अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# चार पर दलित उत्पीड़न का केस

रुद्रपुर। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न के तहत मुकदमा दर्ज किया है। भगवानपुर गांव की रहने वाली सोनमती देवी पत्नी रामदरस प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 27 अगस्त को दोपहर करीब दो बजे गांव के ही एक व्यक्ति से मोबाइल को लेकर कहासुनी हो रही थी। इसी बीच अन्य लोग भी आ गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट करने लगे। मामले में पुलिस ने राहुल निषाद, वरुण निषाद, सत्यदेव व सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

# मिठाई की दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

**अगलगी**

- लार थाना क्षेत्र के पिपरा चौराहे की घटना
- दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

लार(देवरिया),हिन्दुस्तान टीम। नगर पंचायत लार के पिपरा चौराहे पर सोमवार की सुबह एक मिठाई की दुकान में आग लग गई। लोग जब तक आग पर काबू पाते उसमें रखा गैस सिलेंडर फट गया। इस घटना में दुकानदार को करीब चार लाख रुपए की क्षति हुई है।

नगर पंचायत लार के बौली वार्ड के रहने वाले गोविन्द मद्धेशिया की मिठाई की दुकान रामजानकी मार्ग पर पिपरा चौराहा दुर्गा मंदिर के समीप है। सोमवार की सुबह लगभग 8 बजे मिठाई बनाते समय गैस रिसाव से आग पकड़ लिया।



सोमवार की सुबह नगर पंचायत लार के पिपरा चौराहे पर मिठाई की दुकान में लगी आग।

आसपास के लोगों की मदद से दुकानदारों ने आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। उसी दौरान दुकान में रखा सिलेण्डर फट गया और आग ने बिकराल रूप धारण कर लिया। इसी बीच किसी ने इसकी जानकारी लार पुलिस व फायर सर्विस को दे दिया। सूचना के बाद लार पुलिस टीम मौके पहुंच गई। करीब दो घंटे के प्रयास के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया।

दुकानदार गोविंद मद्धेशिया ने बताया कि इस घटना में तीन डिफ्रिजर, तीन काउंटर, कोल्ड ड्रिंक व 95 सौ नकदी सहित लगभग 3 लाख 60 हजार का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंच कर आग से हुए नुकसान का ब्यौरा जुटाया। नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह ने दुकानदार से बातचीत कर उसको नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन दिया।

# युवक ने छात्रा से की छेड़खानी, केस

पथरदेवा। एक छात्रा को परेशान करना मनबढ़ युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की को उसके ही गांव का एक युवक काफी दिनों से परेशान करता था। स्कूल आते-जाते समय युवक फब्तियां कसता था। परिजनों ने आरोपी को कई बार समझाया लेकिन उस पर कोई असर नहीं पड़ा। सोमवार को छात्रा अपने स्कूल जा रही थी। तभी आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया। छात्रा के शोर मचाने पर आस-पास के कुछ लोग पहुंचे तो आरोपी युवक फरार हो गया।

# पांच के खिलाफ छेड़खानी में केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के महिला की तहरीर पर पुलिस ने पांच के खिलाफ छेड़खानी, अश्लील हरकतें समेत अन्य धाराओं में ने केस दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला 23 अगस्त को सुबह सात बजे अपने घर से पुराने मकान पर गाय को खिलाने हेतु भूसा निकालने गयी थी। इस दौरान कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए अभद्रता की। पुलिस ने विजयमल पुत्र तिलकधारी व नन्दलाल पुत्र तिलकधारी व निर्मला देवी पत्नी रूदल चौहान, उपेन्द्र चौहान पुत्र दुखी एवं आरती देवी पत्नी विजयमल के खिलाफ छेड़खानी समेत कई मामलों में केस दर्ज किया।

# सड़क के किनारे मिला अज्ञात का शव

लार रोड। मईल थाना क्षेत्र में सलेमपुर-भागलपुर मार्ग पर जमुआ गांव के समीप सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस शव की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष गोरखनाथ सरोज ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# बाजार जा रहे व्यक्ति से 30 हजार की छिनैती

देवरिया। घर से बाजार करने जा रहे व्यक्ति से कोतवाली क्षेत्र के बड़हरा पुल के पास दिनदहाड़े एक व्यक्ति से 30 हजार की छिनैती की गई। पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के सिसवा निवासी राज किशोर यादव 26 अगस्त की दोपहर को 30 हजार लेकर साइकिल से बाजार करने दोपहर में देवरिया जा रहे थे। वह अभी सदर कोतवाली के बड़हरा पुल के पास पहुंचे थे कि इसी दौरान एक व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया। अपने को पुलिसकर्मी बताने वाले ने राजकिशोर को नशे में होने की बात उनके जेब में रखा 30 हजार ले लिया।

# बाइक बरामद करने गए पुलिसकर्मियों से हाथापाई

- सुरौली थाने के पकड़ी बाजार चौकी पर तैनात है दोनों पुलिस कर्मी
- पुलिस बाइक बरामद करने गई थी सोमवार को खेरी गांव

पैकौली, हिन्दुस्तान संवाद। बाजार करने आए एक युवक से उसकी ससुराल के लोग बाइक छीनकर फरार हो गए। युवक ने इसकी सूचना सुरौली पुलिस को दी। पुलिस बाइक को बरामद करने के लिए पुलिस सोमवार को बरहज के खोरी गांव गई थी। वहां कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई की।

मदनपुर थाना क्षेत्र के पड़री मिश्र गांव के रहने वाले एक युवक की शादी कुछ वर्ष पूर्व बरहज थाना क्षेत्र के खोरी गांव में हुई है। पति-पत्नी के बीच कुछ माह से विवाद चल रहा है। जिससे महिला अपने मायके खोरी में रह रही है। महिला के मायके वाले युवक से दहेज में दिया गया बाइक वापस मांग रहे थे, लेकिन ससुराल वाले बाइक देने के लिए तैयार नहीं थे। शनिवार को युवक गांव के पास के पकड़ी बाजार चौराहे पर बाइक लेकर बाजार करने आया था। आरोप है कि वहां पर खोरी के कुछ युवक बाइक छीन लिए गांव लेकर चले गए। युवक ने इसकी तहरीर पकड़ी बाजार पुलिस चौकी को दी। पुलिस दो दिनों से आरोपियों को बुला रही थी लेकिन खोरी से कोई नहीं आ रहा था। सोमवार की सुबह दो सिपाही खोरी गांव बाइक लाने गए तो परिवार वाले उनके साथ हाथापाई की।

# मारपीट में पुलिसकर्मी घायल

कपरवार ।

सहारा न्यूज ब्यूरो

वाईक चोरी की सूचना पर सुरौली थाना की पुलिस बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम खोरी में बिना बरहज पुलिस को सूचना दिये ही वर्दी के रौब में नियमों को दर किनार कर घर में घुस गये । परिजनों के विरोध करने पर पुलिस वालों ने मारना पीटना शुरू कर दिया । कई लोग लहू लुहान हो गये । पुलिस के जुल्म को देखते हुए आस पास के लोग जुट गये । लोगों को देख घायलों ने पुलिस वालों को घेर कर मारना शुरू कर दिये । जिससे पुलिस वालों को भी गंभीर चोट आई । जानकारी के अनुसार बरहन थाना क्षेत्र के ग्राम खोरी निवासी राम विचार विश्वकर्मा अपने बेटी बंदना की शादी सुरौली थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ी निवासी बंधू विश्वकर्मा के वेटे देवा कें साथ करीब चार वर्ष पहले किया था। अपनी क्षमता के अनुसार रामबिचार दान दहेज व वाईक दिया था । लेकिन शादी के बाद बंदना का पति देख रेख नही करता था । इस बात को लेकर घर में कलह रहता है। बंदना अपनी पीड़ा अपने पिता को बताती थी तो कई बार पंचायत भी हुआ लेकिन बात नही बन पा रही थी । इधर फिर लड़की वाले लड़के वालों के घर जाकर सुलह समझौता करना चाहा तो बात बिगड गई और दोनों पक्षों में कहा सुनी धरा धरी भी हो गया । लड़के वालों ने सुरौली थाने में तहरीर दिया कि लड़की के पिता और भाई ने जबर जस्ती वाईक लेकर चले जाने की तहरीर देदी । तहरीर के आधार पर सुरौली थाने के दो पुलिस सोमवार की सुबह बिना बरहज पुलिस को सूचना दिये खोरी गाँव रामविचार विश्वकर्मा के घर पहुँच गये । परिजनों की माने तो पुलिस वाले बिना महिला पुलिस के घर में घुस गये और तलाशी लेने लगें । परिजनों के विरोध पर पुलिस वालों ने मारना पीटना शुरू कर दिया । शोर सुनकर लोगों की भीड़ जुट गई । मारपीट में घायल परिजनों ने पुलिस पर हमला बोल दिया । जिससे पुलिस वाले भी गंभीर रूप से घायल हो गये । सूचना तो यह भी है कि पुलिस वाले का हाथ फै र हो गया है । पुलिस के ज्यादती के विरुद्ध रामबिचार ने बरहज पुलिस को तहरीर देकर पुलिस वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की तो मुकामी पुलिस ने बाप बेटे को सुरौली पुलिस के हवाले सौप दिया । लोगों का कहना है कि जब बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम खोरी में मारपीट हुई तो बरहज पुलिस क्यों नही पीड़ित की तहरीर पर कार्यवाही की क्यों सुरौली पुलिस को सौप दिया ।

क्या बिना महिला पुलिस के किसी के घर में पुलिस को घर में घुसने का अधिकार है । लोगों मे इस बात की चर्चा हो रही है । सीओ अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया की मामला मेरे संज्ञान में है । जाँच कराई जा रही है । जो भी दोषी पाया जायेगा उसके विरुद्ध कार्यवाही होना तय है ।

# 12 नामजद सहित 5 अज्ञात पर केस

बरहज। नगरपालिका कर्मचारी विन्ध्याचल जायसवाल के तहरीर पर पुलिस ने बारह नामजद सहित पाँच अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है । पुलिस को दिए तहरीर में अवगत कराया है कि वर्तमान अध्यक्ष ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद ही निलंबित कर दिया । जब नपाध्यक्ष से मिलकर अपनी बहाली की गुहार लगाने गया तो वहाँ अध्यक्ष पति बैठे थे उन्होंने कहा कि तुम जहाँ चाहो सिफारिस करो तुम्हें बहाल नहीं किया जाएगा । मेरे द्वारा जिलाधिकारी के नाम एक प्रार्थना पत्र टाइप कराया गया । जिसकी जानकारी होने पर श्याम सुंदर जायसवाल ने मुझे ठीक करने के लिए कहा और उस रात मोटरसाइकिल पर सवार होकर करीब डेढ़ दर्जन लोग मेरे दरवाजे पर पहुँच गये और अशब्दों का प्रयोग करते हुए दरवाजे पर ईट चलाने लगे । हम लोग डर के मारे घर में दुबक गए । यदि हम लोग बाहर निकल गए होते तो जान माल से भी हाथ धोना पड़ता । ये लोग गोलबंद और सरकस किस्म के व्यक्ति है । इन लोगों के ऊपर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है । थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया की बारह नामजद सहित पाच अज्ञात के विरुद्ध चिभिन्न धाराओ मै मुकदमा दर्ज किया गया है ।

# एजेंसी मालिक ने लगाया मारपीट व लूट का आरोप

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के चकउर फकीर निवासी व इंदल बजाज एजेंसी के मालिक इंदल कुमार गुप्ता पुत्र गोपी गुप्ता ने सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति पर मारपीट करने नगदी और सोने की चेन छीनने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है। इंदल गुप्ता ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार को बाईपास रोड स्थित उसके बजाज की एजेंसी पर सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति अपने साथ 20 अन्य लोगो को साथ लेकर उसके स्टाफ के साथ गाली गलौज किया तथा लेजर बुक फाड़ दिया। इसके बाद मुझे भटनी पुल पर बुलाकर मेरे साथ मारपीट किया और जेब में रखा 74,300 रुपए व गले के सोने का चेन छीन लिया और जाते जाते जान से मारने की धमकी दिया। प्रार्थी काफी डरा व सहमा है और अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। घटना के सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष डाँ महेन्द्र कुमार ने बताया कि घटना लूट की नही लेन-देन का है ।ग्राम ठाकुर कोडरा निवासी प्रियांशु कुमार तिवारी पुत्र हरेराम तिवारी ऐजेन्सी से बाईक खरीदे थे ।जिसमे चौदह हजार रुपया बाकी का था ।इसी को लेकर बिवाद हो गया ।पहले घटना ऐजेन्सी पर बताया गया ।बाद मे छोटी गण्डक पुल पर बताया गया ।अभी बाहर हुँ ।आकर मामले की जाँच पडताल करने के बाद ही घटना की सही जानकारी हो पायेगी ।

# चार पर पाक्सो एक्ट का केस

**रुद्रपुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि अभियुक्त गण द्वारा वादनी की पुत्री उम्र 17 वर्ष को खेत में खींचकर ले जाया गया। जहां किशोरी द्वारा शोर मचाये जाने पर आरोपी मौके से भाग गये। आरोपी के भाई द्वारा दरवाजे पर आकर गाली गुत्ता देते हुए लाठी डण्डे से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने उपरोक्त गांव निवासी आरोपी राहुल, बजरंगी, निखिल, रामदरश के खिलाफ धारा 354, 323, 504, 506 व 7/8 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

# मईल थाने पर लगा सीसीटीवी कैमरा क्या भ्रष्टाचार पर लगायेगा अंकुश

**लार रोड।** भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए निर्देश मिले थे। इसके तहत मईल थाने में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए है। जो



महिला हेल्प डेक्स सहित थाने गेट आफिस तक कवर कर रहा है। बताते है मईल थाने में लगे हाई क्वालिटी के कैमरे से थाने के इंस्पेक्टर, सर्किल के सीओ, अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक लाइव देख सकेंगे। कैमरे से लाभ यह होगा कि बार बार थाने पर आने वाले में कुछ चर्चित व्यक्ति कहे या दलालों के भी आवाजाही पर निगरानी रखने में मदद मिलेगी। क्षेत्र जनो की माने तो पूर्व में थानों पर बैठकर कई दलाल मामलों की डिलिंग करते थे। लोगो का स्वाल है की क्या इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा या कही दलाल ऐसा न हो दलाल चट्टी चौराहो पर बैठकर फोन से ही मामले मे हस्तक्षेप करे इसे भी प्रशासन को ध्यान देना होगा।

# पंचायत के दौरान अधिवक्ता व उनके परिजनों पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**देवरिया(एसएनबी)।** शहर के न्यूकालोनी दक्षिणी में पंचायत के दौरान कुछ लोगों ने अधिवक्ता व उनके परिजनों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शहर के न्यू कलोनी दक्षिणी निवासी अधिवक्ता अरुण कुमार राव एवं उनके परिजनों के ऊपर बीती रात उनके रिश्तेदारों ने उस समय जानलेवा हमला कर दिया, जब अधिवक्ता के घर पर रविवार की शाम 8 बजे पंचायत हो रही थी। इस मामले में पीड़ित अरुण कुमार राव ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि मेरी बुआ की लड़की की शादी एक वर्ष पूर्व शहर के रामनाथ देवरिया निवासी नवीन राव पुत्र लव राव के साथ सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर धूमधाम से हुआ। बावजूद इसके उसके ससुराली दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। इसी मामले को सुलझाने के लिए मेरे घर पर 27 अगस्त 2023 की शाम 8 बजे एक पंचायत हो रही थी, जिसमें लड़की के पति नवीन राव, ससुर लव राव और देवर प्रवीण राव गोलबंद होकर मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिए। जब मैं अपने बचाव में घर में भागा तो घर में घुसकर भी मुझे मारा पीटा। बचाव करने आए मेरे पिता धनंजय कुमार राव, चाचा संजय कुमार राव, छोटे भाई वरुण राव व सौरभ को भी बुरी तरह से मारे पीटे। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भादवि की धारा 323, 307, 452, 504, 506, 498 ए तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट में महिलाओं के साथ अभद्रता

**सलेमपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट के दौरान दोनों पक्षों की महिलाओं ने कपड़ा फारने व अश्लील हरकत का मुकदमा दर्ज कराई है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध मारपीट, अश्लील हरकत तथा बलबा का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक गोपाल पांडेयने बताया की दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। जिसमें मारपीट व कई अन्य धाराओं में का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बाइक लेकर नाले में गिरा किशोर, मौत

**खुखुन्दू।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली का रहने वाला कक्षा नौवीं का एक छात्र रविवार को दोस्त से मिलने बरियापुर थाना क्षेत्र के तरफ जा रहा था। पड़रीमल्ल के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर नाले में पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे मेडिकल कलेज देवरिया भेजा गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई है। शेरवां बभनौली गांव निवासी परशुराम चौहान की तीन संतानों में रोशन चौहान (16) सबसे बड़ा था। वह गांव के इंटर कलेज में कक्षा नौवीं में पढ़ता था। रविवार को छुट्टी होने से वह बरियापुर थाना क्षेत्र में अपने किसी दोस्त से मिलने जा रहा था। बाइक लेकर वह अभी सोनू घाट-बरियापुर मार्ग पर पड़रीमल्ल के पास पहुंचा था कि अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों ने पुलिस के सहयोग से अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# मारपीट बलबा का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तारासारा निवासी खुशिहाल गोड़ पुत्र स्व. पड़ोही ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि वादी का दिवाल तोड़ने का विरोध करने पर अभियुक्त गण द्वारा वादी के दरवाजे पर आकर गाली गुत्ता दिये तथा वादी की पोती पुत्री बहू को ईंट पत्थर से मारकर घायल कर दिये तथा जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने उपरोक्त गांव निवासी जितेन्द्र, रामू, श्यामू, पन्नेलाल, शिवकुमार, किशुन, रामपति, संगम, बीरबहादुर, सूरज के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506 के मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी ओर ग्राम गोनाह सूरतपुरा निवासी सुरेश यादव पुत्र सर्वजीत ने रुद्रपुर पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि पारिवारिक बंटवारे के विवाद को लेकर अभियुक्त गण द्वारा वादी को मारापीटा गया। पुलिस ने इस मामले में दयाली देवी, बृजेश, शीला, नितेश के खिलाफ धारा 323, 504 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-29-08-2023

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**पडरौना।** रामकोला पुलिस ने सोमवार को दो युवकों को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने 30 बोतल बीयर और 6 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने इनकी पहचान पश्चिमी चंपारण जिले के जगपकड़ बहरामपुर निवासी नंद किशोर कुमार के रूप में किया। संवाद

# अभियान में गिरफ्तार हुए 50 आरोपी

**पडरौना।** एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों से सोमवार को 50 आरोपियों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया गया। जिले में अभियान चलाकर हुई कार्रवाई में फरार चल रहे कई आरोपी भी गिरफ्तार किए गए । संवाद

# छावनी से बड़ी नहर तक जाम में रेंगते रहे वाहन

## सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक बनी रही स्थिति, अधिकारियों की लापरवाही से बढ़ रही दिक्कत

जागरण संवाददाता, पडरौना : सोमवार को लगने वाले जाम से नगरवासियों व यात्रियों को राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहा है। दो दिन के अवकाश के बाद दफ्तर खुले तो लोगों को जाम से सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक जूझना पड़ा। यातायात व कोतवाली पुलिस के सार्थक प्रयास न होने से इस पर रोक नहीं लग पा रहा है। पहले छावनी के कुबेरनाथ मोड़ पर जाम की समस्या झेलने वाले वाहनों को अब बड़ी नहर बाइपास की जाम भारी पड़ रही है। लंबी कतार में वाहनों को रेंगना पड़ रहा है। इससे थोड़ा आगे बढ़ने पर कठकुइयां मार्ग पर जाम लगता है। ऐसे में वाहन चालकों को काफी परेशानी होती है। जाम इस कदर होता है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सड़क पर भीड़ बढ़ी तो पूरा नगर जाम से कराह उठा। जाम की समस्या नगर के सुभाष चौक,



पडरौना स्थित सुभाष चौक के समीप लगा जाम • जागरण

रामकोला रोड के अलावा कोतवाली मार्ग, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, डिग्री कालेज, जटहां बाजार मार्ग पर बनी रही। सड़कों पर बेतरतीब ई-रिक्शा व बाइक चलाने से जाम की दिक्कत और बढ़ जा रही है। सड़क पर अतिक्रमण व जिम्मेदारों की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है।

चार घंटे तक जाम से जूझते रहे राहगीर व वाहन चालकः जासं, भैरोगंजः विकास खंड विशुनपुरा के जटहां-पडरौना मार्ग पर खिरकिया बाजार में सोमवार की सुबह से दोपहर तक भीषण जाम लगा रहे। तेज धूप में नौ बजे से दोपहर एक बजे तक राहगीर और वाहन चालक जूझते रहे। पडरौना कोतवाली पुलिस जाम हटाने के प्रयास में पसीना बहाती रही। खिरकिया बाजार के रीतिक कुमार गुप्ता, अनिवेश, विश्वास, गोलू जायसवाल, मजिबुल्लाह अंसारी, कृपाल, गोल्डी गुप्ता आदि दुकानदारों ने बताया कि हर शुक्रवार और सोमवार को देवी मंदिर में पूजन व दर्शन के लिए सुबह दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस कारण से सुबह से दोपहर तक जाम लग जाता है। बाजार में पड़ोसी प्रांत बिहार के धनहां, पडरौना शहर और रउजा मेला की सड़क मिलती है। गाड़ियों की संख्या बढ़ जाने से जाम की स्थिति बन जाती है। सड़क के किनारे स्थित दुकानदारों को परेशानी झेलनी पड़ती है। धूप के कारण राहगीर और वाहन चालक बेचैन हो जाते हैं।

> यातायात पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने में दिन भर लगी रहती है। इसे और चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि समस्या का समाधान हो सके।
>
> **उमेश चंद्र भट्ट**, सीओ सदर

> सड़क पर अतिक्रमण की वजह से जाम की समस्या बढ़ रही है। शीघ्र ही अभियान चलाकर सड़क की पटरी खाली कराया जाएगा इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **वैभव मिश्रा**, एडीएम, कुशीनगर

# दो वारंटी गिरफ्तार

पडरौना। अहिरौली बाजार पुलिस ने सोमवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। अहिरौली बाजार एसओ श्रीप्रकाश राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर बुजुर्ग निवासी रामसकल के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित अन्य मामले में न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। वे न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। इस पर न्यायालय ने वारंट जारी किया था। न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। इसी तरह थाना क्षेत्र के ही परतावल निवासी सुरेंद्र के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धारा में मुकदमा चल रहा था। उसे उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। संवाद

## देसी तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**तमकुहीरोड।** सेवरही पुलिस ने एक व्यक्ति को एक देसी तमंचा व एक अदद कारतूस के साथ गिरफ्तार कर किया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी है। एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि सेवरही पुलिस चौकी इंचार्ज दीपक सिंह, हेड कांस्टेबल सूबेदार यादव की टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की, तो उसके पास से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उसकी पहचान बृजेश यादव निवासी राजपुर बगहा थाना सेवरही के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ केस दर्ज कर अन्य विधिक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# इनामी गैंगस्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पडरौना।** रविंद्र नगर पुलिस ने सोमवार को बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के वंशी टोला निवासी जिउत राम को गिरफ्तार कर लिया। जिउत पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

एसपी ने फरार चल रहे बदमाश पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बदमाश के खिलाफ जिले के कई थानों पर गंभीर मामलों में केस दर्ज है। इंस्पेक्टर राजेश मिश्र ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया। संवाद

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

पडरौना। कसया पुलिस ने थाना क्षेत्र के भैसहा राजा टोला निवासी श्रीराम यादव को पकडियहवा तिराहा से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान इसके पास चोरी का एक मोबाइल, एक जोड़ी पायल मिला। पुलिस ने केस दर्ज कर जेल भेज दिया। कुशीनगर चौकी इंचार्ज विवेक पांडेय ने बताया कि चोरी के सामन साथ गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। संवाद

# सभासद का नहीं चला पता, डैमेज कंट्रोल में जुटी पुलिस

## ससुराल से घर के लिए चला था, रास्ते से हुआ लापता, अब तक केस दर्ज नहीं

संवाद न्यूज एजेंसी



भाजपा सभासद बैजनाथ चौहान के दरवाजे पर लगी लोगों की भीड़। संवाद

**कप्तानगंज।** भाजपा सभासद के मामले में कार्रवाई की बजाय पुलिस डैमेज कंट्रोल में जुटी है। अभी तक पुलिस ने केस तक दर्ज नहीं किया है। सोमवार को पुलिस ने सूदखोरी के आरोपियों को थाने बुलाकर पूछताछ की। एक शख्स को पुलिस हिरासत में रखकर पूछताछ कर रही है। पत्नी किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए केस दर्ज करने की मांग कर रही है।

नगर के वार्ड संख्या 14 हरिनाथ उत्तरी निवासी बैजनाथ चौहान सभासद हैं। एक सप्ताह से वह लापता हैं। तलाश के बाद भी उनका पता नहीं चल रहा है। रविवार को पत्नी बबिता देवी ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि नगर के कुछ लोगों से सभासद कर्ज ले रखा है। अधिक ब्याज जोड़कर सूदखोर रकम के लिए दबाव बना रहे थे।

नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दे चुके हैं। नामजद तहरीर मिलने के बाद भी पुलिस कार्रवाई से कतरा रही है।

### सूदखोरों पर पत्नी को संदेह एक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

सोमवार को घर पहुंचे थानेदार ने बबिता से घटना के बारे में जानकारी ली। कुछ लोगों से पूछताछ भी की। चर्चा है कि नगर चौकी इंचार्ज सूदखोरों का पक्ष लेते हुए बबिता से बोले कि जितना ब्याज आएगा, उतना चुकता करना ही पड़ेगा। पत्नी का आरोप है कि पुलिस सहयोग नहीं कर रही है। अगर पति को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदार पुलिस होगी।

एसओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। सभासद अपनी ससुराल हाटा गया था। 21 अगस्त को घर आने के लिए निकला। तभी से लापता है। पूछताछ के लिए एक को हिरासत में रखा गया है। अभी केस दर्ज नहीं किया गया है।

# पुलिस ने चिता से कब्जे में ली युवती की लाश, घर छोड़कर भागे मां-बाप

## घर में फंदा लगाकर युवती ने की खुदकुशी, आनन-फानन कर रहे थे अंतिम संस्कार, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, घर में की जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गुरवलिया बाजार की एक युवती ने सोमवार को अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। आनन-फानन घरवाले फंदे से शव उतारे और अंतिम संस्कार के लिए लेकर बागीचे में चले गए।

चिता पर शव रखकर मुखाग्नि देने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच पहुंची पुलिस को देखकर सभी लोग भाग निकले। पुलिस ने चिता से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



युवती की मौत के बारे में जांच करती तुर्कपट्टी पुलिस। संवाद

घर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पड़ोस की महिलाओं से पूछताछ की।



रमा (फाइल फोटो)

बताया जा रहा है कि तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गुरवलिया बाजार निवासी रतन वर्मा की 18 वर्षीय बेटी रमा ने सुबह करीब नौ बजे घर में फंदा लगा लिया। उस समय घर पर सिर्फ उसकी छोटी बहन थी। माता-पिता खेत में काम करने गए थे। छोटी बहन के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और रतन वर्मा को इसकी जानकारी दी।

शव को घरवाले नीचे उतारे और गांव के बागीचे में दाह संस्कार के लिए लेकर चले गए। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। बागीचे में करीब 11 बजे पहुंची पुलिस को देखकर सभी लोग भाग निकले। पुलिस शव को कब्जे में लेकर रतन के घर पहुंची।

युवती की मां भी घर पर नहीं मिली। करीब आधे घंटे तक पुलिस गांव में रही। पड़ोस की महिलाओं से घटना के बारे में पूछताछ की, लेकिन किसी ने ठोस जानकारी नहीं दी।इसके अलावा पुलिस ने गांव के अन्य लोगों से भी संपर्क किया। किसी ने युवती के फंदा लगाने की वजह नहीं बताई।

तुर्कपट्टी के प्रभारी थानाध्यक्ष जीत बहादुर यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बाद में घरवाले थाने पर आए।

घरवाले बोल रहे हैं कि बेटी मानसिक अवसाद में रहती थी, लेकिन मामला संदिग्ध लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी और आगे की कार्रवाई होगी।

# छठ वेदियां तोड़ने वाले तीन हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। छठ वेदियों को तोड़ने वाले गांव के कुछ युवकों को पुलिस ने सोमवार को हिरासत में लिया। इसमें कुछ नबालिग भी शामिल हैं। पूछताछ में गांव के कई युवकों का नाम सामने आया है। तनाव को देखते हुए गांव पर पुलिस की नजर रख रही है।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव सपही खास में भैरवनाथ उतना बाबा के पास तलाब के किनारे बने छठ वेदियों को शुक्रवार की रात अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। इसको लेकर गांव में तनाव बढ़ गया। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गांव वाले आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे।

## पुलिस की पूछताछ में गांव के कई युवकों के नाम आए

## शुक्रवार की रात अराजक तत्वों ने तोड़ी थीं वेदियां

पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया था। तनाव को देखते हुए छठ घाट पर पुलिस भी तैनात रही। सोमवार को पुलिस ने गांव के कुछ युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान कई युवकों के नाम मालूम हुए है। उनकी तलाश पुलिस कर रही है।

प्रभारी एसओ जीत यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है। घटना में शामिल अन्य युवकों की तलाश की जा रही है। गांव पर नजर रखी जा रही है।

# अराजक तत्वों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

**पडरौना।** डोल मेला व चेहल्लुम के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सोमवार को कोतवाली पडरौना में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसमें एसडीएम, सीओ व थानेदार ने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। एसडीएम महात्मा सिंह ने कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना।** कसया थाने के चौकी प्रभारी कुशीनगर विवेक कुमार पाण्डेय, साहिल यादव, सोनू राम व विरेन्द्र ने चोरी के सामान के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त श्रीराम पुत्र रामानन्द यादव निवासी भैंसहा राजा टोला थाना कसया कुशीनगर को एक मोबाइल फोन व एक जोड़ी पायल के साथ पकडियहवा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

# सात हजार की शराब के साथ दो गिरफ्तार

पडरौना। रामकोला पुलिस ने 5 बोतल अंग्रेजी शराब व 30 बोतल बीयर के साथ बिहार के शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान नंद किशोर निवासी जगपाकड़ बहरामपुर जिला प. चंपारण बिहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बरामद शराब की कीमत सात हजार रुपये है।

# तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

पडरौना। सेवरही थाने के एसएचओ हर्षवर्धन सिंह, दरोगा दीपक सिंह, जितेन्द्र ने एक अवैध तमंचा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

सेवरही पुलिस द्वारा वाहन चेंकिग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति के पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त बृजेश यादव पुत्र लालबाबू यादव निवासी राजपुर बगहां थाना सेवरही को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने तीन वारंटियों को भी गिरफ्तार किया है। उनमें विनोद यादव निवासी राजपुर खास, रामप्रीत निषाद व मनोज निवासी परसा उर्फ सिरसिया शामिल हैं।

# गांजे के साथ तीन लोग गिरफ्तार

पडरौना। पडरौना कोतवाली के दरोगा राजेश विश्वकर्मा, धर्मदेव चौधरी, रामदरश चौहान, ओमप्रकाश यादव, राहुल खरवार व संगीता यादव आदि ने चोरी की घटना का अनावरण करते हुये चोरी के 7700 रूपये व 5.800 किग्रा अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त व एक महिला को गिरफ्तार की है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पडरौना पुलिस टीम ने चोरी किये गये 7700 रूपये व अवैध 5.800 किग्रा अवैध गांजा के साथ कुल तीन शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गांजा की कीमत बाजार में 1.16 लाख है। पकड़े गये चोरों की पहचान संतोष व नीरज शर्मा निवासी जंगल बेलवा के रूप में हुई है। इनकी साथी एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा की धारा में बढोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

# कप्तानगंज में सभासद गायब, अपहरण क

## दी तहरीर

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कप्तानगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 हरिहरनाथ उत्तरी के सभासद भाजपा नेता बैजनाथ चौहान अपने ससुराल से 22 अगस्त की शाम को रहस्यमय तरीके से गायब हो गए। एक हफ्ते बीत जाने के बावजूद अब तक उनका कहीं पता नहीं चला है। इस मामले में सभासद की पत्नी बबिता देवी ने 26 अगस्त को पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ कप्तानगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंप कर अपहरण की आशंका जताते हुए कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। थानाध्यक्ष कप्तानगंज विनय कुमार सिंह के मुताबिक पुलिस टीम लगाकर सभासद की तलाश करायी जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।



सोमवार को गायब सभासद के घर पर जुटी भीड़। • हिन्दुस्तान

गायब सभासद की पत्नी बबिता साहनी ने पुलिस को बताया कि पति बैजनाथ चौहान 21 अगस्त को हरि कीर्तन का कार्ड पहुंचाने उसके मायके कुशीनगर जनपद के हाटा थाना क्षेत्र स्थित गांव छितौनी देवड़ार पिपरा गए थे। जहां रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन घर के लिए चले मगर घर नहीं पहुंचे और गायब हो गए।

आरोप लगाया है कि पति को गायब करने में कप्तानगंज के भू माफिया गिरोह का हाथ है। तहरीर में उन्होंने आधा दर्जन लोगों का नाम लिखकर उनके विरुद्ध गंभीर आरोप

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** तरयासुजान थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा श्यामलाल निषाद व रवि साहनी ने गैर इरादन हत्या के केस में वांछित चल रहे अभियुक्त विजय निवासी गड़हिया पाठक थाना तरया सुजान को रेलवे स्टेशन तरयासुजान के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को उसे जेल भेज दिया।

# पुलिस ने छह वारंटी को किया गिरफ्तार

**पडरौना।** हाटा कोतवाली के दरोगा चन्द्रभूषण पाण्डेय व उनकी टीम ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में जवाहिर निवासी देवरिया, परवेज निवासी राजेन्द्र नगर, हदीश अंसारी निवासी बलुआ रामपुर, वीरेन्द्र निवासी घोरटप मधवापुर व प्रेम निवासी परसिया कोतवाली हाटा शामिल हैं। इसके अलावा तरयासुजान थाने के दरोगा महेन्द्रनाथ सिंह यादव व अमित यादव ने भी वारंटी रामा यादव निवासी झड़वा थाना तरयासुजान को गिरफ्तार किया है।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** तरयासुजान थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा श्यामलाल निषाद व रवि साहनी ने गैर इरादन हत्या के केस में वांछित चल रहे अभियुक्त विजय निवासी गड़हिया पाठक थाना तरया सुजान को रेलवे स्टेशन तरयासुजान के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को उसे जेल भेज दिया।

# 15 हजार का इनामी गैंगस्टर पकड़ा गया

**पडरौना।** रविन्द्र नगर धूस थाना के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र, दरोगा संतोष कुमार श्रीवास्तव, हिमांशु सिंह, राधेश्याम यादव, अनिल सिंह व विशाल सिंह ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे 15 हजार रुपये के ईनामी जिऊत राम पुत्र महादेव राम निवासी वंशी टोला थाना धनहां जनपद पश्चिम चम्पारण (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया है। पडरौना के छावनी कुबेरस्थान मोड़ के पास उसे तब पकड़ा गया, जब वह कहीं भागने की फिराक में था।

# प्रार्थना सभा की आड़ में चल रहा मतांतरण का खेल



कसया थाना में आरोपितों से पूछताछ करते सीओ कुंदन सिंह • जागरण

जागरण संवाददाता, पढ़ौना/बिहार से सटे व पिछड़े जिलों में शुमार कुशीनगर में प्रार्थना सभा की आड़ में मतांतरण का खेल चल रहा है। देश भर में फैले इस गिरोह के निशाने पर खासकर गरीब व कम पढ़े लिखे लोग हैं। जिन्हें ये लालच देकर आसानी से अपने मकसद को अंजाम दे रहे हैं। सोमवार को कसया इलाके में मतांतरण की सामने आई घटना के बाद यह साफ हो गया है कि इसके तार विदेश से भी जुड़े हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन को जिले भर में आयोजित होने वाले इस तरह के प्रार्थना सभा पर विशेष नजर रखनी होगी। क्योंकि हाल के दिनों में सामने आए ऐसे मामले बता रहे कि गिरोह अपने उद्देश्य में दिन-रात जटा है।



धन्नी पट्टी में ग्रामीणों संग कार्यक्रम करते बाहरी लोग • जागरण

बीते 30 अगस्त को कसया के कुइया दिलीपनगर के टोला धन्नीपट्टी में आरएसएस के संघ चालक चंद्रशेखर सिंह की शिकायत पर सुरेश प्रजापति के घर छापेमारी कर पुलिस ने बड़ी संख्या में धार्मिक पुस्तक आदि बरामद किया था। इन पुस्तकों पर यीशू की तस्वीर बनी थी। पुलिस ने जब छापेमारी की तो घर में 40 लोग मौजूद थे।

फर्जी वीजा देकर भेज दिया था बेरोजगारों को दिल्ली

# विदेश भेजने के नाम पर युवकों से 5 लाख ठगे

**जालसाजी**

**छितौनी, हिन्दुस्तान संवाद।** विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित ट्रैवेल एजेंसी द्वारा बेरोजगार युवकों से लाखों रुपए वसूलने के बाद भी विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा थमा देने का मामला प्रकाश में आया है। ठगी के शिकार युवकों ने हनुमानगंज थाने में तहरीर तो नायब दारोगा ने कसया थाने में तहरीर देने की बात कर लौटा दिया। बेरोजगार युवक तहरीर लेकर कसया थाने पहुंचे तो वहां से उन्हें घटनास्थल वाले हनुमानगंज थाने में तहरीर देने की सलाह देकर लौटा दिया गया।

छितौनी बाईपास के पास एक व्यक्ति की मकान में कुछ दिनों पहले एक ट्रैवेल एजेंसी खोलकर विदेश भेजने का ऑफर दिया गया। विदेश जाकर धन कमाने की चाहत रखने वाले एक दर्जन लोग इनके जाल में फंसे और प्रति व्यक्ति 40 से 50 हजार रुपये की दर से कुल 4.80 लाख रुपया वसूलकर ट्रैवेल एजेंसी संचालक ने सभी को दिल्ली भेज दिया। वहां पता

- **हनुमानगंज थाना क्षेत्र के छितौनी में ट्रैवेल एजेंसी ने एक दर्जन युवकों से की ठगी**
- **दिल्ली से लौटे युवक जब छितौनी में कथिक ट्रैवल एजेंसी पर गए तो वहां ताला बंद मिला**

"हनुमानगंज थाने में केस दर्ज किया जाएगा। पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी। विदेश भेजने के नाम पर भोले भाले लोगों को ठगने वालों के खिलाफ पुलिस अभियान चला रही है। ऐसे ठगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

–संदीप वर्मा, सीओ खड्डा

चला कि इन्हें ट्रैवेल एजेंट ने जो वीजा दिया था, वह फर्जी था। दिल्ली से निराश होकर लौटे युवक जब छितौनी में कथित ट्रैवल एजेंसी पर गए तो वहां ताला बंद मिला। मकान मालिक ने बताया कि एजेंसी चलाने वाले ताला बंद कर फरार हो गए हैं।

ठगी के शिकार हनुमानगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले सत्येंद्र कुमार पांडेय, विजय कुशवाहा, इम्तियाज अली, प्रतिभानाथ कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, संतोष गुप्ता, चंद्रशेखर कुशवाहा, मुकेश कुमार, शिव शंकर शर्मा, राधेश्याम शर्मा, राजेश कुमार ने बताया कि छितौनी बाईपास पर एक व्यक्ति की मकान में कसया थाने के नारायणपुर, अहिरौली बाजार व कसया नगर पालिका के दीनदयाल नगर वार्ड के निवासी तीन लोगों तथा नगर पंचायत छितौनी निवासी एक व्यक्ति ने मिलकर ट्रैवेल एजेंसी खोली थी। चारों ने मिलकर उन सभी के 4.80 लाख रुपये ठग लिए हैं। ट्रैवेल एजेंसी बंद कर सभी भाग गए हैं।

पीड़ित सत्येंद्र कुमार पांडेय व उसके साथियों ने बताया कि हनुमानगंज पुलिस कसया थाने में तहरीर देने की बात कह रही है, जबकि कसया पुलिस जहां की घटना है वहां तहरीर देने की बात कह रही है। इस संबंध में हनुमानगंज एसओ अजय पटेल का कहना है कि ट्रैवल एजेंसी के मकान मालिक ने भी तहरीर दी है, जिसके खाते में चार लोगों ने पैसा भेजा था।

# गंडक नहर में छलांग लगाई युवतियों का दूसरे दिन भी नहीं लगा पता

जागरण संवाददाता, बभनौली: सेवरही के बनरहां रेगुलेटर के समीप रविवार को एक-दूसरे का हाथ पकड़ गंडक नहर में छलांग लगाने वाली दोनों युवतियों का दूसरे दिन सोमवार को भी पता नहीं लग सका। एसडीआरएफ टीम के साथ गोताखोर सुबह से देर शाम तक तलाश में लगे रहे पर सफलता नहीं मिली। इधर घटना को लेकर इलाके में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ की छह सदस्यीय टीम सुबह से ही युवतियों की तलाश में जुट गई। कांटेदार जाल व रस्सी के सहारे टीम के सदस्य जगह-जगह युवतियों की तलाश की। टीम की मदद के लिए प्रशासन ने गोताखोर लगा रखा है। बता दें कि बनरहा रेगुलेटर से सटे रकबा दुलमापट्टी के टोला भगवानपुर के समीप कुछ महिलाएं खेत में चारा काट रहीं थीं। इस बीच तमकुहीराज की तरफ से पैदल आईं दो युवतियां एक-दूसरे का हाथ पकड़ पुल से गंडक नहर में छलांग लगा दीं। महिलाओं का शोर सुनकर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। कुछ ही देर में पुलिस, राजस्व टीम आ गई। पुल पर मिले चप्पल व दुपट्टे को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। इसके आधार पर युवतियों की पहचान तरयासुजान के जमसेड़िया निवासी के रूप में हुई। थाने में दोनों की गुमशुदगी दर्ज है। बताया जा रहा कि दोनों ही युवतियों का गांव के ही एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। दोनों को जब इसकी जानकारी हुई तो दोनों का आपस में झगड़ा हुआ। फिर दोनों ने फोन कर युवक को गांव के बाहर बुलाया। कहासुनी के बाद घर गए युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। वहीं युवतियों ने गंडक नहर में छलांग लगा दी।

# एक वर्ष से फरार चल रहा 15 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, पडरौना: रवींद्रनगर धूस पुलिस ने सोमवार को छावनी मोहल्ले से गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। वह एक वर्ष से फरार चल रहा था। उसकी पहचान जिउत राम निवासी वंशी टोला थाना धनहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र शाम को वाहन चेकिंग कर रहे थे।

सूचना मिली कि एक वर्ष से फरार चल रहा गैंगस्टर पडरौना कोतवाली के छावनी मोहल्ले के समीप मौजूद है। पुलिस टीम ने छावनी मोहल्ला स्थित कुबेरस्थान मोड़ पर पहुंच फरार चल रहे गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए शातिर के विरुद्ध पडरौना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा पंजीकृत है। रवींद्रनगर धूस में इसके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस को बीते एक वर्ष से इसकी तलाश चल रही थी।



रवींद्र नगर थाना में पकड़ा गया 15 हजार के इनामी के साथ खड़ी पुलिस • जागरण

अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में दारोगा संतोष कुमार श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# मादक पदार्थ का तस्कर के यहां कुर्की का नोटिस चस्पा

**जागरण संवाददाता,मंसाछापर**: फरार चल रहे बिहार निवासी मादक पदार्थ तस्कर के घर की कुर्की होगी। न्यायालय के आदेश पर पडरौना कोतवाली पुलिस की टीम ने सोमवार को तस्कर के घर पहुंच मुनादी कराई और कुर्की का नोटिस चस्पा किया। पडरौना कोतवाली के बांसी चौकी पर तैनात उप-निरीक्षक देवमुनि सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के भैरोगंज थाने के धरमपुर निवासी ओमप्रकाश सिंह के घर पहुंच जरूरी कार्रवाई की । ओमप्रकाश के विरुद्ध लगभग एक वर्ष पूर्व पडरौना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। था। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि कुर्की नोटिस जारी कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**दो बाइक चोरी: नेबुआ नौरंगिया**: क्षेत्र में अलग-अलग जगहों से सोमवार को दो बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। चोरी की एक घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई है। क्षेत्र के खेमन छपरा के संदीप यादव दोपहर एक बजे सीएचसी कोटवा दवा लेने गए थे। दवा लेकर जब वे अस्पताल से बाहर निकले तो परिसर में खड़ी उनकी बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक का सुराग नहीं मिल सका। अस्पताल से सटे दुकान में लगे सीसी कैमरे में एक युवक बाइक ले जो दिख रहा। दूसरी घटना बेलवा में हुई। बेलवा निवासी शंभू यादव गांव से सटे नहर किनारे हो रहे अंतिम संस्कार में शामिल होने बाइक से गए थे। शाम को जब घाट से लौटे तो नहर की पटरी पर खड़ी बाइक गायब मिली। एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। दोनों घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# शांति पूर्वक मनाएं त्योहार :एसडीएम

जासं, हाटा : कोतवाली परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समेत अन्य त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम हाटा हीरालाल ने कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह, अपराध निरीक्षक संजय शाही, कस्बा चौकी प्रभारी त्रिलोत्मा त्रिपाठी, दारोगा सीवी पांडेय, अजय राव, मुन्ना सिंह, सभासद मनीष कुमार रुगंटा, राजू वर्नवाल, आदि मौजूद रहे।

# चोरी का पर्दाफाश कराने को विधायक को सौंपा ज्ञापन

नेबुआ नौरंगिया : पिपरा बाजार में स्वर्ण व्यवसायी प्रमोद सोनी के डिक्की को तोड़कर शनिवार को बाइक सवार दो टप्पेबाज आभूषण से भरा बैग लेकर फरार हो गए थे। बाजार के व्यवसायियों ने सोमवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल को ज्ञापन सौंप पर्दाफाश कराने की मांग की।

# शराब तस्कर गिरफ्तार

पिपरा बाजार : नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने क्षेत्र के पिपरा बाजार स्थित किसान इंटर कालेज के समीप पडरौना मार्ग पर फरार चल रहे शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान नरसिंह निवासी रामपुर बांगर थाना नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित काफी दिनों से शराब तस्करी में लिप्त था। (जासं)

# शराब के साथ दो गिरफ्तार

रामकोला : इलाके के पपउर के समीप पडरौना मार्ग पर रामकोला पुलिस ने अंग्रेजी शराब व बियर के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान नंद किशोर निवासी जगपकड़ बहरामपुर थाना बगहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार व राजन वार्ड संख्या तीन रामकोला के रूप में हुई।

कस्बे से सटे पपउर गांव के समीप वाहनों की जांच चल रही थी। इस बीच पैदल पडरौना की ओर जा रहे दो युवकों को रोक पुलिसकर्मियों ने उनके बैग की तलाशी ली तो उसमें पांच बोतल अंग्रेजी शराब तथा 30 बोतल बियर बरामद हुई। मामला दर्ज कर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की।

# तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

पडरौना :सेवरही पुलिस ने क्षेत्र के राजपुर बगहा के समीप सोमवार को तमंचा व कारतूस के साथ एक शातिर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान बृजेश यादव निवासी राजपुर बगहा सेवरही के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह शाम को राजपुर बगहा के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। बिहार की ओर से पैदल आए युवक को रोक पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा व कारतूस मिला।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए युवक का अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# गांजा के साथ दो गिरफ्तार

जासं, पडरौना: कोतवाली पुलिस ने सिधुआ रेलवे क्रासिंग के समीप गांजा के साथ महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। तीनों के पास से सात हजार से अधिक रुपये मिले। पूछताछ में तस्करों ने बताया कि ये रुपये चोरी के हैं। पुलिस टीम को सूचना मिली कि मादक पदार्थ के तस्कर सिधुआ बाजार की ओर से नगर की तरफ आ रहे हैं। पुलिस टीम ने सिधुआ रेलवे क्रासिंग के समीप जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस बीच पैदल आ रहे दो युवक व एक महिला को शक के आधार पर रोक तलाशी ली गई तो इनके पास से 5.8 किग्रा गांजा बरामद हुआ। तीनों के पास से 77 सौ रुपये भी मिले। तस्करों की पहचान संतोष व नीरज शर्मा निवासी जंगल बेलवा थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। एसएसआइ राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि तस्करों ने स्वीकारा है कि बरामद रुपये चोरी के हैं। जिसे बीते दिनों नगर स्थित दुकान से चुराया था। अग्रिम कार्रवाई चल रही।

# गायब नाबालिग मिली

जासं, बरवापट्टी : बरवापट्टी क्षेत्र के एक गांव से बीते 14 अगस्त से गायब हुई नाबालिग लड़की हनुमान चौक पर एक लड़के के साथ मिली। इस मामले में पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। लड़की ने पुलिस को बताया कि वह घर से सूरत पहुंची, जहां बस स्टैंड पर रो रही थी कि दूसरे टोला के एक युवक देखा और घर लेकर आया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार सिंह ने बताया कि लड़की का मेडिकल परीक्षण व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# छेड़खानी के आरोपी को चार साल की सश्रम कैद

**फैसला**

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। जिले के निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2014 में एक किशोरी के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश/अनन्य न्यायाधीश विनय कुमार सिंह द्वितीय ने गांव के ही रहने वाले आरोपी गोलू उर्फ गिरजेश को दोषी पाए जाने पर चार साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अर्थदंड की राशि पीड़िता को दी जाएगी। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वादिनी मुकदमा ने थाना निचलौल में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 अक्टूबर-2014 की शाम पांच बजे उसकी नाबालिक पुत्री नित्यक्रिया के लिए गांव के बाहर गई थी।

इसी दौरान गांव के ही रहने वाले आरोपी गोलू उर्फ गिरिजेश ने छेड़खानी का प्रयास किया। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने 10 गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों एवं सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनाई है।

# नेपाल भेजी जा रही 60 बोरी चीनी पकड़ी

बरगदवा, हिसं। सीओ नौतनवा व बरगदवा थाने की टीम ने रविवार की देर शाम नेपाल जा रही 60 बोरी चीनी सहित पिकअप को बरामद किया है। बरामद चीनी और पिकअप को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। सीमावर्ती गांव में हो रही तस्करी की सूचना पर पुलिस रविवार की देर शाम नेपाल बार्डर के चकरार मोड़ के पास से एक पिकअप से 50 किलो की 60 बोरी चीनी को बरामद करते हुए चालक का पकड़ लिया। चालक ने अपना नाम रमेश निवासी किशुनपुर बताया। एसओ दिनेश कुमार ने बताया कि तस्करी के खिलाफ अभियान चलता रहेगा।

# छह दिन बाद घर लौटा अंकित

महराजगंज। धनेवा-धनेई गांव से लापता अंकित त्रिपाठी सोमवार को अपने आप घर आ गया। इसके बाद परिजन अंकित को लेकर पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस ने अंकित से पूछताछ की। धनेवा-धनेई गांव निवासी अंकित गत 22 अगस्त को घर से लापता हो गया था। पुलिस गुमशुदगी की सूचना दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

# एंटी रोमियो टीम ने जांच की

**झनझनपुर।** सोमवार को एंटी रोमियो की टीम ने ग्राम दरहटा स्थित शिव मंदिर, चौक बाजार स्थित गुरु गोरक्षनाथ मंदिर, ठेकी चौराहा, विद्यालय आदि स्थानों पर घूम-घूमकर महिलाओं, लड़कियों की सुरक्षा को लेकर जांच-पड़ताल की। एंटी रोमियो टीम में महिला कांस्टेबल प्रियंका यादव, हेड कांस्टेबल परशुराम, कांस्टेबल राहुल चौधरी, मीना आदि लोग मौजूद रहे।

# टोल प्लाजा पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल




**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** नौतनवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित छपवा टोल प्लाजा से बिना फास्ट टैग वाले वाहनों को एनएचएआई के सिस्टम के अलावा हैंडमशीन से पैसा लेकर रसीद देने का आरोप लगाते हुए एक वीडियो वायरल हुआ है।

हालांकि हिन्दुस्तान इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता। इस मामले में टोल प्लाजा के मैनेजर का कहना है कि हर तरह की रसीद एनएचएआई के सिस्टम से ही दिए जा रहे हैं। वीडियो पुराना और उन लोगों पर दोष मढ़ने के लिए वायरल किया गया हो सकता है।

आरोप है कि छपवा टोल प्लाजा पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा लगाए गए कंप्यूटर सिस्टम के अलावा टोल प्लाजा के जिम्मेदार एक अलग हैंड मशीन से काम कर रहे हैं। इससे टोल प्लाजा से गुजरने वाले बिना फास्ट टैग वाले वाहनों या फिर कोई दिक्कत आने पर संबंधित वाहनों को उक्त मशीन से रसीद जारी की जा रही है। लोगों के अनुसार यह एनएचएआई के वेबसाइट पर अपलोड भी नहीं होता है। इस वीडियो की सोमवार को क्षेत्र में खूब चर्चा रही। छपवा टोला प्लाजा के प्रबंधक विक्रम सिंह ने कहा कि एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर सिस्टम लगा रखा है। किसी भी तरह की रसीद सिस्टम से ही जारी की जाती है। अलग से कोई भी मशीन लगाने की आवश्यकता नहीं है। अलग से हैंड मशीन के वीडियो जो भी वायरल हो रहे होंगे, वह हम पर दोष मढ़ने को लेकर पुराने प्लाजा कर्मियों की साजिश की वजह से हो रहे होंगे। अलग से कोई भी मशीन टोल प्लाजा पर नहीं लगाई गई है। एनएचएआई द्वारा जारी नियमों का पालन किया जा रहा है।

> “ टोल प्लाजा पर अलग से किसी भी तरह की हैंडमशीन लगाने की इजाजत नहीं है। मामला जानकारी में आया है। इस मामले में जांच कर जरूरी कार्रवाई होगी। **-भावेश अग्रवाल**, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया गोरखपुर मंडल

# पत्नी को प्रेमी संग आपत्तिजनक हाल में पकड़ा

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला को उसके प्रेमी के साथ पति ने घर में आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। उसे घर से निकाल दिया। इस मामले में पीड़ित पति ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है कि उसकी पत्नी का अवैध संबंध बगल के गांव के रहने वाले एक सफाई कर्मी से है। वह सफाई कर्मी कई दिनों से उसके घर आता रहा है। उसका आरोप है कि दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ कर जब विरोध किया गया, तो उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि इस मामले की उन्हें जानकारी नहीं है। संबंधित पुलिस कर्मी से जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी।

# सिन्दुरिया क्षेत्र से दो वारंटी दबोचे गए

सिन्दुरिया। सिन्दुरिया एसओ कंचन राय ने उप निरीक्षक मृत्युंजय पाण्डेय, उप निरीक्षक अंजनी कुमार, सिपाही नीरज व पंकज यादव की टीम के साथ दो वारंटियों सुकई व रामकिशोर निवासी बसंतपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# तस्करी का कपड़ा चावल, खाद बरामद

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के जवानों ने गश्त के दौरान दो अलग-अलग स्थानों से कपड़ा, चावल, खाद, साइकिल सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सुपुर्द किया।

सशस्त्र सीमा बल हरदी डाली बीओपी निरीक्षक इंस्पेक्टर रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि खनुआ बीओपी के जवानों ने गश्त के दौरान सूट 60 पीस, साड़ी 17 पीस, काटन कपड़ा 10 थान और तीन साइकिल और एक युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम बलिराम यादव निवासी खनुआ थाना सोनौली बताया। वही दूसरी कार्रवाई हरदीडाली बीओपी के जवानों ने की। गश्त के दौरान मुर्दहिया घाट के पास से यूरिया 11 बोरी, चावल 4 बोरी व दो साइकिल सहित एक आरोपित को पकड़कर पूछताछ किया। जिसमें आरोपित ने अपना नाम अनिल वर्मा निवासी शैलदह उर्फ कवलदह थाना पुरन्दरपुर बताया।

बरामद कपड़ा, चाव

# घर जा रहे युवक पर जानलेवा हमला

धानी बाजार। धानी-बृजमनगंज मार्ग पर स्थित कटहवा पुल के पास बाइक सवार तीन लोगों ने डोढ़घाट निवासी वृजेश मौर्य पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।

इस हमले में वृजेश को काफी चोटें आई है। वृजेश के अनुसार वह प्रतिदिन की तरह रात में 10 बजे धानी बाजार से अपनी दुकान बंद करके वापस घर जा रहा था। इसी दौरान अचानक उस पर हमला हुआ। धानी चौकी प्रभारी मनोज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है। जांच-पड़ताल की जा रही है। जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# छपवा टोल प्लाजा पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल

संवाद न्यूज एजेंसी

नौतनवां। गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24 पर छपवा स्थित टोल प्लाजा बूथ पर ट्रक चालकों से टोल कर्मी द्वारा झोले में रखे हैंडल मशीन से पर्ची काटकर अवैध वसूली करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में टोल प्लाजा प्रबंधक ने तीन कर्मचारियों को निकालने का मामला भी प्रकाश में आया है।

छपवा टोल प्लाजा पर जुलाई माह से मेरठ की कंपनी देवेंद्र कुमार का ठेका है। बताया जा रहा है कि टोल मैनेजर के निर्देशानुसार टोल पर आने वाले वाहनों से अवैध वसूली का खेल चल रहा है। यह वीडियो तब वायरल हुआ, जब टोल प्लाजा से तीन कर्मचारियों को निकाल दिया गया। वायरल वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि एक कर्मी टोल बूथ के बगल में डिवाइडर के बीच बैठकर झोले में

## पूरा टोल प्लाजा परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होते हुए भी हो रही वसूली

रखे हैंडल मशीन से पर्ची काटकर ट्रक चालक को दे रहा है। ट्रक चालकों को मिली पर्ची में 260 रुपये प्रिंट हुआ है। मजे की बात है कि पूरा टोल प्लाजा परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है, उसके बाद भी अवैध वसूली की जा रही है। वाहन चालकों के मुताबिक ओवर लोडिंग दिखाकर जबरन अवैध वसूली की है। जबकि टोल प्लाजा पर वजन करने के लिए कांटा नहीं लगा हुआ है। बड़ी बात तो यह है कि मशीन द्वारा निकाली गई रसीद नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर अपलोड तक नहीं होता अर्थात वसूल की गई धनराशि सीधा ठेकेदार के जेब में जाती है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखने के बाद टोल के ठेकेदारों ने अपने दो कर्मचारियों को

## वे लोग जब हमारी कंपनी में नहीं थे तो निकालेंगे किसे

**छपवा** टोल प्लाजा के मैनेजर विक्रम सिंह ने बताया कि वह पिछले कंपनी के कर्मचारी हैं, जो गलत आरोप लगा रहे हैं। वह लोग जब हमारी कंपनी में नहीं थे तो निकालेंगे किसे। जिन वाहनों का फास्ट टैग नहीं है। उनका पेनल्टी लगाया जाता है, जैसे छोटे वाहन का 35 रुपये है, फास्ट टैग नहीं है तो उसका 70 रुपये होगा। उसी तरह भारी वाहन का 130 रुपये है तो फास्ट टैग नहीं है तो उसका 260 रुपये लगेगा।

तत्काल टोल की गोपनीयता भंग करने का आरोप लगाते हुए हटा दिया। इसके बाद निलंबित कर्मचारी सुफियान अंसारी ने बताया कि हम टोल कर्मचारी हैं, पिछले चार महीना से कार्य कर रहे थे। इस समय देवेंद्र शर्मा का ठेका है, उनके द्वारा बताया जाता था कि हैंडल मशीन से रसीदों को प्रिंट करो तो हमारे द्वारा किया जाता था और यदि हम कार्य करने से मना करते थे तो हमें नौकरी से निकालने की धमकी भी दी जाती थी, जब वीडियो वायरल हुआ तो हम पर आरोप लगाते हुए हमें टोल से निष्कासित कर दिया गया है।

टोल प्लाजा के कर्मचारी दुर्गेश यादव ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से अधिक समय से टोल पर कम कर रहे हैं। इस समय देवेंद्र शर्मा की कंपनी ठेका चला रही है। हमने उनके कहने के अनुसार सुचारू रूप से कार्य किया, इसके बावजूद भी बिना किसी कारण को बताएं हमें नौकरी से निकाल दिया गया है।

ट्रक वाहन चालक संतोष मौर्य ने बताया कि वह अपने गाड़ी में कोयला लादकर नेपाल जा रहे हैं। उनकी गाड़ी को ओवरलोड बता कर टोल कर्मचारियों द्वारा 260 रुपए की जबरिया वसूली की गई है। वहां पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी नहीं लगा है फिर भी मनमाने तौर से पैसा वसूल रहे हैं।

शैलेश यादव ट्रक चालक ने बताया कि वह आजमगढ़ से सामान लाद कर पड़ोसी राष्ट्र नेपाल जा रहे हैं छपवां टोल प्लाजा पर स्थित टोल कर्मियों द्वारा हमारी गाड़ी में ओवरलोड बात कर 260 रुपये की वसूली किए हैं और रसीद भी नहीं दिए हैं। ट्रक चालक मनोज यादव ने बताया कि वह बनारस से गाड़ी लेकर आ रहे हैं और छपवा टोल प्लाजा पर बिना इलेक्ट्रॉनिक कांटा लगाएं हमारी गाड़ी को ओवरलोड बताने लगे इस पर जब हमने बहस किया तो उन्होंने बिल्टी पेपर मांगा इसके आधार पर उन्होंने 50 किलो ज्यादा वजन होने का हवाला देते हुए ओवरलोड का चार्ज 260 रुपये काट दिए हैं।

# साहब बचा लीजिए...प्रेमी संग मिल पत्नी करा देगी हत्या

## निचलौल थाना क्षेत्र में पति ने पुलिस को बताई पीड़ा, घर में प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में मिली थी

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज/निचलौल। निचलौल क्षेत्र के एक गांव में महिला अपने प्रेमी सफाई कर्मी के साथ घर के अंदर आपत्तिजनक हालत में थी। इसी बीच उसका पति पहुंच गया। पति घर के अंदर कमरे में आपत्तिजनक हालात में देखकर सन्न गया।

पत्नी के इस कारनामे का पति ने विरोध किया तो प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने उसकी पिटाई कर दी। पति को जान से मरवाने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। इस मामले में पीड़ित पति ने पुलिस से शिकायत कर कहा है कि साहब बचा लीजिए...पत्नी प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या करा देगी।

पीड़ित ने पुलिस से बताया कि पत्नी का प्रेम संबंध बगल के गांव के रहने वाले एक सफाई कर्मी से है। सफाई कर्मी कई दिनों से घर आकर पत्नी के साथ रहता था। पत्नी और उसके प्रेमी को रंगे हाथ पकड़कर विरोध किया तो पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पिटाई कर दी।

पत्नी प्रेमी के साथ मिलकर जान से मरवाने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। ऐसे में वह पत्नी और उसके प्रेमी की धमकी से डरा हुआ है। निचलौल थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**पत्नी की नौकरी लगवाने में सफाई कर्मी ने की थी मदद :** पीड़ित पति का कहना है कि करीब 12 वर्ष पहले सहायिका की भर्ती निकली थी।

इसी बीच बगल गांव के रहने वाले एक सफाई कर्मी से उसका संपर्क हो गया। उस दौरान सफाई कर्मी का विभाग के कार्यालय में कर्मचारियों से जान पहचान थी। पत्नी को सहायिका के पद पर नौकरी लगवाने के लिए सफाई कर्मी को 40 हजार रुपये दिए थे।

पत्नी की नौकरी तो लग गई, लेकिन सफाई कर्मी ने पत्नी का पीछा नहीं छोड़ा। सफाई कर्मी दो वर्षों तक घर आता जाता रहा।

### विरोध किया तो आक्रोशित हो उठी, पति की पिटाई भी की

### नौकरी लगवाने के लिए सफाईकर्मी को दिए थे 40 हजार रुपये

### पहले भी सामने आए हैं मामले

- एक जून को निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव में दो बच्चों की मां पर प्यार का इस कदर परवान चढ़ा कि बहुओं और पति के सामने प्रेमी के साथ फरार हो गई। मामले में महिला का पति जब युवक के परिजनों से उलाहना देने पहुंचा तो युवक के मनबढ़ परिजनों ने आक्रोशित होकर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित पति ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की थी।
- तीन जनवरी को निचलौल शहर के मुहल्ले की महिला दो बच्चों को लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। वहीं महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने दोनों बच्चे सहित महिला और उसके प्रेमी को महराजगंज से खोज निकाला। उसके बाद थाने लाई। जहां महिला बच्चों को लेकर प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही।
- 28 अप्रैल को निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत नेपाल बॉर्डर के निकट एक गांव में आधी रात को एक नवविवाहिता मायके के रहने वाले प्रेमी के साथ कमरे में मिली थी। उसके बाद परिजनों ने इसकी जानकारी डायल 112 पुलिस को दी थी। यह भी मामला थाने तक पहुंचा था।

# दो बच्चों का अपहरण कर बेहोशी की हालत में सड़क किनारे फेंका

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। नौतनवां थाना क्षेत्र के भैसहिया पाठक चौराहे पर टहल रहे दो बच्चों का रविवार देर शाम अपहरण हो गया। उन्हे बेहोशी की हालत में नई कोट में सड़क किनारे फेंक दिया गया। होश में आने पर दोनों किसी तरह घर पहुंचे और पूरी घटना बताई। थाने में तहरीर दी जा चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कथित रूप से पति-पत्नी के विवाद का मामला सामने आ रहा है।

जानकारी के अनुसार, रविवार शाम भैसहिया पाठक चौराहे के पास सड़क पर टहल रहे अदनान (12) और आफताब (13) का कार सवारों ने अपहरण कर लिया। कार में दोनों ने चिल्लाना शुरू किया तो उन्हें नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। कार में लेकर अपहरण करने वाले घूमते रहे।

इधर, घरवाले परेशान हो गए कि बच्चे कहां हैं। देर रात दोनों गजरही रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचे तो लोगों को पूरी कहानी बताई। लोगों ने बच्चों के घरवालों को जानकारी दी तो मौके पर घरवाले पहुंचे। पुलिस ने अदनान के मामा सहजाद को सुपुर्द कर दिया। सोमवार को अदनान की नानी रेहाना खातून ने एक रिश्तेदार समेत चार लोगों के खिलाफ नौतनवां थाने में तहरीर दी। रेहाना खातून ने तहरीर दी है कि उनका घर अड्डा रोड पेट्रोल पंप के सामने है।

रविवार शाम उनकी बेटी का पुत्र (नाती) अदनान और कोनघुसरी निवासी आफताब (12) भैसहिया चौराहा की ओर टहलने गए थे। जहां पहले से चार-पांच लोग चारपहिया वाहन लेकर खड़े थे। उनके नाती अदनान को उन सभी ने खींचकर गाड़ी में बैठा लिया।

### खींचकर गाड़ी में बैठाया, चिल्लाने पर दोनों को नशीला पदार्थ सुंघाकर किया बेहोश

आफताब चिल्लाने लगा तो उसे भी खींचकर बैठा लिया। गाड़ी लेकर नई कोट के आसपास पहुंचे तो आरोपी दोनों को मारने-पीटने लगे। बच्चों को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोशी की हालत में गाड़ी से नीचे फेंक दिया। जब दोनों को होश आया तो देर रात गजरही रेलवे ढाले तक पहुंच पाए। बच्चों को रोते देखकर लोग उनके पास पहुंचे। मौजूद लोगों ने पुलिस और उनके बेटे सहजाद को सूचना दी। रेहाना के अनुसार अपहरणकर्ता में एक उनका रिश्तेदार है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

अड्डा चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर लेकर परिजन थाने आए हैं। पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने बताया कि यह आपसी रिश्ते का मामला है। दोनों पक्षों को बातचीत के लिए बुलाया गया है। अभी एक पक्ष की बात सुनी गई।

# छेड़छाड़ के अभियुक्त को चार साल कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** छेड़छाड़ समेत मारपीट के मामले में निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव के अभियुक्त को न्यायालय ने चार साल कारावास की सजा दी है। विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय पॉक्सो अधिनियम ने यह सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी विजय नरायन सिंह ने बताया कि 16 नवंबर 2014 को केस दर्ज हुआ था। किशोरी को युवक ने छेड़छाड़ करने के साथ ही मारापीटा था। मामले में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद से न्यायालय ने सभी तथ्यों पर गौर करते हुए यह सजा दी है।

## छेड़खानी के आरोपी पर केस दर्ज

**अड्डा बाजार।** नौतनवां थाना क्षेत्र के एक गांव में नौ वर्षीय बालिका के साथ छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया है। तीन दिन बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ के दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। बताया कि 25 अगस्त को दोपहर बाद लगभग तीन बजे युवक ने बालिका को मोबाइल दिखाने के बहाने घर बुलाया। मोबाइल दिखाने के साथ ही उसके साथ अश्लील हरकत की। 27 अगस्त को बालिका के पिता ने तहरीर दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। नौतनवां थानाध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को उसे उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# विधायक की छवि धूमिल करने का केस

**सिसवा बाजार।** सिसवा में विधायक के 80 दिनों से लापता होने का पोस्टर चस्पा करने के मामले में सोमवार को दो आरोपियों के खिलाफ नामजद केस पंजीकृत पुलिस तलाश में जुट गई है।

सिसवा में विधायक प्रेमसागर पटेल के खिलाफ गुमशुदगी का पोस्टर चस्पा किया गया था। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता अरुण पटेल की तहरीर पर कस्बे के वार्ड नंबर तीन सुभाष नगर निवासी राकेश कुमार व अमित चौधरी पर विधायक की छवि खराब करने सहित कई अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। अमित चौधरी का चालान कर दिया गया है। जबकि राकेश कुमार की तलाश जारी है। संवाद

# नेपाल भेजी जा रही 60 बोरी चीनी सहित पिकअप बरामद

## बरामद चीनी और पिकअप को कार्रवाई के लिए कस्टम को सौंपा गया

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। बरगदवा थाने की टीम रविवार देर रात नेपाल जा रही 60 बोरी चीनी सहित पिकअप बरामद किया है। बरामद चीनी और पिकअप को कार्रवाई के लिए कस्टम को सौंप दिया गया।

सीमावर्ती गांव में हो रही तस्करी की सूचना पर पुलिस रविवार देर रात नेपाल बॉर्डर के चकरार मोड़ के पास से पहुंची। एक पिकअप से 50 किलो की 60 बोरी चीनी के साथ को चालक को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में चालक अपना नाम रमेश निवासी किशुनपुर थाना कोतवाली ठूठीबारी बताया। बरगदवा पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया। बरामद सामान को बरगदवा पुलिस ने कस्टम विभाग ठूठीबारी भेज दिया है।

थानाध्यक्ष बरगदवा दिनेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है। तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है।

# 18 लोगों का चालान

**महराजगंज।** शांतिभंग की आशंका में विभिन्न थानों से 18 व्यक्तियों को चालान किया गया। सीआरपीसी में 30 व्यक्ति को जमानत मुचलके से पाबंद कराया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# 51 वाहनों का चालान

**महराजगंज।** जिले के थाना क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। जांच के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाए, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय, यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 51 वाहनों का चालान किया गया। संवाद

# अवैध शराब बरामद, दो युवक गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के टिकुलहिया और बैठवलिया गांव में आबकारी टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

उसके बाद टीम बरामद शराब को जब्त कर गिरफ्तार दोनों युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया। आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव ने बताया कि टिकुलहिया गांव में अवैध तरीके से शराब बेचने की सूचना पर छापा मारकर 28 शीशी देशी शराब बरामद किया गया।

वहीं मौके से आरोपी आशीष यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसी क्रम में बैठवलिया गांव में छापा मारकर अवैध तरीके से बेची जा रही 25 शीशी देशी शराब बरामद की गई। जबकि मौके से आरोपी रजवंत मद्धेशिया उर्फ कुम्मन गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया।

# टोल प्लाजा कर्मियों पर फर्जी बिल देने का आरोप

- टोलकर्मी एनएचआइ नहीं देते हैं पक्का बिल
- ओवरलोडिंग के नाम पर ट्रकों से हो रही वसूली

जासं, नौतनवा : गोरखपुर – सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के छपवा टोल प्लाजा पर ट्रक चालकों से अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें फर्जी बिल देकर राजस्व को क्षति पहुंचाने की बात सामने आई है। अधिकतर ट्रक चालक अन्य प्रदेश के होने की वजह से टोल कर्मियों से उलझना नहीं चाहते हैं। जिससे उनकी मनमानी बढ़ गई है।

बिहार, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, सूरत, कानपुर, सोनपुर से घरेलू उपयोग के सामान, कोयला, मशीनरी आदि सामग्री लेकर ट्रक नेपाल जाते हैं। चालक सुखविंदर सिंह, जोगिंदर, रहमान, मलिक, कुड़ाल, सतनाम, रियाजुद्दीन ने बताया कि उनके वाहन में फास्ट टैग नहीं है। इसलिए नियम के अनुसार दोगुना भुगतान करते हैं। टोल कर्मी एनएचआइ का पक्का बिल नहीं देकर फर्जी बिल काटते हैं।




गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित छपवा टोल प्लाजा • जागरण

जिससे उनका धन एनएचआइ के खाते में जाने के बजाय टोल प्लाजा कर्मियों की जेब में जा रहा है। जबकि इस टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग टैक्स काटने का प्रविधान नहीं है। विरोध करने पर टोलकर्मी अभद्र व्यवहार करते हैं। चालकों ने कहा कि वह लोग दर्जनों प्लाजा से होकर गुजरते हैं, लेकिन छपवा टोल पर ही उनको दिक्कत उठानी पड़ती है। टोल प्लाजा प्रबंधक विक्रम सिंह ने कहा कि आरोप निराधार है, यहां कोई फर्जी बिल नहीं काटा जाता है। सीओ आभा सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक की छवि धूमिल करने के आरोप में दो पर मुकदमा

**जासं, कोठीभार**: सिसवा विधायक प्रेम सागर पटेल की छवि धूमिल करने के आरोप में कोठीभार पुलिस ने सिसवा कस्बा निवासी दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में सोमवार की दोपहर में वार्ड नंबर तीन सुभाष नगर निवासी एक आरोपित अमित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई भाजपा कार्यकर्ता अरुण पटेल की तहरीर पर की गई है।

रविवार को कुछ लोगों ने सिसवा विधायक प्रेम सागर पटेल की छवि धूमिल करने का प्रयास किया था। इसकी जानकारी जैसे ही विधायक के समर्थकों को हुई तो वे आंदोलित हो उठे। भाजपा कार्यकर्ता अरुण पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की थी।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय ने बताया कि अरुण पटेल की तहरीर पर सिसवा कस्बे के वार्ड नंबर तीन सुभाष नगर निवासी राकेश कुमार व अमित चौधरी के विरुद्ध मानहानि, अपमानित करने और आपराधिक धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक आरोपित अमित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की गई है।

# बालिका से छेड़छानी के मामले में चार वर्ष का कारावास

**जासं, महराजगंज :** नौ वर्ष पूर्व निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच के लिए घर से बाहर गई बालिका से छेड़छानी के मामले में अपर सत्र विशेष न्यायाधीश विनय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपित गोलू उर्फ गिरजेश को दोषी सिद्ध पाया है। अभियुक्त को कोर्ट ने चार वर्ष का कारावास और दो हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां ने 27 अक्टूबर 2014 को मुकदमा दर्ज कराया था, कि गांव के ही गोलू उर्फ गिरजेश ने शौच के लिए गई उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोपित के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने 10 गवाहों को प्रस्तुत कर सजा की मांग की।

न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूत के आधार पर सजा सुनाई गई है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# नपं अध्यक्ष पर मुकदमे की जांच सीओ ने की शुरू

जागरण संवाददाता, रुधौली, बस्ती : रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक अनुसूचित जाति की 35 वर्षीय महिला द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष रुधौली धीरसेन निषाद पर दुष्कर्म करने और गर्भधारण होने की स्थिति पर अध्यक्ष के सहयोगी माया पाठक द्वारा जबरन दवा खिलाने के मामले में दर्ज मुकदमे की जांच सीओ रुधौली ने शुरू कर दी है। पीड़िता ने रविवार को रुधौली थाने पर दिए तहरीर में नगर पंचायत अध्यक्ष पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी थी। उसका आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया। कभी गोशाला रुधौली तो कभी अपने कार्यालय के बगल वाले कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। हालांकि धीरसेन ने आरोपों को एक सिरे से खारिज कर इसे राजनीतिक साजिश बताया है।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि 27 अगस्त को एक महिला ने रुधौली थाने पर पहुंचकर तहरीर दिया था। उसके आधार पर थाने में दुष्कर्म के साथ ही साजिश रचने और अनुसूचित जाति उत्पीड़न निवारण एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। विवेचना सीओ रुधौली प्रीती खरवार ने शुरू कर दी है। पीड़िता को मेडिकल चेकअप कराने के लिए भेजा गया है। उसका कोर्ट में बयान कराकर एवं साक्ष्य संकलन का कार्य पूर्ण कर अन्य कार्रवाई की जाएगी।

- नगर पंचायत अध्यक्ष के सहयोगी पर भी दर्ज हुआ मुकदमा
- साजिश और एससीएसटी एक्ट की भी धारा जोड़ी गई

## पीड़िता से मिलने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष

रुधौली, बस्ती : रुधौली नगर पंचायत अध्यक्ष पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला से सोमवार को देरशाम जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने मुलाकात किया। उसे हरसंभव कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिपं अध्यक्ष ने कहा कि यदि नगर पंचायत अध्यक्ष इसमें दोषी हैं तो सजा जरूर मिलेगी।

# संविलियन विद्यालय में लगा शिक्षा चौपाल

महादेवा, बस्ती : बनकटी के न्याय पंचायत डीहीखोर में संविलियन विद्यालय मुरादपुर के परिसर में खंड शिक्षा अधिकारी अरुण यादव की अगुवाई में शिक्षा चौपाल आयोजित किया गया। बीईओ परिषदीय शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए सरकार के कल्याणकारी शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी दी। चौपाल में राजमंगल सिंह, अच्छे लाल यादव, सोनू पाल, जितेंद्र कुमार, रवि प्रताप सिंह, शबाना खातून मौजूद रहे।

# घर में घुसकर मारा पीटा मुकदमा दर्ज

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के मुरलीजोत मोहल्ला निवासी सना फातिमा पत्नी मोहम्मद हनीफ ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि रविवार को कुछ लोग एक राय होकर उनके घर में घुस गए और मारने पीटने लगे। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। बचाने आए उसके पति मो. हनीफ को भी आरोपितों ने मिलकर मारा पीटा घटना में उन्हें और उनके पति काफी चोटें आईं। आरोपितों ने घर का कीमती सामान भी तोड़ डाला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अब्दुल हफीज, अब्दुल मजीद, रमजान, शहबान निवासी गण हथियागढ फलमंडी के पीछे थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# वन विभाग के तीन दिन की कांबिंग के बाद भी नहीं मिला हिंसक जानवर

**ग्रामीणों को शक है कि तेंदुए के हमले से हुई है मनौव्वर की मौत**

**सघन सर्च अभियान में नहीं मिली सफलता,क्षेत्र में दहशत बरकरार**

जासं, बभनान, बस्ती : गौर थानाक्षेत्र के मेहदिया रामदत्त गांव के जिस मनौव्वर की मौत का कयास जंगली जानवर के हमले से लगाया जा रहा है, आखिर उस जंगली जानवर को जमीन निगल गई या आसमान खा गया। वन विभाग के तीन दिन चले सघन सर्च अभियान में जंगली जानवर के पकड़ने की बात कौन कहे, टीम को उसकी परछाई तक नहीं दिखी। अब सर्च अभियान भी रोक दिया गया है।

रामनगर रेंज की रेंजर सोनल वर्मा ने बताया कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद चौथे दिन सोमवार को वन विभाग ने सघन सर्च अभियान रोक कर, जंगली जानवर पर नजर रखने की जिम्मेदारी उस क्षेत्र के वन दरोगा, वनरक्षक व वाचरों को सौंप दी है। यदि उन्हें जंगली जानवर के कहीं देखे जाने या मौजूदगी का कोई संकेत मिलता है तो पुनः सर्च अभियान शुरू किया जाएगा। वहीं डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य ने बताया कि यदि शव का पोस्टमार्टम कराया गया होता तो यह पता चल जाता कि आखिर दिवंगत की मौत कैसे हुई। अगर मान लिया जाए कि उसकी मौत जंगली जानवर के हमले से हुई तो यह पता चल जाता कि वह कौन सा जंगली जानवर था, जिसके हमले से बुजुर्ग मनौव्वर की मौत हो गई। तीन दिन चले सर्च अभियान में न तो कोई हिंसक जंगली जानवर पाया गया और न ही उसके मौजूद होने के कोई संकेत मिले। यदि हिंसक जंगली जानवर की मौजूदगी होती तो निश्चित रूप से वह किसी न किसी पशु-पक्षी को अभी तक अपना आहार बन चुका होता। सघन सर्च अभियान के तहत अभी तक ऐसा कुछ नहीं देखने को मिला। ग्रामीणों को अभी भी शक है कि मनौव्वर की मौत तेंदुए के हमले में हुई है। इससे गांव में दहशत है।

यह था घटनाक्रमः गौर थाना क्षेत्र के मेहदिया रामदत्त गांव निवासी 60 वर्षीय मनौव्वर हुसैन पुत्र लाल मोहम्मद हुसैन शुक्रवार की दोपहर करीब 12:30 बजे पैदल ही छाता लेकर मेहंदिया खड्ग बहादुर शाही गांव स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे थे।आशंका जताई जा रही थी कि किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर मार डाला। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व टिनिच क्षेत्र के एक गांव के आसपास तेंदुआ दिखाई पड़ा था। ग्रामीण आशंका जता रहे हैं कि तेंदुए ने ही मनौव्वर पर हमला कर उनकी जान ले ली।

# युवक की हत्या के मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग

जागरण संवाददाता, बस्तीः भारतीय कुर्मी महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को मण्डल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी से मिले। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उन्हें सौंपा। मांग किया कि लखीमपुर में रवि वर्मा की गई निर्मम हत्या के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर परिजनों को न्याय दिलाया जाए।

चार सूत्री ज्ञापन में कहा है कि लखीमपुर में गांव के ही राजनीतिक संरक्षण प्राप्त मनबढ़ रवि वर्मा उर्फ रिंकू वर्मा को दिनदहाड़े उसके घर से बुलाकर पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी। प्रदेश की कानून व्यवस्था प्रतिदिन तार- तार हो रही है। इसी प्रकार 5 अगस्त को हाटा कुशीनगर में मनबढ़ों ने इं. कमलेश पटेल की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी।

कुर्मी महासभा जिलाध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने कहा कि यदि महासभा की मांग पूरी नहीं की गई तो भारतीय कुर्मी महासभा पीड़ित परिजन को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। आरके सिंह पटेल, अरविंद कुमार चौधरी, अशोक कुमार वर्मा, अजय चौधरी, रजत चौधरी, रामवृक्ष, अरुणेंद्र पटेल सहित अन्य मौजूद रहे। विज्ञप्ति

# अवैध तमंचा व बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

जासं,वभनान, वस्ती: एसओजी व गौर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक युवक को अवैध तमंचा व बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पांडेय व एसओजी प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह अपने-अपने टीमों के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच सूचना मिली की एक युवक बाइक व अवैध तमंचा के साथ गौर थाना क्षेत्र के केसरई गांव के राजा के बगिया के समीप मौजूद है।। गौर पुलिस व एसओजी की टीम ने मौके पर पहुंच कर युवक को पकड़ लिया। उसकी पहचान अमित प्रताप चौधरी पुत्र रंजीत निवासी केसरई, पुरवा अकलेवा, थाना गौर, बस्ती बताया। आरोपित के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# नहर में नग्न अवस्था में मिला बुजुर्ग का शव

- रुधौली थाना क्षेत्र के आमा गांव के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस
- नहीं हो सकी शव की शिनाख्त छानबीन में जुटी पुलिस

जासं, रुधौली, वस्तीः थाना क्षेत्र के आमा गांव के पास गुजरी सरयू नहर में एक बुजुर्ग का शव पानी में मिला। शव नग्न अवस्था में था। स्थानीय लोगों की इसकी सूचना रुधौली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली।

सोमवार को दिन में 12 बजे के करीब नहर के पानी में लगभग 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव ग्रामीणों ने देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों व चौकीदार की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवा कर शिनाख्त करवाने की कोशिश की, लेकिन कोई दिवंगत की शिनाख्त नहीं कर पाया। नग्न अवस्था में शव मिलने पर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। लोगों को लगता है कि बुजुर्ग का शव कहीं से बहकर वहां पहुंचा था। प्रभारी थानाध्यक्ष रामानंद सिंह, विशुनपुरवा चौकी प्रभारी सर्वेश कुमार के साथ ही विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के बाद साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की। प्रभारी थानाध्यक्ष के अनुसार दिवंगत के शरीर पर कहीं भी कोई चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों व इंटरनेट मीडिया की भी मदद ली जा रही है। बहरहाल मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



रआमा गांव के पास नहर में मिले शव का शिनाख्त कराने का प्रयास करती पुलिस जागरण

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# ट्रेन में छिपाकर अंग्रेजी शराब ले जा रहे तीन कोच अटेंडेट गिरफ्तार

**जासं, बस्ती :** लखनऊ- छपरा कचहरी एक्सप्रेस में छिपाकर अंग्रेजी शराब बिहार ले जा रहे तीन कोच अटेंडेंट गिरफ्तार किए गए हैं। उनके पास से छोटी-बड़ी 159 बोतल शराब बरामद हुई। जीआरपी बस्ती ने रविवार की देर रात उनकी गिरफ्तारी की। तीनों बिहार के हैं। शराब की कीमत 70 हजार रुपये बताई गई है।

जीआरपी को छपरा कचहरी-लखनऊ एक्सप्रेस में कोच अटेंडेंट के अंग्रेजी शराब लेकर जाने की सूचना मिली थी। देर रात रात लगभग ढाई बजे ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंची, जीआरपी की टीम ने बी वन व बी टू कोच से तीनों अटेंडेंट को पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर कोच में छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब बरामद की गई। आरोपितों ने बताया कि पहले भी वह शराब लेकर बिहार जा चुके हैं। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपित संजय कुमार गुप्ता बिहार के मुजफ्फरपुर के छोटे कल्याणी गांव (थाना मिट्ठनपुरा), लक्ष्मण राम छपरा के बाजीतपुर तुर्कवलिया (थाना मुफ्फसिल) और सुनील कुमार राय छपरा के सोनपुर थाना क्षेत्र के बहुराही गांव के रहने वाले हैं।





सावन के अंतिम सोमवार को भदेश्वनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक करते श्रद्धालु(बाएं)। बाबा गोकुलेशवर नाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक कर पूजन करते श्रद्धालु। •हिन्दुस्तान

## भदेश्वरनाथ शिव मंदिर समेत जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

# अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़ी आस्था

**श्रावण मास**

बस्ती, निज संवाददाता। सावन के अंतिम सोमवार को जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी। भोर से ही शिवालयों में हरहर महादेव का उद्घोष गूंजना शुरू हो गया था।

श्रद्धालुओं की सर्वाधिक भीड़ बाबा भदेश्वरनाथ शिवमंदिर में दिखी। यहां आस्था का सैलाब दिखा। भोर से दोपहर तक जलाभिषेक का कार्यक्रम चलता रहा। रात में ही शिवभक्त मंदिर परिसर में पहुंच गए थे। मंदिर का कपाट खुलते ही यहां घंट-घड़ियाल बजने शुरू हो गए थे। ओम नमः शिवाय के उद्घोष के बीच शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

कंपनीबाग शिवमंदिर में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्त उमड़े थे। धूप-बत्ती व फूल, बेलपत्र के साथ जलाभिषेक किया। तिलकपुर स्थित बाबा जागेश्वरनाथ शिवमंदिर में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सुबह से मंदिरों में ओम नमः शिवाय गूंज रहा था। इसके अलावा बरवा धाम, कड़र शिवमंदिर, देवरिया, भानपुर, रुधौली व कप्तानगंज क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों ने जलाभिषेक किया। शिव मंदिरों में मेला जैसा दृश्य दिखा। रुधौली क्षेत्र के गिरिनागधाम रावठ में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। अमोढ़ा के सिद्धपीठ झारखंडी शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। बनकटी क्षेत्र के बेहिलनाथ में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

**हर्रैया क्षेत्र के शिवमंदिरों में हुआ पूजन-अर्चन:** हर्रैया। श्रावण मास अंतिम सोमवार को क्षेत्रीय शिवालयों पर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किया। अनुष्ठान के साथ आरती पूजन हुआ। क्षेत्र के रानीगांव में स्थित मनोरमा नदी के किनारे पौराणिक भगवान गोकुलेश्वर नाथ शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

ब्लॉक प्रमुख विक्रमजीत कृष्ण कुमार सिंह उर्फ केके सिंह ने भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक के साथ बेलपत्र, फूल, धतूरा, भांग, दूध, शहद, चंदन अर्पण कर पूजन किया। मंदिर परिसर मे रुद्राभिषेक करने वाले शिव भक्त भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिये अनुष्ठान मे जुटे रहे। मंदिर परिसर में भगवान शिव, गणेश, नंदी, माता पार्वती सहित अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना हुई। सावन के अंतिम सोमवार के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में रही। थान्हाखास में थानेश्वर नाथ शिव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। कोहले, अटवा, एकडंगी, किशुनपुर, बड़ेरिया कुंवर, अटवा, बरहपुर कुंवर, डुभराबोधी, मुरादीपुर, हरिवंशपुर, रमवापुर, करमडाड, महेवा कुंवर सहित अन्य गांवों के श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

**भारीनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने किया रूद्राभिषेक:** दुबौला। सावन माह के आठवें एवं अन्तिम सोमवार को शिव भक्तों ने शिवालयों पर पहुंच कर भगवान शिव की पूजा अर्चना व जलाभिषेक किया। क्षेत्र के बाबा भारीनाथ शिव मंदिर पर भक्तों ने दूध, दही, घी, बेलपत्र, दूर्वा, फल, फूल आदि से भोलेनाथ की पूजा की। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने रूद्राभिषेक भी कराया। अन्तिम सोमवार के चलते मंदिर परिसर में कई स्थानों पर भण्डारे का आयोजन हुआ।

### अयोध्या से जल लेकर बरवां धाम को लौटे श्रद्धालु

बरवां धाम शिवमंदिर क्षेत्र के श्रद्धालु सोमवार को अयोध्या से जल लेकर लौटे। शाम को भक्तिगीतों के साथ उनका कारवां बस्ती शहर में पहुंचा। यह श्रद्धालु बरवां धाम स्थित भगवान शिव का जलाभिषक करते हैं। अयोध्या से लौटे श्रद्धालुओं का काफिला शहर से गुजरा तो शहर का माहौल भक्तिमय हो गया।



अयोध्या से सरयू नदी का पवित्र जल लेकर बरवां धाम को लौट रहे कांवड़िए।

# व्यापारी को फोन कर मांगी तीन लाख की रंगदारी

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के पुरानी बस्ती थाने के पांडेय बाजार चौक निवासी इलेक्ट्रानिक्स व्यवसाई नीरज कुमार गुप्ता से तीन लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। अलग-अलग नंबरों से फोन करने वाला रूपये न देने पर अंजाम भुगतने को धमकी दे रहा है। थानेदार महेश सिंह ने बताया कि रंगदारी मांगने का केस अज्ञात के खिलाफ दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

व्यापारी नीरज गुप्ता विहिंप गोरक्ष प्रांत बस्ती इकाई के जिला धर्म प्रसार प्रमुख भी हैं। उन्होंने तहरीर में बताया है कि उन्हें पहला फोन 12 जुलाई को रात करीब 10 बजे आया था। रात 12 बजे के बीच चार-पांच नंबरों से कई बार फोन आया। जिसमें 50 लाख रुपये की डिमांड की। उस समय नीरज अमरनाथ की यात्रा पर थे। 16 जुलाई को फिर फोन आया और इसके बाद नंबर बदल-बदल कर कई बार उसने बात किया। धमकी दिया कि रुपये का इंतजाम कर लो, वरना अंजाम ठीक नहीं होगा। इसके बाद 25 अगस्त को रात में अलग-अलग नंबर से 50 से अधिक नंबरों से कॉल आई। नीरज गुप्ता दहशत में आ गए। वह धमकाने लगा कि नहीं कुछ तो तीन लाख रुपये का इंतजाम कर लो। वरना जान से मार दिए जाओगे। पेमेंट ऑनलाइन करने को कहने लगा। थानेदार महेश सिंह ने बताया कि मोबाइल नंबर की मदद से जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही खुलासा होगा।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ दर्ज कराएं शिकायत

**बस्ती।** भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए बस्ती पुलिस लाईन में एंटीकरप्शन सेल गठित किया गया है। यह पिछले तीन माह से कार्य कर रहा है। यह जानकारी मण्डल प्रभारी सुखवीर सिंह भदौरिया ने दी। उन्होंने बताया कि सेल में उनके साथ एक इस्पेक्टर, तीन दीवान तथा सिपाही तैनात है। उन्होंने बताया कि बस्ती सेल में 9454402491 तथा लखनऊ में 9454402484 नम्बर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

प्रभारी ने बताया कि उनके कार्यालय आकर भी शिकायतकर्ता शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायतकर्ता संबंधित आडियो और वीडियो भी दे सकते हैं। शिकायत प्राप्त होने पर इसके संबंध में विस्तृत जांच की जाती है। जांच में शिकायत सही पाये जाने पर इसें संबंधित जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया जाता है। उनसे  छापा डालने के लिए अनुमति ली जाती है। उसके बाद दो गवाह भी नामित किए जाते हैं। उन्होंने बस्ती, सिद्धार्थनगर एवं संतकबीरनगर जिले के लोगों से अपील किया है कि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत उनके कार्यालय या फोन नम्बर पर दर्ज करा सकते है।

## बस्ती रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म तीन से जीआरपी बस्ती ने शराब तस्करी में शामिल तीन को किया गिरफ्तार

# अंग्रेजी शराब संग 3 ट्रेन कोच अटेंडेंट दबोचे

**सफलता**

**70** हजार रुपये कीमत की शराब जीआरपी ने पकड़ी

- लखनऊ से शराब की खरीदारी कर बिहार में ले जाकर बेंचते थे आरोपित
- तीनों पर आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किया गया मुकदमा



सोमवार को शराब तस्करी में तीन गिरफ्तार ट्रेन कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा जीआरपी पुलिस ने किया।

**बस्ती, निज संवाददाता।** ट्रेन के जरिए शराब की तस्करी करने वाले तीन कोच अटेंडेंट को जीआरपी बस्ती ने पकड़ा। पकड़े गए तीनों आरोपित कोच अटेंडेंट ट्रेन से शराब की तस्करी कर बिहार ले जा रहे थे।

जीआरपी थाना निरीक्षक अरविंद कुमार शर्मा ने खुलासा करते हुए बताया कि सोमवार को बस्ती स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर मय टीम भ्रमण पर थे। इसी बीच लखनऊ-छपरा ट्रेन आई। तभी टीम को देख तीन संदिग्ध व्यक्ति ट्रेन से उतरकर भागने लगे। जिन्हे घेराबंदी करके पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपित की पहचान संजय कुमार गुप्ता निवासी छोटे कल्याणी पोस्ट रमना थाना मिह्ननपूरा जनपद मुज्जफरपुर बिहार, लक्ष्मण राम निवासी बाजीतपुर तुर्कवलिया पोस्ट नैनी थाना मुफ्फसिल जनपद सारण (छपरा) बिहार व सुनील कुमार राय निवासी बहुराही पोस्ट व थाना सोनपुर जनपद सारण (छपरा) बिहार के रूप में हुई है। बताया कि संजय कुमार गुप्ता के कब्जे से 49 अंग्रेजी शराब ब्लैक डाग प्रत्येक में 180 एमएल, 30 आफीसर चॉइस फ्रूटी प्रत्येक में 180 एमएल बरामद हुआ। लक्ष्मण राम के कब्जे से नौ रायलस्टेज प्रत्येक में 750 एमएल, दो रायलस्टेज प्रत्येक में 375 एमएल, 30 आफीसर चॉइस फ्रूटी प्रत्येक में 180 एमएल बरामद हुआ। सुनील कुमार राय के कब्जे से नौ रायल स्टेज प्रत्येक में 750 एमएल, दो रायल स्टेज प्रत्येक में 375 एमएल, 28 आफीसर चॉइस फ्रूटी प्रत्येक में 180 एमएल बरामद हुआ।

तीनों ट्रेन के कोच अटेंडेंट हैं और विभिन्न ट्रेनों के जरिये लखनऊ से शराब की खरीदारी कर बिहार ले जाकर बेचते थे। तीनों ने कबूल किया कि बिहार में शराब बंदी होने के कारण वहां तय कीमत से तीन गुना रेट मिलता है। कोच अटेंडेंट होने के नाते कोई शक नहीं करता था। पहले भी ऐसा करते थे। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कर कार्रवाई की गई। शराब की कीमत करीब 70 हजार रुपये है। टीम में उपनिरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, हेडकांस्टेबल दिनेश यादव, राजेश कुमार वर्मा, देवेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार यादव, श्याम कुमार साहनी धर्मदेव शामिल रहे। जीआरपी थाना निरीक्षक ने बताया कि बिहार पुलिस से संपर्क करते हुए तीनों हिस्ट्री खंगाली जा रही है।

# रवि वर्मा हत्याकांड में सौंपा ज्ञापन

बस्ती। भारतीय कुर्मी महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि लखीमपुर में रवि वर्मा की दबंगों द्वारा की गई निर्मम हत्या के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर परिजनों को न्याय दिलाया जाए।

संगठन का कहना है कि गोला गोकरन लखीमपुर में गांव के ही दबंग राजनैतिक संरक्षण प्राप्त अपराधियों ने रवि वर्मा उर्फ रिंकू वर्मा की पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी। पांच अगस्त को हाटा कुशीनगर में दबंगों ने इं. कमलेश पटेल की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। हत्याओं से कुर्मी समाज विवश व बेहाल है। जिलाध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने कहा कि यदि महासभा की मांग पूरी नहीं की गई तो भारतीय कुर्मी महासभा पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रदेश संगठन सचिव आरके सिंह पटेल, अरविन्द कुमार चौधरी, अशोक कुमार वर्मा, अजय चौधरी, रजत चौधरी, रामवृक्ष आदि शामिल रहे।

# शिक्षामित्र के गले से सोने की चेन चोरी

बस्ती। शहर में जिला अस्पताल के पास ई-रिक्शा में सवार महिला शिक्षामित्र के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। स्कूल पहुंचने पर शिक्षामित्र को घटना की जानकारी हुई। उन्होंने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली थाना क्षेत्र के केशवनगर शिवा कॉलोनी निवासी प्रवीण कुमार सिंह की पत्नी गीता सिंह प्राथमिक विद्यालय गिदही खुर्द में शिक्षामित्र पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को ई रिक्शा से विद्यालय जा रही थीं। ई-रिक्शा पर सूर्या अस्पताल के पास रूका तो उसमें तीन औरतें बच्चे को लेकर बैठ गई। रास्ते में एक बच्चा उल्टी करने लगा। इस दौरान जब उनका ध्यान बंट गया और ऑटो में सवार किसी महिला ने उनकी सोने की चेन निकाल लिया। स्कूल पहुंचने पर उन्हें पता चला।

# नपं अध्यक्ष रुधौली पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**कार्रवाई**

**बस्ती, निज संवाददाता।** नगर पंचायत रुधौली के अध्यक्ष धीरसेन पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता ने गर्भवती होने पर एक महिला की मदद से दवा भेजकर जबरन खिलाए जाने की बात तहरीर में कही है। एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद व एक महिला के खिलाफ दुष्कर्म, साजिश रचने, गर्भपात व एससी-एसटी एक्ट के तहत रुधौली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीओ रुधौली प्रीति खरवार को विवेचना सौंपी गई है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। अन्य साक्ष्य संकलन के साथ ही पीड़िता का कोर्ट में बयान दर्ज कराकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

- नौकरी देने के बहाने शारीरिक शोषण का लगाया है आरोप
- गर्भवती होने पर एक महिला के हाथों दवा भेजकर खिलवाई
- पीड़िता के आवास पर सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात

## पीड़िता से मिला जिपं अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल

रुधौली। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को देर शाम दुष्कर्म पीड़िता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उसके साथ हुए अन्याय की जानकारी ली। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पीड़िता को आश्वसन देते हुए कहाकि कानून अपना काम करेगा और उन्हें को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहाकि पीड़ित महिला की सुरक्षा जरूरी है। विजय कुमार राजू, रवि सिंह, विजय तिवारी, राम उग्रह जायसवाल, महेन्द्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली 35 वर्षीय पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि वह नौकरी की तलाश में थी। इस दौरान एक महिला के जरिए मई 2021 में उसकी मुलाकात नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद से हुई। आरोप है कि नपं अध्यक्ष ने नौकरी दिलाने की बात कही। साथ ही अकेले में ले जाकर कहा कि इसके लिए तुम्हे मेरी बात माननी होगी। नौकरी का झांसा देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। बाद में अगस्त 2022 में सफाई कर्मी की नौकरी दे दी। आरोप है कि पीड़िता के गर्भवती हो जाने पर एक माया नाम की महिला के हाथों दवा भेजकर मुझे जबरन खिलवा दी।

रुधौली पुलिस ने नपं अध्यक्ष धीरसेन निषाद निवासी केवटहिया वार्ड नंबर 15 शहीद कीर्तकरनगर रुधौली व माया पाठक पता अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म, षड्यंत्र रचने और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। दूसरी तरफ पीड़ित महिला के आवास पर सुरक्षा को लेकर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पीड़िता ने अध्यक्ष पर अपने जानमाल की सुरक्षा का आरोप लगाया है।

**मीडिया कर्मी के साथ मारपीट का दर्ज है केस:** नगर पंचायत अध्यक्ष, उनके कार्यालय सहयोगियों सहित आधा दर्जन लोगों पर एक मीडिया कर्मी के साथ मारपीट करने, सामान छीनने, कैमरा तोड़ने का केस दर्ज है। इस मामले में नगर पंचायत कर्मी की गिरफ्तारी हो चुकी है। उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर मीडिया कर्मी और उनके सहयोगी धरना देकर गिरफ्तारी की मांग कर चुके हैं।

# किसान सम्मान निधि के नाम पर साइबर अपराधियों ने शुरू की ठगी

## किस्त रुक जाने की बात कहकर हड़प रहे खाते से रकम, हाल के दिनों में लगातार सामने आ रहे हैं इस तरह के मामले

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** साइबर अपराधियों ने अब ऐसे किसानों को फंसाकर रकम उड़ाना शुरू किया है, जिनकी सम्मान निधि की किस्त किन्हीं कारणों से रुक गई है।

उनका ई-केवाईसी करने और दोबारा किस्त जारी कराने को कहकर खाते ही रकम हड़प रहे हैं। लोगों के पास अपराधी फोन करके ई-केवाईसी न कराने पर किस्त रुक जाने का झांसा देते हैं। हाल के दिनों में इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस इनमें कई मामलों की छानबीन कर रही है।

**किसान विभाग से लें सहायता :** उपनिदेशक कृषि अनिल कुमार ने बताया कि किसी भी किसान की किसान सम्मान निधि से जुड़ी कोई समस्या आ रही हो तो वह इसके लिए विभाग से संपर्क कर सकता है। सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उसकी समस्या का निराकरण किया जाएगा। समस्या के समाधान के लिए कार्यालय में एक काउंटर भी बनाया गया है। सम्मान निधि को लेकर किसी के झांसे में आने की आवश्यकता नहीं है।

**केस 1** मुंडेरवा के निवासी ऋषि प्रसाद ने बताया कि उनकी सात किश्त आ चुकी थी। आठवीं किस्त नहीं आई, तो वह विभाग से लेकर बैंक तक जानकारी जुटाने लगे, लेकिन कोई सही जानकारी नहीं मिल पाई कि किस्त क्यों रुक गई। इसी बीच 10 अगस्त को उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। उसने बोला कि आपकी कितनी किश्त आई है। उनके बताने पर कि आठवीं किश्त रुक गई है, उसने कुछ देर बाद वजह बताने को कहा। पांच मिनट बाद फिर फोन आया और ई-केवाईसी न होने की बात बताई। ई-केवाईसी करने के बहाने एकाउंट हैक कर लिया और खाते से साढ़े छह हजार रुपये उड़ा लिए।

**केस 2** नगर बाजार के हरिशंकर यादव के पास नौ अगस्त को फोन आया कि आपकी किसान सम्मान निधि की किश्त अब नहीं आएगी। पूछने पर बताया कि जो खाता फीड है उसकी आधार से मैपिंग नहीं है। पहली बार इस प्रक्रिया का नाम सुनते ही वह सकते में आ गए। फोन करने वाले ने ऑनलाइन एकाउंट मैपिंग करने को कहा। इसके लिए उसने एक लिंक भेजा और उसे खोलने के लिए कहा। हरिशंकर के अनुसार लिंक खोलने पर कुछ नहीं हुआ लेकिन आधे घंटे बाद खाते से साढ़े तीन हजार रुपये कटने का मैसेज आ गया।

### धोखाधड़ी से बचने के लिए यहां करें शिकायत

फ्रॉड के उपभोक्ता केंद्र सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करें। साथ ही अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एचटीटीपीएस//डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर या नजदीकी थाना-चौकी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। 1930 पर तुरंत शिकायत करने पर पैसा सुरक्षित वापस आने की संभावना रहती है।

-सुभाष सिंह, प्रभारी, साइबर क्राइम

### इन बातों का ध्यान

- लालच में आकर अनजान व्यक्ति से आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक अकाउंट समेत अन्य जरूरी दस्तावेजों की जानकारी साझा न करें।
- किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड को स्कैन न करें, किसी प्रकार के लिंक पर क्लिक न करें।
- कोई अनजान व्यक्ति फोन कर किसी स्कीम आदि का लालच दे, तो उसके झांसे में न आएं
- फ्री रीचार्ज, कैशबैक, क्रेडिट कार्ड ऑफर के कॉल व मैसेज से बचें
- ई-केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाली फर्जी कॉल से बचें

# छात्राओं को बताए आत्मरक्षा के गुर

बस्ती। सामाजिक संस्था इनरह्वील क्लब बस्ती मिडटाउन की ओर से सोमवार को राजकीय कन्या इंटर कालेज में कार्यक्रम किया गया। बच्चों को आत्म सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के बाद महिला थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय ने लड़कियों को आत्मा सुरक्षा की ट्रेनिंग दी। साथ ही साथ 50 लड़कियों को पौधा वितरण किया गया। क्लब की अध्यक्ष पारुल टिबड़ेवाल ने कहा कि लड़कियों को आत्म सुरक्षा के बारे में जानकारी लेना आवश्यक होता है। इसकी सहायता से वे जरूरत पड़ने पर अपना बचाव कर सकती हैं। अरुणा सिंघल, दीपिका गुप्ता, सचिव रिंकी सावलानी, तूलिका , प्रतिमा जयसवाल आदि रहीं।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए तेज करें संघर्ष



बीआरसी रामनगर पर पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित हुई।

बस्ती, निज संवाददाता। प्राथमिक शिक्षक संघ ने सोमवार को जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में बीआरसी रामनगर पर पेंशन बहाली संयुक्त मंच के आवाहन पर बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरना देकर एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जाएगा। कहा कि शिक्षकों, कर्मचारियों के समक्ष करो या मरो जैसे हालात है। पुरानी पेंशन बहाल हो, इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष की धार को तेज करना ही होगा। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष इन्द्रसेन मिश्र, मजहर आलम, गुरूलाल, अब्दुल कयूम, पप्पू सक्सेना, परवेज अख्तर, राहुल उपाध्याय ने कहा कि शिक्षक व कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है। संघ के जिला प्रवक्ता सूर्यप्रकाश शुक्ल, ज्ञानेश्वर शुक्ल, मुकेश कुमार, सुरेन्द्रनाथ पाठक, पंकज कुमार व अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस हिरासत में अनशन पर बैठे छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज गेट पर आमरण अनशन कर रहे छात्रों से मिलने सोमवार शाम को सदर एसडीएम विनोद कुमार पांडेय मय टीम पहुंचे। उन्होंने छात्रों को मनाने का प्रयास देर शाम तक किया, लेकिन, छात्र कुछ सुनने को तैयार नहीं हुए। चुनाव तिथि की लिखित में मांग कर रहे छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए 151 में चालान कर दिया।

एडीएम ने छात्रों को बताया कि छात्रसंघ चुनाव को लेकर अभी तक शासन से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ। ऐसे में प्रशासन चुनाव कराने का लिखित आश्वासन और तिथियों की घोषणा नहीं कर सकता है।

वह अनशन समाप्त कर घर लौट जाएं, लेकिन, छात्र चुनाव की तिथियों की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। माहौल बिगड़ता देख कोतवाली पुलिस ने अनशन पर बैठे आयुष पांडेय, आनंद त्रिपाठी, अनीश यादव, अनुराग तिवारी, आनंद दुबे, सचिन दुबे व रवि यादव को हिरासत में लेते हुए कोतवाली ले गई। जहां 151 में उनका चालान कर दिया, जबकि अनशन पर बैठे छात्र आदर्श पांडेय को अस्पताल पहुंचाया।

कोतवाल ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए छात्रों का चालन किया गया है।

## अनशन कर रहे आदर्श पांडेय को पहुंचाया अस्पताल, एसडीएम के समझाने के बाद भी डटे रहे छात्र

*प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव करने के लिए शासन से अभी तक कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है। छात्रों को समझाने का काफी प्रयास किया गया लेकिन वह कुछ सुनने का तैयार नहीं हैं। ऐसे में पुलिस की सहायता से उनका अनशन समाप्त कराया गया।*

*-**विनोद कुमार पांडेय,** एसडीएम, सदर।*

# बिश्नोई गैंग के नाम पर कारोबारी से मांगी 50 लाख की रंगदारी

## नंबर बदलकर आ रहे फोन, दे रहा धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पंजाब-हरियाणा में सक्रिय कुख्यात बिश्नोई गैंग के नाम पर शहर के कारोबारी से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पिछले डेढ़ महीने से मिल रही धमकी से आजिज कारोबारी की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

पुरानी बस्ती के इलेक्ट्रॉनिक्स व्यवसायी और विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के धर्म प्रचार प्रभारी नीरज गुप्ता ने बताया कि 12 जुलाई को वह अमरनाथ की यात्रा पर थे। तभी रात करीब 10 बजे धमकी भरा पहला फोन आया। इस बीच अलग-अलग चार-पांच नंबरों से कॉल आई। इसमें कहा गया कि जेल से बिश्नोई भाई ने मैसेज भेजा है। 50 लाख रुपये की डिमांड है। इसका इंतजाम कर लो, वरना तुम जानो और तुम्हारा काम। तुम्हारी सारी लोकेशन मेरे पास है। 16 जुलाई को फिर फोन आया। उसने धमकी दी कि रुपये का इंतजाम कर लो, वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा। 25 अगस्त को रात 8:10 बजे से 9:20 बजे के बीच 50 से अधिक नंबरों से कॉल आई। फिर वह धमकाने लगा कि नहीं कुछ तो तीन लाख रुपये का इंतजाम कर लो। वरना जान से मार दिए जाओगे। रुपये मांगने वाले ने चार दिन की मोहलत दी है।

### पुरानी बस्ती थाने में पुलिस ने दर्ज किया केस, नंबरों के आधार पर छानबीन शुरू

इस संबंध में एसओ महेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मोबाइल फोन के नंबरों की छानबीन की जा रही है। व्यापारी की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

# बस्ती में खुलेगा एंटी करप्शन थाना डीएम ने उपलब्ध कराई जमीन

## शासन ने जिला प्रशासन से तत्काल जमीन मुहैया कराने को कहा था

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। अब तक जिले में एंटी करप्शन की शिकायत के लिए ऑनलाइन व्यवस्था थी, मगर अब शासन ने जिला मुख्यालय पर एक थाना स्थापित करने की हरी झंडी दे दी है।

शासन ने इसके लिए जिला प्रशासन से तत्काल जमीन मुहैया कराने को कहा है। शासन के पत्र के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। सोमवार को डीएम प्रियंका निरंजन ने एंटी करप्शन थाना भवन के लिए एसडीएम सदर विनोद कुमार को निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों शासन ने शहर में पांच किलोवाट के रेडियो स्टेशन की स्थापना को हरी झंडी दी थी। इसके बाद अपने

**रामपुर मेडिकल कॉलेज के पास इन दोनों थानों के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई**



प्रियंका निरंजन, डीएम। संवाद

मंडल मुख्यालय पर एंटी करप्शन व साइबर थाना भवन स्थापना के निर्देश दिए हैं। इसकी कड़ी में डीएम प्रियंका निरंजन ने शहर से सटे रामपुर मेडिकल कॉलेज के पास इन दोनों थानों के लिए जमीन उपलब्ध कराई है।

डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि मंडल मुख्यालय पर शासन के निर्देशों के क्रम में रेडियो स्टेशन, एंटी करप्शन व साइबर थाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश की कड़ी में रामपुर मेडिकल कॉलेज के पास एक हेक्टेयर जमीन प्रशासन ने इन विभागों के भवन निर्माण के लिए उपलब्ध करा दी है।

प्रथम चरण में यह जमीन मुहैया कराई गई है, जबकि दूसरे चरण में कार्यदायी संस्था नामित कर रेडियो स्टेशन व थाना भवन का आंगणन लिया जाएगा, जिसे शासन की स्वीकृति को भेजा जाएगा।

# राज्यपाल को भेंट करेंगे क्रोशिए से बनी राखी

## पारंपरिक शिल्प कला विधि से राखियां तैयार करते हैं कला एवं शिल्प शिक्षक आलोक

संवाद न्यूज़ एजेंसी

गौर (बस्ती)। पर्यावरण के अनुकूल बहु उपयोगी हस्तशिल्प बनाने व कचरा प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हो चुके बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात (अनुदेशक) कला एवं शिल्प शिक्षक आलोक शुक्ल के हाथों क्रोशिए से बनाई जा रही राखियां भी लोगों को खूब भा रही हैं।

इसकी प्रशंसा डीएम, एसपी और जिला कारागार के जेल अधीक्षक ने की है। अब इनके हाथों से तैयार राखियां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को भेंट की जाएंगी।

### पर्यावरण के अनुकूल

आलोक बताते हैं कि सूती धागे व लकड़ी की मोतियां दोनों ही बायोडिग्रेडेबल यानि की स्वतःसड़नशील हैं। जो कहीं भी फेंके जाने पर पर्यावरण या मिट्टी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। सूती धागे का अपघटन समय आठ से 12 सप्ताह व लकड़ी का दो से चार सप्ताह हो सकता है।

चार सितंबर को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर प्रशासन तैयारी में जुट गया है। वहीं गौर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कवलसिया में तैनात कला एवं शिल्प शिक्षक आलोक शुक्ल पारंपरिक हस्तशिल्प और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की अनूठी पहल कर रहे हैं। वह स्वयं इको-फ्रेंडली हस्तशिल्प बनाने में माहिर हैं। एक अगस्त से डीएम प्रियंका निरंजन के निर्देश पर जिला कारागार में सजा काट रही महिलाओं को हुनरमंद बनाने के लिए क्रोशिया से राखी बनाने का हुनर सिखा रहे हैं।

आलोक ने बताया कि आकर्षक ढंग से तैयार राखियों को डीएम ने राज्यपाल को भेंट करने का आग्रह किया है।

# ट्रेन से शराब तस्करी करने वाले कोच अटेंडेंट समेत तीन गिरफ्तार

## बस्ती में पकड़े गए, लखनऊ से अंग्रेजी शराब खरीदकर बिहार में बेचते थे शराब

बस्ती। ट्रेन से लखनऊ से बिहार अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले गिरोह को जीआरपी ने धर दबोचा। तस्करों में शामिल दो रेल कोच अटेंडेंट समेत तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। उनके कब्जे से विभिन्न ब्रांड की 159 शीशी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है, जिसकी कीमत 65 हजार बताई जा रही है। आरोपियों ने बताया कि वे लोग लखनऊ से यह शराब खरीदकर बिहार में चार से पांच गुना दाम पर बेचते थे।

जीआरपी बस्ती के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन बस्ती के प्लेटफार्म-3 से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें संजय कुमार गुप्ता निवासी मुज्जफरपुर और लक्ष्मण राम निवासी सारण (छपरा) बिहार ने बताया कि दोनों कोच अटेंडेंट हैं। जबकि तीसरा आरोपी सुनील कुमार राय निवासी सारण (छपरा) बिहार उनका सहयोगी है। इन तीनों पर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया गया कि बिहार में शराब बंदी होने के कारण लखनऊ में कई दुकानों से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब खरीदकर इकट्ठा कर लेते हैं, और फिर ट्रेन से बिहार ले जाकर तीन गुने से चौगुने दामो में बेचते हैं। संवाद

# धोखाधड़ी कर हड़प ली सम्पत्ति, नौ नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** विपक्षियों द्वारा एक महिला को विश्वास में लेकर उसका राशन कार्ड बनवाने के लिए ले गये और विश्वासघात कर उसकी सम्पत्ति को हड़प लिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

सोनहा थानान्तर्गत अहमखला गांव की रहने वाली महिला रीना देवी का अभियुक्त कलानिधान तथा अन्य लोगो ने जालसाजी कर राशन कार्ड बनवाने के लिए ले गये। जहां पर उसके साथ विश्वासघात करते हुए सम्पत्ति को हड़प लिया। मामले में पीड़िता रीना देवी पत्नी जगदम्बा निवासी ग्राम बलुआ चौबे थाना गौर हालमुकाम ग्राम अमखला थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कलानिधान पुत्र रामजी, ऋषभ पाण्डेय पुत्र दुर्गेश पाण्डेय निवासीगण नाथपुर थाना सोनहा, धनश्याम चौधरी पुत्र मातिवर ग्राम हिन्दूनगर थाना सोनहा, नन्दलाल पुत्र रामअधारे, विनोद कुमार पुत्र नन्दलाल निवासीगण परसाशिवराज थाना सोनहा, अमर पटवा पुत्र रामकृष्ण पटवा, रामकृष्ण पटवा पुत्र अछैवर, अरविन्द सिंह पुत्र रूद्र प्रताप सिंह निवासीगण भानपुर ,थाना सोनहा व ओमप्रकाश पुत्र रामचन्द्र निवासी बरगदवा थाना सोनहा के विरुद्ध धारा 420, 406 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की पिटाई, केस दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उसके ससुरालि द्वारा गायिलां देते हुए मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायतपर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

पुरानी बस्ती थाने पर लिखित तहरीर देकर विवाहिता नुवायदा खातून ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल के मोहम्मद अली तथा अन्य लोगो द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अली, इबादुर्रहमान पुत्र मोहम्मद अली, निसी खातून पत्नी मोहम्मद अली, सैदुर्रहमान पुत्र मोहम्मद अली, संतो पुत्री मोहम्मद अली निवासीगण सोनहटी बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 498ए आईपीसी एवं 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**बस्ती (एसएनबी)।** कलवारी थाना क्षेत्र के सरयू नदी में नहाते समय डूबे एक युवक का शव सोमवार की सुबह पानी की सतह पर उतराते हुए पाया गया।

रविवार को नौरहनी घाट पर संतकबीरनगर जिले के बूधा कला गांव के तीन दोस्त स्नान करने के लिए आये थे। जिसमें एक दोस्त राजेश (28) पुत्र चौहान नदी की धारा में लापता हो गया था। घटना के दूसरे दिन सोमवार की दोपहर कुछ ग्रामीणों ने नदी में उतराते हुए एक शव को देखा और चौकी इंचार्ज कुदरहा अरविन्द यादव को सूचना दिया। अरविंद यादव ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और थाना कलवारी पर सूचना दिया। मौके पर पहुँचे थानाध्यक्ष कलवारी भानु प्रताप सिंह ने शव की पहचान राजेश पुत्र चौहान निवासी बूधाकला थाना खलीलाबाद के रूप में कराते हुए कब्जे में लिया और पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

# भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए सेल गठित

**बस्ती (एसएनबी)।** भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए बस्ती पुलिस लाईन में एंटीकरेप्शन सेल गठित किया गया है। जो लगभग पिछले तीन माह से कार्य कर रहा है।

उक्त जानकारी मण्डल प्रभारी सुखवीर सिंह भदौरिया ने दी है। उन्होंने बताया कि सेल में उनके साथ एक इस्पेक्टर, तीन दीवान तथा सिपाही तैनात है। उन्होंने बताया कि बस्ती सेल में तथा लखनऊमेंनम्बर पर शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यालय आकर भी शिकायतकर्ता शिकायत दर्ज करा सकता है। शिकायतकर्ता शिकायत से संबंधित आडियो, वीडियों भी दें सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर इसके संबंध में विस्तृत जांच की जाती है। जांच में शिकायत सही पाये जाने पर इसे संबंधित जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया जाता है। उनके द्वारा छापा डालने के लिए अनुमति दिये जाने पर दो गवाह भी नामित किए जाते है। उन्होंने बस्ती, सिद्धार्थनगर एवं संतकबीर नगर जिले के लोगों से अपील किया है कि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत उनके कार्यालय या फोन नम्बर पर दर्ज करा सकते है। श्री भदौरिया ने बताया कि सेल द्वारा अब तक भ्रष्टाचार के तीन मामलों में छापा डालकर अधिकारी-कर्मचारी पकड़े हैं।

# रवि वर्मा हत्याकाण्ड विरोध में कुर्मी महासभा ने भेजा ज्ञापन

**बस्ती (एसएनबी)।** भारतीय कुर्मी महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को मण्डल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि लखीमपुर में रवि वर्मा की दबंगों द्वारा की गई निर्मम हत्या के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर परिजनों को न्याय दिलाया जाय।

4 सूत्रीय ज्ञापन में कहा गया है कि कुम्हारन टोला गोला गोकरन लखीमपुर गांव में दबंग द्वारा राजनीतिक संरक्षण में रवि वर्मा उर्फ रिंकू वर्मा को दिन दहाड़े उसके घर से बुलाकर पीट-पीट कर निर्मम हत्या कर दी। इसी प्रकार 5 अगस्त को हाटा कुशीनगर में दबंगों ने इंजीनियर कमलेश पटेल की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। युवाओं की निरन्तर हो रही हत्या से कुर्मी समाज विवश व बेहाल है। अपराधी बेखौफ होकर खुले आम धमकी दे रहे है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि धारा 304 को पूर्व में दर्ज धारा 302 में पुनः तरमीम किया जाय, दबंगों को संरक्षण प्रदान करने वाले थानाध्यक्ष का तत्काल स्थानान्तरण कर पीड़ित परिजनों के जीवन यापन और बहन की शादी के लिए 50 लाख रूपया शासन द्वारा प्रदान करने के साथ ही अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाय। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश संगठन सचिव आरके सिंह पटेल, अरविन्द कुमार चौधरी, डा. वीके वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, अजय चौधरी, रजत चौधरी, रामवृक्ष, अरूणेन्द्र पटेल आदि शामिल रहे।



बस्तीः ज्ञापन सौंपते कुर्मी महासभा के लोग। फोटो : एसएनबी

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर संघर्ष तेज

**बस्ती (एसएनबी)।** सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में रामनगर बीआरसी पर पेंशन बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की गई। जिसमें आगामी 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जायेगा।

संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष इन्द्रसेन मिश्र, मजहर आलम, गुरूलाल, अब्दुल कयूम, पप्पू सक्सेना, परवेज अख्तर, राहुल उपाध्याय आदि ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन बुढापे की लाठी है। कई राज्य सरकारों ने इसे लागू भी कर दिया है किन्तु केन्द्र की सरकार इस दिशा में गंभीर नही है। इस दौरान सूर्यप्रकाश शुक्ल, ज्ञानेश्वर शुक्ल, मुकेश कुमार, सुरेन्द्रनाथ पाठक, पंकज कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



बस्तीः बैठक को सम्बोधित करते वक्ता। फोटो : एसएनबी

# घर में घुसकर दम्पत्ति की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** कोतवाली क्षेत्र के मुरलीजोत मोहल्ला में पुराने विवाद को लेकर कुछ लोग एकराय होकर सना फातिमा को गालियां देते हुए घर में घुसकर मारापीटा। बीच बचाव में आये सना फातिमा के पति मोहम्मद हनीफ की भी जमकर पिटाई करते हुए घर का कीमती सामान तोड़कर नुकसान कर दिया। इस दौरान सना फातिमा तथा उसके पति को काफी चोटे भी आयी। मामले में पीड़िता सना फातिमा पत्नी मोहम्मद हनीफ निवासी मुरलीजोत थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अब्दुल हफीज, अब्दुल मजीद पुत्रगण दोस्त मोहम्मद, रमजान, शहबान पुत्रगण अब्दुल मजीद निवासीगण हथियागढ फलमण्डी के पीछे थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 452, 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

और
से घिर
ज्यादा
ाने के
लिए
ज 40
ाम ने
में समा
लिए

ांव के
कोई
ग्रामीण
कीमती
रहें हैं।



बस्ती : अवैध शराब का धंधा बेचने वाले गिरफ्तार। फोटो : एसएनबी

# ट्रेन से शराब की खेप बिहार ले जा रहा गिरोह गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** भारत के अन्य प्रदेशों से अंग्रेजी शराब खरीदकरट्रेन के माध्यम से बिहार ले जाकरगिरोह का जीआरपी ने खुलासा किया है। उनके कब्जे से 65 हजार रुपये कीमत की अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। पकड़े गये तीनोंआरोपी बिहार प्रान्त के निवासी हैं और ट्रेन में कोच अटेन्डेन्ट के पद पर कार्यरत हैं।

राजकीय रेलवे पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग ट्रेनों मेंअवैध रूप से छिपाकर अंग्रेजी शराब भारत के अन्य प्रदेशों सेले जाकरबिहार में बेचते हैं। सूचना के आधार पर जीआरपी पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर तीन सेतीन लोगों को धर दबोचा। जिनकी पहचान संजय कुमार गुप्ता पुत्र रामप्रसाद गुप्ता निवासी छोटे कल्याणी थाना मिथनपुरा जिला मुजफ्फरपुरबिहार, लक्ष्मण राम पुत्र महेश राम निवासी बाजितपुर तुरकौलिया थाना मु फस्सिल जनपद सारंग छपरा बिहार व सुनील कुमार राय पुत्र वीरेन्द्र राय निवासी बहु राही थाना सोनपुरजिला छपरा बिहारके रूप में की गयी। पूछताछ में पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि वह लोग कोच अटेन्डेन्ट हैं। बिहार राज्य में शराब बंदी होने केकारण लखनऊ मे कई अंग्रेजी शराब की दुकानों से शराब खरीदकर एकत्र करते हैं फिर बिहार ले जाकर बेचते हैं। कोच अटेन्डेन्ट होने के कारण इन पर कोई शक नहीं करता। पकड़े गये अभियु क्त संजय कुमार गुप्ता के पास से49 शीशी अंग्रेजी ब्लैग डाक,तीस आफिसर्स च्वाइश फ्रूटी कीमत पच्चीस हजार रुपये,लक्ष्मण राम के पास से11 रायल स्टेग, तीस आफिसर्स च्वाइस कीमत 23 हजारतथा सुनील कुमार राय के पास से11 रायल स्टेग व 28 आफिसर्स च्वाइस कीमत 22 हजार रुपयेकुल मिलाकर 65 हजार रुपये की शराब बरामद की गयी। इनके विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम में राजकीय रेलवे पुलिस बस्ती ने मुकदमा पंजीकृत किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक राकेश कुमार शर्मा, हेड का.दिनेश कुमार यादव, राजेश कुमार वर्मा, देवेन्द्र प्रताप सिंह , विजय कुमार यादव,श्याम कुमार साहनी व हेड का.धर्मदेव साहनी शामिल रहे।

**ट्रेन के कोच अटेन्डेन्ट के पद पर कार्यरत हैं पकड़ेगये आरोपी**

**जीआरपी बस्ती को मिली कामयाबी, 65 हजारकी अंग्रेजी शराब बरामद**

# अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**गौर।** एसओजी एवं गौर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक युवक को तमंचा एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडेय ने उक्त जानकारी दिया। उन्होने बताया कि वे एसओजी प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह तथा टीम के साथ गस्त पर निकले थे। उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक मोटरसाइकिल व अवैध तमंचे के साथ गौर थाना क्षेत्र के केसरई गांव के राजा के बगिया के समीप खड़ा है और किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। संयुक्त टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस देखते ही वह भागने लगा लेकिन संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम अमित प्रताप चौधरी पुत्र रंजीत वर्मा निवासी केसरई, पूरवा अकलेवा थाना गौर जनपद बस्ती बताया। मोटरसाइकिल सीज कर उसे चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# धोखाधड़ी से जमीन हड़पने का मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुंडेरवा थाना क्षेत्र के भैंसा पांडेय निवासी श्रवण कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी से जमीन हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी अजय कुमार मिश्रा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बस्ती के न्यायालय में शिकायत किया था कि उनकी पुश्तैनी जमीन के अभिलेखों में छेड़छाड़ करके श्रवण कुमार हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। कोतवाल विनय कुमार पाठक ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्जकर जांच करवाई जा रही है।

# तीन दिन कांबिंग के बाद भी नहीं मिला हिंसक जानवर, गांव में दहशत

**गौर (एसएनबी)।** स्थानीय थानान्तर्गत मेहदिया रामदत्त गांव के जिस मनौवर की मौत का कयास जंगली जानवर के हमले से लगाय या जा रहा था। आखिर उस जंगली जानवर को जमीन निकल गई या आसमान खा गया। वन विभाग के तीन दिन चले सघन सर्च अभियान में जंगली जानवर के पकड़ने की बात कौन करें टीम उसकी परछाई तक भी नहीं देख पाई। तीन दिन चले सघन सर्च अभियान को चौथे दिन स्थगित कर दिया गया।

रामनगर रेंज के रेंजर सोनल वर्मा ने बताया कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद चौथे दिन सोमवार को वन विभाग सघन सर्च अभियान को रोककर जंगली जानवर पर नजर रखने की जिम्मेदारी उस क्षेत्र के फरेस्टर, वनरक्षक व वाचरो को दे दी है। कहा कि जंगली जानवर के कहीं देखे जाने या मौजूदगी के कोई संकेत मिलते हैं तो पुनः सर्च अभियान चालू कर दिया जाएगा। वन विभाग के डीएफओ का कहना है कि यदि शव का पोस्टमार्टम कराया गया होता तो यह पता चल जाता कि मनौवर की मौत किस जानवर के हमले से हुई है। अगर मान लिया जाए कि उसकी मौत जंगली जानवर के हमले से हुई तो यह पता चल जाता कि वह कौन सा जगंली जानवर था जिसके हमले से उसकी मौत हो गई। तीन दिन चले सर्च अभियान में अभी तक ना तो कोई हिंसक जंगली जानवर पाया गया और ना ही उसके मौजूद होने के कोई संकेत मिला है। यदि हिंसक जंगली जानवर की मौजूदगी होती तो निश्चित रूप से वह किसी न किसी पशु पक्षी को अभी तक अपना आहार बन चुका होता। सघन सर्च अभियान के तहत अभी तक ऐसा कुछ नहीं देखने को मिला। वही ग्रामीण अभी भी कयास लग रहे हैं कि मनौवर की मौत तेंदुए के हमले से हुई है जिसके कारण गांव में दहशत बरकरार है। उल्लेखनीय है कि गौर थाना क्षेत्र के मेहदिया राम दत्त गांव निवासी 70 वर्षीय मनौवर हुसैन पुत्र लाल मोहम्मद हुसैन शुक्रवार की दोपहर करीब 12:30 बजे पैदल ही छाता लेकर मेहंदिया खड्ग बहादुर शाही मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे। उसके घर से लगभग सात सौ मीटर आगे खड़ंजे के किनारे खून से सना उसका शव था। दिवंगत के चेहरे व गर्दन पर गंभीर चोट के निशान पाए गए थे। अंदाजा लगाया गया कि किसी जंगली जानवर ने उसके गर्दन पर हमला कर उसे मार डाला। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व टिनिच क्षेत्र के एक गांव के आसपास तेंदूआ दिखाई पड़ा था। ग्रामीण अंदाजा लगा रहे हैं कि तेंदुए ने ही मनौवर पर हमला कर दिया जिससे उसके नाखून से दिवंगत के चेहरे और गर्दन पर की गंभीर चोटे आई हैं। मौके पर पहुंचे स्वजनों ने शव को घर उठा ले गए थे।

# नहर में उतराता मिला बुजुर्ग का शव

**रुधौली (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के आमा गॉव के पास सरयू नहर खंड खलीलाबाद चार में सोमवार को करीब 12 बजे नहर के पानी के बहाव के साथ एक बुजुर्ग का शव पानी में उतरता हुआ नग्न अवस्था में पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के आम गांव के समीप नहर के पानी में बहाव के साथ उतराता हुआ एक करीब 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना रुधौली पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीण व चौकीदार की मदद से पानी के बहाव के साथ जा रहे शव को निकलवा कर शिनाख्त करवाया लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो पाया। वही बुजुर्ग नग्न अवस्था में था। घटना के बाद विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम, प्रभारी थानाध्यक्ष रामानन्द सिंह ,इंचार्ज बिशनपुरवा सर्वेश कुमार, उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह,राजेंद्र यादव, सुग्रीव कुमार द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और शिनाख्त में लेग रहे। लेकिन खबर लिखने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया था।



बस्तीः घटनास्थल पर मौजूद पुलिस। फोटो : एसएनबी

# छात्राओं ने पुलिस को बांधी रखी

**परशुरामपुर।** परशुरामपुर थाने पर एकल विद्यालय की छात्राओं ने पहुंच कर थानाध्यक्ष समेत सभी पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर मिठाई खिलाया। पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को उपहार देकर उनके तथा क्षेत्र के समस्त लोगों के सुरक्षा का भरोसा दिलाया।



SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# अहमदाबाद में खोला गया वसीउल्लाह के फोन का लाक

जासं, सिद्धार्थनगर : इटवा के निजी अस्पताल में इसी वर्ष आठ जुलाई को हुई हत्या का जल्द पर्दाफाश हो सकता है। पुलिस के पास हत्या से जुड़े साक्ष्य हाथ लग चुके हैं। हत्यारा मृतक वसीउल्लाह का नजदीकी निकला है। पहले पुलिस ने मोबाइल का लाक खोलवाने के लिए गोरखपुर भेजा था, पर लाक नहीं खुल पाया। इसके पश्चात अधिकारियों ने इसे अहमदाबाद पुलिस के पास भेजा। वहां विशेषज्ञों ने फिंगर लाक को अनलाक कर दिया अब मोबाइल वापस लाई जा रही है। इसके पश्चात पुलिस के हाथ आरोपित की गिरेबान तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। जनपद संतकबीरनगर के थाना दुधारा अंतर्गत ग्राम बन्नी निवासी वसीउल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह करीब करीब तीन वर्ष से इटवा स्थित डा. बुशरा पाली क्लीनिक पर कार्य कर रहा था। रात में यही अस्पताल में ही सोता भी था। रोज की भांति वह घटना की रात में अस्पताल के अंदर स्थित कमरे में सोने के लिए गया। अगले दिन सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला। क्लीनिक संचालक करीब नौ बजे जब अस्पताल खोलने के लिए आए तो

> पुलिस टीम काफी हद तक हत्यारोपित तक पहुंच चुकी है। साक्ष्य एकत्र किया जा रहा है। जल्द ही घटना में शामिल बदमाश पुलिस के शिकंजे में होगा।



अभिषेक कुमार अग्रवाल, एसपी

देखा कि वह अभी भी बंद है। वह किसी तरह अस्पताल के कमरे को खोलकर अंदर गए तो वसीउल्लाह का शव उसके कमरे में खून से लथपथ दिखा था। तत्कालीन एसपी अमित कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आरोपित को पकड़ने का निर्देश दिए थे।

**यह टीमें कर रही हत्या की जांच :** हत्या की जांच इटवा थाना पुलिस, एसओजी, सर्विलांस की टीम कर रही है। एक अगस्त को आए नए एसपी ने घटना की जानकारी पुलिस टीम से लिया था। उन्होंने घटना के पर्दाफाश करने और मोबाइल लाक को तोड़वाने के लिए पहले गोरखपुर फिर अहमदाबाद भेजवाने का फैसला लिया।

# पीआरडी का ई-रिक्शा चालक को पीटने का वीडियो प्रसारित

जासं, लोटन, सिद्धार्थनगर: मोहाना थाना क्षेत्र के सिकरी कस्बे में एक पीआरडी जवान का ई-रिक्शा चालक को पीटते वीडियो प्रसारित हुआ है। इसमें जवान चालक को साइड न देने पर उसकी पिटाई कर रहा है। वीडियो एक माह पुराना बताया जा रहा है।

प्रसारित वीडियो में ई- रिक्शा चालक जवान का पैर पकड़कर गलती का माफी मांगते हुए छोड़ने की बात कह रहा है। मौके पर लोगों की काफी भीड़ भी दिख रही है। पर कोई चालक को बचाने के लिए आगे नहीं बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि सड़क पर भीड़ अधिक होने की वजह से बाइक सवार पीआरडी जवान को साइड नहीं दे रहा था। इससे नाराज जवान ने उसकी पिटाई की। इस संबंध में सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रसारित वीडियो की जानकारी हुई है। मामले का जांच कराकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी से आरोपित को मोहाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जासं, बर्डपुर** : मोहाना थाना पुलिस ने 44 टेबलेट नशीली दवा, सात हजार रुपये नकद और एक मोबाइल के सिम के साथ एक बदमाश को सोमवार को पननी के पास भरमी मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम रजीउल्ला पिवासी खलीलपुर टोला रेहरवा थाना मोहाना है।

पुलिस की पूछताछ में उसने चिल्हिया में ग्राहक सेवा केंद्र में ग्राहक बनकर 20 हजार रुपये चुरा लिया था। संचालक रविंद्र दुबे की तहरीर पर पुलिस ने 22 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया था।

मोहाना थाना प्रभारी जीवन त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम उपनिरीक्षक राजेश कुमार की अगुवाई में पननी के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक संदिग्ध व्यक्ति आते दिखा। शव के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की तो वह सकपका गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपित के खिलाफ मोहाना, उसका व चिल्हिया थाने में सात मुकदमे पंजीकृत हैं।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक के अलावा चन्द्रशेखर यादव, दिनेश चन्द्र यादव, विनीत शुक्ला, आनन्द प्रताप चौरसिया, समर बहादुर शामिल रहे।

# धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

**जासं, शोहरतगढ़:** डालमिया सप्लायर्स सीमेंट लिमिटेड के नाम से फर्जी कम्पनी बनाकर सीमेंट भेजने के नाम 13 लाख 25 हजार की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित का नाम चुन्ना कुमार पासवान निवासी वार्ड नंबर 12, वार्ड गंगा प्रसाद थाना बरौनी जनपद बेगूसराय बिहार है। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि शोहरतगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल जिंदल सप्लायर्स के नाम से एक फर्म चलाते हैं। उन्होंने पुलिस को 14 अगस्त को दिये तहरीर में कहा कि मेरे साथ 13.25 लाख का सीमेंट देने के नाम पर ठगी कर ली गई है। कंपनी का एजेंट बनकर ठग ने अच्छे रेट में सीमेंट दिलाने का झांसा दिया। उसके बाद तीन बार मे 13 .35 लाख रुपये अपने खाते से कंपनी के एकाउंट में भेज दिया। समय से सीमेंट नहीं मिलने पर इन्होंने पैसे की मांग की। लेकिन एजेंट ने कहा कि रकम वापस नही होगा। ढाई लाख और भेज दो तब सीमेंट भेज दिया जाएगा। साइबर सेल के माध्यम से पुलिस जांच में जुट गई। सोमवार को टीम को लोकेशन मिली कि उस गिरोह का एक सदस्य छतहरा के पास मौजूद है। पुलिस उसे घेरा बंदी कर पकड़ लिया।

# रैली निकालकर कलक्ट्रेट और पुलिस कार्यालय पहुंचे चौकीदार

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। हर थाने में चौकीदारों के लिए एक कमरा आरक्षित करने सहित अन्य मांगों के समर्थन में ग्रामीण चौकीदार संघ ने सोमवार को नगर में रैली निकली। कलक्ट्रेट और पुलिस कार्यालय पहुंचकर दोनों अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा। मांगें पूरी नहीं होने पर आगे आंदोलन करने की चेतावनी दी।



एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल को मांगपत्र सौंपने पहुंचे चौकीदार। संवाद

जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने कहा कि चौकीदार 24 घंटे ड्यूटी करता है, लेकिन उसके हिसाब से उसे लाभ नहीं मिलता है। मानदेय में वृद्धि करना जरूरी है, जिससे सहूलियत मिल सके। कहा कि चौकीदारों को थाने में बैठने के लिए कोई उचित स्थान नहीं है। ठंडी और बारिश के दिनों में चौकीदारों को बैठना मुश्किल हो जाता है। उनकी समस्याओं को देखते हुए थाने में उनके लिए एक कमरा आरक्षित किया जाए, जिससे वे रात में बैठ कर कार्य कर सकें।

जनपद में चौकीदारों के लिए अगर कोई सामान आता है, तो उसका सभी चौकीदारों में वितरण किया जाए। हाजिरी की व्यवस्था में सुधार किया जाए। इसके अलावा अन्य मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। कहा कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन करना पड़ेगा। चौकीदारों ने कलक्ट्रेट से रैली निकालकर पुलिस कार्यालय, हाइडिल तिराहा होते हुए विकास भवन के रास्ते कलक्ट्रेट पहुंचे और रैली समाप्त हुई।

# मानव तस्करी रोकने के लिए महिलाओं को किया जागरूक

## भारत-नेपाल सीमा क्षेत्रों में मानव तस्करी से बचने के लिए बताए उपाय

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सीमा से सटे अठकोनियां गांव में सोमवार को प्राथमिक विद्यालय में मानव तस्करी व मादक पदार्थो की रोकथाम और सीमा क्षेत्र में सुरक्षात्मक उपाय विषय पर लोगों को जागरुक किया गया। मानव तस्करी रोकने के लिए जागरुक किया।

एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ल ने कहा कि किसी व्यक्ति को डराकर, बल पूर्वक दोषपूर्ण तरीके से कोई काम करवाना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने या बंधक बनाकर रखना मानव तस्करी कहलाता है। मानव तस्करी में महिलाएं व लड़कियां सबसे ज्यादा असुरक्षित है। उनकी तस्करी यौन शोषण के लिए की जाती है। गांवों में गरीबी और अशिक्षा, बंधुआ मजदूरी, देह व्यापार, सामाजिक असमानता, क्षेत्रीय लैंगिक असंतुलन, बेहतर जीवन की लालसा, सामाजिक सुरक्षा की चिंता मानव तस्करी के तमाम कारक है।

चौकी इंचार्ज खुनुवां बृजेश सिंह ने कहा कि भारत नेपाल सीमा से होकर मादक पदार्थ व नशीली दवाओं की तस्करी अब लाइलाज बीमारी बन गई है। घर के लोगों को नशे का समाज व परिवार पर क्या असर पड़ता है। युवाओं से खुलकर बात करनी चाहिए।

इस अवसर पर आरक्षी जालंधर प्रसाद, सुनील कुमार, विजय शंकर, आदित्य प्रकाश मिश्र, कलावती, इंद्रावती, राजाराम आदि मौजूद रहे।

# पीआरडी जवान ने दिखाई ई- रिक्शा चालक से दबंगई, वीडियो वायरल

सिद्धार्थनगर। सोशल मीडिया पर सोमवार को एक वायरल वीडियो में पीआरडी जवान की दबंगई देखने को मिली। वायरल वीडियो में कैद की घटना मोहाना थाना क्षेत्र के सिकरी चौराहा की बताई जा रही है। सोमवार की घटना भी होने की बात सामने आ रही है। हालांकि आला अधिकारी इससे अनजान हैं और उनका कहना है कि इस प्रकार के किसी मामले की उनके पास शिकायत नहीं आई है। सोशल मीडिया पर सोमवार को एक वीडियो वायरल होने लगा।

जिसमें दिख रहा है कि पीआरडी जवान ई-रिक्शा चालक को अपशब्द कह रहा है। बार-बार मारने के लिए हाथ भी उठाता दिखाई दे रहा है, लेकिन मारता नहीं है। इस दौरान ई-रिक्शा चालक पैर पकड़ कर माफी भी मांगता है। लेकिन जवान का गुस्सा ठंडा होने का नाम ही नहीं लेता है। वायरल वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सीओ सदर ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी हुई है। जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पिकअप में लदा 50 बोरी चावल पकड़ा

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नेपाल बार्डर के सटे सिवहोरवा गांव के पास सोमवार एक पिकअप पर लदी 50 बोरी चावल को मंडी समिति के सचिव रामजी यादव ने पकड़ा लिया। पूछताछ में चालक गेट पास व किसी प्रकार प्रपत्र नहीं दिखा पाने के कारण अर्थदंड लगाया और पिकअप सीज कर दिया गया।

मंडी सचिव रामजी यादव ने बताया कि सूचना मिली की सीमा से सटे सिवहोरवा में अवैध चावल भंडारित होने के जा रहा है। सिवहोरवा गांव नेपाल बॉर्डर के किनारे भारतीय सीमा में स्थित है। मौके पर पहुंचकर गांव के पास पिकअप को रोका गया। चालक से गेट पास सहित अन्य कागजात की मांग किया गया। संवाद

# चोर गिरफ्तार, 44 गोली नशीली दवा और नकदी बरामद

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना पुलिस के हत्थे सोमवार को एक शातिर चोर लग गया। पुलिस ने उसके पास से 44 गोली नशीली दवा और सात हजार रुपये नकदी बरामद किया है। पुलिस को दावा है कि उसी में चिल्हिया में हुई चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

### मोहाना पुलिस ने क्षेत्र के भरमी मोड़ के पास से पकड़ा

एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली की एक शातिर चोर क्षेत्र के भरमी मोड के पास आने वाला है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस का आता हुआ देखकर वह भागने लगा। जवानों ने घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान रजिउल्लाह निवासी खलीलपुर टोला रेहरवा थाना मोहाना बताया। उसके कब्जे से 44 गोली नशीली दवा मिली। संवाद

# चेयरमैन के प्रतिनिधि से सीमेंट के नाम 13.25 लाख की ठगी, एक गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाने की पुलिस ने एक कंपनी के सीमेंट कंपनी के नाम से फर्जी कंपनी बनाकर सीमेंट भेजने के नाम 13.25 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक गुर्गे को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताता कि शोहरतगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि रवि अग्रवाल एक फर्म चलाते हैं। उन्होंने 14 अगस्त को तहरीर देकर बताया कि उनके साथ 13.25 लाख की धोखाधड़ी हो गई है। कहा कि उन्हें सीमेंट की जरूरत थी। एक एजेंट से बात हुई। एजेंट ने कहा कि अच्छे रेट में डालमिया

### शोहरतगढ़ पुलिस और साइबर सेल की टीम की मदद से पकड़ा गया आरोपी

सीमेंट लिमिटेड से सीमेंट मिल जाएगी। उसके बाद रवि अग्रवाल ने तीन बार में 13.35 लाख रुपये अपने खाते से कंपनी के एकाउंट में भेज दिए।

किसी कारणवश सीमेंट की आवश्यकता नहीं होने पर इन्होंने रुपये की मांग की। लेकिन उसने कहा कि रकम वापस नहीं होगा। ढाई लाख और भेज दो तब सीमेंट भेज दिया जाएगा। मामले को संज्ञान में लेकर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करके साइबर सेल के माध्यम पुलिस जांच में जुट गई। सोमवार को टीम को लोकेशन मिली कि उस गिरोह का एक सदस्य छतहरा के पास मौजूद है। मौके पर टीम पहुंची तो पुलिस देखकर भागने लगा।

पुलिस उसे भागता हुआ देखकर घेरा बंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम चुन्ना कुमार पासवान निवासी वार्ड नंबर 12 गंगा प्रसाद थाना बरौनी जनपद बेगूसराय बिहार बताया है। पुलिस ने कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दिया।

### आरोपी की ऐसे हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने केस दर्ज कर फर्म के मालिक रवि अग्रवाल को मोबाइल पर और पैसे भेजने के लिए संपर्क रखने के लिए कहा था। साइबर सेल के माध्यम से मोबाइल लोकेशन मिलने के बाद पुलिस टीम ने गिरोह के एक सदस्य तक पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया है।

# पुलिस कर्मियों ने बंधवाई राखी

सिद्धार्थनगर। आरएसएस के अनुषांगिक संगठन एकल की बहनों ने सोमवार को कोतवाली परिसर में पुलिस के जवानों को रक्षा बंधन बांध कर दीर्घायु होने की कामना की। तहसील बांसी संच प्रमुख अंजू विश्वकर्मा के नेतृत्व में दो दर्जन महिलाओं ने कोतवाली परिसर में पहुंचकर सबसे पहले कोतवाल अनुज सिंह को राखी बांधी।

इसके बाद सभी जवानों को भी राखी बांधी गई। इस दौरान सरोज, ओम प्रकाश, पूजा, विंद्रावती, सुनैना, बंदना, वल्लभी, सावित्री मनीषा, सोनी, मैना, सविता आदि बहनें मौजूद रहीं। संवाद

# पीआरडी जवान ने साइड न देने पर चालक को दी गाली

- सोशल मीडिया पर सोमवार को वायरल हुआ वीडियो
- सिकरी चौराहा का बताया जा रहा वीडियो

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। ई रिक्शा चालक ने बाइक सवार एक पीआरडी जवान को साइड नहीं दिया तो रोक कर उसे जवान ने खूब गालियां दी। ई रिक्शा चालक पैर पकड़ कर माफी मांगता रहा लेकिन जवान को दया नहीं आई। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पीआरडी जवान की दबंगई देखने को मिली। वायरल वीडियो में कैद की गई घटना सोमवार की मोहाना थाना क्षेत्र के सिकरी चौराहा की बताई जा रही है। वीडियो में दिख रहा है कि पीआरडी जवान ई रिक्शा चालक को अपशब्द कह रहा है। बार बार मारने के लिए हाथ भी उठाता दिखाई दे रहा है। ई रिक्शा चालक पैर पकड़ कर माफी मांगता रहा। वायरल वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सीओ सदर अखिलेश वर्मा ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी हुई है। जांच कराई जाएगी।



# मांग को लेकर ग्रामीण चौकीदार संघ का प्रदर्शन

## ज्ञापन

- कलक्ट्रेट से निकलकर किया प्रदर्शन, समस्यां समाधान की मांग
- समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। ग्रामीण चौकीदार संघ ने सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर से निकल कर पूरे शहर में प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि उन्हें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। उन्हें जब तक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलता तब तक 18500 रुपया प्रतिमाह मानदेय दिया जाए। इसके अलावा अन्य समस्याओं का भी समाधान हो।

जिलाध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण चौकीदार संघ के लोगों की कलक्ट्रेट पर जुटान हुई। दोपहर में वहां से निकल कर शहर की सड़कों पर उन लोगों ने प्रदर्शन किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग करने वाले ग्रामीण चौकीदार संघ का कहना था कि जब मानदेय सारे चौकीदारों की गिनती कर दिया जाता है तो सुविधा को सीमित क्यों कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि पूर्व कप्तान के कार्यकाल में थानों पर 25 से 30 वर्दी ही दी गई जबकि उससे कहीं अधिक चौकीदार हैं। दीवान जी ने भी उसमें खेल कर दिया। किसी को साफा दिया तो किसी को वर्दी देकर काम पूरा कर लिया। साइकिल भी गिनती के ही चौकीदारों को दी गई। उन्होंने कहा कि सबके साथ समानता होनी चाहिए। ग्रामीण चौकीदार संघ ने कहा कि थानों पर उनके बैठने का स्थान नहीं है। उन्हें ड्यूटी के दौरान पेड़ व मंदिर के नीचे बैठना होता है। उन लोगों ने एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान बालमुकुंद त्रिपाठी, लक्ष्मी नारायन पांडेय, सतीश त्रिपाठी, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

# तालाब में मिला किशोरी का शव

डुमरियागंज। इटवा थाना क्षेत्र के लटेरा गांव के तालाब से सोमवार को एक किशोरी का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लटेरा गांव निवासी रामकिशन की पुत्री सीमा (16) रविवार रात अचानक घर से निकल गई। कुछ देर बाद परिजन उसकी तलाश शुरू कर दी पर वह नहीं मिली। सोमवार की सुबह उसका शव गांव के तालाब में मिला। थानाध्यक्ष संजय कुमार तिवारी ने कहा की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बूढ़ी राप्ती में डूबे युवक की मिली लाश

**फॉलोअप**

- कठेला समय माता थाना क्षेत्र के टोला पिपरहवा की घटना
- रविवार शौच के दौरान नदी में डूब गया था युवक
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

इटवा, हिन्दुस्तान संवाद। रविवार को बूढ़ी राप्ती नदी में डूबे कठेला समय माता थाना क्षेत्र के बैरिया खालसा के टोला पिपरहवा निवासी युवक की लाश सोमवार को मिल गई है। एनडीआरएफ की टीम ने शव को घटना स्थल से दो सौ मीटर दूर बरामद किया। युवक का शव मिलने के बाद से परिवाररीजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बैरिया खालसा के टोला पिपरहवा निवासी योगेंद्र (30) पुत्र छविलाल रविवार को गांव के पश्चिम नदी के पास शौच करने गया था।

शौच के दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नदी के गहरे पानी में जाकर डूब गया था। घटना के बाद से ही पुलिस के साथ गांव के कुछ तैराक नदी के पानी में उसे दूढ़ने की कोशिश कर रहे थे। कोई सुराग नहीं लग पा रहा था। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई थी लेकिन रात होने से युवक की तलाश सोमवार को शुरू की। घंटों मशक्कत के बाद घटना स्थल से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर एनडीआरएफ की टीम ने नदी से योगेन्द्र की लाश को बरामद कर लिया। लाश मिलते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष कठेला समय माता कन्हैया लाल मौर्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# काजल, शिवानी व राधा की राखी सबको पसंद

संवाद न्यूज एजेंसी

## कंपोजिट विद्यालय कोहडौरा में राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

सिद्धार्थनगर। भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कोहडौरा में सोमवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यालय के कक्षा 4 से 8वीं तक की 43 छात्राओं ने भाग लिया। दस विशिष्ट रखियों का चयन किया गया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित राखी प्रतियोगिता का शुभांरभ विद्यालय इंचार्ज गोपेश प्रताप दूबे व व्यापार मंडल बिस्कोहर के प्रभात जयसवाल ने किया। काजल, शिवानी व राधा की राखी ने बाजी मारी। छात्राओं ने मनमोहक राखियां बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उसके बाद निर्णायक मंडल के गोपेश प्रताप दुबे, अभयंकर सिंह व प्रदीप कुमार यादव के साथ अतिथियों ने राखियों का आलोकन कर दस व राखियों का चयन किया।



कंपोजिट विद्यालय कोहडौरा में राखियां दिखातीं बच्चियां। संवाद

चयन के आधार पर कक्षा 5 की काजल ने प्रथमए कक्षा 6 की शिवानी गुप्ता द्वितीय व कक्षा 8 की राधा यादव ने तृतीय और कक्षा 5वीं की मन्नू चौधरी, आंचल चौधरी, सकीना खातून, 6वीं की वर्षा प्रजापति, रोशनी, शिवानी व रीना यादव ने चार से लेकर दसवां स्थान प्राप्त किया। जिन्हें अतिथियों ने गिफ्ट व प्रमाणपत्र देकर हौसला बढ़ाया गया।

प्रतियोगिता कार्यक्रम के बाद सभी छात्राओं ने कार्यक्रम में मौजूद त्रिलोकपुर थाने के सुरक्षा कर्मियों, समाजसेवियों व अध्यापकों को राखी बांधकर तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर देश की रक्षा का वचन लिया। इस दौरान समाजसेवी सुधीर त्रिपाठी ने कहा कि रक्षाबंधन सनातन संस्कृति और परंपरा का जुड़ाव का त्योहार है। यह भाई बहनों का अनूठा पर्व है।

# नशीली गोली के साथ गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। मोहाना पुलिस ने चोरी के कई मामलों में संलिप्त एक आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से नशीली दवा की 44 गोली भी बरामद की है। एसआई राजेश कुमार व चंद्रशेखर यादव ने बताया कि रजिउल्ला पुत्र वसीउल्लाह निवासी खलीलपुर टोला रेहरवा थाना मोहाना के खिलाफ कई केस दर्ज हैं। उसे पननी गांव के भरमी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 44 नशीली गोली व सात हजार रुपये बरामद हुआ है।

# फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि चुन्ना कुमार पासवान पुत्र जय जय राम पासवान निवासी वार्ड नंबर 12 गंगा प्रसाद थाना बरौनी जनपद बेगूसराय बिहार के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471 व 66डी आईटी एक्ट में केस दर्ज था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।




# बहनों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

बांसी। आरएसएस के अनुसांगिक संगठन एकल संगठन की बहनों ने सोमवार को कोतवाली परिसर में पुलिस जवानों को राखी बांध कर दीर्घायु होने की कामना की। बांसी संघ प्रमुख अंजू विश्वकर्मा के नेतृत्व में सुबह 10 .30 बजे दो दर्जन महिलाएं कोतवाली पहुंचीं। सबसे पहले कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार सिंह को राखी बांधी। इसके बाद पुलिस के जवानों को रक्षाबंधन बांधा। इस दौरान सरोज, ओम प्रकाश, पूजा, विंद्रावती, सुनैना, वंदना, वल्लभी, सावित्री मनीषा, सोनी, मैना, सविता आदि मौजूद रहीं।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद के सभी थाना क्षेत्रो में सोमवार को पुलिस ने नियम विरुद्ध चल रहे 67 वाहनों से जुर्माना वसूला। जिले की पुलिस ने बैंक, वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग का अभियान चलाया। सभी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, प्रभारी यातायात ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। 67 वाहनों से 59,500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# रुपये हड़पने वाले की जमानत निरस्त

**जालसाजी**

- न्यायालय के आदेश पर मेंहदावल पुलिस ने की कार्रवाई
- मेंहदावल थाना क्षेत्र के कौआठोर गांव का मामला

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। बिहार प्रान्त में नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर रुपया हड़पने के आरोपी का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। अंतर प्रान्तीय जालसाज कौशलेश पर पीड़ित के मित्र के साथ मिलकर बिहार प्रान्त में भवन निर्माण विभाग में माली की नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपए डकार जाने एवं फर्जी नियुक्ति पत्र देने का आरोप लगाया गया है ।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण जनपद के कोतवाली खलीलाबाद थानाक्षेत्र के बेलवनिया का है। प्रकरण में विकास मौर्य पुत्र हरीराम ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया है। उसका आरोप है कि वह बीएससी पॉलिटेक्निक डिग्री धारक बेरोजगार व्यक्ति है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। रूम पार्टनर रहे मित्र सुनील पुत्र भागवत ग्राम आराजी मंतौनी ब्लाक खोराबार जनपद गोरखपुर 13 मई 2022 को अपने साथ कौशलेश पुत्र शत्रुघ्न ग्राम भटकुर पोस्ट एनौता जिला औरंगाबाद बिहार को लेकर आया। सुनील ने कहा कि यह भवन निर्माण विभाग पटना सचिवालय का हेड क्लर्क है। भवन निर्माण विभाग पटना में माली का पद खाली है। पांच लाख रुपए का इंतजाम कर दे तो उसे यह नौकरी मिल जाएगी। इन लोगों के बहकावे में आ करके शैक्षिक प्रमाण पत्र की छाया प्रति फोटोग्राफ दे दिया और आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर करा लिया। पीड़ित ने दो लाख रुपए भी दे दिया। तीन लाख रुपए के एवज में अपना एटीएम कार्ड एवं बैंक के लिंक सिम कार्ड उन्हें दे दिया। जिससे वेतन आने पर रुपया निकल कर अवशेष तीन लाख रुपए प्राप्त कर लें।

# पांच पर अपहरण समेत विभिन्न धाराओं में केस

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल थाना क्षेत्र के कौआठोर गांव निवासी एक महिला के न्यायालय में दाखिल वाद पर दिए गए आदेश पर मेंहदावल पुलिस ने कार्रवाई की है। पांच लोगों के खिलाफ अपहरण, आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कौआठोर गांव निवासी सुनीता पत्नी विद्यासागर ने अतिरिक्त सिविल जज जूनियर डिवीजन द्वितीय के न्यायालय में एक वाद दाखिल किया था। जिसमें उन्होंने 11 मई 2023 को उनकी बेटी शशिकला को कस्बे मछलीहट्टा निवासी पिंकू उर्फ सतीश पुत्र श्रवण द्वारा बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया था।

प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कस्बे के मछलीहट्टा निवासी पिंकू उर्फ सतीश पुत्र श्रवण कुमार, श्रवण कुमार पुत्र अज्ञात, राकेश पुत्र अज्ञात तथा कौआठोर गांव निवासी गोविंद पुत्र अनरजीत तथा हरिशंकर पुत्र रामपत के खिलाफ अपहरण, आत्महत्या के लिए उकसाने, मारपीट व गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# तीन वारंटी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस ने फरार चल रहे तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने महताब आलम पुत्र नवाब अली निवासी मोतीनगर थाना कोतवाली खलीलाबाद, मेहदावल पुलिस ने उमेश साहनी पुत्र रामसेवक निवासी रुईहवा थाना मेहदावल, बखिरा पुलिस ने सूरज सिंह पुत्र आजाद सिंह निवासी सिहटीकर थाना बखिरा को गिरफ्तार किया। कार्रवाई कर न्यायालय रवाना कर दिया।

# आठ नामजद, पांच अज्ञात पर केस

नाथनगर। महुली पुलिस घटना के एक महीने बाद पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर ग्राम रामूपुर निवासी आठ नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उक्त मामला एक माह पूर्व का बताया जा रहा है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस तहरीर में बताया है। कि 25 जुलाई की देर रात करीब 11 बजे उसके घर मे बगल गांव के तसौवर, गुड्डी, साबिर, आबिर घुस गए। कमरे में उसकी बहन सोई थी। लूटपाट कर रहे थे। इसी दौरान बहन की नींद टूटी तो विरोध किया। तो बहन की कनपटी पर कट्टा सटा दिया। वादी के अनुसार उसकी बहन को घर से बाहर करीब दो सौ मीटर ले जा कर छेड़खानी करने लगे। इं. भगवान सिंह ने बताया कि तसौवर, गुड्डी, साबिर, आबिर, पूरे, सद्दू, राजे आलम, अरमान पर बलवा, छेड़खानी आदि धारा में केस दर्ज किया गया है।

# बच्ची से छेड़खानी का आरोप

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नतिनी के साथ छेड़खानी की शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीड़ित ने कहा है कि 26 अगस्त की समय शाम 4 बजे हमारी आठ वर्षीय नतनी को रामप्रसाद ने 10 रुपये का नोट देकर अपने पास बुलाया। उसके साथ अभद्र हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर बहु ने बीच बचाव किया तो वह भाग गया। अब जान माल की धमकी दे रहा है। उसकी सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नहर और सरयू नदी में डूबे लोगों के शव बरामद

हि फॉलोअप

चुरेब/कांटे, हिन्दुस्तान टीम। कोतवाली खलीलाबाद के कांटे पुलिस चौकी अंतर्गत नहर व सरयू नदी में डूबने वाले दो लोगों का शव अलग-अलग बरामद हो गया। पहले मामले में रायपुर छपिया उर्फ ठोका में पत्नी से विवाद के बाद एक व्यक्ति शनिवार की रात सरयू नहर में कूद गया। उसकी लाश सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे नहर के पानी में उतराती बरामद हुई। दूसरी घटना में बस्ती जिले के नौरहनी घाट पर सरयू में डूबे राजेश का दूसरे दिन शव मिला। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कांटे चौकी पुलिस ने बताया कि सोमवार की सुबह करौता गांव के किसी व्यक्ति ने फोन के माध्यम से सूचना दी कि सरयू नहर में किसी की लाश दिखाई दे रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से लाश को पानी से बाहर निकला गया। जिसकी पहचान शनिवार की रात नहर में कूदने वाले संजय शर्मा के रूप में हुई। लाश मिलने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**कांटे संवाद** के अनुसार बूधा कला गांव निवासी राजेश (25) पुत्र स्व. चौहान अपने दोस्तों के साथ बस्ती के नौरहनी घाट पर सरयू नदी में रविवार दोस्तों के साथ स्नान कर रहा था। उसी दौरान गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। डूबते देख नजदीकी लोग काफी प्रयास किये पर राजेश को बचा नहीं सके। घटना की जानकारी के बाद मां व शुभचिंतक रात भर घाट पर पड़े रहे। सोमवार को दोपहर बाद गोताखोरों ने फिर खोजबीन शुरू की। राजेश जहां स्नान कर था वहीं से थोड़े ही दूर पर उसकी लाश मिली। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## विवाह के कुछ माह बाद से ससुराल में था संजय

घटना की सूचना मिलते ही संजय के पिता रामायण शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि वह गोरखपुर जिले के सहजनवा थाना अंतर्गत कुसमी गांव के रहने वाले हैं। संजय की शादी करीब 18 वर्ष पूर्व रायपुर छपिया उर्फ ठोका की रहने वाली ओमलता से हुई। विवाह के कुछ महीने बाद से ही उनका बेटा अपने ससुराल में रहने लगा। घर पर उसका आना-जाना बहुत ही कम था। उनके पांच बेटे हैं। जिसमें संजय सबसे बड़ा बेटा था।

## चार मासूमों के सिर से उठ गया पिता का साया

संजय के चार बेटे हैं। सबसे बड़ा बेटा सूरज जिसकी उम्र सोलह वर्ष है। वह कक्षा 9 का छात्र है। दूसरे नंबर का बेटा निखिल है जो बारह वर्ष का है। तीसरे नंबर पर छह वर्षीय गोलू और चौथे नंबर पर चार वर्षीय सूर्याश है। संजय दिहाड़ी मजदूरी पर फर्नीचर बनाने का काम करता था। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है।

# सर ! केंद्र की लड़कियों से कराया जाता है काम

**निरीक्षण**

- लड़कियों से बाहरी व्यक्तियों को मिलने की दी जाती है इजाजत
- डीएम ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित करने का दिया आदेश

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी ने सोमवार को अस्पताल परिसर में बने वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर फैले भ्रष्टाचार की पोल खुल गई। कर्मियों ने ही अपने कर्मियों पर आरोप लगाया कि यहां पर एक-एक माह तक जिम्मेदार गायब रहते हैं। वही जो लड़कियां यहां पर आती हैं उनसे मारपीट के साथ जबरदस्ती काम भी करवाया जाता है। इतना ही नहीं उनसे मिलने के लिए बाहरी व्यक्तियों की इजाजत दी जाती है।

सीएमओ कार्यालय के बगल में वन स्टाप सेंटर बनाया गया है। यहां पर घर से भटकी बेटियों को रखकर सुधार करने के साथ ही उन्हें कानूनी सलाह भी दी जाती है। डीएम संदीप कुमार ने जब उक्त केंद्र पर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर वह भौंचक रह गए। जिलाधिकारी ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले यहां से एक लड़की छत से कूद कर भाग गई थी। साथ ही यहां के कर्मियों ने उसे मारा-पीटा भी था। इस बात की जानकारी एसपी ने उन्हें दी थी। जिस पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि एक कमेटी बना कर उक्त प्रकरण की जांच किया जाए। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, एसडीम व पुलिस विभाग के अधिकारी को जांच कमेटी में सम्मिलित किया जाए।

**डीएम ने डीपीओ श्वेता वर्मा से पूछा यहां कौन-कौन लोग हैं तैनात :** डीएम ने सेंटर में रह रही बच्चियों से उन्होंने परेशानियों के बारे में पूछा तो बच्चियों ने बताया कि समय से हमें भोजन नहीं मिलता है। साथ ही हमसे काम करवाया जाता है। इसके बाद वहां पर तैनात पुलिस कर्मी अंजली गुप्ता ने डीएम को एक वीडियो दिखाया। जिसमें वहां पर तैनात कर्मियों की मनमानी दिख रही थी। महिला पुलिस ने बताया कि यहां पर एक-एक माह तक लोग अपनी ड्यूटी से गायब रहते हैं। उन्होंने डीपीओ श्वेता वर्मा से कहा कि ऐसा क्यों है। यहां कौन-कौन लोग तैनात हैं। इस बात का उनके पास कोई उत्तर नहीं रहा। काउंसलर प्रतिभा ने बताया कि हम लोगों को 13 माह से मानदेय नहीं मिला है। इस पर डीएम ने डीपीओ को भुगतान में विलंब होने के कारण की जानकारी ली। साथ ही पूरी पत्रावली प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि जब हम लोग किसी को यहां आने से मना करते हैं तो यहां के कर्मचारी बच्चियों से मिलवाते हैं। इस बात की जानकारी हम लोग अपने विभाग में पुलिस अधीक्षक को भी हम दे चुके हैं। डीएम ने कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# कलक्ट्रेट में कोतवाल से लोगों की नोक-झोंक

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के नेदुला मोहल्ले के एक दस वर्षीय बालक का शव पोखरे में मिलने के मामले का खुलासा न होने पर नागरिकों ने सोमवार कलक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन किया। मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी न होने पर धरने के दौरान कलक्ट्रेट पहुंचे कोतवाल से नोक झोंक की। परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या कर शव पोखरे में फेंके जाने का आरोप लगाया था। ग्रामीणों का आरोप है कि कोतवाली प्रभारी विपक्षियों से मिलकर के घटना के अल्पीकरण में लगे हैं।

जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में हरिओम पुत्र बृजमान ने लिखा है कि उनके बेटे रवि गौड़ की 23 जुलाई को हत्या हुई थी। जिसमें योगेश पुत्र रामशंकर, गोलू पुत्र पियारे लाल,



कलक्ट्रेट परिसर में धरने के दौरान कोतवाल से नोंक झोंक करते नेदुला के नागरिक।

रमाशंकर पुत्र दयाराम, पियारे लाल पुत्र रम्पत ने हत्या कर सबूत मिटाने के उद्देश्य से लाश को गांव के पोखरे में पोखरे में फेंक दिया था। जिस पर कोतवाली में उक्त प्रकरण में 302, 201 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया, लेकिन विवेचक अभी तक अभियुक्तगणों की साजिश में आकर उनकी गिरफ्तारी नही कर रहे हैं। मुल्जिम खुलेआम घूम रहे हैं। वह लोग काफी मनबढ़ किस्म के हैं। आरोपी हमारे परिवार के सदस्यों को बार-बार मारने पीटने व जान से खत्म करने की धमकी दे रहे हैं। कहते हैं कि कहीं अगर कोई कार्यवाही हमारे खिलाफ करोगे तो जैसा तुम्हारे लड़के का किए हैं वैसा ही करेंगे। इस सम्बन्ध में हमने 17 अगस्त को मुल्जिमानों की गिरफ्तारी न होने पर पत्र भी दिया था। अभी तक प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं की गई। उक्त मामले में धरना भी दिया गया था।

जिस पर एक सप्ताह के अन्दर मुल्जिमानों की गिरफ्तारी कराने के आश्वासन दिया था परन्तु आज तक कोई कार्रवाई नहीं गई। कोतवाल द्वारा स्वस्थ मन से विवेचना नहीं की जा रही है। धरने में चंद्रप्रकाश पांडेय, दिग्विजय कुमार, अर्चना, मंजू, सोनी, बृजभान, सरोज, बेलावती, सुभावती, कुसुम, शोभा समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# नाबालिग को बहलाकर भगाने वाला गिरफ्तार

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने सोमवार को पाक्सो एक्ट के मामले मे वांछित अभियुक्त आनन्द कुमार निवासी कोदवट थाना महुली को कटार मिश्र में कुआनो पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। कार्रवाई कर न्यायालय रवाना किया। आरोपित आनंद बीते 21 मई को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध में थाना पर 27 मई को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। सोमवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# रास्ता बंद करने का कारण पूछने पर की पिटाई

संतकबीरनगर। तामा निवासी राजेन्द पुत्र साधू ने तहरीर में कहा कि 27 अगस्त को जमीनी झगड़े को लेकर ग्राम प्रधान सुरेश पासवान ने हमारे सारे आवगमन के रास्ते को बंद कर दिया। पूछताछ करने पर चन्द्रभान, शक्तिधर, सुरेश, बालानंद हमारे घर पर आकर गाली देते हुए लात-घूसो, लाठी-डण्डो से मारने-पीटने लगे। जब कुसुम, चन्दा, राष्ट्री, सुशीला बचाने आयी तो उन्हें भी लाठी डण्डो से मारने पीटने लगे। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बेटे की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के नेदुला में बीते माह किशोर की पोखरे में डूबने से मौत के मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। जिस पर डीएम ने एसपी से जांच कराकर कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया। धरने में चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, दिग्विजय कुमार, गोलू गौड़, अवधेश, गणेश, कुसुम, सरस्वती, सुभावती, अनीता, सरोज, सोनी, मंजू, बृजभान, सुभाष, संगीता, माया, रामराज, रामनरेश, श्री राम गौड़ सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

# नौकरी : झांसा देकर रुपये हड़पने वाले की अग्रिम जमानत निरस्त

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिला सत्र एवं न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने नौकरी का झांसा देकर ₹ हड़पने वाले की अग्रिम जमानत निरस्त कर दी है। आरोपी ने पीड़ित को सचिवालय पटना के भवन निर्माण विभाग में माली पद पर ज्वाइन कराने के नाम पर लाखों ₹ हड़प लिया था। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद के खलीलाबाद थानांतर्गत बेलवनिया निवासी विकास मौर्य ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया कि वह बीएससी पलिटेक्निक डिग्री धारक बेरोजगार व्यक्ति है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु तैयारी करता है। सुनील पुत्र भागवत ग्राम आराजी मतौनी जनपद गोरखपुर से उसकी पुरानी दोस्ती है। दोनों लोग एक साथ रूम पार्टनर के रूप में भी रह चुके हैं।

दिनांक 13.05.2022 को सुनील अपने साथ एक व्यक्ति जिसका नाम कौशलेश पुत्र शत्रुघ्न ग्राम भटकुर पोस्ट एनौता जिला औरंगाबाद बिहार एवं भवन निर्माण विभाग पटना सचिवालय का हेड क्लर्क बात करके कहा कि यह काफी पहुंच वाले व्यक्ति हैं। सुनील एवं कौशलेश ने उससे कहा कि भवन निर्माण विभाग पटना में माली का पद खाली है यदि वह पांच लाख ₹ का इंतजाम कर दे तो उसे नौकरी मिल जाएगी। वह इन लोगों के बहकावे में आ गया तो अभियुक्त शैक्षिक प्रमाण पत्र की छाया प्रति फोटोग्राफ व आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर कराए। उसने अभियुक्त को दो लाख ₹ भी दे दिया। अभियुक्त ने कहा कि तीन लाख ₹ के एवज में अपना एटीएम कार्ड एवं बैंक के लिंक सिम कार्ड उन्हें दे दे ताकि वेतन आने पर ₹ निकल कर अवशेष तीन लाख ₹ प्राप्त कर लेंगे। उसने उन्हें अपना एसबीआई बैंक का एटीएम, सिम एवं पिन कोड दे दिया। दिनांक 18.05.2022 को अभियुक्त उस को एक पत्र दिया कि वह उक्त पत्र को लेकर सचिवालय पटना जाकर भवन निर्माण विभाग में माली पद पर ज्वाइन कर ले। दिनांक 19.05.2022 को वह पटना सचिवालय पहुंचा जहां नाम दिखाने पर पता चला कि अभियुक्त ने उसके साथ धोखाधड़ी की हैं। उसने अभियुक्त से फोन कर संपर्क किया तो वह झूठा आश्वासन दिया। आशंका में उसने दिनांक 04.06.2022 को अपने बैंक खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला कि अभियुक्त ने बैंक खाता एवं एटीएम का दुरुपयोग कर काफी लेनदेन किए हैं। आरोपी कौशलेश ने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र सत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। जिसका जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने विरोध किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला सत्र एवं न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

# सरयू नहर में डूबे व्यक्ति की 36 घंटे बाद मिली लाश

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली ख़लीलाबाद के क्षेत्र के पुलिस चौकी कांटे अंतर्गत रायपुर छपिया उर्फ ठोका से सटे सरयू नहर में डूबे व्यक्ति की 36 घंटे बाद लाश मिली। व्यक्ति की लाश पुलिस की निगरानी में गोताखोर ने खाफी खोज के बाद सोमवार की सुबह गांव से 07 किलोमीटर दूर कोतवाली थाना क्षेत्र करौता निकट सरयू नहर पुल के पास बरामद की। कांटे चौकी पुलिस ने गांव के कुछ लोगों की मदद से शव की शिनाख्त की। उसके बाद परिजनों को बुलवाकर शव की शिनाख्त करने के बाद पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। नहर में डूबे हुए व्यक्ति की पहचान संजय शर्मा पुत्र रामायण शर्मा (40) में रूप में हुई। मृतक संजय शर्मा की पत्नी ओमलता और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक संजय अपने परिवार के साथ ससुराल में रहता था जो फर्नीचर की कारीगरी करके अपना गुजारा चलाता था। जिसके चार बेटे हैं। सूरज शर्मा 18 वर्ष, निखिल शर्मा 10 वर्ष, गोलू शर्मा 07 वर्ष, प्रियांश शर्मा 04 वर्ष जो अभी पढ़ाई करते हैं। शनिवार की रात पत्नी ओमलता से कुछ आपसी विवाद हुआ जिससे वो नाराज हो कर नहर के पुल पर आ गया और नहर में कूद गया। जिससे वह नहर में डूब गया जिसका शव 36 घंटे बाद 07 किलो मीटर दूर बरामद हुआ।

# छात्रों ने प्रधानाचार्य कक्ष में जड़ा ताला

कक्ष के अन्दर प्राचार्य प्रो. डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक करीब एक घंटे तक रहे कैद

छात्रसंघ की चुनाव तिथि घोषित करने को लेकर देर रात तक महाविद्यालय में धरने पर बैठे रहे छात्र नेता



प्राचार्य कक्ष में छात्र धरना दे रहे छात्र नेताओं से वार्ता करते एसडीएम, सीओ व प्राचार्य।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में छात्र संघ चुनाव कराये जाने की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने छात्रों के साथ प्राचार्य कक्ष में तालाबंदी की। कक्ष के अन्दर प्राचार्य प्रो. डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक करीब एक घंटे तक कैद रहे। उसके बाद महाविद्यालय के सामने सड़क पर धरने पर बैठे गए। जिससे सड़क जाम हो गया। सूचना पर पहुंची क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर एवं थाना कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश राय ने छात्र नेताओं से वार्ता की। उसके बावजूद भी छात्र नेता नहीं माने।

छात्र नेताओं की मांग थी कि छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित की जाय तभी धरना समाप्त किया जाएगा। देर रात तक छात्र नेताओं का धरना महाविद्यालय पर जारी रहा। कुछ समय बाद उप जिलाधिकारी शैलेश दूबे ने महाविद्यालय पहुंचकर छात्र नेताओं से वार्ता की। काफी समझाने के बाद छात्र नेता मान गए और सड़क से धरना समाप्त कर वार्ता के लिए तैयार हो गए। एसडीएम व सीओ के कहने के बाद छात्र नेताओं ने प्राचार्य कक्ष का ताला खोला। जहां कक्ष के अन्दर प्राचार्य प्रो. डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक करीब एक घंटे तक कैद रहे। एसडीएम व सीओ ने प्राचार्य से चुनाव के संबंध में वार्ता की। लेकिन छात्र नेताओं एवं महाविद्यालय प्रशासन की वार्ता विफल हो गया। छात्र नेता राहुल, राधा शुक्ला, गोविन्द यादव, विवेक सिंह, शुभम सिंह आदि कहा कि महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा आज 3.00 बजे से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों एवं महाविद्यालय प्रशासन तथा जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करने की बात कही गई थी लेकिन बैठक न होने की जानकारी मिली तो इस पर प्राचार्य से वार्ता की गई। प्राचार्य ने चुनाव कराने से इनकार कर दिया। जिससे छात्रों में रोष व्याप्त हो गया और सभी अपनी मांग को पूरा कराने के लिए सड़क जाम किए। समाचार लिखे जाने तक देर रात तक महाविद्यालय में छात्र नेताओं का धरना जारी रहा।

# साहब, मेरे खिलाफ दर्ज करवा दिया फर्जी मुकदमा

**जासं, संतकबीर नगर:** बखिरा थाना के देवकली गांव निवासी बाबूलाल यादव सोमवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचें। उन्होंने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह संन्यासी हैं।

समाज की सेवा में कई वर्षों से जुटे हैं। उनके गांव के कुछ लोगों ने हल्का दारोगा की मिलीभगत से 16 जून 2022 को गुंडा एक्ट लगवा दिया। वह गांव में लग रहे खड़ंजा के बारे में बातचीत करने के लिए थाने पर पहुंचे तो शांतिभंग की आशंका में उनका चालान कर दिया गया। उन्होंने जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# मारपीट, छेड़खानी और बलवा के आरोप में केस

**महुली थाना क्षेत्र के भैंसहीजोत कला गांव का मामला**

धनघटा (एसएनबी)। बीते 25 जुलाई 2023 की रात 11 बजे महुली थाना क्षेत्र के भैंसहीजोत कला गांव में दलित परिवार के घर में घुस कर लूटपाट का प्रयास करने के दौरान घर में सो रही युवती के जाग जाने के बाद युवती को डरा-धमका कर उसके साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में घटना के बाद पीड़ित परिवार द्वारा तहरीर देने के बाद भी एक महीने तक मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली कर रही महुली पुलिस ने मामले को लेकर दलितों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए अन्ततः सोमवार को पीड़ित की तहरीर पर 8 नामजद समेत एक अज्ञात के विरुद्ध घर में घुस कर छेड़खानी करने, मारपीट, गाली व धमकी देने तथा बलवा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। विदित हो कि थाना क्षेत्र के भैंसहीजोत कला गांव निवासी एक दलित परिवार बीते 25 जुलाई की रात भोजन करने के बाद सो रहा था।

परिवार के सदस्य मकान की छत पर सो रहे थे और गृहस्वामी की बहन घर में सो रही थी। आरोप है कि इसी बीच रात करीब 11 बजे बगल के रामपुर गांव निवासी तसौवर पुत्र फेरई, गुड्डू पुत्र वकील,साबिर व आबिर पुत्रगण आमिर घर में घुस गए और लूटपाट करना शुरू कर दिया तभी घर में सो रही गृहस्वामी की बहन नींद से जाग गई तो उक्त लोगों ने गृहस्वामी की बहन की कनपटी पर कट्टा सटा दिया और बहन को साथ लेकर डराते-धमकाते हुए घर से 200 मीटर पश्चिम ले जाकर बहन के साथ गलत नियत से अश्लील हरकत करने लगे तो बहन ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और दो लोगों को पकड़ लिया गया बाकी लोग मौके से भाग गए। इस बीच रामपुर गांव निवासी नूरे व सद्दू, राजेआलम पुत्र दिलशाद,अरमान पुत्र साबिर तथा एक अज्ञात व्यक्ति पीड़ित परिवार के दरवाजे पर पहुंच गये और जाति सूचक भद्दी-भद्दी गालियां और तरह-तरह की धमकी देते हुए पकड़े गए दोनों युवकों को छोड़ने की धमकी देने लगे।

इस बीच पीड़ित परिवार ने जब पकड़े गए दोनों लोगों को छोड़ने से मना कर दिया तो उक्त सभी मिलकर दरवाजे पर ही पीड़ित परिवार से मारपीट करने पर उतारू हो गए। इस बीच पीड़ित परिवार ने 112 नम्बर पर फोन कर मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बीचबचाव कराया तो उपरोक्त विपक्षीगण पीड़ित परिवार को जाति सूचक गाली देते हुए मौके से चले गए। पीड़ित परिवार के गृहस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने घटना में शामिल थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी तसौवर, गुड्डू, साबिर, आबिर, नूरे, सद्दू, राजेआलम, अरमान सहित एक अज्ञात के विरुद्ध आईपीसी की धारा 147, 354, 352, 427, 452, 504, 506 सहित 3 (1) (द) तथा 3 (1) (ध) एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ धनघटा का कहना है कि जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई जल्द ही पूरी कर दी जाएगी।

## पाक्सो एक्ट का नामजद अभियुक्त गिरफ्तार



नाथनगर (एसएनबी)। बीते मई माह में महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसका यौन उत्पीड़न करने के आरोप में नामजद अभियुक्त को महुली पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के कटारमिश्र पुल के समीप से गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर बीते 21 मई 2023 को थाना क्षेत्र के कोद्दवट गांव निवासी आनन्द कुमार पुत्र जयराम नामक युवक ने उसका अपहरण कर लिया था।

काफी खोजबीन के बाद जब परिजनों को किशोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो किशोरी के पिता ने महुली पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कोदवट गांव निवासी आरोपी आनन्द कुमार के विरुद्ध आईपीसी की धारा 363,366 तथा 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। सोमवार को जरिए मुखबिर नामजद आरोपी के थाना क्षेत्र के कटारमिश्र पुल के समीप मौजूद होने की सूचना पर थानान्तर्गत मुखलिसपुर पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव हमराही पुलिसकर्मियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और आरोपी आनन्द कुमार को गिरफ्तार कर लिया साथ ही कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया।

# एसडीएम का आदेश नहीं मानती पुलिस

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम ददरी हरदो में दूसरे की जमीन में छज्जा निकालने को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है। इसकी लिखित शिकायत पीड़ित ने एसडीएम से करके तत्काल छज्जा निकालने पर रोक लगाने की मांग की है।

एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महुली पुलिस को जमीनी विवाद का आपसी भाईचारा के तहत निपटारा कराने का निर्देश दिया है उसके बाद भी महुली पुलिस व राजस्वकर्मियों की शह पर विपक्षियों द्वारा जबरिया छज्जा निकाला जा रहा है जिसको लेकर तनाव व्याप्त है। लोगों का कहना है कि समय रहते मामले में अगर पुलिस हस्तक्षेप नहीं करती तो इसको लेकर कभी भी बड़ी घटना घट सकती है जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस की होगी।

शिकायती पत्र में महुली थाना क्षेत्र के ददरी हरदो गांव निवासी शैलेन्द्र पांडेय पुत्र वंशीधर पांडेय ने बताया है कि उनकी जमीन पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा प्रधान, पुलिस व राजस्वकर्मी की मिलीभगत से जबरिया छज्जा निकाला जा रहा है और विरोध करने पर विपक्षी आमादा फौजदारी हो जा रहे है। उसके बाद भी पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़ित ने पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

# कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों पर अपहरण का केस

**जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर:** कोर्ट के आदेश पर मेंहदावल पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अपहरण सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में एक गांव की महिला ने यह उल्लेख किया है कि बीते 11 मई को उनकी बेटी को मछलीहट्टा कस्बा निवासी पिंकू उर्फ सतीश शादी का झांसा देकर भगा ले गया था।

इसमें उसके पिता श्रवण कुमार व राकेश तथा कौवाठोर गांव निवासी गोविंद व हरिशंकर भी शामिल रहे। इन लोगों ने बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इससे परेशान होकर उनकी बेटी ने बीते 12 जून को जहर खा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मेंहदावल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उनकी तहरीर पर मुकामी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे निराश होकर उन्होंने एसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा। जिससे उसे न्यायालय का शरण लेना पड़ा। थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर इन पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# फरार चल रहे तीन वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद, मेंहदावल व बखिरा पुलिस ने सोमवार को एक-एक कुल तीन फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मोतीनगर मोहल्ला निवासी महताब आलम, मेंहदावल पुलिस ने रुईहट्टा निवासी उमेश साहनी व बखिरा पुलिस ने सिहटीकर गांव निवासी सूरज सिंह को गिरफ्तार किया।( विज्ञप्ति)

# 67 वाहनों से 59,500 रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने सोमवार को अभियान चलाया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 67 वाहन चालकों से 59,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

# नाबालिग लड़की को भगाने वाले आरोपित को भेजा जेल

संतकबीर नगर : महुली पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाने वाले कोदवट गांव निवासी आनंद को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एक गांव के पीड़ित पिता ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि आरोपित ने बीते 21 मई को उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। थानाध्यक्ष भगवान सिंह ने बताया कि 27 मई को आरोपित के खिलाफ अपहरण, पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। (विज्ञप्ति)

# हत्या के आरोपितों की जल्द हो गिरफ्तारी

जासं, संतकबीर नगरः कोतवाली खलीलाबाद थाना के नेदुआ गांव के पीड़ित पिता ने परिवार के सदस्य व गांव के लोगों के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर डीएम को प्रार्थना पत्र दिया। पीड़ित ने अपने बेटे की हत्या करने वाले आरोपितों की जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की। इस पर डीएम ने जांच कर उचित पहल किए जाने की बात कही।



हत्यारोपितो की गिरफ्तारी की मांग को लेकर डीएम सदीप कुमार से मिलता पीड़ित परिवार

पीड़ित पिता हरिओम गौड़ ने कहा कि उनके बेटे रवि गौड़ की हत्या 23 जुलाई को कर दी गई थी। योगेश, रमाशंकर व पियारे लाल ने हत्या करके साक्ष्य मिटाने के लिए गड़ही में शव को फेंक दिए थे।

उनकी तहरीर पर मुकामी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचक आरोपितों के प्रभाव में आकर गिरफ्तारी नहीं कर रहे हैं।

आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं। जानमाल की धमकी दे रहे हैं। उनके परिवार के सदस्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गांव के लोगों के साथ 17 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिए थे। इस पर डीएम ने एक सप्ताह के अंदर आरोपितों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी वजह से उन्हें पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देना पड़ा।

# दो दिन बाद मिला नहर में डूबे व्यक्ति का शव

जासं, कांटेः खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के रायपुर छपिया उर्फ ठोका गांव में अपनी ससुराल में रह रहे 40 वर्षीय संजय शर्मा का शव सोमवार की ठोका गांव से लगभग दो किमी दूर करौंता गांव के पास सरयू नहर में मिला। शव मिलने के बाद घर में शोक छा गया। कांटे पुलिस चौकी के प्रभारी हरेंद्र नाथ राय ने बताया कि गोरखपुर जनपद के गौडा थाना क्षेत्र के ग्राम कुसम्ही का रहने वाला संजय शर्मा काफी दिनों से अपने परिवार के साथ अपनी ससुराल ठोका में रहता था। शनिवार की रात में उसके नहर में गिरने की सूचना पुलिस को मिली थी। तभी से गोताखोर संजय की नहर में तलाश कर रहे थे। सोमवार को ग्राम करौंता के पास संजय शर्मा का शव नहर में उतराता हुआ मिला।

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर हंगामा, सड़क जाम

## चुनाव के लिए तय तिथि पर बैठक न कराने का आरोप, छात्रों ने की नारेबाजी व तोड़फोड़



हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन करते छात्र• जागरण



सड़क से जाम हटाने के लिए नीचे बैठकर छात्रों को समझाते एसडीएम साथ मै सीओ व अन्य पुलिसकर्मी• जागरण

जासं, संतकबीर नगरः हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद में सोमवार को छात्रों ने हंगामा किया। छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर परिसर व सड़क पर नारेबाजी करके प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने तय तिथि पर चुनाव से संबंधित बैठक न कराने का आरोप लगाया। आक्रोशित छात्रों ने मुख्य द्वार व प्राचार्य कक्ष का दरवाजा का शीशा तोड़ दिया। महाविद्यालय के सामने सड़क जाम कर विरोध जताया। करीब तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से छात्रनेता एकत्र होना शुरू हुए। महाविद्यालय प्रशासन पर तिथि तय करने के बाद भी बैठक न कराने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। प्राचार्य कक्ष अंदर से बंद होने पर कुछ छात्रों ने तोड़फोड़ किया। मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करने के साथ 11 बजे के करीब सड़क जाम कर दिया। इस बीच कुछ छात्र सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने लगे। शिक्षकों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र नेता नहीं माने। बीच-बीच में पुलिस प्रशासन भी मनाने में जुटा रहा। 1.45 बजे के करीब उप जिलाधिकारी (एसडीएम) खलीलाबाद शैलेश दूबे व पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) दीपांशी राठौर ने पहुंचकर मामला शांत कराया। एसडीएम ने करीब दो बजे सड़क से जाम हटवाया। इसके बाद प्राचार्य कक्ष में छात्र नेताओं को ले जाकर बातचीत कराया। शाम पांच बजे तक प्रशासन, महाविद्यालय प्रशासन व छात्र नेताओं की वार्ता चलती रही। छात्र नेता चुनाव कराने पर अड़े रहे। प्राचार्य प्रक्रिया का हवाला देकर समय मांगते रहे।

**बात-बात में दो गुट में विवाद, चले ईंट-पत्थर** : सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने वालों पर समर्थक छात्र पानी डाल रहे थे। एसडीएम व सीओ के वार्ता के समय भी पानी की बौछार आती रही। इसी बीच अध्यक्ष पद के एक दावेदार के समर्थक ने मना किया। दोबारा पानी की छींटे आने पर अपशब्द बोला। इसके बाद दूसरे गुट के समर्थकों ने विरोध जताया। मामला शांत होने के बाद संबंधित गुट के समर्थकों में कहासुनी होने लगी। फिर झड़प के साथ ईंट-पत्थर भी चले। इस दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

**एंबुलेंस व बच्चों के लिए छोड़ा रास्ताः** सड़क जाम में काफी संख्या में छात्राएं भी शामिल थीं। इस दौरान विद्यालय के आने वाले बच्चों के लिए रास्ता छोड़ते रहे। दो बार एंबुलेंस के आने पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने मार्ग खाली कराया, लेकिन अन्य वाहनों को नहीं जाने दिया। जाम लगने से दो पहिया व पैदल चलने वाले इधर-उधर होकर मार्ग पार करते रहे।

एचआरपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो.ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव के लिए विश्वविद्यालय की संस्तुति व प्रशासन से अनुमति के बाद छात्रों के साथ बातचीत करके निर्णय लिया जाएगा। छात्रों को नियमानुसार सभी पदों पर छात्रसंघ चुनाव कराने का आश्वासन दिया गया है।

### अखाड़ा बना महाविद्यालय आए दिन होता है विवाद

जासं, संतकबीर नगरः हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। नामांकन, परीक्षाफल तो छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्रों द्वारा प्रदर्शन हो रहा है। अभी परीक्षाफल को लेकर तोड़फोड़ व मार्ग जाम हुआ था। 28 दिनों के भीतर ही सोमवार को दूसरी बार हंगामा हुआ।

महाविद्यालय में अखाड़ा जैसी स्थिति बनी हुई है। इसके बाद भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संतोषजनक व्यवस्था नहीं की गई है। विद्यार्थियों के साथ शिक्षक भी स्थिति को लेकर भयभीत रहते हैं। नए सत्र में 10 जुलाई को महाविद्यालय खुलने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हुई। इसे लेकर हंगामा होता रहा। जुलाई से ही छात्रसंघ चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई। पद को लेकर दावेदारी जताने वालों में बैनर व पोस्टर लगाने के साथ प्राचार्य, नियंता को मांग पत्र सौंपकर छात्रों को रिझाने का प्रयास शुरू कर दिया है। बीए, बीएससी, बीकाम द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर के घोषित परिणाम व अंक को लेकर चार दिनों तक छात्रों ने विरोध जताया। पांचवें दिन एक अगस्त को नाराज छात्रों में महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया। मार्ग जाम करने के साथ कुछ ने परिसर में तोड़फोड़ भी किया था। इसके बाद तीन बार छात्रसंघ चुनाव को लेकर नारेबाजी व ज्ञापन के बाद 28वें दिन मार्ग जाम करके विरोध जताया।

# ब्लड बैंक को लेकर प्रसारित हो रहा वीडियो

जासं, संतकबीर नगर: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खलीलाबाद के परिसर में स्थित ब्लड बैंक को लेकर एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, जिसमें धर्म विशेष के एक व्यक्ति को डोनर के बाद भी रक्त मिलने में दिक्कत की बात कही जा रही है। हालांकि विभाग इस मामले में ऐसी किसी भी बात से इन्कार कर रहा है।

प्रसारित वीडियो में ब्लड बैंक के एक कर्मचारी और एक व्यक्ति की बात हो रही है। उसमें कहा जा रहा है कि डोनर दूसरे समुदाय के हैं, इसलिए रक्त देने में दिक्कत हो रही है। इससे पूर्व पीड़ित को रक्त देने के लिए कई दिनों तक दौड़ाने का भी आरोप है। हालांकि बाद में दो यूनिट रक्त पीड़ित को दिया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि डोनर और सरकारी फीस के बाद हर कोई रक्त पाने का अधिकारी है। जो भी बात बताई जा रही है, वह सब गलत है। ब्लड बैंक में रक्त उपलब्ध होने पर हर किसी को मिलता है।



छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर एचआरपीजी कॉलेज के गेट पर धरना दे रहे छात्रों को समझातीं सीओ सदर। संवाद

# कॉलेज में देर रात तक डटे रहे विद्यार्थी छात्र संघ चुनाव पर नहीं बनी बात

## देर रात तक नहीं खत्म हुआ हंगामा, छात्र नेता चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग पर अड़े

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एचआरपीजी कॉलेज में छात्र संघ चुनाव को लेकर शुरू हुआ हंगामा देर रात तक खत्म नहीं हुआ। कॉलेज प्रशासन चुनाव की तिथि घोषित नहीं कर पाया। जिसको लेकर छात्र नेता देर रात तक प्राचार्य कक्ष के बार धरने पर बैठे रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों ने निकट भविष्य में चुनाव की बात कही है। छात्रों के हंगामे के चलते पूरे दिन महाविद्यालय में पठन-पाठन ठप रहा।

छात्र नेताओं ने 11 बजे के करीब हंगामा शुरू किया। उसके बाद प्राचार्य को कक्ष में बंद कर दिया। जिससे प्राचार्य कक्ष से दो घंटे तक बाहर नहीं निकल पाए। छात्र नेता अभिषेक और उज्जवल का कहना था कि प्राचार्य हमेशा आश्वासन देते आए हैं कि जल्द ही चुनाव कराएंगे, पर उसकी तिथि नहीं घोषित कर रहे हैं। अगर 10 सितंबर के पहले चुनाव नहीं कराया गया तो लिंगदोह कमेटी के निर्णय के अनुसार फिर चुनाव नहीं हो पाएगा। इसलिए चुनाव की तिथि घोषित की जाए।



छात्र संघ चुनाव के मुद्दे पर एसडीएम और प्राचार्य से हो रही वार्ता। संवाद

छात्र नेता, प्राचार्य, एसडीएम और सीओ की बीच करीब तीन घंटे तक चुनाव को लेकर वार्ता चली पर इसका कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। छात्र नेता सात बजे के करीब प्राचार्य कक्ष से बाहर आ गए और धरने पर बैठ गए। इस दौरान कॉलेज और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। देर रात तक छात्रों का धरना चलता रहा।

*चुनाव को लेकर सब तैयारी है, प्रशासन को चुनाव कराना है। वहीं फोर्स भी उपलब्ध कराएंगे। जिसके बाद चुनाव कराया जा सकेगा। प्रशासन अगर अनुमति देता है तो चुनाव को सितंबर के प्रथम सप्ताह में करा दिया जाएगा। - प्रोफेसर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, प्राचार्य, एचआरपीजी कॉलेज*

*अभी फोर्स उपलब्ध नहीं है, ऊपर से कोई निर्देश नहीं मिला है, जिसकी वजह से चुनाव अभी नहीं कराया जा सकता है। यह छात्र नेताओं और कॉलेज प्रशासन को बता दिया गया है। छात्र नेताओं को समझाया जा रहा है, उम्मीद है कि वह मान जाएंगे। - शैलेश कुमार दुबे, एसडीएम सदर*

## हंगामे के चलते सहमे रहे शिक्षक और छात्र



धरना दे रहे छात्रों को समझाते एसडीएम सदर। संवाद

संतकबीरनगर। छात्र नेताओ के हंगामे के चलते कॉलेज परिसर में छात्र और शिक्षक सहमे रहे। इस दौरान छात्र नेताओं ने जमकर बवाल किया। प्राचार्य कक्ष के दरवाजे पर लगे फाइबर के शीशे को तोड़ दिया। साथ ही कंप्यूटर कक्ष में भी ताला जड़ दिया जिससे प्राचार्य उस रास्ते से भी बाहर न निकल पाए। प्राचार्य छात्रों को मनाते रहे, पर छात्र नेता नहीं माने। कॉलेज परिसर में हो रहे हंगामे के चलते पठन-पाठन ठप हो गया और छात्र-छात्राएं घर चले गए।

**जंगल धूषण महाविद्यालय हो रहे चुनाव की दे रहे थे दुहाई :** छात्र संघ की चुनाव की मांग को लेकर धरने पर बैठे छात्र नेता गोरखपुर के जंगल धूषण में हो रहे चुनाव को लेकर दुहाई दे रहे थे। समाचार पत्रों में छपी खबर को दिखा रहे थे। उनका कहना था कि जब गोरखपुर में चुनाव हो सकता है तो संतकबीरनगर में चुनाव क्यों नहीं कराया जा रहा है। संवाद

### छात्रों के गुटों में हुई झड़प

कॉलेज के मुख्य गेट पर धरने पर बैठे छात्र नेताओं के गुटों के बीच वर्चस्व को लेकर झड़प हुई। छात्र नेता एक दूसरे को देख लेने की धमकी देते रहे। कोतवाल सर्वेश राय ने किसी तरह से छात्र नेताओं को शांत कराया। हर आधे घंटे पर छात्र नेताओं में आपसी विवाद उत्पन्न हो जा रहा था।

# किशोरी को भगाने का आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया। एसओ भगवान सिंह ने बताया कि आरोपी 21 मई को बहला-फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था। इस मामले में आरोपी पर केस दर्ज कर तलाश की जा रही थी। सूचना के आधार पर आरोपी को कटार मिश्र के पास से गिरफ्तार किया गया। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। संवाद

# महिला ने खाया ज़हरीला पदार्थ, भर्ती

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के भटौरा निवासी महिला ने सोमवार को अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन परेशान हो गए। परिजनों ने महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सोमवार को महुली क्षेत्र के भटौरा निवासी कमलावती देवी (24) पत्नी सुधीर यादव की तबीयत अचानक खराब हुई तो परिजन उसे संयुक्त चिकित्सालय ले गए। परिजनों ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी है, लेकिन जहरीला पदार्थ खाने की वजह वे नहीं बता पाए। जबकि इस मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही थी। एसओ भगवान सिंह ने घटना की सूचना से अनभिज्ञता जाहिर की। संवाद

# सीन रिक्रिएशन टीम की मदद से हत्या की गुत्थी सुलझने की उम्मीद

## 30 अगस्त 2021 में हत्या कर बोरे में फेंकी मिली थी युवती की लाश

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। तीन साल से उलझी अज्ञात युवती की हत्या की गुत्थी पुलिस अब तक नहीं सुलझा पाई है। एसपी की पहल पर 15 दिन पूर्व जिले में गोरखपुर से आई सीन रिक्रिएशन टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस को उम्मीद है कि हत्या के पर्दाफाश में सीन रिक्रिएशन टीम मददगार साबित हो सकती है।

30 अगस्त 2021 को बखिरा क्षेत्र के जिवधरा में अज्ञात युवती की लाश बोरे में मिली थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, युवती की उम्र 20 से 30 वर्ष के बीच आंकी गई। पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या कर शव छिपाने की कोशिश के आरोप में केस दर्ज किया।

इसी बीच मेंहदावल क्षेत्र का एक व्यक्ति ने कपड़े के आधार पर शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में करने का दावा किया। उसने बेटी की प्राइवेट सेंटर पर अल्ट्रासाउंड जांच की रिपोर्ट पुलिस के समक्ष प्रस्तुत कर सात माह की गर्भवती होने का दावा किया। जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण एंटीमार्टम हैंगिंग आया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गर्भवती होने की पुष्टि नहीं हुई।

इस केस की विवेचना पहले बखिरा के एसओ रहे इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने शुरू की। बाद में विवेचना बखिरा के एसओ रहे इंस्पेक्टर विजय नरायन प्रसाद, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह को मिलती गई। इन सभी विवेचकों ने अपने-अपने ढंग से केस की विवेचना की, लेकिन शव की शिनाख्त की पुष्टि नहीं हो पाई। एसपी की ओर से विवेचना की समीक्षा की गई और इन चारों विवेचकों पर परनिंदा की कार्रवाई की गई। इसके चलते इनकी एसओ की कुर्सी चली गई। बाद में विवेचना इंस्पेक्टर अनुज सिंह को मिली और कुछ ही दिन बाद उनका स्थानांतरण सिद्धार्थनगर हो गया। अब इस मामले की विवेचना क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर अशोक सिंह को मिल गई है।

तीन महीने से अधिक समय से इस केस की विवेचना हो रही है, लेकिन अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है। इधर, एसपी ने पत्राचार कर लखनऊ से सीन रिक्रिएशन टीम बुलाए जाने के लिए पत्राचार किया था। विधि विज्ञान प्रयोगशाला लखनऊ के निदेशक ने गोरखपुर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की चार सदस्यीय टीम गठित की।

गोरखपुर की चार सदस्यीय टीम 15 दिन पूर्व जिले में पहुंची। एसपी ने मदद में फील्ड यूनिट के अलावा विवेचक अशोक कुमार सिंह, इंस्पेक्टर विजय दूबे, बखिरा एसओ श्याम आदि को लगाया। टीम घटना स्थल पर पहुंची और डेमा बनाकर जांच पड़ताल की। वादी मुकदमा और पंचनामा के गवाहों से भी बातचीत की। अब टीम की रिपोर्ट की पुलिस प्रतीक्षा कर रही है। संवाद

### हत्या कर शव छिपाने की कोशिश का केस दर्ज कर विवेचना में जुटी है पुलिस

### आईजी ने चारों इंस्पेक्टरों की अपील की खारिज

विवेचना में लापरवाही पाए जाने पर एसपी ने जिन चारों इंस्पेक्टरों पर परनिंदा की कार्रवाई की, उन्होंने आईजी बस्ती के यहां अपील की। आईजी ने चारों इंस्पेक्टरों की अपील को खारिज कर दिया। अब चारों इंस्पेक्टरों ने एडीजी जोन गोरखपुर के यहां अपील की है।



जीवधरा गांव के सीवान में सीन रिक्रेएसान की टीम जांच करती हुई। संवाद

*अज्ञात युवती की हत्या मामले के पर्दाफाश में मदद के लिए सीन रिक्रिएशन टीम बुलाई गई थी। गोरखपुर से चार सदस्यीय टीम आई और जांच पड़ताल की। उम्मीद है कि टीम की रिपोर्ट हत्या के पर्दाफाश में मददगार साबित हो सकती है। -सत्यजीत गुप्ता, एसपी*

# रकम हड़पने वाले आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

### नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। सत्र न्यायधीश अनिल कुमार वर्मा ने नौकरी का झांसा देकर पैसा हड़पने वाले आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के बेलवनिया निवासी विकास मौर्य ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें कहा कि वह बीएससी पॉलिटेक्निक किए हुए है। आरोप है कि सुनील निवासी आराजी मतीनी जनपद गोरखपुर से उसकी पुरानी दोस्ती है।

दोनों लोग एक साथ रूम पार्टनर के तौर पर रह चुके है। 13 मई 2022 को सुनील अपने साथ एक व्यक्ति जिसका नाम कौशलेश निवासी भटकुर पोस्ट एनौता जिला औरंगाबाद बिहार व भवन निर्माण विभाग पटना सचिवालय का हेड क्लर्क बताकर कहा कि यह काफी पहुंच वाले हैं। सुनील व कौशलेश ने उससे कहा कि भवन निर्माण विभाग पटना में माली का पद खाली है, यदि वह पांच लाख रुपये का इंतजाम कर दे तो उसे नौकरी मिल जाएगी। वह इन लोगों के बहकावे में आ गया और आरोपी को दो लाख रुपये भी दे दिया।

आरोपी ने कहा की तीन लाख रुपये के एवज में अपना एटीएम कार्ड एवं बैंक के लिंक सिम कार्ड उन्हें दे दे, ताकि वेतन आने पर रुपये निकल कर अवशेष तीन लाख रुपये प्राप्त कर लेंगे। 19 मई 2022 को वह पटना सचिवालय पहुंचा, जहां नाम दिखाने पर पता चला कि आरोपी ने उसके साथ धोखाधड़ी किया है।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

## कोतवाली क्षेत्र में किशोरी से हैवानियत का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। अपर सत्र /विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी ने किशोरी से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक फौजदारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा कि उसकी 13 वर्षीय बेटी रात में कमरे से बाहर निकली थी, तभी गांव के ही दो आरोपी उसकी बेटी का मुंह बंद कर उठा ले गए। दोनों आरोपी उसकी बेटी को बाइक से गांव के उत्तर दिशा में ले गए और दुष्कर्म किया। पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया।

19 वर्षीय एक आरोपी ने कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल की और कहा कि वह बेगुनाह है। उसने कोई अपराध नहीं किया है। उसे फर्जी तरीके से फंसाया गया है। जमीन के विवाद को लेकर झूठा आरोप लगाया गया है। विशेष लोक अभियोजक फौजदारी को जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध किया।

### कोर्ट ने की आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

संतकबीरनगर। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रमोद कुमार तृतीय ने सामूहिक दुष्कर्म मामले के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसमें कहा कि उसकी शादी थाना महाराजगंज जनपद सीवान बिहार के एक व्यक्ति के साथ हुई थी। कुछ दिन उसके बाद पति धीरे-धीरे उसे प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिन बाद तलाक हो गया। तलाक हो जाने के बाद वह मायके में रहने लगी। आसपास की महिलाएं ताना मारती थी। जिससे पीड़िता का हमेशा दिमाग उलझन में रहता था। वह एक दिन अपने बच्चे को लेकर ट्रेन में बैठ गई और वह घर से भटकते हुए बस्ती रेलवे स्टेशन पहुंच गई। वहां दो व्यक्ति मिले जो पीड़िता को अपना परिचय दिए और कहे की वह कहां से आई है, तब उसने अपना परिचय उन दोनों को बताया। आरोप है कि उसके बच्चों की हत्या करने की धमकी देकर दोनों आरोपियों ने बारी-बारी से उससे दुष्कर्म किया। 29 अक्तूबर 2018 को एक आरोपी के घर से भागने में सफल हुई और अपनी आपबीती पुलिस को बताई। संवाद

# मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़े आठ पर केस

धनघटा। महुली क्षेत्र के गुरहवा में रविवार शाम मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप- प्रत्यारोप लगाया। सोमवार को पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों पर केस दर्ज किया।

महुली क्षेत्र के गुरहवा गांव निवासी बलराम पुत्र रामखेलावन का आरोप है कि रविवार की शाम पांच बजे उसकी पत्नी अपने घर के बाहर घास काट रही थी। घास छिटककर रामकिशुन के घर चला गया। जिसके कारण रामकिशुन, रामनेवास, गिरजेश, प्रदीप पत्नी को अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डंडे से पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची पुत्री सीमा को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। जानमाल की धमकी भी देते रहे। वहीं दूसरे पक्ष ने भी मनोज, प्रिंस, दुर्विजय व संतोष के खिलाफ मारने-पीटने का आरोप लगाया। संवाद

# पांच लोगों पर सुसाइड के लिए उकसाने का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## शादी का झांसा देकर युवती को भगाने का आरोप

## इन्कार करने पर युवती ने जहर खा लिया था

मेंहदावल। सिविल जज जूनियर डिवीजन के आदेश पर मेंहदावल पुलिस ने पिता-पुत्र समेत पांच के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज किया। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को भगाया और फिर शादी से इंकार करने पर युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

मेंहदावल क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित मां का आरोप है कि क्षेत्र का ही आरोपी पिंकू उर्फ सतीश उसकी बेटी पर बुरी नजर रखता था। आरोपी अपने पिता और कुछ अन्य के सहयोग से उसकी बेटी को 11 मई 2023 को शादी का झांसा देकर भगा ले गया। उसकी बेटी को मानसिक तौर से प्रताड़ित किया।

बेटी को शादी का झांसा दिया, लेकिन शादी नहीं की इससे परेशान होकर बेटी ने जहर खा लिया।

हालात बिगड़ने पर पिंकू उर्फ सतीश अपने सहयोगियों के साथ 12 मई की भोर में पांच बजे बेटी को गांव के बाहर छोड़ दिया और भाग गया। लगभग 3-4 घंटे बाद बेटी की मौत हो गई।

मेंहदावल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। आरोप है कि उक्त लोगों के दबाव में आकर बेटी ने आत्महत्या कर ली। एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी पिंकू उर्फ सतीश और उसके पिता समेत पांच लोगों के लिए केस दर्ज किया गया।

## आठ नामजद समेत 13 पर मारपीट व छेड़खानी का केस

धनघटा। एक माह पूर्व महुली क्षेत्र के एक गांव की युवती से हुई छेड़खानी और मारपीट के मामले में पुलिस ने सोमवार को आठ नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। पीड़ित भाई का आरोप है कि 25 जुलाई की रात उसके घर में बगल गांव के चार युवक घुस गए। कमरे में उसकी बहन सोई थी। चारों युवक लूटपाट कर रहे थे। उसी दौरान बहन की नींद टूटी तो विरोध किया। आरोप है आरोपी उसकी बहन की कनपटी पर कट्टा सटा दी। बहन को घर से बाहर करीब दो सौ मीटर पश्चिम ले गए और छेड़खानी की। संवाद

## प्रधान पति समेत चार पर मारपीट ,छेड़खानी का केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान के पति समेत चार लोगों पर मारपीट व छेड़खानी का आरोप लगा है। पीड़ित का आरोप है कि 27 अगस्त की देर शाम जमीन संबंधी विवाद को लेकर प्रधान पति ने उसके घर जाने वाला मार्ग को बंद कर दिया। पूछताछ करने पर प्रधान पति तीन अन्य लोगों के साथ उसके घर पर पहुंच गए और अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर घर की महिलाओं के साथ मारपीट व छेड़खानी की। पिटाई से तीन महिलाओं को चोटें आईं। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी सिपाही की जमानत अर्जी निरस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रमोद कुमार तृतीय ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी सिपाही की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता ने धनघटा पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें कहा कि उसके बहन की शादी थाना धनघटा क्षेत्र के एक गांव में हुई है। पीड़िता अपनी बहन के घर कभी-कभी आती- जाती थी। इसी बीच आरोपी उसकी बहन के घर आता-जाता था। आरोपी पीड़िता को शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। कुछ दिन बाद आरोपी पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर नौकरी पा गया, जो गोरखपुर में तैनात है। पीड़िता और आरोपी के बीच संबंध की जानकारी जब पीड़िता के माता-पिता को हुई, तब उसके घर वाले शादी

## सिपाही पर युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप

की बात करने लगे। आरोपी व उसके घर वाले फोन से जानमाल की धमकी देने लगे।

तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध थाना धनघटा में केस दर्ज हुआ। आरोपी ने कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया और कहा कि वह बेगुनाह है। रंजिशन फंसा दिया गया है। वह वर्ष 2020-21 में सिपाही के पद पर चयनित होकर प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद रिजर्व पुलिस लाइन जिला गोरखपुर में तैनात रहा है। झूठी कहानी बनकर उसे फंसाया गया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने जमानत प्रार्थना प्राप्त पत्र का विरोध किया। तर्क दिया कि आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पीड़िता को शादी का झांसा दिया। उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

# रुपये का लालच देकर बालिका से छेड़खानी, केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र की आठ साल की बालिका को दस रुपये का लालच देकर आरोपी ने बुलाया और फिर छेड़खानी की। पीड़ित बाबा आरोप है कि 26 अगस्त की शाम को आरोपी उसकी पौत्री से अभद्र हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा।

शोर मचाने पर उसकी बहू ने पहुंच कर बीच बचाव किया तो आरोपी भाग गया। आरोप है कि आरोपी ने जानमाल की धमकी भी दिया। कोतवाल ने बताया कि आरोपी पर छेड़खानी और जानमाल की धमकी का केस दर्ज किया गया। संवाद

# 12 घंटे हाईवे पर बंद रहा बड़े वाहनों का संचालन

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। अयोध्या में सावन के अष्टम सोमवार और कांवड़ यात्रा को लेकर रविवार रात नौ बजे से सोमवार सुबह नौ बजे तक गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन रोक दिया गया। यातायात प्रभावित न हो इसके लिए रूट डायवर्जन किया गया है। इसको लेकर ट्रक चालकों की परेशानी बढ़ गई।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि सावन के अष्टम सोमवार के मद्देनजर अयोध्या में कांवड़ियों की भीड़ की सुरक्षा को लेकर रविवार देर शाम हाईवे पर रूट डायवर्जन कराया। गोरखपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहनों को मगहर दुर्गा मंदिर के पास से घघसरा-बखिरा-नंदौर-बांसी होकर लखनऊ भेजा गया। इसी तरह बस्ती की तरफ से आने वाले वाहनों को टेमा रहमत के पास बैरियर लगाकर रोकने की व्यवस्था की गई थी। वहीं से वाहनों को सेमरियावा होकर नंदौर-बांसी के रास्ते लखनऊ भेजा गए। सोमवार को सुबह नौ बजे हाइवे को खोल दिया गया।



कांवड़ यात्रा के दौरन मगहर दुर्गा मंदिर के पास हाईवे पर खड़े ट्रक। संवाद

# एंटी करप्शन सेल गठित, दर्ज करा सकते हैं शिकायत

संतकबीरनगर। भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए बस्ती पुलिस लाइन में एंटी करप्शन सेल गठित किया गया है। सोमवार को यह जानकारी मंडल प्रभारी सुखवीर सिंह भदौरिया ने दी।

उन्होंने बताया कि सेल में उनके साथ एक इंस्पेक्टर, तीन दीवान व सिपाही तैनात हैं। उन्होंने बताया कि बस्ती सेल में 9454402491 व लखनऊ में 9454402484 नंबर पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कार्यालय आकर भी शिकायतकर्ता शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत से संबंधित ऑडियो व वीडियों भी दे सकते हैं।

शिकायत प्राप्त होने पर इसके संबंध में पूरी जांच की जाएगी। जांच में शिकायत सही पाये जाने पर इसे संबंधित डीएम के संज्ञान में लाया जाएगा। उनके द्वारा छापा डालने के लिए अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बस्ती, सिद्धार्थनगर व संतकबीरनगर के लोगों से अपील की है कि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत कार्यालय या फोन नंबर पर दर्ज करा सकते हैं। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-29-08-2023

# सीएम की चौखट तक पहुंचा रोडवेज कर्मियों का मामला

- संगठनों की संयुक्त में बैठक में दी गई आंदोलन की चेतावनी
- मांगें न माने जाने पर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करेंगे

गोंडा। रोडवेज कर्मचारियों पर पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई की गूंज जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच गई है।

सभी संगठनों के पदाधिकारियों संयुक्त बैठक कर ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि मौखिक रूप से हुए समझौते के बाद में पुलिस की ओर से एकतरफा कार्रवाई शीघ्र वापस न ली गई तो रोडवेज कर्मचारी कार्य बहिष्कार कर देंगे। जिसकी सूचना से विभागीय और अन्य अफसरों को संगठन के पदाधिकारियों ने दी है। कर्मियों के आंदोलन की घोषणा से मुख्यमंत्री की ओर से रक्षाबंधन पर घोषित महिलाओं के निशुल्क यात्रा पर भी असर पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ, यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के अलावा रोडवेज कर्मचारी संघ परिषद के पदाधिकारियों की आपात बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुलिस की ओर से कर्मचारियों पर लगाए गए मुकदमे वापस नहीं लिए गए, तो संगठन अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार के लिए मजबूर हो जाएगा।

# फर्जी बैनामा कराने के मामले में हुई जेल

मनकापुर। कूटरचित दस्तावेज तैयार करके एक महिला को जमीन का बैनामा कर देने के मामले के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

बैनामा में गलत चौहद्दी दिखाकर ग्राम रानीजोत थाना छपिया निवासी शांती देवी को दूसरे गाटा संख्या की भूमि का फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनाम कर दिया गया था। इस मामले में वांछित आरोपी प्रेम चंद निवासी ग्राम तेजपुर थाना छपिया को कोतवाली मनकापुर के कस्बा चौकी प्रभारी अंकित कुमार सिंह ने सोमवार को मनकापुर-झिलाही मार्ग पर स्थित एक रेस्टोरेंट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। शांती देवी ने बीते 19 फरवरी को मनकापुर कोतवाली मुकदमा दर्ज करवाया था।

---

### खरगूपुर के पौराणिक पृथ्वीनाथ और शहर के दुखहरण नाथ मंदिर में सावन के आखिरी सोमवार पर उमड़ा भक्तों का रेला

# जलाभिषेक कर भोलेबाबा से मांगी सुख व संपन्नता

**आस्था**

गोण्डा/खरगूपुर, हिटी। सावन मास के आठवें और आखिरी सोमवार पर खरगूपुर के पौराणिक पृथ्वीनाथ और शहर के दुखहरणनाथ मंदिर समेत अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सूर्योदय पूर्व से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की कतार लग गई। दुखहरण नाथ पर मंदिर गेट से लेकर नगर कोतवाली तक महिला व पुरूष श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। पूजन अर्चन व जलाभिषेक का क्रम सुबह 11 बजे तक जारी रहा।

भारी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी को देखते हुए गुरुनानक चौक से लेकर बड़गांव पुलिस चौकी के बीच पुलिस ने बैरीकेटिंग कर रूट डायवर्ट किया। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मुस्तैद रहे। पौराणिक एवं ऐतिहासिक पृथ्वीनाथ भीमेश्वर महादेव मन्दिर पर सावन के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जलाभिषेक, पूजन अर्चन, व दान अनुष्ठान पूरे दिन चलता रहा। सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे चप्पे पर पुलिस व वालेंटियर मुस्तैद रहे। मंदिर का कपाट तीसरे पहर पर खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया, जलाभिषेक के लिए होड़ लग गई। मण्डल के विभिन्न जनपदों सहित अन्य जिलों के महिला व पुरूष श्रद्धालु जुट गए। मंदिर परिसर व गर्भगृह हर-हर महादेव, बम-बम भोले, नमः शिवाय बम बम बोले हर हर भोले से गुंजायमान हो गया। भक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, समी, भांग, धतूर, पुष्प, माला के साथ जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। श्रद्धालुओं को मंदिर पहुँचने में कोई असुविधा न हो पुलिस ने मंदिर जाने वाले सभी मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग कर मोटरसाइकिल व अन्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहा। महिलाओं ने व्रत रख पूजन अर्चन किया। मंदिर के महन्थ पंडित जगदम्बा प्रसाद तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं में अंतिम सोमवार होने से को ज्यादा उत्साह रहा। लोग हवन पूजन व ब्राह्मण भोज का कार्यक्रम शाम तक चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मनौतियां मांगी।



सावन के अंतिम सोमवार पर खरगूपुर के पृथ्वीनाथ मंदिर मे लगी महिलाओं कतार।

**59** दिनों का इस बार रहा सावन, जिसमें सावन के आठ सोमवर पड़े

**11** बजे तक भक्तों का पूजन अर्चन व जलाभिषेक का क्रम जारी रहा

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने मंदिर में जलाभिषेक किया
- भक्तों ने गंगाजल, दूध, बेलपत्र, समी, भांग आदि से किया जलाभिषेक

### श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

मंदिर के निकास द्वार पर उद्योग व्यापार मंडल बिशनपुर की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष नानबाबू सोनी ,शिवा सोनी,महेश सोनी, जयप्रकाश तिवारी आदि व्यवस्था में लग रहे।

### पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किए

श्रद्धालुओं की सुरक्षा में पुलिस के अतिरिक्त अजय कुमार सिंह व संतोष कुमार पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों वालिंटियर श्रद्धालुओं की सेवादारी व जलाभिषेक की सुरक्षा में लगे रहे। महिला और पुरुष श्रद्धालुओं को अलग-अलग बैरिकेडिंग लगाकर शिवालय के अन्दर प्रवेश दिया गया। पुलिस कर्मी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुबह से शाम मंदिर में उपस्थित रहे।

# चेहल्लुम पर पीस कमेटी की बैठक

धानेपुर। थाने में चेहल्लुम को लेकर पीस कमेटी की बैठक थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लोगों से शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने बताया कि चेहल्लुम को लेकर बैठक की गई है। जिसमें ताजियादारों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई है।

# स्टेशन पर 54 मिनट खड़ी रही बाघ एक्सप्रेस

गोंडा। काठगोदाम से हावड़ा जा रही 13020 बाघ एक्सप्रेस अपने निश्चित समय से 3 घंटा लेट 12:29 परस्टेशन पहुंची। इसके बाद इस ट्रेन को आगे बढ़ने के लिए सिग्नल नहीं दिया गया। जिससे बाघ एक्सप्रेस स्टेशन पर आगे बढ़ने के लिए सिग्नल का इंतजार करती रही।

# शांतिभंग करने में दो लोग गिरफ्तार

परसपुर। पुलिस ने विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका में ग्राम सरैयां के मिश्रन पुरवा निवासी विजय कुमार मिश्र व अक्षय कुमार मिश्रा की गिरफ्तारी की है। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया दोनों व्यक्तियों को न्यायालय चालान भेज दिया गया है।

# महिला आयोग में छेड़छाड़ की शिकायत

दुर्जनपुर घाट। एक गांव की महिला ने छेड़खानी के प्रकरण में पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने पर महिला आयोग व एसपी को शिकायत दर्ज करायी है। 18 जुलाई को वह दोपहर में विद्यालय से बच्चो को लाने जा रही थी तभी रास्ते पर मौजूद गांव के एक व्यक्ति ने उसे रोककर अश्लील हरकत करने लगा।

# युवती भगाने में तीन लोगों पर मुकदमा

परसपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव से 19 वर्षीय युवती भगाने के मामले में मां के तहरीर पर पुलिस ने चार दिन बाद एक युवक समेत तीन लोगों के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है।

# धोखाधड़ी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

रगड़गंज। तरबगंज थानाक्षेत्र के रगड़गंज पुलिस ने एटीएम में लोगों को धोखा देकर पैसा निकालने वाले गिरोह के दो सदस्य अर्जुन और अंकुर त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 5000 रुपये बरामद किए हैं। तरबगंज क्षेत्र के रामपुर टेंगरहा निवासी जनार्दन प्रताप सिंह पुत्र रामधन सिंह ने इस संबंध में तहरीर दी थी। इसके मुताबिक दो लोग एटीएम छेड़छाड़ करते हैं, इसके बाद ग्राहकों का मशीन में फंसने वाला पैसा निकाल लेते हैं। एएसपी शिवराज ने बताया कि आरोपियों ने रविवार को कटरा बाजार स्थित एटीएम घटना का अंजाम किया। इसी दिन में करीब 3 बजे थाना तरबगंज स्थित रगड़गंज बाजार में स्थित एटीएम. के अन्दर धोखाधड़ी की।

# आरोपी दबोचा गया

वजीरगंज। थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के बाद फरार चल रहा एक आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपी राजित राम पुत्र विश्राम निवासी ग्राम मनगौडिहा थाना मोतीपुर जिला बहराइच ने एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। उसे पकड़ लिया गया था।

# महिला से घात लगाकर किया दुराचार

उमरी बेगमगंज। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम सभा में एक महिला ने आरोप लगाया है कि वह शौच के लिए रविवार की शाम 8 बजे खेतों की तरफ जा रही थी कि उसका पड़ोसी पहले से घात लगाकर उसे जबरदस्ती गन्ने के खेत में घसीट ले गया और उसके साथ दुराचार किया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी ऋषिकेश यादव पुत्र इंद्र बहादुर यादव के विरुद्ध बलात्कार व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला का मेडिको लीगल कराया जा रहा है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सेल्समैन गोली कांड में एसपी से गुहार

**बभनजोत।** क्षेत्र में पिछले माह सरकारी देशी शराब की दुकान के एक सेल्समैन को गोली मारने का मामले का खुलासा सियासत में उलझ गया है। अब इस संबंध में पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक से मदद की गुहार लगाई गई है।

खोड़ारे थाना क्षेत्र के केशव नगर ग्रंट मजरा उल्लहवा निवासी आज्ञाराम ने गोलीकांड में घायल अपने भाई मुकेश कुमार के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कहा है कि 18/19 जुलाई की रात में उसका भाई मुकेश सरकारी देशी शराब की दुकान बगदार ग्रंट से दुकान बंद कर घर लौट रहा था।

इसी दौरान थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर घारीघाट-केशव नगर मार्ग पर एक परिचित व्यक्ति द्वारा रोक लिया गया तथा इसी दौरान दो अन्य परिचित भी आ पहुंचे, जिनसे पहले से ही कुछ भूमि का विवाद चल रहा था। इसी रंजिश को लेकर बात नहीं मानने पर गोली मार दी गई। ऐसे में पीड़ित द्वारा नाम का खुलासा करते ही इलाके में हड़कंप मच गया और पुलिस के हाथ नामजद आरोपियों की तरफ बढ़ते उससे पहले ही मामले में सियासी खेल शुरू हो गया।

# धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन वाहन बरामद



वाहनों के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के बारे में जानकारी देते एएसपी।

**मेहनौन, संवाददाता।** धोखाधड़ी कर उसका फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वाहन मालिकों से फाइनेंस कंपनी का एजेंट बताकर वाहन को दूसरे जिले में बेचने वाले गिरोह का स्वाट टीम और इटियाथोक पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने मौके से दो आरोपी सहित तीन वाहन और तीन अदद मोबाइल फोन बरामद किया है।

एएसपी शिवराज ने बताया कि कोतवाली इटियाथोक के दरियापुर हरदोपपट्टी के रहने वाले ओमप्रकाश तिवारी, जय प्रकाश मिश्रा और राजेश कुमार दुबे ने माह जून में कोतवाली इटियाथोक को तहरीर दी जिसमे वादी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया अवनीश कुमार सिंह पुत्र घनश्याम सिंह निवासी मोहम्मदपुर गढ़वार कोतवाली करनैलगंज ने हम लोगो को श्रीराम फाइनेंस कंपनी और महाकाल कंपनी का एजेंट बताकर फर्जी तरीके से वाहन का किरायानामा तैयार कर हम लोगो से हस्ताक्षर करवाकर तीन गाड़ी को अपने साथ ले गया। एक माह बीत जाने के बाद जब हम लोग उससे मिलकर वाहन का किराया मांगने लगे तो वह फर्जी बेचीनामा दिखाकर गाली गुप्ता देते हुए और जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। इस संबंध में कोतवाली इटियाथोक पुलिस ने मामले में अवनीश कुमार सिंह पुत्र घनश्याम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इटियाथोक पुलिस की जांच धीमी देख वादी ने पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल से गुहार लगाई। पुलिस अधिक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सफल अनावरण के लिए स्वाट टीम के साथ इटियाथोक पुलिस को लगाया। स्वाट टीम के प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने मोबाइल सर्विलांस के जरिए मुख्य आरोपी अवनीश कुमार सिंह पुत्र घनश्याम सिंह को पकड़ा।

# गो तश्कर गिरफ्तार

मेहनौन : धानेपुर पुलिस ने गो तस्करी करने के आरोपित लतीफ को गिरफ्तार किया है। गत 18 अगस्त को पुलिस ने ग्राम सिंघवापुर के नकटापुर में पिकअप में गाय-सांड को बरामद किया था। आरोपित पर गोवंश संरक्षण व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा लिखा गया था। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने बताया कि आरोपित लतीफ को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

# पुलिस ने किया मुकदमा

आर्यनगर : पुरानी रंजिश को लेकर कस्बा निवासी रमेश मौर्य की सास लिखना देवी, पत्नी प्रतिमा देवी व सुधीर गुप्त की दबंगों ने पिटाई की। जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने कहा कि आरोपित पर मुकदमा किया गया है।(संसू)

# अब चिकित्सक ने लगाया सुलह के लिए दबाव बनाने का आरोप

संसू, गोंडा : पूर्व विधायक तुलसीदास राय चंदानी व महिला अस्पताल की चिकित्सक डा.रश्मि शर्मा के बीच हुए विवाद के बाद अब चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों ने सुलह के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा मांगी है।

पूर्व विधायक तुलसीदास राय चंदानी पर अपने साथ अभद्रता करने का आरोप लगाने वाली महिला चिकित्सक डा. रश्मि शर्मा ने खुद पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि रविवार की छुट्टी में ड्यूटी के दौरान जिस तरह उनसे व स्वास्थ्य कर्मियों से अभद्रता हुई है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जिला प्रशासन ने उन लोगों की सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए तो रविवार की ड्यूटी करने से मना कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घटना की दो बार तहरीर दी, लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज हुआ। उनसे कहा जा रहा है कि वह आरोप व तहरीर वापस लेकर माफ कर दें।

यदि माफी मांगना है तो पूर्व विधायक खुद आकर माफी मांगे तो ही कुछ निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो मामला जिलाधिकारी के समक्ष ले जाया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर संजय कुमार गुप्त ने बताया कि चिकित्सक को बयान के लिए बुलाया गया था, वह नहीं आईं।

# फर्जीवाड़ा कर कर्ज लेने वाले आरोपितों पर मुकदमा

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देश पर रामदल निवासी विशेश्वरगंज बहराइच की तहरीर पर बलवंत उर्फ कक्कन, पवन कुमार निवासी काशीपुर व अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। आरोप है कि विपक्षियों ने फर्जी खसरा खतौनी के सहारे जालसाजी कर प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से डेढ़ लाख रुपये ऋण निकाल लिया। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पुलिस ने बरामद किया 40 बोटा लकड़ी

कर्नलगंज : वरिष्ठ उप निरीक्षक राम प्रकाश चंद्र ने छापेमारी कर 40 बोटा लकड़ी बरामद किया। ठेकेदार दिनेश कुमार निवासी ग्राम भगवा पासिन पुरवा थाना हुजूरपुर के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

## युवती को धमकाया, मुकदमा

मनकापुर : एक गांव की रहने वाली महिला ने कहा है कि गत 15 जून को अकेली थी। इसी दौरान विपक्षी बाइक से आये और एक युवक के साथ शादी कराने के लिए जबरन उसका हाथ पकड़कर खींच कर ले जाने लगे। उसके घर पर पत्थरबाजी की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

## महिला से दुष्कर्म

उमरी बेगमगंज : थानाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि महिला ने दी गई तहरीर में कहा कि गत शनिवार की रात में गांव के युवक ने धमकी देकर दुष्कर्म किया है। पीड़िता की तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा किया गया है।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर चार पहिया बेचने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

संसू, गोंडा : चार पहिया का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे बेचने वाले दो आरोपितों को इटियाथोक पुलिस व स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक बोलेरो, दो कार बरामद किया है।

एएसपी शिवराज ने कहाकि कर्नलगंज कोतवाली के मुहम्मदपुर गढ़वार के अवनीश प्रताप सिंह व बहराइच जिला के जरवल रोड थाना के रेवढा गांव के रहने वाले नेकराम उर्फ लेखपाल यादव अपने आप को श्रीराम फाइनेंस कंपनी व महाकाल कंपनी का रिकवरी एजेंट बताकर लोगों से इकरारनामा तैयार कर चार पहिया किराए पर लेते थे। इसके बाद वाहनों का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसको बेच देते थे। आरोपितों ने ओम प्रकाश तिवारी, जय प्रकाश मिश्र व राजेश कुमार दुबे से भी इकरारनामा पर चार पहिया किराए पर लिया था। इसके बाद कूटरचित बेचीनामा अभिलेख दिखा कर गाड़ी व किराया देने से मना कर दिया। एएसपी ने बताया कि दोनों को इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज व एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने टीम के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर चार पहिया बेचने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

संसू, गोंडा : चार पहिया का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसे बेचने वाले दो आरोपितों को इटियाथोक पुलिस व स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक बोलेरो, दो कार बरामद किया है।

एएसपी शिवराज ने कहाकि कर्नलगंज कोतवाली के मुहम्मदपुर गढ़वार के अवनीश प्रताप सिंह व बहराइच जिला के जरवल रोड थाना के रेवढा गांव के रहने वाले नेकराम उर्फ लेखपाल यादव अपने आप को श्रीराम फाइनेंस कंपनी व महाकाल कंपनी का रिकवरी एजेंट बताकर लोगों से इकरारनामा तैयार कर चार पहिया किराए पर लेते थे। इसके बाद वाहनों का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसको बेच देते थे। आरोपितों ने ओम प्रकाश तिवारी, जय प्रकाश मिश्र व राजेश कुमार दुबे से भी इकरारनामा पर चार पहिया किराए पर लिया था। इसके बाद कूटरचित बेचीनामा अभिलेख दिखा कर गाड़ी व किराया देने से मना कर दिया। एएसपी ने बताया कि दोनों को इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज व एसओजी प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने टीम के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# एटीएम से छेड़छाड़ कर दूसरों के रुपये निकालने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

संवादसूत्र, बेलसर (गोंडा) : पुलिस चौकी रगडगंज से करीब 100 मीटर दूर स्थित एटीएम से छेड़छाड़ कर दूसरे का रुपये निकालने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रामपुर टेंगरहा के रहने वाले जर्नादन प्रताप सिंह ने तहरीर दी कि एटीएम से छेड़छाड़ कर दो आरोपित दूसरों के रुपये निकाल लेते हैं।

रविवार की शाम को नाबाबगंज थाने के चिकनी अगमपुर के अर्जुन व बलरामपुर जिला के हरैया थाना के बेलवा के रहने वाले अंकुर पेंचकस लगाकर एटीएम मशीन के लाक को तोड़ने का प्रयास करने लगे। एटीएम कक्ष में लगे सीसी कैमरा के सेंसर से लखनऊ कार्यालय में निगरानी कर रहे कर्मचारी ने भी इसकी सूचना तरबगंज पुलिस को दी। चौकी प्रभारी रगडगंज गोपाल सिंह ने दोनों आरोपितों गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक तरबगंज समशेर बहादुर सिंह ने कहा आरोपित एटीएम का लाक को तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। आरोपित एटीएम के लाक से छेड़छाड़ कर दूसरों का रुपये निकाल लेते थे।

# कूटरचित अभिलेख से लिया लोन, मुकदमा दर्ज

करनैलगंज (गोंडा)। बैंक में कूटरचित दस्तावेज लगाकर कर्ज लेने के मामले में एक व्यक्ति ने दो नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।

ग्राम टोल कुआं, थाना विशेश्वरगंज, बहराइच निवासी रामदल ने डीआईजी को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि करनैलगंज के ग्राम काशीपुर निवासी बलवंत उर्फ कक्कन ने चार अन्य लोगों के साथ मिलकर 2010 में सर्व यूपी ग्रामीण बैंक चचरी से डेढ़ लाख रुपये ऋण लेकर हड़प लिया।

ऋण प्राप्त करने के लिए दाखिल प्रपत्र व अभिलेख कूटरचित हैं। कोतवाल के चितवन कुमार ने बताया कि डीआईजी के आदेश पर बलवंत उर्फ कक्कन, पवन कुमार व कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# एटीएम से रकम उड़ाने वाले दो दबोचे

**बेलसर (गोंडा)।** एटीएम मशीन से रुपये उड़ाने वाले गिरोह के बदमाश अर्जुन कोरी निवासी चिकनी अगमपुर राना, नवाबगंज एवं अंकुर त्रिपाठी निवासी बेलवा, थाना हरैया बलरामपुर को दबोचा गया है। एएसपी शिवराज ने बताया कि जनार्दन सिंह निवासी रामपुर टेंगरहा थाना तरबगंज ने पुलिस को सूचना दी थी कि बेलसर बाजार में एटीएम में घुसे दो लोगों ने मशीन तोड़कर पांच हजार रुपये निकाल लिए। एएसपी ने बताया कि एटीएम के सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर दोनों को दबोचकर एटीएम से चुराए गए 5000 रुपये बरामद कर लिए हैं। (संवाद)

# खुराफाती तत्वों पर रहेगी पुलिस की नजर

**कटराबाजार (गोंडा)।** आगामी जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर कटरा बाजार थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मौजूद लोगों से शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील करते हुए इंस्पेक्टर ने कहा कि कोई नई परंपरा बिना अनुमति के शुरू नहीं होगी। खुराफाती तत्वों पर नजर रखी जाएगी। ड्रोन कैमरा से निगरानी होगी। बैठक में अंबर शुक्ल, दद्दन तिवारी, पवन सिंह, मसूद खां, अशफाक खां, फरीद मौजूद रहे। (संवाद)

# जालसाजी का आरोपी गिरफ्तार

**मनकापुर (गोंडा)।** ग्राम रानीजोत, छपिया निवासी शांती देवी की जमीन का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करने के आरोपी प्रेमचंद निवासी ग्राम तेजपुर थाना छपिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मनकापुर कस्बा चौकी प्रभारी अंकित कुमार ने बताया कि प्रेमचंद को न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

# 40 बोटा लकड़ी जब्त, ठेकेदार पर केस

**करनैलगंज (गोंडा)।** पुलिस ने बरबटपुर गांव से नीम, शीशम, जामुन की 40 बोटा लकड़ी जब्त की है। कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामप्रकाश चंद्र ने बताया कि लकड़ी काटने वाले ठेकेदार दिनेश कुमार निवासी ग्राम भगवा पासिन पुरवा, थाना हुजूरपुर, बहराइच के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (संवाद)

# हादसे में मौत के मामले में केस

**गोंडा।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के गेड़सर निवासी प्रतिभा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बीते आठ जुलाई को उनके पति सत्येंद्र कुमार सिंह वजीरगंज से घर लौट रहे थे। दुर्जनपुर घाट के पास अज्ञात बाइक सवार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान 14 जुलाई को उनकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (संवाद)

# घर में घुसकर की अश्लील हरकत, धमकाया

**मनकापुर (गोंडा)।** मनकापुर क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि वह एक निजी संस्था में कर्मचारी है। रविवार रात साढ़े आठ बजे अपने घर में पत्नी के साथ बातचीत कर रहा था। तभी मोतीगंज क्षेत्र के भोरहां गांव निवासी विशाल सिंह व रामू चौधरी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ जबरन उसके घर में घुस आये और पत्नी के साथ बदसलूकी करते हुए अश्लील हरकत करने लगे। मना करने पर पीटा और धमकाया कि किसी से बताओगे तो गोली मार देंगे। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच की जा रही है। (संवाद)

# घर में घुसकर की अश्लील हरकत, धमकाया

**मनकापुर (गोंडा)।** मनकापुर क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि वह एक निजी संस्था में कर्मचारी है। रविवार रात साढ़े आठ बजे अपने घर में पत्नी के साथ बातचीत कर रहा था। तभी मोतीगंज क्षेत्र के भोरहां गांव निवासी विशाल सिंह व रामू चौधरी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ जबरन उसके घर में घुस आये और पत्नी के साथ बदसलूकी करते हुए अश्लील हरकत करने लगे। मना करने पर पीटा और धमकाया कि किसी से बताओगे तो गोली मार देंगे। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच की जा रही है। (संवाद)

# तीन के खिलाफ अपहरण का केस

**परसपुर (गोंडा)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने थाना परसपुर में तहरीर देकर कहा कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री को 24 अगस्त की देर रात एक युवक अपने साथियों संग मिलकर अगवा कर ले गया। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर नसीर अहमद, निसार अहमद व दिलदार खां के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बेलसर (गोंडा)।** तरबगंज थाना क्षेत्र के मुंजेड़ पूरब पुरवा निवासी संतलाल के पुत्र सुनील (30) का शव सोमवार सुबह घर के पास सागौन के पेड़ में रस्सी से बंधे फंदे पर लटका मिला। मृतक के भाई विदेशी ने बताया कि सुनील की पत्नी तीन दिन पहले मायके चली गई थी। तभी से सुनील तनाव में था। रगड़गंज चौकी प्रभारी गोपाल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी राजित राम निवासी मनगौडीहा गांव, थाना मोतीपुर, बहराइच को वजीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसे थाना क्षेत्र के भगोहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। (संवाद)

# पत्नी और उसके भाइयों को पीटा, केस दर्ज

**बभनान (गोंडा)।** बस्ती जिले के थाना गौर क्षेत्र के बैदोलिया गांव निवासी ओमप्रकाश ने छपिया थाने में तहरीर दी। इसमें कहा कि उसकी बहन संगीता यादव का अपने पति अखिलेश यादव से विवाद चल रहा है।

ओमप्रकाश के मुताबिक रविवार रात आठ बजे वह संगीता के साथ बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में परसा तिवारी स्टेशन के सामने बहनोई अखिलेश यादव, उसके भाई दुर्गेश यादव निवासी मदनापुर थाना छपिया अपने दो साथियों के साथ जबरन रोक लिया और उसे और संगीता को लाठी-डंडे से पीटने लगे। छोटा भाई प्रमोद यादव बचाने दौड़ा तो उसे भी पीट दिया। प्रभारी निरीक्षक छपिया सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि ओमप्रकाश की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# युवती को अगवा करने का प्रयास

**मनकापुर (गोंडा)।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कहा कि बीते 15 जून को वह घर में अकेली थी। दोपहर एक बजे रंजीत मिश्र निवासी ग्राम मिश्रौलिया कला, सतीश चंद्र उर्फ ककनू मिश्र व रामशंकर मिश्र उर्फ दद्दू निवासी तामापार मिश्रौलिया बाइक से उसके घर पहुंचे। आरोप कि घर के अंदर घुसकर किसी विवाहित व्यक्ति के साथ जबरन उसकी शादी रचाने के लिए उसे अगवा करने का प्रयास किया। शोर मचाने उसकी छोटी बहन जो स्कूल में पढ़ाने गई थी, उसे उठा ले जाने की धमकी देते हुए भाग निकले। युवती ने बताया कि आरोपी उसके घर पर पत्थर फेंकते हैं। मनकापुर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# खेत गई महिला से दुष्कर्म

उमरी बेगमगंज (गोंडा)। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि शनिवार रात वह शौच के लिए खेत गई थी। तभी वहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति उसे गन्ने के खेत में खींच ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि आरोपी ऋषिकेश यादव के खिलाफ दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# होटल पार्क व्यू इन में छापे जा रहे थे जाली नोट

## गोंडा का रहने वाला होटल का मैनेजर निकला गिरोह का सरगना, चार साथियों समेत गिरफ्तार

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। गोमतीनगर के विराजखंड स्थित होटल पार्क व्यू इन में जाली नोट छापे जा रहे थे। क्राइम ब्रांच और मड़ियांव पुलिस ने सोमवार को जाली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर पांच शातिरों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों में गोंडा का रवि प्रकाश पांडेय और दिल्ली का विकास भारद्वाज गिरोह के सरगना हैं। रवि प्रकाश होटल का मैनेजर भी है और कमरे में ही उसने नोट छापने की मशीन लगा रखी थी। आरोपियों के पास से 3.20 लाख के जाली नोट बरामद हुए। पुलिस ने आरोपियों को दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजे गए।

डीसीपी उत्तरी एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि जाली नोट छापने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली थी। इसी आधार पर पुलिस की एक टीम रविवार देर रात घैला पुल के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

तभी एक कार पुलिसकर्मियों को देखकर रुकी और तीन युवक उतरे। टीम ने पूछताछ शुरू की। इसमें प्रतापगढ़ निवासी विकास दुबे, इटौंजा निवासी विकास सिंह और दिल्ली के अलीपुर का विकास भारद्वाज शामिल था। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से जाली नोट बरामद हुए।

पूछताछ में तीनों ने बताया कि जाली नोट छापकर सप्लाई करते हैं। गिरोह में गोंडा का रवि प्रकाश उर्फ अविनाश पांडेय और बाराबंकी के महाकोठी का उत्कर्ष द्विवेदी भी है। पुलिस ने इन दोनों को भी दबोच लिया। पूछताछ व साक्ष्य जुटाने के बाद सभी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में मड़ियांव थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### कमरे में लगा रखी थी मशीन, बाजार में खपाने के लिए रखे थे गुर्गे

### घैला पुल के पास से दबोचे गए, 3.20 लाख के जाली नोट बरामद

### 20 हजार में एक लाख रुपये के जाली नोट

डीसीपी ने बताया कि रवि विराजखंड स्थित होटल पार्क व्यू इन में काम करता है। होटल के ही एक कमरे में वह रुकता है। उसी में नोट छापता है। शातिर ने मशीनें, कागज और स्याही समेत छपाई का सारा सामान कमरे में रखा है। डीसीपी ने बताया कि आरोपी बांड वाले कागज का इस्तेमाल करते थे। इसमें सिक्योरिटी थ्रेड की जगह आरबीआई प्रिंट की पतली पन्नी का इस्तेमाल करते थे। 20 हजार रुपये में एक लाख रुपये के जाली नोट देते थे। इस खुलासे के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर होटल मालिक और वहां के कर्मचारियों को इस खेल की जानकारी क्यों नहीं लगी।

### गिरोह में तीन विकास, खुलते गए राज

पुलिस ने सबसे पहले जिन तीनों आरोपियों को पकड़ा था, उन सभी का नाम विकास था। शुरुआत में इन्हीं तीनों से पूछताछ के बाद गिरोह का राजफाश हो गया।

पूछताछ में पता चला कि विकास दुबे पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। विकास सिंह 12वीं पास और विकास भारद्वाज टावर लगाने का काम करता है। रवि होटल में काम करता है, जबकि आरोपी उत्कर्ष निजी चालक है।

**ये आरोपी आए पकड़ में :** ▪ रवि प्रकाश उर्फ अविनाश पांडेय निवासी कौड़िया बाजार, गोंडा ▪ विकास दुबे उर्फ अजय निवासी कल्याणपुर भौरहा, अंतु, प्रतापगढ़ प्रॉपर्टी डीलर ▪ विकास सिंह निवासी नारायणपुर, इटौंजा, लखनऊ ▪ विकास भारद्वाज निवासी अलीपुर नई दिल्ली ▪ उत्कर्ष द्विवेदी निवासी महाकोठी बाराबंकी

# अदालत के आदेश पर दुष्कर्म का केस

खोड़ारे (गोंडा)। अदालत के आदेश पर एक महिला ने थाना खोड़ारे में दो लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह 11 महीने पहले महाराष्ट्र के पुणे गई थी। वहां उसके पति के साथी दिलीप निवासी कौवागढ़ थाना खोड़ारे व मुकेश निवासी कंचन चौराहा थाना सोनहा, जिला बस्ती भी काम करते थे। जिन्हें वह पहचानती है। जनवरी 2023 को वह नहा रही थी। तभी दोनों ने उसका अश्लील वीडियो व फोटो बना लिया। फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि अदालत के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़खानी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# किराए पर वाहन लेकर बेचने वाले दो जालसाज दबोचे

संवाद न्यूज एजेंसी

## अधिक किराया देने का झांसा देकर लिखा लेते थे किरायानामा

## जाली कागजात तैयार कर बेच देते थे, तीन चौपहिया वाहन बरामद

इटियाथोक (गोंडा)। किराए पर वाहन लेकर अपना बताकर फर्जी कागजात तैयार करके बेचने वाले दो जालसाजों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तीन चौपहिया वाहन बरामद हुए हैं।

इटियाथोक थाना क्षेत्र के दरियापुर हरदोपट्टी के रहने वाले ओमप्रकाश तिवारी, जयप्रकाश मिश्र व राजेश दूबे ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमे कहा कि अवनीश प्रताप सिंह निवासी मोहम्मदपुर गड़वार, कोतवाली करनैलगंज व नेकराम यादव निवासी रेवढ़ा, थाना जरवल रोड, बहराइच ने खुद को श्रीराम फाइनेंस कंपनी व महाकाल कंपनी का रिकवरी एजेंट बताकर उनसे प्रतिमाह के हिसाब से किरायानामा पर तीन चौपहिया वाहन लिए थे। किराया मांगने पर आरोपियों ने फर्जी बेचीनामा दिखाकर अभद्रता करते उन्हें भगा दिया।

एएसपी शिवराज ने बताया कि आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए स्वाट के उपनिरीक्षक सर्वजीत गुप्ता व इटियाथोक के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज को लगाया गया था। पुलिस टीम ने आरोपी अवनीश प्रताप सिंह व नेकराम यादव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

एएसपी के मुताबिक पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह वाहनों को किराए पर लेकर ज्यादा पैसे का लालच देकर किरायानामा लिखा लेते थे। इसके बाद उनके वाहनों को अपना बताकर मोटी रकम लेकर दूसरों को बेच देते थे। वाहन खरीदने वालों से उसके कागजात बाद में देने की बात कहते थे और फिर मोबाइल नंबर बदलकर फरार हो जाते थे। इससे पहले लखनऊ व बहराइच में कई वाहन किराए पर लेकर बेच चुके हैं।

# ट्रैक्टर चालक पर एफआईआर

गोंडा। वजीरगंज के काशीपुर निवासिनी शिवपता ने थाने पर तहरीर दी है। इसमें कहा कि तीन अगस्त को गांव के दूधनाथ सिंह ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे। तभी गांव के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे उसका बेटा दीप नारायन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका लखनऊ में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, केस दर्ज

## जांच

**महदेइया बाजार, संवाददाता।** महदेइया बाजार के मुजेहना निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार सुबह मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि युवक ने जहर खाकर आत्म हत्या की है। मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

रविवार रात लगभग साढे.नौ बजे मुजेहना निवासी 32 वर्षीय साबिर अली की तबियत अचानक बिगड़ गई। आनन फानन में उसे उतरौला स्थित डा. एहसान के निजी क्लीनिक पर पहुंचाया गया। इलाज के बाद हालत सुधरने पर उसे घर भेज दिया गया। सोमवार सुबह साबिर अली की हालत बिगड़ गई।

घर पर ही उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक विपुल पाण्डेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साबिर अली के बड़े भाई की सांप काटने से मौत हो गई थी। उसने अपनी भाभी के साथ निकाह करा लिया था। साबिर अली के दो बच्चे हैं। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था।

# विधायक के भतीजे पर मारपीट का केस

बलरामपुर। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल के भतीजे व अन्य के विरुद्ध एसटी एससी एक्ट में मारपीट तथा जाति सूचक गाली देने का मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे के मुताविक 28 जुलाई को अनूसूचित जाति के व्यक्ति राकेश व अन्य पर सोनू शुक्ल आदि ने हमला किया था। जिसका मुकदमा दर्ज किया गया। विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने बताया कि उनके भतीजे पर गलत आरोप लगाया गया है। मारपीट की कोई घटना नहीं हुई है। फर्जी वीडियो बनाकर वायरल किया गया है।

# एनआई एक्ट में अभियुक्त को पकड़ा

बलरामपुर। थाना हर्रैया पुलिस ने एनआई एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक होसिला प्रसाद यादव ने बताया कि पिंटू कौशल पुत्र ननकऊ प्रसाद कौशल निवासी गुगौली सतघरवा न्यायालय से वंछित थे।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि राजेश पुत्र लालमनि उर्फ हरिनारायण निवासी गोकुला बुजुर्ग न्यायालय से वंचित थे। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# यातायात नियमों का पालन करें अन्यथा कार्रवाई

बलरामपुर। यातायात प्रभारी ने बताया कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर पहनें। बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाते पकड़े जाने पर चालान की कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जीवन अनमोल है। नियमों का पालन करने से लोग सुरक्षित घर पहुंच सकते हैं।

# त्रिनेत्र अभियान में पुलिस ने किया जागरूक

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर पुलिस ने सोमवार को त्रिनेत्र के तहत जागरूकता अभियान चलाया। क्षेत्राधिकार तुलसीपुर ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। लोगों को सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए जागरूक किया गया। जिन लोगों ने सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था की थी उन्हें सम्मानित किया गया।

# दो दिन मुफ्त यात्रा करेंगी महिलाएं

**बलरामपुर।** रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा कराने के लिए स्थानीय डिपो में तैयारी शुरू हो गई है। जिले की करीब नौ लाख युवतियों व महिलाओं को फ्री यात्रा का लाभ मिलेगा। 29 अगस्त की रात 12 बजे से 31 अगस्त की रात 12 बजे तक रोडवेज डिपो की बसों में महिलाएं मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वीके वर्मा ने बताया कि सभी जिलों में रक्षाबंधन से एक दिन पहले महिलाओं को निशुल्क यात्रा कराने की तैयारी पूरी हो गई है। रक्षाबंधन पर बहनों को घर पहुंचाने के लिए लोकल रूट पर रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। साथ ही लंबी रूटों पर अतिरिक्त बसों को भी चलाया जाएगा। (संवाद)

# विधायक के भतीजे समेत अन्य पर मुकदमा

**जासं, बलरामपुर** : करीब एक माह पुराना वीडियो प्रसारित होने के बाद कोतवाली देहात की पुलिस ने विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल के भतीजे सोनू शुक्ल समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा लिखा है। विधायक ने मारपीट का मामला दर्ज किए जाने पर एतराज जताया है। विधायक ने अपने आवास पर एक बैठक में कहा कि डेढ़ माह पुराने वीडियो को अब प्रसारित किया गया और पुलिस ने बिना जांच किए ही केस दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह सब परेशान करने के लिए किया जा रहा है। दूसरी तरफ प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे ने बताया कि 28 जुलाई को अनुसूचित जाति के व्यक्ति राकेश व अन्य पर सोनू शुक्ल आदि ने हमला किया था जिसका मुकदमा दर्ज किया गया।

# चोरी के मामले में एक को पुलिस ने दबोचा

बलरामपुर। ना कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकार बृजनंदन राय ने बताया कि रामजी वर्मा पुत्र गुर प्रसाद निवासी महाराजगंज तराई से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के पास से दो चोरी की भैंस बरामद हुई है।

# सीसी कैमरा लगवाने वाले सम्मानित

बलरामपुर : प्रमुख चौराहों व भीड़ वाले स्थानों पर सीसी कैमरे से अराजक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने सभी कोतवाली व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को ग्रामीण बाजारों एवं गांवों में सीसी कैमरे लगवाने का निर्देश दिया है। थाना सादुल्लाहनगर में अखिलेश गुप्त को तीन व संदीप कुमार जायसवाल को दो और थाना तुलसीपुर में ग्राम गनवरिया निवासी हसनैन को नौ सीसी कैमरा लगवाने पर सम्मानित किया गया। (संसू)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# पशु तस्करों ने झोंका फायर पुलिस जीप में मारी टक्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज (बहराइच)।** जिले में अपराधियों के हौसले कितने बुलंद हैं इसका एक उदाहरण नवाबगंज थाना क्षेत्र में देखने को मिला। यहां बेखौफ पशु तस्करों ने पीछा कर रही पुलिस की जीप में पिकप से टक्कर मार दी। यही नहीं पुलिस कर्मियों पर कट्टे से फायर झोंक दिया। हालांकि पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन इस दौरान दूसरा तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। पशु तस्कर नेपाल का रहने वाला है, जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया है।

भारत-नेपाल सीमा से सटे नवाबगंज थाना क्षेत्र में रविवार की रात पिकप से तस्करी कर पशु ले जा रहे तस्करों को नवाबगंज पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस पर तस्कर उग्र हो गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। नवाबगंज थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि रविवार की रात अब्दुल्ला गंज जंगल में तस्करों ने पुलिस जीप में पिकप से टक्कर मार दी और भागने लगे।

इस पर पुलिस कर्मियों ने उनका पीछा किया। इस दौरान एक तस्कर ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। लेकिन पुलिस टीम तस्करों का पीछा करती रही और एक तस्कर को दबोच लिया। वहीं दूसरा फरार हो गया। तस्कर की पहचान नेपाल के हिरमिनिया थाना क्षेत्र के भज्जीपुरवा निवासी मैफूज शेख के रूप में हुई है। पकड़े गए पशु तस्कर पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस ने घेराबंदी कर एक को दबोचा, दूसरा भागने में सफल



पशु तस्करों की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई नवाबगंज पुलिस की जीप। -संवाद



नवाबगंज पुलिस ने पकड़ा तस्कर। -संवाद

# खाद तस्करी कर बॉर्डर पार कर रहे दो गिरफ्तार, चार फरार

बहराइच। भारत-नेपाल की खुली सीमा का फायदा लेकर खाद तस्करी कर रहे दो युवकों को सोमवार को एसएसबी व कृषि टीम ने दबोच लिया। हालांकि चार तस्कर भाग निकले। पकड़े गए तस्करों को जेल भेज दिया गया है।

जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ने बताया कि सूचना पर अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव व एसएसबी ने छापा मारा। इस दौरान नेपाल के बांके निवासी अनिल रैदास व जगराम रैदास को खाद के साथ दबोचा गया। इनके अन्य साथी साइकिल छोड़ कर भाग निकले। मौके से छह साइकिल व 10 बोरी खाद बरामद हुई है। संवाद

# छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल की जेल

बहराइच। बालक से छेड़छाड़ के मामले में सोमवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने आरोपी को दोषी करार मानते हुए पांच साल के कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता संत प्रताप सिंह व संतोष सिंह ने बताया कि कोतवाली 12 अक्तूबर 2020 को कोतवाली में एक महिला ने तहरीर देकर कोतवाली नगर के मोहल्ला धनकुट्टीपुरा निवासी चालक अजय कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ अपने आठ वर्षीय पुत्र के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

## विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया

पुलिस ने अजय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने मुकदमे में साक्ष्य व गवाही के आधार पर आरोपी को दोषसिद्ध मानते हुए सजा सुनाई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि 50 हजार रुपये का अर्थदंड न चुकाने पर दोषी को पांच माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। संवाद

# प्रधान सहायक ने कनिष्ठ को कर दिया अधमरा

## बकाया मांगने पर घर में घुस कर पीटने का आरोप, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के प्रधान सहायक ने पैसों के लेनदेन में कनिष्ठ सहायक को घर में घुस कर पीटा। गंभीर हालत में स्थानीय लोगों ने कनिष्ठ सहायक को इमरजेंसी पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ। कनिष्ठ सहायक की तहरीर पर कोतवाली देहात पुलिस ने प्रधान सहायक समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के कनिष्ठ सहायक माहेश्वरी प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधान सहायक संजय सिंह ने साल 2021 से 2022 उनसे लगभग 10 लाख रुपए उधार लिए थे। कुछ पैसे उन्होंने बेटे की शादी, कुछ बीमारी व कुछ नई कार लेने की बात कह कर लिए थे। उन्होंने अधिकांश पैसा नकद दिया था, लेकिन 4.5 लाख रुपए आरटीजीएस किया था।

माहेश्वरी ने आरोप लगाया कि उन्हें पैसों की जरुरत है और वह लगातार संजय सिंह ने अपने पैसे वापस मांग रहे थे। रविवार की रात संजय सिंह, अपने बेटे सौरभ उर्फ अंशु सिंह और तीन-चार अज्ञात व्यक्तियों के साथ मेरे घर आए। घर पहुंचते ही उन्होंने मारपीट शुरु कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मारपीट में उनके आंख व माथे पर गंभीर चोट आई है। उन्होंने बताया कि कोतवाली देहात में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली मनोज पांडेय ने बताया कि संजय सिंह, सौरभ उर्फ अंशु सिंह व एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

# श्रीकृष्ण पर अभद्र टिप्पणी, मुकदमा

बहराइच। खैरीघाट थाना क्षेत्र के बैबाही निवासी एक युवक ने भगवान श्रीकृष्ण पर अभद्र टिप्पणी की। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत वैवाही के मजरा चमारनपुरवा निवासी इंद्रजीत ने भगवान श्रीकृष्ण पर अभद्र टिप्पणी करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। संवाद

# छात्राओं को किया जागरूक

कैसरगंज (बहराइच)। कैसरगंज में मिशन शक्ति के तहत थाना प्रभारी राजनाथ सिंह के नेतृत्व में राजकीय बालिका इंटर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अपराध के प्रति सजग रहकर महिलाएं अपराधियों से मुकाबला कर सकती है। (संवाद)

हिन्दुस्तान

# सड़क हादसों में बालक सहित पांच की मौत

## विभिन्न थानों के अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसे, नौ लोग घायल, पोस्टमार्टम को भेजी गई लाशें

**हादसा**

बहराइच, संवाददाता। छह थानों के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक बालक सहित पांच की मौत हो गई। जबकि नौ लोग घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसों में मृत लोगों की लाशों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामगांव थाने के बहराइच-रुपईडीहा हाईवे के फतेपुरवा मोहम्मद नगर के पास सोमवार दोपहर लगभग 1:30 बजे तेज रफ्तार जाइलो ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रामगांव थाने के बेगमपुर के मजरे साहेबपुरवा शाहनवाजपुर निवासी 50 वर्षीय राम आधार निषाद पुत्र नंगू निषाद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही अनियंत्रित कार खड्ड में चली गई। कार सवार चालक सहित सभी लोग फरार हो गए। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष



फतेपुरवा मोहम्मद नगर के पास दुर्घटना के बाद खड्ड में उतरी अनियंत्रित कार।

अमितेन्द्र कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। इसी थाने के इसी स्थान के पास रविवार की रात किसी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार खैरीघाट थाने के रायपुर थैलियां निवासी 30 वर्षीय दीपक पाठक पुत्र सत्यदेव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे सवार नगर कोतवाली के बशीरगंज निवासी राघवेन्द्र गुप्ता घायल हो गए।

हरदी थाने के भगवानपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पटरी पर खड़े बालक को टक्कर मार दी। जिससे हरदी थाने के फतेपुरवा मरवट निवासी पांच वर्षीय सोनू शुक्ला पुत्र दुःख हरन की मौके पर ही मौत हो गई। बालक अपने परिजनों के साथ भगवानपुर आया था। हादसा होते ही लोगों ने चालक को पकड़ लिया। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष सूरज कुमार मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पयागपुर थाने के खुटेहना के पास सोमवार दोपहर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रानीपुर थाने के जैमरा गांव निवासी 60 वर्षीय शीला देवी पत्नी रामेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे पुत्र पंकज घायल हो गए। सुजौली थाने के गिरिजापुरी के पास सोमवार दोपहर किसी तेज रफ्तार वाहन ने वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसे फकीरपुरी के मजरे रमपुरवा निवासी 78 वर्षीय कालीराम पुत्र बांधू राम की मौके पर ही मौत हो गई। हुजूरपुर थाने के गड़रियनपुरवा के पास सोमवार सुबह बाइक के सामने साइकिल सवार छात्रा आ गई। उसे बचाने के प्रयास में बाइक साइकिल से टकराई और पलट गई। जिससे बाइक सवार हुजूरपुर थाने के गुलहरिया गाजीपुर निवासी रक्षाराम पुत्र चेतराम, शिव शंकर पुत्र बैधु, छात्रा घायल हो गए।

फखरपुर थाने के बहराइच-लखनऊ हाईवे पर सोमवार दोपहर तेज रफ्तार बस ने आटो में टक्कर मार दी। जिससे फखरपुर थाने के सालारपुर निवासी मोहम्मद अय्यूब पुत्र मुनीश, उनकी पत्नी एफरा खातून, फातमा पत्नी मोबीन, हरीरून पत्नी मुख्तियार घायल हो गए। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### अनियंत्रित रिफाइन टैंकर पलटा, बाल-बाल बचा चालक

बहराइच। देहात कोतवाली के बहराइच- सीतापुर हाईवे पर सोमवार दोपहर सीतापुर से आ रहा तेल भरा रिफाइन टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक कूद कर बाल- बाल बच गया। जिससे भारी मात्रा में तेल बगल के गड्ढे मे गिर गया। यह रिफाइन गर्ग मिल का कानपुर से आ रहा था। सूचना मिलने पर पहुंचे तेल व्यापारी से किसी तरह से तेल पीपों में भरवा कर छोटी गाड़ियों से फैक्ट्री ले जाया गया।

# एनडीआरएफ ने आपदा से बचाव के तरीके बताए

संवाद न्यूज एजेंसी

बौंडी (बहराइच)। तेजवापुर ब्लॉक के चंदनापुर सिकड़िहा स्थित ठाकुर राजेंद्र प्रसाद सिंह इंटर कॉलेज में एनडीआरफ व एसडीआरएफ के आपदा मित्रों ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें 11वीं बटालियन के टीम कमांडर राम सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्रों को बाढ़, भूकंप सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, वज्रपात, सर्पदंश से बचाव के बारे में जानकारियां दी। बच्चों को अस्पताल से पूर्वाभ्यास कराया।



आपदा से बचाव की जानकारी देती एनडीआरएफ। -संवाद

एनडीआरएफ टीम ने बच्चों को घरों में उपलब्ध सामानों की मदद से बाढ़ के दौरान बचाव के लिए राफ्ट बनाने के तरीके तथा उसे सही से इस्तेमाल करने की विधि के बारे में बताया। सीपीआर, रक्तस्राव, सर्पदंश आदि का उपचार कैसे करें, इसकी भी जानकारी दी गई।

बच्चों से आपदा से निपटने के लिए पूर्व अभ्यास भी कराया गया। इस अवसर प्रधानाचार्य रेखा सिंह, प्रबंधक गोपी सिंह, दिनेश सिंह, शिव बालक, अनिल कुमार समेत शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# सीमा से 10 बोरी खाद बरामद

बहराइच, संवाददाता। बार्डर पर भारतीय खाद भी बरामदगी हो रही है। कृषि विभाग व एसएसबी की सक्रियता को देखते हुए तस्करों ने खाद तस्करी का तरीका भी बदला है। जिसका खुलासा सोमवार को पंचपोखरी से पकड़े गए दो तस्कर व बरामद खाद की बोरियों से हुआ है। दूसरी बोरियों में खाद भरकर नेपाल पहुंचाने की जुगत में पकड़े गए दोनों आरोपी नेपाल के हैं। पूछताछ के बाद मुकदमा दर्जकर दोनों को जेल भेज दिया गया है।

जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने बताया कि भारत-नेपाल बार्ड के पंचपोखरी से यूरिया दूसरी बोरियों में भरकर छह लोग बार्डर पार कर रहे थे, तभी एसएसबी जवानों की नगर पड़ी। घेराबंदी करने पर चार मुख्य तस्कर साइकिल छोड़कर नेपाल की ओर भाग गए। दो युवकों को पकड़ा गया है।

# बालक से यौन उत्पीड़न मामले में आरोपित को पांच साल की सजा

## अदालत से

जासं, बहराइच : अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने आठ वर्षीय बालक के साथ यौन उत्पीड़न करने वाले युवक को पांच वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न अदा करने पर उसे पांच माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि मामला कोतवाली देहात के एक मुहल्ले का है। 12 अक्टूबर 2020 को शहर के धनकुट्टीपुरा निवासी आरोपित अजय कुमार श्रीवास्तव एक व्यक्ति के यहां वाहन चलाने का काम करता था। बालक को ट्यूशन के लिए छोड़ने व लाने जाता था। मासूमियत का अनुचित लाभ उठाकर अश्लील वीडियो दिखाकर यौन उत्पीड़न करने का मामला पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में आरोपपत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने सुनवाई के दौरान अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद आरोपित को दोष सिद्ध करार दिया। अभियुक्त अजय का सजायावी वारंट तैयार कर सजा भुगतने के लिए जिला कारागार भेज दिया गया।

प्रतिकर धनराशि की संस्तुतिः विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने पीड़ित के उम्र और अपराध की प्रकृति को देखते हुए पीड़ित को नियमानुसार प्रतिकर धनराशि दिए जाने की संस्तुति की है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को कोर्ट ने पत्र भी भेजा है।



# पुलिस मुठभेड़ में नेपाली पशु तस्कर गिरफ्तार

संसू, नवाबगंज : बीती रात गश्त के दौरान पुलिस और नेपाली पशु तस्कर में मुठभेड़ हो गई। पिकअप लेकर भाग रहे तस्कर ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर फायर किया। पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा भाग गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि बीती रात पुलिस फोर्स अब्दुल्लागंज जंगल के करीब गश्त व चेकिंग पर थी। संदिग्ध वाहन से चोरी कर दो भैंस लादकर पिकअप से ले जाते समय पुलिस टीम ने पीछा किया। पिकअप को रोकवाने पर पुलिस की गाड़ी में आगे टक्कर मार देने से क्षतिग्रस्त हो गई। पशु तस्करों ने अपने को घिरा देखकर पुलिस पर फायर कर दिया। पिकअप चालक रुपईडीहा थाना क्षेत्र के नरैनापुर गांव के पास तालाब में कूद गया। पुलिस ने तालाब से एक तस्कर को पकड़ लिया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा।

पकड़ा गया तस्कर मैफूज शेख निवासी भज्जीपुरवा थाना हिरमिनिया जिला बांके नेपाल है। पकड़े गए आरोपित के पास से 315 बोर का तमंचा, खोखा, पिकअप, मोबाइल व दो भैंस बरामद हुई है।

# नेपाल जा रही 10 बोरी यूरिया के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

संसू, बहराइच : जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय की टीम गठित ने सोमवार को भारत नेपाल सीमा से पंचपोखरी में एसएसबी जवान और अपर जिला कृषि अधिकारी ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव की टीम सहित छापेमारी की।

एसएसबी के जवान सामान्य आरक्षी अरूप देवोरी, बप्पी राम, पारस कुमार और चितकिल की टीम ने भारत से नेपाल जा रहे साइकिल सवार को रोका। जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय ने बताया कि दो साइकिल सवार पकड़ लिए गए, जबकि साइकिल छोड़कर चार नेपाल सीमा में चले गए। मौके से 10 बोरी भारतीय खाद बरामद की गई। पकड़े गए लोगों की पहचान नेपाल के बांके जिला निवासी अनिल रैदास और जगराम रैदास के रूप में हुई।

दोनों के विरुद्ध थाने में केस दर्ज कराया। बरामद खाद को सीज कर दिया गया है, जबकि आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। फरार चार अन्य तस्करों की तलाश की जा रही है।

## मिठाई के छह नमूने भरे

जासं, बहराइच : मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने टीम के साथ जिले के विभिन्न स्थानों पर मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। रुपईडीहा के कमला एजेंसी, बाबागंज के बंगाली स्वीट व चौरसिया जलपान गृह, मलूकपुर के इरशाद, फखरपुर के उमानाथ गुप्त, बाबागंज के त्रिलोकीनाथ की दुकानों से खोवा, बर्फी, रसगुल्ला, पनीर आदि के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं।

## कार की टक्कर से मौत

संसू, खुटेहना : रानीपुर इलाके के जयमरा निवासी पंकज बाइक से अपनी मां शीला के साथ गांव जा रहे थे। बहराइच-गोंडा मार्ग पर बलभद्र डिग्री कालेज के सामने कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें मां-बेटे घायल हो गए। खुटेहना चौकी प्रभारी सुनील कुमार वर्मा घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। यहां शीला की मौत हो गई। पुलिस ने कार कब्जे में ली है।

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-29-08-2023

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की हुई बैठक

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में सोमवार को एएसपी प्रवीण कुमार यादव की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक बैठक की गई। बैठक में एएसपी की ओर से बाल श्रम को रोकने व पोक्सो एक्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साथ बाल श्रम को रोकने व उनके कल्याण के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। उन्होंने जेजे एक्ट के बारे में जानकारी दी और बताया कि यदि किसी बाल अपचारी की ओर से कोई घटना कारित की जाती है तो अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार ही कार्रवाइ की जाय। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा, एसीएमाओ डा. पुष्प लता, एसएसबी उपनिरीक्षक विकास कुमार मौजूद रहे।

# मिशन शक्तिः महिलाओं को बताए उनके अधिकार

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकारियों को आत्म सुरक्षा के लिए जागरूक किया। साथ ही उनके अधिकारों की जानकारी दी। सोमवार को महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल व नारी सुरक्षा दल की ओर से गांवों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता के लिए 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराध 1930 के बारे में जानकारी दी गई। टीम में महिला मुख्य आरक्षी संज्ञा भारती, महिला आरक्षी सुषमा सिंह, अर्जिता यादव, सोनी देवी आदि शामिल रहीं।

# पुलिस ने बैंकों में जांची सुरक्षा

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न थानों की पुलिस ने अपने क्षेत्र के बैंकों की सुरक्षा जांची। बैंक पहुंची पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की। साथ ही बैंक में लगे सुरक्षा उपकारणों जैसे सीसीटीवी कैमरे, सायरन आदि को चेक किया। वहीं लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी।

# शांतिभंग करने में दो लोग गिरफ्तार

परसपुर। पुलिस ने विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका में ग्राम सरैयां के मिश्रन पुरवा निवासी विजय कुमार मिश्र व अक्षय कुमार मिश्रा की गिरफ्तारी की है। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया दोनों व्यक्तियों को न्यायालय चालान भेज दिया गया है ।

# महिला आयोग में छेड़छाड़ की शिकायत

दुर्जनपुर घाट। एक गांव की महिला ने छेड़खानी के प्रकरण में पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने पर महिला आयोग व एसपी को शिकायत दर्ज करायी है। 18 जुलाई को वह दोपहर में विद्यालय से बच्चो को लाने जा रही थी तभी रास्ते पर मौजूद गांव के एक व्यक्ति ने उसे रोककर अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है।

# थानों से समन्वय बना कर कार्य करें बाल कल्याण समिति

**श्रावस्ती।** बाल अपराध को रोकने के लिए बाल कल्याण समिति प्रत्येक थानों से समन्वय बनाकर कार्य करें। इसके साथ ही कार्यस्थलों पर कामकाजी महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। यह निर्देश एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने दिया। वह सोमवार को आयोजित विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने बाल श्रम को रोकने व पॉक्सो एक्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बाल श्रम को रोकने व उनके कल्याण के लिए सरकार विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। बताया कि यदि किसी बाल अपचारी द्वारा कोई घटना की जाती है तो अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार ही कार्रवाई की जाना चाहिए।

सभी बाल कल्याण अधिकारी अपने क्षेत्र में जाकर योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें। ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। एएसपी ने कहा कि जिले में यदि कोई नवजात शिशु किसी भी स्थान पर मिलता है तो उसे तत्काल उचित देखभाल के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाए। बैठक में महिला थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा, डा. पुष्पलता, एसएसबी के उप निरीक्षक विकास कुमार, बाल संरक्षण इकाई के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। संवाद

# नहीं थम रही वाहनों में ज्वलनशील पदार्थ के साथ यात्रा

## प्रतिबंध बेअसर, रोकथाम को लेकर पुलिस उदासीन

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। यात्री वाहनों में ज्वलनशील पदार्थ के साथ यात्रा करने पर लगा प्रतिबंध बेअसर साबित हो रहा है। पुलिस की ढिलाई से प्रतिबंध के बावजूद बेखौफ लोग अपने साथ डीजल, पेट्रोल व एलपीजी सिलेंडर के साथ सार्वजनिक वाहनों में यात्रा कर खुद के साथ ही दूसरों के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। ऐसा ही कुछ नाजार सोमवार को फोरलेन पर सोनवा थाने के निकट देखने को मिला। जहां एक टैम्पो पर सवारियों के साथ ही एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर भी ले जाया जा रहा था। रोकथाम न होने से ऐसी स्थिति शहर के हर रूट पर देखी जा सकती है। इस संबंध में सोनवा थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर रोकथाम कार्रवाई की जाएगी।

बीते दिनों तमिलनाडु के मदुरई रेलवे स्टेशन पर सिलेंडर से एक रेल कोच में लगी आग में बीस लोग झुलस गए थे। इनमें नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इनमें पांच सीतापुर, दो लखनऊ व एक लखीमपुर खीरी के यात्री शामिल हैं। इससे पूर्व पूर्वांचल से जायरीनों को लेकर दरगाह मेला आ रही प्राइवेट बस में भी बहराइच के पयागपुर के निकट सिलेंडर में लगी आग के कारण कई लोग झुलस चुके हैं। -संवाद

# चरस तस्कर की जमानत खारिज

श्रावस्ती। हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम इटहिया निवासी मुनीजर को 600 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुनीजर ने अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सुदामा प्रसाद के न्यायालय पर जमानत प्रार्थना पत्र दिया था। विशेष अभियोजक द्विजेंद्र कुमार मिश्रा व अरुण कुमार ने इसका विरोध किया। सोमवार को एडीजे ने आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। संवाद

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं शिकायतें

श्रावस्ती। पुलिस कार्यालय में एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन का आयोजन कर पीड़ितों की शिकायतों को सुना। इस दौरान दर्ज हुए 32 मामलों में 12 भूमि विवाद, 8 पारिवारिक विवाद व 12 अन्य विवादों से संबंधित थे। एसपी ने सभी मामलों का पक्षकारों की संतुष्टि के आधार पर गुणवत्ता युक्त निस्तारण सुनिश्चित कराने का निर्देश संबंधित विभागों के अफसरों को दिया। दूसरी तरफ पुलिस ने सोमवार को सभी थाना व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में अपने क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न बाजारों में कानून व्यवस्था को लेकर व्यापारियों व आमजन से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। संवाद

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। रविवार शाम को मल्हीपुर थाने की पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। आरोपी की पहचान बिकाऊ लाल पुत्र भल्लू निवासी बेलसवा थाना मल्हीपुर के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया।

# महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति व ऑपरेशन डिकॉय अभियान के तहत सोमवार को नारी सुरक्षा दल व शक्ति मोबाइल टीम ने सिरसिया के विभूतिनाथ मंदिर सहित क्षेत्र के विद्यालयों में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए सेल्फ डिफेंस सहित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं भिनगा बाजार व रमना में भी महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर पंपलेट का वितरण किया गया। संवाद

# शांतिभंग में 13 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने अभियान चलाकर जिले में शांतिभंग की आशंका में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जबकि मल्हीपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम बेलसवा निवासी बिकाऊ लाल पुत्र भल्लू के रूप में हुई। साथ ही पुलिस ने सोमवार को संदिग्ध वाहनों के खिलाफ जांच अभियान चला कर 15 वाहनों का ई-चालान कर 25,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूला। संवाद

# 'बालश्रम रोकने के लिए उठाएं कारगर कदम'

**जासं, श्रावस्ती** : एसपी कार्यालय सभागार में सोमवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू) की मासिक बैठक हुई। अध्यक्षता एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने की। उन्होंने मौजूद लोगों को बाल श्रम को रोकने व पाक्सो एक्ट के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग बालश्रम रोकने के लिए कारगर कदम उठाएं।

एएसपी ने कहा कि यदि किसी बाल अपचारी की ओर से कोई घटना की जाती है, तो अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार ही कार्रवाई की जाए। बाल कल्याण अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करने को कहा। बाल अपराध रोकने के लिए विशेष किशोर पुलिस इकाई को क्रियाशील करें।